आकर ग्रंथमाला—१४

जसवंतसिंह ग्रंथावली

संपादक

विश्वनाथप्रसाद मिश्र

नागरीप्रचारिणी सभा, वाराणसी

प्रकाशक

नागरीप्रचारिणी सभा, वाराण

प्रथम संस्करण

संवत् २०२६

१६०० प्रतियाँ

मूल्य :

मुद्रक

शंभुनाथ वाजपेयी,

नागरी मुद्रण, वाराणसी

आकर ग्रंथमाला का परिचय

नागरीप्रचारिणी सभा ने अपने हीरकजयंती के अवसर पर जिन भिन्न-भिन्न साहित्यिक अनुष्ठानों का श्रीगणेश करना निश्चित किया था, उनमें से एक कार्य हिंदी के आकर ग्रंथो के सुसंपादित संस्करणों की पुस्तकमाला प्रकाशित करना था। जयंतियो अथवा बड़े बड़े आयोजनों पर एकमात्र उत्सव आदि न कर स्थायी महत्व के ऐसे रचनात्मक कार्य करना सभा की परंपरा रही है जिनसे भाषा और साहित्य की ठोस सेवा हो। इसी दृष्टि से सभा ने हीरकजयंती के पूर्व एक योजना बनाकर विभिन्न राज्य और केंद्रीय सरकार के पास भेजी थी। इस योजना में सभा की वर्तमान विभिन्न प्रवृत्तियों को संपुष्ट करने के अतिरिक्त कतिपय नवीन कार्यों की रूपरेखा देकर आर्थिक संरक्षण के लिये सरकारो से आग्रह किया गया था। इनमे से केंद्रीय सरकार ने हिंदी शब्दसागर के संशोधन, परिवर्धन तथा आकर ग्रंथो की एक माला के प्रकाशन में विशेष रुचि दिखलाई और ५-३-५४ को सभा की हीरकजयंती का उद्‌घाटन करते हुए राष्ट्रपति देशरत्न डा० राजद्रप्रसाद ने घोषित किया—————'मै आपके निश्चयो का, विशेषकर इन दो (शब्दसागर संशोधन तथा आकर ग्रंथमाला) का, स्वागत करता हूँ। भारत सरकार की ओर से शब्दसागर का नया संस्करण तैयार करने के सहायतार्थ एक लाख रुपए, जो पॉच वर्षो में बीस बीस हजार करके दिए जायँगे देने का निश्चय हुआ है। इसी तरह से मौलिक प्राचीन ग्रंथो के प्रकाशन के लिये पचीस हजार रुपए की, पॉच पॉच हजार करके, सहायता दी जायगी। मै आशा करता हूँ कि इस सहायता से आपका काम कुछ सुगम हो जायगा और आप काम में अग्रसर होगे।'

केंद्रीय शिक्षामंत्रालय ने ११-५-५४ को एफ० ४-३-५२ एच० ४ संख्यक एतत्संबंधी राजाज्ञा निकाली। राजाज्ञा की शर्तो के अनुसार इस माला के लिये संपादकमंडल का संघटन तथा इसमें प्रकाश्य एक सौ उत्तमोत्तम ग्रंथों का निर्धारण कर लिया गया है। संपादकमंडल तथा ग्रंथसूची की संपुष्टि भी केंद्रीय शिक्षामंत्रालय ने कर दी है। ज्यों ज्यो ग्रंथ तैयार होते चलेंगे, इस माला मे प्रकाशित होते रहेंगे। हिंदी के प्राचीन साहित्य को इस प्रकार उच्च स्तर के विद्यार्थियों, शोधकर्त्ताओं तथा इतर अध्येताओं के लिये सुलभ करके केंद्रीयसरकार ने जो स्तुत्य कार्य किया है, उसके लिये वह धन्यवादार्ह है।

—०—

प्रकाशकीय

अपनी स्थापना के समय से नागरी लिपि एवं हिंदी साहित्य के उन्नयन एवं विकास के विभिन्न विधायक संकल्पों के साथ ही नागरी प्रचारिणी सभा ने हिंदी के युगनिर्माता एवं मूर्धन्य साहित्यकारों की ग्रंथावलियों का संपादन और प्रकाशन भी करती चली आ रही है। हिंदी के सुप्रसिद्ध गंभीर, शीर्षस्थ विद्वानों का सहयोग इस क्षेत्र में सभा को सतत मिलता रहा। फलतः कबीर ग्रंथावली, जायसी ग्रंथावली, तुलसी ग्रंथावली, सूरसागर (दो भाग,) भूषण ग्रंथावली, भारतेंदु ग्रंथावली, रत्नाकर (कवितावली), पृथ्वीराज रासो, बाँकीदास ग्रंथावली, ब्रजनिधि ग्रंथावली, श्री निवास ग्रंथावली आदि का प्रकाशन सभा ने किया है।

अपनी हीरक जयंती के अवसर पर सभा ने इस दिशा में केंद्रीय सरकार की सहायता से योजनाबद्ध रूप से आकर ग्रंथमाला के रूप में नूतन योजना आरंभ की। इस ग्रंथमाला में अब तक भिखारीदास ग्रंथावली, (दो भाग,) मानराज विलास, गंगकबित्त, पद्माकर ग्रंथावली, मतिराम-ग्रंथावली, मधुमालतीवार्ता, नागरीदास ग्रंथावली [दो खंड], दादू-दयाल ग्रंथावली और रसलीन ग्रंथावली, कृपाराम ग्रंथावली का प्रकाशन सभा कर चुकी है। इधर धनाभाव के कारण यह कार्य कुछ शिथिल था। किंतु ग्रंथमाला का कार्य चलता रहा। जसवंतसिंह ग्रंथावली यंत्रस्थ है और शीघ्र ही प्रकाशित हो रही है।

बोधा ग्रंथावली (सं०-पं० विश्वनाथप्रसाद मिश्र) एवं ठाकुर ग्रंथावली (सं०-श्री चंद्रशेखर मिश्र) को शीघ्र ही प्रकाशित करने का हमारा संकल्प है। केंद्रीय सरकार के शिक्षा विभाग की आर्थिक सहायता से यह संकल्प मूर्त हो रहा है। इसके लिये सभा सरकार के प्रति कृतज्ञ है और हमें विश्वास है कि शीघ्र ही इस दिशा में सभा उत्तरोत्तर अपने प्रयास में सफलतापूर्वक अग्रसर होती चलेगी।

इस ग्रंथमाला के चतुर्दश पुष्प के रूप में जसवंतसिंह ग्रंथावली का प्रकाशन अब हो रहा है। हिंदी साहित्य के मूर्द्धन्य विद्वान् और मध्यकालीन हिंदी साहित्य के मर्मज्ञ आचार्य पं० विश्वनाथप्रसाद जी मिश्र को इसका

संपादन कार्य पंद्रह सोलह वर्ष पूर्व सौंपा गया था। किंतु अनेकानेक विघ्नबाधाओं के कारण इस कार्य मे देर होती गई। इस विलंब से एक बड़ा लाभ अवश्य हुआ कि जसवंतसिंह की कतिपय अज्ञात कृतियों का भी संधान इस बीच मिल गया और उन्होंने इस ग्रंथावली को पूर्णता प्रदान की। अब तक जसवंत सिंह अपने रीतिग्रंथ भाषाभूषण के [illegible] लिये मुख्यत: जाने जाते थे। अब इस ग्रंथावली से उनके [illegible] ग्रंथों-अपरोक्षसिद्धांत, सिद्धांतबोध, सिद्धांतसार, आनंदविलास आदि का परिचय भी हिंदी जगत् को मिल जायगा। संपादन कला के वरिष्ठ विद्वान् के हाथों संपादित इस ग्रंथावली से हिंदी साहित्य की गौरववृद्धि अवश्य होगी इसमें संदेह नहीं। व्याकरण, छंद:शास्त्र, साहित्यशास्त्र, [illegible] आदि को ध्यान में रखकर बड़ी सावधानी के साथ इस ग्रंथसंपादन में इसका पाठ निर्धारण हुआ है। इस प्रकार सुसंपादित होकर चिरप्रतीक्षा के बाद यह ग्रंथावली हिंदीजगत् को समृद्ध बनाती हुई अब प्रकाश में आ रही है। संपादक ने जिस, श्रम, वैदुष्य और मनोबल के साथ इस कार्य को सपन्न किया है तदर्थ वे धन्यवादार्ह हैं।

महाराज जसवंत सिंह रीतिकालीन आचार्यों मे प्रथम पंक्ति की शोभा बढानेवाले आचार्य हैं। अब तक इन पर आधुनिक शोधदृष्टि से कोई सर्वांगीण कार्य नहीं हुआ था। इस दृष्टि से इस ग्रंथावली का महत्व विशेष बढ जाता है। सरलतापूर्वक रस, भाव, अलंकार आदि का ज्ञान करानेवाला भाषाभूषण के समान दूसरा ग्रंथ नही है। संस्कृत साहित्य-शास्त्र के ग्रंथो में जो स्थान साहित्यदर्पण या चंद्रालोक आदि का है, हिंदी साहित्य में उससे कम ऊँचा स्थान इस ग्रंथ का नहीं है। महाराज जसवंतसिंह साहित्यशास्त्र के ही स्रष्टा और आचार्य नहीं थे अपितु दर्शनसंदर्भित ग्रंथरचना में भी उनकी उत्कट रुचि थी—इसकी सूचना इस ग्रंथावली से प्राप्त होती है। उनके समय की गद्य भाषा और शैली का परिचय भी इस ग्रंथावली से मिलता है, जो शोधदृष्टि से कम महत्व की बात नहीं है। हमें पूर्ण विश्वास है कि हिंदी साहित्य के अध्येता इस ग्रंथावली को पाकर परितुष्ट होंगे और तत्कालीन हिंदी साहित्य का नया आयाम—उनको दिखाई पड़ेगा।

करुणापति त्रिपाठी
प्रकाशन मंत्री

भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री स्वर्गीय जवाहरलालजी नेहरू को वह अर्पित कर दिया गया तब सावकाश हुआ। कतिपय मास विश्राम में व्यतीत करने के अनंतर जब इसमें फिर हाथ लगाया और मुद्रण-कार्य आगे बढा तब मगध विश्वविद्यालय में हिंदी का प्रोफेसर अध्यक्ष एवम् कला-अधिकाय् का दशप या अधिष्ठाता होकर चला गया। पर पुस्तक के मुद्रण का कार्य चलता रहा। हाँ, गति अवश्य मंद हो गई, कारण सन् १९६४ में मेरे मझले पुत्र चंद्रभूषण मिश्र, एम्०ए०, पी- एच० डी० रिसर्च स्कालर की सहसा हृद्‌गति अवरोध से निधन हो जाने पर ऐसा धक्का लगा कि काम बंद हो गया और मैंने समझ लिया कि अब यह कार्य न हो सकेगा। सन् १९६८ में मगध विश्वविद्यालय से निवृत्त होकर जब वाराणसी आ गया तब सितंबर १९६७ की सरस्वती में उल्लिखित सामग्री के संचयन में लगा और पूना के गीतामाहात्म्य की प्रति प्राप्त कर उसके संपादन में अकेले ही हाथ लगाया। इसी बीच मेरे ज्येष्ठ पुत्र चंद्रशेखर मिश्र का हृद्रोग के आक्रमण से मई १९७० में सहसा देहावसान हो गया। नियति ने विश्वेश्वर की सेवा से महाकालेश्वर की शरण में भेज दिया। पं० सुधाकर पांडेय, वर्तमान प्रधान मंत्री, के तगादे इतने हुए कि मै ऐसी दारुण स्थिति में भी इसे परिपूर्ण करने में लगा ही रहा। वे स्वर्गीय चंद्रशेखर के सहपाठी हैं और उनका मेरे प्रति पुत्रवत् सौहार्द रहा है। उन्होंने ही प्रेरित करके यह कार्य संपादित करा लिया। इधर हिंदीकाव्य की कई प्राचीन ग्रंथावलियाँ उनके प्रयास और संपादकत्व में सभा से निकली हैं। इसलिये उनके अनुरोध की रक्षा के लिये यह कार्य यथासंभव शीघ्र समाप्त करना पड़ा। आधी भूमिका वाराणसी में ही लिख गई थी। यहाँ आकर इतनी दूर से सारी सामग्री को आकलित कर अंतिम रूप देना कठिन था। इधर मैं एम्० पी० मे आ बसा और उधर वे स्वयम् एम्० पी० हो गए तो मैंने इस कार्य को तुरंत समाप्त कर देना ही श्रेयस्कर समझा। उनके ऐसा सहृदय व्यक्ति फिर मिले या न मिले। इससे उनके कार्यकाल में ही यह प्रकाशित हो जाए यही सर्वतोभावेन विचार्य रहा है। अतः इसके प्रकाशित कराने का श्रेय मैं उन्हीं का समझता हूँ। यथासंभव आकर ग्रंथमाला के लिये स्वीकृत आदर्श के अनुरूप ही सारा संभार है। फिर भी यदि कोई त्रुटि हो तो उसे मेरे कर्मों का ही फल समझा जाए। दोषों की सूचना

मिलने पर उनके परिमार्जन का जीवित रहते पूरा प्रयास करूँगा यही विपश्चितों से निवेदन है।

(विश्वनाथप्रसाद मिश्र)

प्रोफेसर 'नवीन' शोधपीठ,
अध्यक्ष स्नातकोत्तर हिंदी अध्ययनशाला,
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म०प्रदेश)

वासंत नवरात्र, २०२९ वि०
३, विश्वविद्यालय आवास,
कोठी रोड, अवंतिकापुरी।

संकेत

भाषाभूषण

हस्तलेख

१. याज्ञिक–याज्ञिक संग्रह, काशी नागरीप्रचारिणी सभा,
लिपिकाल सं० १७५७।
२. जोध–जोधपुर, पुस्तक प्रकाश, लिपि० सं० १८१७।
३. जग–जगन्नाथ मिश्र (भरतपुर) लिखक, लिपि० सं० १८१८।
४. हरि–हरिकवि, टीकाकार, टीका निर्माणकाल सं० १८३४।
५. राधा–राधाकृष्ण, लिखक, लिपि० सं० १८३९।
६. साहु–साहुराम––नामांकित हस्तलेख, लिपि० सं० १८४…।
७. सोहन–सोहनसिंह जू देव लिखक, लिपि० सं १८५१।
८. गोकुल–गोकुलचंद, लिखक, लिपि० सं० १८५६।
९. संमे–हिंदी साहित्य संमेलन (प्रयाग), लिपि० सं० १८५६।
१०. शिव–शिवराम, लिखक, लिपि० सं० १८८६।
११. मया–मयाशंकर, संग्राहक, याज्ञिक संग्रह, लिपि० सं० १८९१।
१२. दल–दलपतिराय वंशीधर, टीकाकार, टीका, निर्माण०
सं० १८६५, लिपि० सं० १९०७।
१३. तारा–ताराचंद केवलजी कवि, लिखक, लिपि० सं० १९४८।
१४. खोज–खोजविभाग, काशीनागरीप्रचारिणी सभा, लिपि० अनुल्लिखित।
१५. पूना–पूना भंडारकर इंस्टीच्यूट, लिपि० अनुल्लि०।
१६. भरत–भरतपुर की प्रति, लिपि० अनुल्लि०।
१७. भवा–भवानीशंकर याज्ञिक, संग्राहक, लिपि० अनुल्लि०।
१८. सभा–काशी नागरीप्रचारिणी सभा, लिपि० अनुल्लि०।

मुद्रित

१९. मन्ना–मन्नालाल द्वारा प्रकाशित, मुद्रणकाल सं० १९४३।
२०. वेंक–वेंकटेश्वर प्रेस, मुद्रणकाल सं० १९५१।
२१. ग्रिय–ग्रियर्सन साहब, संपादक, लालचंद्रिका के साथ, मुद्रण सं० १९५३।
२२. वही–पूर्वगामी संकेत।

चिह्न

+ –हस्तलेख में संशोधित पाठ ।

÷ –हस्तलेख में मूल पाठ ।

× –अभावसूचक ।

, –अक्षरलोपसूचक ।

ष़—ख ।

———

आधार प्रतियाँ

भाषाभूषण

१—प्राप्तिस्थान—याज्ञिक संग्रह ५४५। १९, काशीनागरीप्रचारिणी सभा
लिपिकाल—भाषाभूषण की समाप्ति पर लिपिकाल नहीं दिया गया है।
पर इस हस्तलेख में छत्रकविकृत विजय मुक्तावली भी है
जिसका रचनाकाल १७५७ है।

आकार—लंबाई ११."२, चौड़ाई ६."७
लेख अंश—लंबाई ९."४, चौड़ाई ४."६
पंक्ति प्रतिपृष्ठ—१७ से ३२
अक्षर प्रति पंक्ति—१८ से २३
पत्र — १ से ७ (पूरा हस्तलेख १०० पत्र का है, शेष में विजय-
मुक्तावली है) ।

स्वरूप—प्राचीन। सुस्पष्ट सुंदर लिपि। स्थित अच्छी है। कहीं जीर्ण-
शीर्ण नहीं है।
लिपि—देवनागरी।
पुष्पिका—इतिमहाराज जसवंतकृत भाषाभूषन संपू०।

२—प्राप्तिस्थान—जोधपुर।
लिपिकाल—संवत् १८१७।
आकार—लंबाई १०."५ चौड़ाई ६."५
पंक्ति०—१७
अक्षर०—५५ से ५७
पत्र—५
स्वरूप—प्राचीन
लिपि—देवनागरी
पुष्पिका—इतिश्री भाषाभूषन संपूर्ण ॥ सं० १८१७ माघ बदि १० शुक्रे।

३—प्राप्तिस्थान–याज्ञिक संग्रह २६४।१४, काशी नागरीप्रचारिणी सभा।

लिखक–श्री जगन्नाथ मिश्र, भरतपुर।

लिपिकाल–सं० १८१८।

आकार–लंबाई ८"।।।, चौड़ाई ५"।।

लेख्य अंश–लंबाई ५."७ चौड़ाई ३"।

पंक्ति०–१०

अक्षर०–२३

पत्र –८ (यह हस्तलेख २३६ पत्रों का है। भाषाभूषण पत्र १०० से ११६ तक है। इसके पूर्व चंद गुसाई कृत अरिल्ल, घनआनंद की वियोगवेली, कालिदास का वधूविनोद, नंददास की मानमंजरी, अनेकार्थमंजरी, रसमंजरी, विरहमंजरी और पश्चात् देव का अष्टयाम, बलभद्र का नखशिख और मतिराम का रसराज है। सभी ग्रंथों का लिखक एक ही है।)

पुष्पिका– ('रसराज' के अंत में) लिषितं मिश्र जगन्नाथ भरथपुर मध्ये ॥ चिरंजीव लाला बुधसिंह जी पठनार्थ ॥ संवत् १८१८ वर्षे श्रावन बदि ६ रविवासरे शुभं ॥

स्वरूप–प्राचीन

४— याज्ञिक संग्रह ३७२।२७०

टीकाकार–हरि कवि।

आकार–लंबाई ६."३ चौड़ाई ४."७

लेख्य अंश–लंबाई ७."१ चौड़ाई ३.२"

पंक्ति०–१०-११

अक्षर०–३०से३८।

पत्र–५८ (प्रथम पत्र और अंतिम पत्र नहीं हैं)

स्वरूप–प्राचीन। सुंदर लिपि। स्थिति अच्छी।

लिपि–देवनागरी।

५—प्राप्तिस्थान–भंडारकर ओरियंटल रिसर्च इंस्टीच्यूट, पूना।

संख्या–४१३।१८९२-९५

खराकलि–धाकृष्ण

लिपिकाल—सं० १८३१

आकार—लंबाई ९."२ चौड़ाई ४."६

लेख्य अंश—लंबाई ७" चौड़ाई २.७"

पंक्ति०—८

अक्षर०—३०

पत्र—१६

स्वरूप—प्राचीन। सुस्पष्ट सुंदर लिपि। स्थिति अच्छी।

लिपि—देवनागरी।

पुष्पिका—॥इति श्रीमन्महाराजाधिराज धर्मधराधीस जसवंतसिंह राठोड

विरचितं भाषाभूषण संपूर्णम् ॥ दोहा ॥
लिख्यौजु राधाकृष्ण नैं भाषाभूषन ग्रंथ ॥
जो कोई सीखै सुनैं लहै अर्थ को पंथ ॥१॥
अष्टादश सत त्रिशनव संवत यही प्रमान ॥
शाढ़शुक्ल तिथि प्रतिपदा शुक्रवार पहिचान ॥२॥
श्री शुभं वरदा भवः ॥ कल्याणमस्तु ॥

६—प्राप्तिस्थान—याज्ञिक संग्रह

संख्या—४१७।१६

लिपिकाल—१८४...।

आकार—लंबाई ९.८" चौड़ाई ७"

लेख्य अंश—लंबाई ७.१" चौड़ाई ४.२"

पंक्ति०—१३-१४

पत्र—२८

स्वरूप—प्राचीन। सुंदर लिपि। स्थिति अच्छी। किनारा कटा फटा।

पुष्पिका—॥ इती भाषाभूषन संपूर्ण। संवत् १८४ ॥

(हस्तलेख पर 'साहुराम' नाम अंकित है)।

७—लिपिकाल—सं० १८५१

आकार—लंबाई १०" चौड़ाई ६.५"

लेख्य अंश—लंबाई ७.५" चौड़ाई ४.५"

पंक्ति०—१४ से १६

अक्षर०–१८

पत्र–१७

स्वरूप–प्राचीन।

लिपि–देवनागरी।

पुष्पिका–इति श्रीमन महाराजधिराज श्री महाराजा श्रीराजा जसवंत सिंघ भूपेन विरंचिते ॥ भाषाभूषन संपूर्न. समापति ॥ भादौ सुदि ११ सुक्रे संवत् १८५१ मुकाम मुकेवलारी ॥ लिख्यतं श्री महाराजाधिराज श्री राजा सौहनसिंघ जू देव ॥१॥

८—प्राप्तिस्थान–याज्ञिकसंग्रह ५०४।१६, काशी नागरीप्रचारिणी सभा।

लिखक–लाला गोकुलचंद

लिपिकाल–सं० १८५६

आकार–लं० ५.२″ चौ० ३.८″

लेख्य अंश–लं० ३ ८″ चौ० २.८″

पंक्ति०–६ से ११

अक्षर०–१० से १२

पत्र–५४ खंडित (भाषाभूषण १३ से ३८ तक, १६, २४ संख्यक पत्र नहीं हैं।

स्वरूप–स्पष्ट लिपि, यत्रतत्र धूमिल। बीच में पत्र फटे।

पुष्पिका–॥ इती श्री महाराज जससिंह राठौर विरचिते भाषा भूषन समाप्तं ॥ सुभमस्तू ॥ श्रीरस्तु श्री कल्यानमस्तू ॥ मिती० पोथी श्रीरामलालजी की लिषतं लाल गोकलचंद मिती आसौज सु ८ दीतवार संवत् १८५६।

विशेष–इसमें व्यासक संहार, विरह अंग (वोजिद) और प्रेमपच्चीसी (देव) भी हैं। आरंभ में भाषाभूषण के कुछ पत्र नहीं हैं।

९—प्राप्तिस्थान–हिंदी साहित्य संमेलन (प्रयाग)

लिपिकाल –१८५६ (अमिती मागीभ बुदि १)।

आकार– लं० ६″ चौ० ४″

लेख्यअंश–लं० ४.४″ चौ० ३″

पंक्ति०—६
अक्षर०—१८
पत्र—२६
लिपि—देवनागरी।

पुष्पिका—इति श्री भाषाभूषन अलंकार ग्रंथ संपूर्ण ॥ श्री ॥ दोहा ॥
प्रति दुसरी तैं लिष्यौ सोध्यो नाहि सम्हार ॥ लेषक दोस न दीजियो लीज्यो चतुर बिचार ॥ मिती मार्गीश्र बुदि १ संवत् १८५६. का ॥ श्रीरस्तु: ॥

१०. सं० ८२८।५८४
लिखक —शिव
लिपिकाल—सं० १८८६
आकार —८.६", ५.८"
लेख्य अंश—५.६", ३.६"
पंक्ति० —१५
अक्षर० —१६ से १८
पत्र —१४६ (भाषाभूषन ६७ से ८४ तक)
स्वरूप —प्राचीन। लिपि सुंदर। स्थिति अच्छी।
लिपि —देवनागरी
विशेष —भाषाभूषण से पूर्व इसमें इतने ग्रंथ और हैं—
बिहारी सतसई, अनेकार्थमंजरी (नंददास), फुटकल. रसराज (मतिराम)।

पुष्पिका — इति श्रीमंत महाराज धराधीश जसवंत सिंघ राठौर विरचित भाषाभूषन-समाप्तं ॥ सं० १८८६
परसपरइ हरिराम करि लेखिन हैं शिवराम ॥
माघ सुदी त्रयोदसी भृगु को ··· ··· याम ॥ ५ ॥ छ ॥
··· ··· ··· ··· ··· १ संमत कृते जा ··· न ॥
जो या की ··· ··· के दूर ख न ··· सार ···

११. प्राप्तिस्थान—याज्ञिकसंग्रह १०६ ग।२२, संग्रहकर्ता·मयाशंकर जी याज्ञिक
लिपिकाल —सं० १८६१

आकार —८.६', ५.३
लेख्य अंश —७" ३.६"
पंक्ति —२०
अक्षर० —१४ से १७
पत्र —१४
स्वरूप —लिपि सुस्पष्ट सुंदर। स्थिति अच्छी।
लिपि —देवनागरी
पुष्पिका —इति श्री भाषाभूषन समाप्तं सं० १८६१
आश्विन शुक्ल १४ गुरौ शुभं।

१२. प्राप्तिस्थान —आर्यभाषा पुस्तकालय, काशीनागरीप्रचारिणी सभा।
संख्या —१७८
संकलयिता और टीकाकार — दलपति राय वंशीगोपाल
(विवरण यों दिया है—

नवत सुरासुर मुकुट महि प्रतिबिंबित अलिमाल ॥
किए रत्न सब नीलमनि सो गणेश रच्छिपाल ॥ १ ॥
भाषाभूषन अलंकृति कहुं यक लक्षनहीन
श्रम करि ताहि सुधारि लो दलपति राइ प्रबीन ॥ २ ॥
कहूं कहूं पहिले धरे उदाहरन सरसाइ
कहूं नए करिकै धरे लच्छन लच्छित पाइ ॥ ३ ॥
अर्थ कुवलयानद को बाध्यौ दलपति राइ
वंसीधर कबि ने धरे कहूं कबित्त बनाइ ॥ ४ ॥
मेद पाट श्रीमाल कुल विप्र महाजन काइ
बासी अमदाबाद के बंसी दलपति राइ ॥ ५ ॥
जैसें रीझि जंवाहिरी लेत जंवाहिर पेषि
त्यौ कबिजन सब रीझिहैं अति अद्भुत श्रम देषि ॥ ६ ॥
दरबिलोम जस को न किय नहिं बिवरिअ उरभार
अपने चित्त विनोद को कीन्हो यहै प्रकार ॥ ७ ॥
भौहैं कुटिल कमान सी सर से पैने नैन।
बेधत ब्रज अबलानि हिय बंसीधर दिन रैन ॥ ८ ॥

-सं० १६०७
-६" ४.७"
-६.२" ३"
-६-१०
-२१ से २४
-४३
-प्राचीन । लिपि सुंदर । स्थिति अच्छी ।
-इति श्री भाषाभूषन समास मिति सावन बदि ५ सन् १२५७ साल ॥ संवत् १६०७ ॥ मुकाम बलिरामपुर षास ॥

त-भंडारकर ओरियंटल रिसर्च इंस्टीच्यूट, पूना ।

-१५१३।१८६१-६५
-कवि ताराचंद केवलजी
-सं० १६४८
-७.५" ६"
-५.२" ४.२"
-१६
-१४ से १७
-१९
-प्राचीन । लिपि सुस्पष्ट सुंदर । स्थिति अच्छी ।
-देवनागरी ।
-इति श्रीमन्महाराजाधिराज मरुस्थलाधिश श्री राठौर कुलावतंश श्रीजशवंतसिंह कृत भाषा भूषण संपूर्ण । ६ ॥ ६ लखितंग ॥ कवि । ताराचंद । केवलजी संवत १६४८ ना वर्षे श्रावण शुक्ल ४ अणहिल्लपुर पट्टन नगरे ॥ ६ ॥

न-खोज विभाग, काशी नागरीप्रचारिणी सभा

-१३७५
-भूषन कवि ?
-१०.१" ४.३
-७.७" ३"

पंक्ति० —१३
अक्षर० —४४ से ४८
पत्र —६
स्वरूप —प्राचीन। लिपि सुंदर। स्थिति अच्छी। किनारा फटा फटा।
लिपि —देवनागरी।
पुष्पिका —इति श्री भूषन कवि विरचिते भाषाभूषनं ग्रंथे अर्था० शब्दा० संपूर्ण।

१५. प्राप्तिस्थान—भंडारकर ओरियंटल इंस्टीच्यूट, पूना।

संख्या —१४५८।१८८८-९१
आकार —१०.७" ५.२"
लेख्य अंश —८.१" ४"
पंक्ति० —१३
अक्षर० —३२-३३
पत्र —११
स्वरूप —प्राचीन। लिपि सुस्पष्ट सुंदर। स्थिति अच्छी। किनारा फटा फटा।
लिपि —देवनागरी
पुष्पिका —इतिश्रीभाषाभूषण अलकार संपूर्णम्॥ श्रीरस्तु॥ श्री॥

१६—प्राप्तिस्थान—याज्ञिकसंग्रह (भरतपुर से प्राप्त)

संख्या —२५७.१६
आकार —११.४" ६.८"
लेख्य अंश —६",५"
पंक्ति० —२३—२४
अक्षर० —१८— ६
पत्र —१३ (३ और १० खंडित)
स्वरूप —लिपि स्पष्ट। यत्रतत्र धूमिल। पत्र फटे।

लिपि —देवनागरी ।

पुष्पिका —इति श्री महाराजाधिराज श्रीध यशवंतसिंह जो विर-
—चितं भाषाभूषण समाप्तमस्तु शुभं भवतुः भरथंपुरः
—परोपकारार्थः राम ।

१७—प्राप्तिस्थान—याज्ञिकसंग्रह, ग्रंथस्वामी भवानीशंकर याज्ञिक।

संख्या —१०६ ख । २२

आकार —८.५'',५.३''

लेख्य अंश —६.५'',३.८''

पंक्ति० —१४

अक्षर० —१८ से २०

पत्र —७१

स्वरूप —लिपि सुस्पष्ट सुंदर । स्थिति अच्छी ।

लिपि —देवनागरी ।

पुष्पिका —इति श्री भाषा भूषन समाप्तम् ॥

विशेष —इसमें उदाहरण रूप में अन्य कवियो के छंद भी संगृ-
—हीत हैं—

केशवदास, सेनापति, काशीराम, गंग, ऊधोराम, सुंदर, नरोत्तम, देवीदास, नंददास, मंडन, मतिराम आदि के।

१८—प्राप्तिस्थान—आर्यभाषा पुस्तकालय, काशी नागरीप्रचारिणी सभा ।

संख्या —६७

आकार —८.८'',५.५''

लेख्य अंश —६.६'',४.३

पंक्ति० —१८—१६

अक्षर० —१८ से २०

पत्र —१४

स्वरूप —प्राचीन, लिपि सुंदर । स्थिति जीर्णशीर्ण ।

लिपि —देवनागरी ।

पुष्पिका —भाषाभूषण समाप्तोयं शुभम् भूयात ॥

मुद्रित प्रति

१९–इसके संपादक मन्नालाल कवि हैं। जो आधार ग्रंथ है इसमें आवरण पृष्ठ नहीं है। इसके साथ रसिक मोहन भी है। उसके अंत में संवत १९४३ चैत्र शुक्ल ९ लिखा है।

पुष्पिका –इति श्रीमन्महाराज यशवंतसिंह कृत भाषाभूषण –संपूर्णम् ॥

२० आवरण पृष्ठ—

॥ श्रीः ॥

भाषाभूषण

जिसमें नायक नायिकादिकों के अलंकार वर्णित हैं।

जिसको

श्री १०८ श्रीमान् महाराजाधिराज योधपुराधीश यशवंत सिंहदेवजी ने निर्मित किया।

वही

डुमराव निवासी पं० नकछेदी तिवारी द्वारा परिशोधित कराय खेमराज श्री कृष्णदास ने

बंबई

स्वकीय 'श्रीवेंकटेश्वर' छापाखाना में छाप कर प्रगट किया।

आश्विन संवत् १९५१ वि०

रजिस्ट्री हक यंत्रालयाधीश ने स्वाधीन रक्खा है।

पुष्पिका –इति श्रीमन्महाराजधिराज श्री यशवंत सिंह देव बहादुर मरुस्थलाधिपति कृत भाषाभूषण समाप्त ॥

२१—यह ग्रियर्सन साहब द्वारा संपादित बिहारी सतसई की लालचंद्रिका टीका के साथ दिया गया है। रोमी अक्षरो में मुद्रित है। इसका समय सं० १९५३ है।

दोवा

हस्तलेख

जोध —जोधपुर से प्राप्त, 'फुटकर कविता'-ग्रंथसंख्या ३११ 'सरस्वती भवन,' उदयपुर।
लिपिकाल अनुल्लिखित।

चिह्न

[ ] बड़े कोष्ठकों से घिरे पाठ सुझाव के हैं।

प्रबोध नाटक :

हस्तलेख

उदय उदयपुर, सरस्वती भवन, प्राप्तिस्थान, लिपिकाल सं० १७९५ भादो बदी ६ भौमवार। लिखक उदयराम, लिखायत कवि नंदराम।

जोध —जोधपुर, पुस्तक प्रकाश, प्राप्तिस्थान, लिपिकाल अनुल्लिखित।

खोज —खोज विभाग, काशी नागरीप्रचारिणी सभा—प्राप्तिस्थान, लिपिकाल अनुल्लिखित।

चिह्न

छूट सूचक चिह्न।

आनंदविलास

हस्तलेख

उदय —उदयपुर, सरस्वती भवन, लिपिकाल, सं० १७३३।
जोध —जोधपुर, पुस्तक प्रकाश, लिपिकाल सं० १८६६।

अनुभवप्रकाश

हस्तलेख

उदय —उदयपुर, सरस्वती भवन, प्राप्तिस्थान, लिपिकाल, सं० १७३३।

जोध —जोधपुर, पुस्तक प्रकाश, प्राप्तिस्थान, लिपिकाल सं० —१८६६ ।

अपरोक्षसिद्धात

हस्तलेख

उदय —उदयपुर, सरस्वती भवन, प्राप्तिस्थान, लिपिकाल सं० १७३३ ।

जोध —जोधपुर, पुस्तक प्रकाश, प्राप्तिस्थान, लिपिकाल सं० १८६६ ।

सिद्धांतबोध

हस्तलेख

उदय— उदयपुर, सरस्वती भवन, प्राप्तिस्थान, लिपिकाल, सं० १७३३ ।

खोज —खोज विभाग, काशी नागरीप्रचारिणी सभा, प्राप्ति-स्थान, लिपिकाल, सं० १७६० ।

जोध— जोधपुर, पुस्तक प्रकाश, प्राप्तिस्थान, लिपिकाल, सं० १८६६ ।

सिद्धातसार

हस्तलेख

सर —सरस्वती भवन, उदयपुर, लिपि० सं० १७३३ ।

उदय —उदयपुर, सरस्वती भवन, लिपि सं० १७४६ ।

जोध —जोधपुर, पुस्तक प्रकाश, लिपि सं० १८६६ ।

मुद्रित

पंचक —वेदांत पंचक, संपादक, विश्वेश्वरनाथ रेऊ, प्रकाशन सन् १९२३ ।

दोवा

जोध —प्राप्तिस्थान-सरस्वती भवन, उदयपुर ।

संख्या—३११ 'फुटकर कविता'

पत्र—४५० से ४७८ ।

छंद–दोहा ६० कबित्त।

(वास्तविकता यह है कि इसमें ५४ तक संख्या दोहों की है। पर इसमें भी '३८' संख्या दो बार है। अतः कुल दोहे ५५ हुए। इसके अनंतर दोहा न होकर कबित्त है और 'मतिराम' का है। उस पर '५५' संख्या दी गई है। संख्या ५६-५७ पर 'देव' के दो कबित्त हैं। ५८ पर 'मतिराम' का कबित्त फिर दिया गया है। ५६ पर भी कबित्त है पर कवि के नाम का पता नहीं चलता। ६०-६१ पर मुबारक के तिलशतक के दो दोहे हैं। फिर अंत में एक सवैया है। इसी सवैये पर '१' संख्या है। ऊपर के '६१' को ६० लिखा गया है और इसे '१' कबित्त।

प्रबोध नाटक

१–उदय

प्राप्तिस्थान–सरस्वती भवन, उदयपुर

संख्या –४२१ पत्र – १८

आकार –६॥" ८॥" लिपिकाल–सं० १७९५, भादो बदी ६, भौम।

पंक्ति –२३-२८

अक्षर० –२४ से २७

पुष्पिका –इतिश्री श्री श्री श्री श्री श्री जसवंत सिंह जी कृत प्रबोधचंद्रोदय नाटक समाप्त। संवत् १७१५ भादवा बदि ६ भौमे श्रीरस्तु॥ कल्याणमस्तु शुभं भवतु श्री लिषायत कवी नंदरांम लिषतं लेषक उदैराम॥ श्री॥

२–जोध

प्राप्तिस्थान–पुस्तक प्रकाश, जोधपुर।

संख्या –४१७। विशेष संख्या ३, बंध १

लिपि० –अनुल्लिखित।

पुष्पिका –इतिश्री महाराजाधिराज महाराज श्रीजसवंतसिंह जी कृत प्रबोध नाटक भाषा संपूर्णः॥ श्रीरस्तुः कल्याणः।

३–खोज

खोज विभाग, काशी नागरीप्रचारिणी सभा।

पुष्पिका–इतिश्री महाराजा श्री जसवंतसिंघजी कृत प्रबोध चंद्रोदय नाटक ग्रंथ संपूर्ण ॥

आनंदविलास

१–जोध

प्राप्तिस्थान–पुस्तक प्रकाश, जोधपुर प्रकाश, जोधपुर। सामान्य सं० ११६४, विशेष संख्या १११।

रचनाकाल–सं० १७२४।

लिपिकाल–सं० १८६६ (इसी जिल्द में 'सिद्धांतसार' के अंत में यह संवत्। लिखक दोनो का एक ही है।)

आकार –६'' ८'

पंक्ति प्रतिपृष्ठ–१६

अक्षर प्रतिपंक्ति–१६

लिपि –देवनागरी

पुष्पिका –संवत् सत्रह सै बरष। ता ऊपर चौबीस।

सुकल पक्ष कार्तिक बिषै। दसमी सुत रजनीस ॥२०१॥
इति श्री आनंदविलास ग्रन्थ संपूर्ण। महाराजा श्री श्री श्री श्री श्री श्री जसवंतसिंघजी कृत ॥श्री॥ श्रीरस्तुः ॥ शुभंवतुः॥

२–उदय

प्राप्तिस्थान–सरस्वती भवन, उदयपुर। ग्रंथ सं० ६०६।

रचनाकाल–सं० १७२४

लिपिकाल–सं० १७३३।

आकार –६.४'' ७.५''

पंक्ति प्रतिपृष्ठ–१२

अक्षर प्रतिपंक्ति–२१

लिपि –देवनागरी

पुष्पिका —संवत सत्रह सै बरष । ता ऊपरि चौबीस ।
सुक्ल पष्य कातिक बिषै । दसमी सुतरजनीस ॥ २०१ ॥
इति श्री आनंदबिलास ग्रंथ संपूर्णः ॥ महाराजा श्री श्री श्री श्री जसवंतसिंघजी कृत ॥ स० १७३३ मार्ग क्रि० ६ गुरे ॥ राजि श्री रामसिंघ जी राज्ये ॥

सिद्धातसार

१–उदय

प्राप्तिस्थान—सरस्वती भवन, उदयपुर । सं० ६४
लिपिकाल —सं० १७४६
आकार —४"–६॥"
पंक्ति प्रतिपृष्ठ—६
अक्षर प्रतिपंक्ति–२७
पत्र —१५
लिपि —देवनागरी
पुष्पिका —इतिश्रीमहाराजाधिराज महाराजा श्री श्री श्री श्री श्री जसवंतसिंघजी कृत सिद्धांतसार ग्रंथ संपूर्णः । श्री महाराजा सूर्यसींघ जी बचनातु दबे माधव लीषतं श्रीरस्तु । सं० १७४६ वर्षे मार्गसिर्ष बदी १४ गुरे ग्रंथ संपूर्णोयं ॥

२–जोध

प्राप्तिस्थान—पुस्तक प्रकाश, जोधपुर। सामान्य सं० १३०५, विशेष संख्या १२२ वेष्ठन १
लिपिकाल—सं० १८६९
आकार —६" ८"
पंक्ति प्रतिपृष्ठ—१६
अक्षर प्रतिपक्ति- १३ से १६
पत्र —१७
लिपि —देवनागरी
पुष्पिका – इति श्री महाराजाधिराज महाराजा श्री श्री श्री श्री श्री

जसवंतसिंघजी कृत सिद्धांतसार ग्रथ समाप्तः ॥ श्री ॥
संवत् १८६६ जेठ ब ५ ॥

३—सर

प्राप्तिस्थान —सरस्वती भवन, उदयपुर (दूसरा हस्तलेख) सं० ६०३ ।
लिपिकाल —सं० १७३३ ।
आकार —६·४",७·५"
पंक्ति प्रतिपृष्ठ—१२
अक्षर प्रतिपंक्ति—२१
पत्र —३६३ से ४१५ तक, ५३
(इस हस्तलेख में १७ ग्रंथ विभिन्न कवियों के और हैं) ।
लिपि —देवनागरी

पुष्पिका —इतिश्री महाराजाधिराज श्री श्री श्री श्री श्री
जसवंतसिंघ जी कृत सिधातसार ग्रंथ संपूर्णः ॥
सं० १७३३ का० शु० १४ ॥

४—पंचक

प्राप्तिस्थान —जोधपुर ।

इसमें अनुभवप्रकाश, अपरोक्षसिद्धात, आनंदविलास, सिद्धातबोध और सिद्धांतसार इन पाच ग्रंथो का संपादन वेदातपंचक के नाम से किया गया है । सपादक हैं श्री विश्वेश्वरनाथ रेऊ । यह राज परिषद् (स्टेट कौंसिल) जोधपुर के आदेश से प्रकाशित हुआ था । प्रकाशन काल सन् १९२३ है ।

पुष्पिका —इत श्री महाराजाधिराज महाराजा श्री श्री श्री जसवंत सिंघ जी कृत सिद्धांतसार ग्रंथ समाप्त ॥

छूटक दोहा

पुस्तक प्रकाश, जोधपुर ।
इसमें केवल ३६ ही छंद हैं ।

जोधपुर नरेश महाराज जसवंत सिंह

जन्म : सं० १६८३]　　　　[निधन : सं० १७३५

जसवंत सिंह

जीवनवृत्त

महाराज जसवंतसिंह राजस्थान के पश्चिमी भाग में अवस्थित मारवाड़ के प्रसिद्ध नरेश थे। विक्रम की तेरहवीं शताब्दी में कन्नौज के राठौर नरेश जयचंद्र के पौत्र सीहाजी ने आकर मारवाड़ में अपना राज्य स्थापित किया। इस वंश में राव मालदेव बड़े पराक्रमी हुए। राव चंद्रसेन स्वातंत्र्याभिमानी हुए और महाराज जसवंतसिंह (प्रथम) तो औरंगजेब ऐसे बादशाह की भी अवहेलना करनेवाले हुए[1]। राठौड़ की प्रशस्ति रणबंका होने की ही है—

बलहट बंका देवड़ा किरतब बंका गोड़।
हाड़ा बंका गाढ में रणबंका राठोड़॥

इनकी युद्धवीरता का गुणगान मुसलमानी इतिहासकारों ने भी किया है[2]।

राठौड़ वंश में आगे चलकर राजा गजसिंह हुए। इन्हीं के दो पुत्रों में छोटे राजा जसवंतसिंह (प्रथम) थे। राजा गजसिंह स्वयम् अच्छे योद्धा तो थे ही, विद्वानों का आदर-सत्कार भी करते थे। प्राचीन काव्यों से प्रकट होता है कि इन्होंने अपने समय के १४ कवियों को लाखपसाव (स्वेच्छा से जागीर का दान) दिया था[3]।

राजा गजसिंह के बड़े कुमार थे अमरसिंह। वे स्वभाव से बड़े उद्धत थे। पिता ने उनके औद्धत्य के कारण उन्हें अधिकारच्युत कर दिया था। वे बड़े वीर एवम् पराक्रमी थे। उनका अमर्ष इतना अधिक था कि किसी की कड़ी बात सहन नहीं कर सकते थे। आगरे की वह घटना इतिहासप्रसिद्ध ही नहीं, लोकप्रसिद्ध भी है जिसके अनुसार शाहजहाँ के दरबार में सलावत खां द्वारा 'गँवार' कह देने पर उन्होंने भरी सभा में उसे (सलावत खां को) कटार से

---

१. मिलाइए 'मारवाड़ का इतिहास'-विश्वेश्वरनाथ रेऊ।

२. देखिए 'सहरुल मुताखरीन'- सैयद गुलाम हुसेन।

३. देखिए 'गुणभाषाचित्र'—हेमकविकृत और 'गुणरूपक'—केशवदास चारणकृत।

से ही मार डाला था और स्वयम् घोड़े को किले पर से बाहर कुदाकर निकल भागे थे। आगरे के किले के बाहर पत्थर का घोड़ा उस ऐतिहासिक घटना की स्मृति प्रतीक रूप से अब भी प्रकट कर रहा है। अमरसिंह ने कितनी फुरती से सलावत खां के कलेजे में कटार घुसेड़ दी थी इसका पता यह बहुप्रचलित दोहा देता है—

उण मुख ते गग्गो कह्यो इण कर लई कटार।
वार कहण पायो नहीं जमदढ़ हो गई पार[1]॥

उनके विक्रम को संकेत यह जनप्रसिद्ध कवित्त भी देता है—

साह को सलाम करि बैठ्यो है अमरसिंह,
कटि तें कटार हाथ गही है गुसागरा।
जान ही सलावत पै मारी जो कटारी कारी,
फूटि चल्यो जैसे सो कुसुभन को गागरा।
राजा गजसिंह बेटा अटल अमरसिंह,
करी रजपूती जैसे नौलसिंह नागरा।
सवा पाव लोहे तें हिलाइ डारी पादशाही,
होती समसेर तौ छुड़ाइ लेतौ आगरा॥

बनवारी कवि (रचनाकाल सवत् १६६०) ने इस घटना का बड़ा ओजपूर्ण वर्णन किया है—

धन्य अमर छिति छत्रपति अमर तिहारो मान।
साहजहाँ की गोद में हन्यो सलावत खान॥
उत गंकार मुख सो कढी इतै कढ़ी जमधार।
'वार' कहन पायो नहीं भई कटारी पार[1]॥

राजा गजसिंह के दूसरे पुत्र और इन्हीं अमरसिंह के छोटे भाई जसवंतसिंह थे, जो पिता के देहावसान पर सिंहासनारूढ़ हुए।

जसवंतसिंह का जन्म सं० १६८३ की माघ बदी ४ तदनुसार २६ दिसंबर १६२६ ई० में बुरहानपुर (दक्षिण) में हुआ था। राजा गजसिंह के

---

१. हिंदी साहित्य का इतिहास—आचार्य रामचद्र शुक्ल, पृ० ३५७।

देहावसान पर सं० १६९५ की जेठ सुदी ३ (६ मई, १६३८) को शाहजहाँ ने इन्हें 'राजा' की पदवी से विभूषित किया। १९-२० दिनों के अनंतर आषाढ़ बदी ७ (२५ मई) को आगरे में इनका राजतिलक हुआ। उस समय ये केवल साढ़े ग्यारह वर्ष के थे। इसलिये राज की देखभाल के लिये कूपावत राजसिंह नियुक्त किए गए। ढाई वर्ष में राजसिंह का परलोकवास हो गया। तब देखभाल का कार्य चांपावत महेशदास को सौंपा गया। ये दोनों ही राजा गजसिंह के विश्वासभाजन थे।

ख्यातें कहती हैं कि जिस समय राजा गजसिंह स्वर्ग सिधारे कुमार जसवंतसिंह विवाहार्थ बूँदी गए हुए थे। पिता के स्वर्गवास का समाचार पा ये आगरे चले गए। वहाँ शाहजहाँ ने स्वयम् अपने हाथ से इनका राजतिलक किया था। वहाँ से दिल्ली, पालम, लाहौर, पेशावर, फिर हरिद्वार होते सं० १६९७ की जेठ सुदी (मई, १६४०) में जोधपुर पहुँचे। वहाँ राजतिलक का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इन्होंने ३ हाथी और २२ घोड़े अपने सरदारों और चारणों को दिए। जोधपुर के तिलकोत्सव के अनंतर ही वस्तुतः राजकार्य का प्रबंध विधिवत् इन्होंने विश्वासपात्र सरदारों के परामर्श से आरंभ किया। ये प्रख्यात विक्रमादित्य की भाँति वेश बदल कर नगर का निरीक्षण भी किया करते थे।

इनका शाहजहाँ ने कई बार संमान किया। राज की दो वर्ष की देखभाल के अनंतर बादशाह ने इन्हें कंधार भेजा। एक वर्ष बाहर रहकर ये जोधपुर लौटे। श्रीमहेशदास को बादशाह ने मनसबदार बना दिया। इसलिये उन्हें शाही दरबार में रहना पड़ता था इसलिये जसवंतसिंह ने मेड़तिया गोपालदास को प्रधान बनाया। मुहणोत नैणसी को पहाड़ी प्रदेश में उपद्रव शांत करने के लिये ससैन्य भेजा।

इन्हें लाहौर और फिर औरंगजेब के साथ कंधार जाना पड़ा। कंधार-विजय में विफलता ही हाथ लगी, पर पराक्रम विशेष दिखाया गया। यह घटना सं० १७१० वैक्रम की है। इसके पूर्व औरंगजेब दो बार कंधार में बुरी तरह विफल हो चुका था। बादशाह इनके पराक्रम से बहुत प्रसन्न था। सं० १७१२ (सन् १६५५) से इन्हें महाराज की पदवी प्राप्त हुई। इनके देश में इससे पहले महाराज की पदवी किसी को नहीं प्राप्त हुई थी।

यह पदवी पाने के अनंतर सीसोदिया सर्वदेव की कन्या से विवाह करने ये मथुरा गए, वहाँ से फिर जोधपुर।

सन् १६५७ में शाहजहाँ बीमार पड़ा। उस अवसर पर यह समाचार फैला कि बादशाह की मृत्यु हो गई। औरंगजेब और मुराद उस समय दक्षिण में सूबेदार थे। उन्हें जब यह समाचार मिला तब वे दोनों दिल्ली पर अधिकार कर लेने के विचार से चल पडे। पता लगते ही महाराज जसवंतसिंह और दारा उनका दमन करने को भेजे गए। महाराज प्रधान बनाए गए। एक लक्ष मुद्रा और मुगल सेना इनके अधिकार में दी गई। २२ उमराव इनके अधीन थे। उनमें १५ मुसलमान और शेष हिंदू थे। औरंगजेब ने उन १५ मुसलमान उमरावों को फोड़कर अपनी ओर कर लिया। उज्जैन के निकट फतेहाबाद ग्राम के परिसर में बागी शाहजादों से इनकी भिड़ंत हुई। ६ घंटे अनवरत युद्ध के अनंतर शादजादे जीत गए। राठौर सिपाहियों ने १० सहस्र मुगलों को धराशायी किया। महाराज अपने प्रिय घोडे महबूब सहित लोहूलुहान हो गए। रत्नसिंह ने महाराज को बरबस मारवाड़ भेजा। वह स्वयं वीरतापूर्वक लड़ता रहा।[१] उसी प्रकार सुजानसिंह भी लड़ता रहा। मुगलों के पैर उखड़ गए। कासिम खा आदि आगरे भागे, पर विजय शाहजादों की ही हुई।

सांभर के खजाने से पचास हजार रुपये लेकर पुनः सेना इकट्ठी की गई। शाही फरमान के अनुसार महाराज ने जोधपुर का शासन मुहणोत नैणसी को सौंपा और स्वयम् आगरे को प्रस्थान किया। एक महीने आगरे ठहरे, दाराशिकोह से मिले। धौलपुर के पास औरंगजेब से दूसरी लड़ाई हुई। इसमें भी महाराज की सेना हार गई। रुस्तम खां, छत्रसाल (बूँदी), रूपसिंह (रूपनगर) वीरगति को प्राप्त हुए।

इसी समय शाहजहाँ बंदी बना लिया गया और मुराद का अंत हो गया। महाराज जसवंतसिंह मारवाड़ लौट गए। औरंगजेब इनकी वीरता का लोहा मान गया था। उसने उद्योग करके आगरे के मिर्जा राजा जयसिंह को भेजकर इन्हें सम्मानपूर्वक बुलवाया और गुप्त संधि की। फिर बंगाल में

---

१. देखिए 'वचनिका राठौर रतनसिंहजी री महेसदासोत खिड़िया जगा री कही'।[१]

शाहशुजा का सामना करने के लिये उसने अपने पुत्र मुहंमद के साथ इन्हें भेजा। वहाँ जाकर शाहशुजा से युद्ध करना ठीक न समझ ये जोधपुर लौट गए। सन् १६५९ में इन्हें सतहजारी मनसब देकर गुजरात का सूबेदार बनाया गया। दो वर्ष बाद शाइस्ता खाँ के साथ शिवाजी से मोरचा लेने के लिये ये भेजे गए। औरंगजेब की चाल समझकर इन्होंने शिवाजी से युद्ध करना ठीक नहीं समझा। शाइस्ता खाँ की जो दुर्गति हुई उसका हेतु इनका शिवाजी से मिल जाना भी माना जाता है। अंत में ये लोग वापस बुला लिए गए। इनके स्थान पर राजा जयसिंह और शाहजादा मुअज्जम भेजे गए।

सन् १६७० में ये तीसरी बार गुजरात के सूबेदार बनाए गए। वहाँ तीन वर्ष रहकर पठानो का दमन करने के लिये काबुल भेजे गए। इनके आक्रमण से पठानों के छक्के छूट गए। जीवन के शेष दिन सीमांत प्रदेश के जमरोज स्थान में ही बीते।

काबुल जाने के पहले इन्होंने जोधपुर का शासन बड़े लड़के पृथ्वीसिंह को सौंप दिया था। उनके संबंध में कहा गया है कि एक बार औरंगजेब के दरबार में जाने पर उसने इसके दोनों हाथ पकड़कर कहा कि बोलो, अब क्या कर सकते हो। उन्होंने उत्तर दिया कि आपने मेरे दोनों हाथ अपने हाथ मे ले लिये यह आपकी महती कृपा है। अब मैं सारे संसार का विजेता हो सकता हूँ। इस पर बादशाह ने कहा कि यह दूसरा 'कुट्टन' है। वह जसवंत सिंह को कुट्टन[1] कहा करता था।

औरंगजेब ने पृथ्वीसिंह को सिरोपाव दिया। कहते हैं कि उसमें विष था। कुछ इतिहासलेखक इसे नही मानते। मृत्यु मे उनकी छोटी माता को हेतु कहते हैं। जो हो, पृथ्वीसिंह की मृत्यु हो गई। समाचार जब महाराज

---

१. गंग कवि 'कुट्टन' के संबंध में यो भनते हैं।

कहा नीच की प्रीत कहा कोटू का कीणाँ।
कहा चिड़ी की लात कहा गाडर का घीणाँ॥
कहा कृपन का दान कहा पाहन का बूटा।
कह विषधर से नेह कहा केहरि का टूटा॥
गंग कहै गुनवंत सुनि फुटी नाव क्यौं खेइयै।
गुन औगुन समझैं नहींते कुट्टन क्यों सेइयै॥

जसवंतसिंह को मिला तब ये बड़े दुःखी हुए और तिलांजलि देते हुए कहा कि तिलांजलि तुझे ही नहीं मारवाड़ को भी देता हूँ।[१]

औरंगजेब ने एक ढेले से कई शिकार किए–(१) पठानों के आक्रमण का अवरोध (२) जसवंत सिंह का सजातीयों से पार्थक्य, (३) यदि महाराज आक्रमण में हत हो गए तो कंटकशोधन भी। यह कल्पना भी की जाती है कि महाराज के मारवाड़ से दूर रहने में औरंगजेब की कूटनीति नहीं उनकी धर्म-नीति ही हेतु थी। दूर रहने से धर्म की रक्षा भी थी और दबदबा भी बना था। 'जजिया' लगाने की हिम्मत बादशाह को नहीं हुई। कहते हैं कि औरंगजेब के मंदिरविध्वंस का समाचार जब महाराज को चला, तब उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों सभी की सभा में रोषावेश में कहा था कि यदि बादशाह यह कार्य नहीं रोकते तो मुझे मसजिद तोड़ने को बाध्य होना पड़ेगा[२]। किसी ने कहा कि बादशाह इससे बहुत अप्रसन्न होंगे, तो उन्होंने उत्तर दिया कि भरी सभा में यह बात उनके अप्रसन्न होने के लिये ही कही गई है। कोई न कोई यह समाचार उन तक पहुँचाएगा ही। समाचार पाकर यदि उन्होंने अपना अकार्य नहीं रोका तो उनके अप्रसन्न होने पर जो मैं कह रहा हूँ उसे कर दिखाऊँगा।

काबुल में इनके दूसरे राजकुमार श्रीजगतसिंह की मृत्यु हो गई। कहीं-कहीं इनके दो राजकुमारों की मृत्यु की बात लिखी गई है[३]। जगतसिंह की मृत्यु के ढाई वर्ष बाद महाराज का देहावसान हो गया। कुछ इतिहास लेखक मानते हैं कि महाराज की मृत्यु बादशाह द्वारा विष दिलाने से हुई थी[४]। उनकी मृत्यु पर औरंगजेब ने कहा था 'दरवाजए कुफ्र शिकस्त'

---

१. भारत के देशी राज्य।

२. वही।

३. लेटर मुगल्स, भाग १, पृ० ४४।

४. वी० ए० स्मिथ आक्सफोर्ड हिस्ट्री आव् इंडिया, पृ० ४३८। स्मिथ ने टाड और मनूची का उल्लेख करके लिखा है कि यदि इनके कथनों को सत्य माना जाय तो विषप्रयोग ही सिद्ध होता है।

अर्थात् धर्मविरोध का द्वार ध्वस्त हुआ[१]। इससे भी विष देने की बात मानने को जी करता है।

ख्यातों से पता चलता है कि रानियाँ और परदायतें मिलाकर इनकी मृत्यु पर पंद्रह महिलाएं सती हुईं। सरकार ने पाँच रानियों और सात परदायतों का सती होना लिखा है[२]। केवल दो रानियाँ गर्भवती होने के कारण सती नहीं हुईं। दोनों से दो संतानें हुईं जिनमें से एक की मृत्यु हो गई। एक संतति आगे चलकर अजितसिंह नाम से प्रसिद्ध हुई जिनके लिये वीरवर दुर्गादास ने अपने प्राणों की बाजी लगा दी थी।

महाराज की मृत्युतिथि इस छंद में कथित है--

सतरै संमत पौस पैंत्रीसै। दसमी बार ब्रहस्पति दासै।
मुर धर छत्र जसो महाराजा। सुरपुर गयो लिया ब्रद साजा[३]॥

कृतियाँ

काशी नागरीप्रचारिणी सभा की 'खोज' में महाराज जसवंतसिंह की निम्नलिखित कृतियाँ विवृत हुई हैं---

अनुभवप्रकाश--(१-७२, २-१५)
अपरोक्षसिद्धात--(१-७१, २-१४ २६-२०१)
आनंदविलास--(१-७३, २-१७)।
प्रबोधचद्रोदय--(२--१२)।
भाषाभूषण --(२-४७, ६-१७६, ६-२५१, २०-७०, २३-१८३, २६-२०१, २९-१७१, दिल्ली ३२-४३)।
सिद्धांतबोध --(२-१६)।
सिद्धातसार --(२-४६)।

'राजस्थान में हिंदी के हस्तलिखित ग्रंथों की खोज' से निम्नलिखित ग्रंथों का पता चलता है--अनुभवप्रकाश, अपरोक्षसिद्धात, आनंदविलास, इच्छाविवेक, प्रबोधचंद्रोदय, भाषाभूषण, सिद्धातसार। अंतर यह है कि

---

१. तवारीख मुहम्मद शाही।

२. हिस्ट्री आव् औरंगजेब' भाग ३, पृ० ३७३।

३. राजरूपक।

सिद्धांतबोध का पता इसे नहीं है और इच्छाविवेक नवीन रचना मिली है। राजस्थान की खोज में ये सब हस्तलेख सरस्वतीभंडार (उदयपुर) के हैं। उदयपुर के सरस्वतीभंडार से हमारे शोध के फलस्वरूप इनके कुछ दोवा मिले हैं जो शृंगार रस के हैं।

जोधपुर के पुस्तकप्रकाश से निम्नलिखित ग्रंथों का पता चलता है—आनंदविलास, अनुभवप्रकाश, अपरोक्षसिद्धांत, सिद्धांतबोध, सिद्धांतसार, प्रबोध नाटक, भाषाभूषण, छूटक दोहा। यहां इच्छाविवेक नहीं है। छूटक दोहा नवीन रचना है। उदयपुरवाले दोवा से यह भिन्न है और नीति-वैराग्य की रचना है। इच्छाविवेक कोई स्वतंत्र रचना नहीं है। अनुभव-प्रकाश के आरंभ के इच्छा विषयक ६ छंदों (२ से ७ तक) का ही नाम इच्छाविवेक रखा गया है। इस प्रकार महाराज जसवंतसिंह की जिन कृतियों का पता चला वे सब ये हैं—अनुभवप्रकाश, अपरोक्षसिद्धांत, आनंदविलास, प्रबोध नाटक, भाषाभूषण, सिद्धांतबोध, सिद्धांतसार, दोवा, छूटक दोहा।

इनमें से अनुभवप्रकाश, अपरोक्ष सिद्धांत, आनंदविलास, सिद्धांतबोध और सिद्धांतसार ये वेदांतपंचक के नाम स राजपरिषद् (स्टेट कौंसिल), जोधपुर के आदेश से श्रीविश्वेश्वरनाथ रेऊ के संपादकत्व मे प्रकाशित हुए थे। इस पंचक का नाम पंचरत्न भी है जो खोज (२-१४) की पुष्पिका से ज्ञात होता है। ये पांचों तत्त्वज्ञानविषयक ग्रंथ हैं। आनंदविलास का दूसरा नाम आनंदविसर्ग भी मिलता है (खोज २-१४)। इसका संस्कृत में उल्था भी हुआ था। उल्था किसने किया, पता नहीं। पर उसके अंत में जसवंत-सिंह की प्रशस्ति[1] होने से स्पष्ट है कि यह किसी दरबारी संस्कृत पंडित का कर्तृत्व है। इस ग्रंथ के हिंदी रूप का निर्माणकाल यों है—

संवत सत्रह सै बरष ता ऊपर चोबीस।
सुकल पख्य कार्तिक बिषै दसमी सुत रजनीस॥

---

१. श्रीमद्योधपुरं पुरंदरपुरस्पर्द्धिष्णुजिष्णुव्रतं।
तत्र श्रीजसवंतसिंहतरणिः क्षोणींद्रचूडामणिः।
येनानंदविलासकाव्यरचनारश्मिव्रतं तन्वता।
मोहध्वांतमुदस्य सर्वजगतां चिच्चक्षुरुन्मीलितम्॥

संस्कृत उल्था में निर्माणकाल यों है—

संवदंबुनिधि[४] पक्ष[२] भूमि[७]भृद्भूमि[१] योगजनिते तु वत्सरे।
ऊर्ज्जमासि धवले दले कृतिः सोमयुक्तदशमीदिनेऽभवत् ॥

पहले के अनुसार निर्माणकाल संवत् १७२४ कार्तिक शुक्ल दशमी बुधवार हुआ। दूसरे के अनुसार निर्माणकाल सं० १७२४ कार्तिक शुक्ल दशमी सोमवार हुआ। संस्कृत का 'सोम' ठीक होने से 'सुत रजनीस' पाठ ठीक नहीं है। 'सोमयुक्त' को ध्यान में रखने से 'युत रजनीस 'या' 'जुत रजनीस' पाठ ठीक ठहरता है।

इनके अन्य किसी ग्रंथ में निर्माणकाल नहीं दिया है। वेदातविषयक इन पाच ग्रंथो में से आनंदविलास के आरंभ में गणेशवंदना है—

एकदंत गजबदन सु गवरीनंद।
विघन हरत अति गनपति करत अनंद ॥

इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि वेदांतपंचरत्न या वेदांत-पंचक में सबसे प्रथम यही रचा गया।

सं० २०२४ में मै पूना विश्वविद्यालय में मौखिकी के लिये गया और अपनी सहज संधानवृत्ति के अनुरूप ही वहा के जयकर ग्रंथालय के हिंदी हस्तलिखित ग्रंथ देखने लगा तो संख्या ४६४ पर महाराज की एक पुस्तक नई मिली 'गीता माहात्म्य 'इसकी प्रतिलिपि मँगा ली गई।

सं० २०२५ में सरस्वती में श्री अगरचंद नाहटा का एक लेख प्रकाशित हुआ जिससे पता चला कि इनके गीता के पद्यात्मक और गद्यात्मक अनुवाद भी हैं। इन दोनो ग्रंथों की प्रतिलिपियाँ भी बडे गहरे प्रयास के अनंतर प्राप्त कर ली गईं। इस प्रकार अब इनके तीन आध्यात्मिक अनुवाद ग्रंथ भी इसी में जुड़ जाते हैं। गीता का पद्यात्मक अनुवाद सूत्रागम प्रकाशक समिति गुड़गांव से सं० २०१४ में प्रकाशित हो चुका है।

गीता के गद्यात्मक अनुवाद की दो प्रतियाँ अनूप संस्कृत पुस्तकालय बीकानेर में थीं। एक प्रति १८ अध्यायों की परिपूर्ण थी। इसका विवरण नाहटा जी ने अपने लेख मे दिया है। पर जिस समय मैंने प्रतिलिपि के लिये महाराज के विविक्त मंत्री को लिखा उन्होंने बताया कि उक्त प्रति नही मिल रही है। इसलिये मैंने दूसरी प्रति की प्रतिलिपि मँगवाई। इसमें केवल १४ अध्याय ही हैं और बीच में भी एक पन्ना नहीं है।

सभा के अधिकारियो ने नाहटा जी से प्रतिलिपि प्राप्त करा देने के लिये कहा तो उन्होने ग्रंथावली के संपादन मे संयुक्त कर लेने की बात कही। पर मै उस समय काशी में था नहीं इसलिये उस संबंध मे अधिकारी कुछ निर्णय करने में असमर्थ रहे। बाद में मैने नाहटा जी को प्रतिलिपि के लिये लिखा तो उन्होने अनूप संस्कृत पुस्तकालय, बीकानेर का उल्लेख कर दिया।

इनकी सारी रचना दो प्रकार की है—साहित्यविषयक और अध्यात्म-विषयक। साहित्यविषयक रचना का निर्माण अध्यात्मविषयक रचना से पूर्व मानना चाहिए। इनकी समस्त रचना का अनुमित क्रम इस प्रकार है—

साहित्यखंड-[illegible] दोवा, प्रबोध नाटक।

अध्यात्मखंड-आनंदविलास, अनुभवप्रकाश, अपरोक्षसिद्धांत।

सिद्धातबोध, सिद्धातसार, श्रीमद्भगवद्गीता टीका भाषा (गद्य), श्रीमद्भगवद्गीता भाषा दोहा (पद्य), गीता माहात्म्य, छूटक दोहा।

महाराज जसवंतसिह का जन्म संवत् १६८३ मे हुआ था। सं० १७२४ में ४१ वर्ष की वय में वे वेदातविषयक ग्रंथो के निर्माण मे लगे। इसलिये साहित्यविषयक रचना मे वे २५ वर्ष की वय में अवश्य प्रवृत्त हो गए होगे। अत: इनके रचनाकाल का आरंभ सं० १७०८ के आसपास माना जा सकता है।

शिवसिहसरोज में भूल से इन्हे बघेला और तिरवा (कन्नौज) का राजा लिखा गया है। इनका समय सं० १८५५ दिया गया है। लिखा है—'यह महाराज संस्कृत, भाषा, फारसी आदि में बड़े पंडित थे। अष्टादश पुराण और नाना ग्रंथ साहित्य इत्यादि सब शास्त्रो के इकट्ठे किये। शृंगारशिरोमणि ग्रंथ नायिकाभेद का, भाषाभूषण अलंकार का और शालिहोत्र ये तीन ग्रंथ इनके बनाए हुए बहुत अद्भुत हैं। सं० १८७१ में स्वर्गवास हुआ।'

वास्तविकता यह है कि भाषाभूषण के रचयिता जोधपुर के नरेश थे और शृंगारशिरोमणि तथा शालिहोत्र के रचयिता तिरवा (कन्नौज) के राजा। शिवसिंहसरोज के अनुगमन के कारण ग्रियर्सन साहब ने भी यही भूल की है। उन्होंने तिरवा मे बघेलो के आने का ऐतिहासिक विवरण भी

जोड़ दिया है। ग्रियर्सन साहब ने शिवसिंहसरोज के ही आधार पर अपना हिंदी साहित्य का इतिहास (वर्नाक्यूलर लिटरेचर आव् नदर्न हिंदुस्तान) भी प्रस्तुत किया है उसमें शिवसिंह सरोज मे हुई भूलें ज्यो की त्यो मौजूद हैं।

अन्य ग्रंथों का संकेत

श्रीमद्भागवत भाषा-पद्य

श्री सूत्रागम प्रकाशक समिति, गुड़गांव से जसवंतसिंह की जो पुस्तक 'श्रीमद्भगवद्गीता भाषा दोहा' प्रकाशित हुई है उसके प्रकाशकीय में लिखा है–

'इस बार समिति के पास एक ७०० वर्ष की पुरानी हाथ लिखी पुस्तक रद्दी मे से हाथ लगी। इसमें राजा जसवंतसिंहकृत श्रीमद्भागवत अधूरा और श्रीमद्भगवद्गीता, ये दोनो दोहे और चौपाइयो में अच्छी कविता के रूप में हैं।'

श्रीमद्भगवद्गीता केवल दोहो में है। इससे स्पष्ट है कि श्रीमद्भागवत दोहे-चोपाई दो छंदो में हैं।

आगे इसी पुस्तक के 'कृतज्ञता प्रकाश' में फिर लिखा है–

'एक भावुक महानुभाव ने रद्दी में से एक ४०० वर्ष की पुरानी पुस्तक लाकर दिखाई। पुस्तक में श्रीमद्भागवत और श्रीमद्भगवद्गीता हिंदी भाषा की कविता चौपाई और दोहो मे राजा जसवंतसिंहकृत पढ़कर आश्चर्य हुआ···परंतु खेद है कि भागवत के आदि के ७५ पत्र कम हैं और गीता का भी एक अध्याय कम पाया। हमने इन कठिनाइयों को पार करके गीता की रचना को ठीक ठीक किया और समिति की ओर से प्रकाशित करने का निश्चय किया।'

इससे यह पता चलता है कि श्रीमद्भागवत आरंभ में खंडित है। पर कितना खंडित है और कितना प्राप्त है इसका अनुमान केवल '४५ पत्र कम हैं' के आधार पर करना कठिन है। यह भी नहीं लिखा गया कि गीता का कौन सा एक अध्याय नहीं है जो ठीक ठीक किया गया। मुद्रित प्रति का विश्लेषण करने पर दिखाई देता है कि सोलहवें अध्याय में ८ दोहों

के अनंतर फिर से संख्या १ आरंभ होती है और उन आरंभिक ८ दोहो में जो बाते कही गईं वे उनके ७ दोहो मे दूसरे शब्दों से रखी गई हैं। इस प्रकार स्पष्ट होता है कि ये ८ दोहे तो पुराने हैं फिर पूरा अध्याय नया लिखा गया है, जिसमें भूल से पुराने आठ दोहे भी रह गए हैं। इस अध्याय के इस नए अंश की भाषा स्पष्ट ही नई प्रतीत होती है। व्रजी के बदले कहीं खड़ी ही खड़ी दिखती हैं--पाया मैंने आज ये आ तुज पाऊँ अन्य।

इन सबके स्पष्टीकरण के लिये समिति को लिखा गया और कहा गया कि यदि श्रीमद्भागवत का खंडित हस्तलेख वहाँ सुरक्षित हो तो उसकी प्रतिलिपि मुझे दी जाए, पर कोई उत्तर नही मिला।

स्वात्मानुभव

स्वर्गीय चंद्रशेखर मिश्र ने जोधपुर स ४-३-५६ के पत्र में लिखा है कि जसवंतसिंह की रचना स्वात्मानुभव है। पत्र में उसके उद्धरण नहीं दिए गए हैं। जो सामग्री जोधपुर से आई उसमे इस नाम की रचना नहीं है। इसलिये यह कहना कठिन है कि यह कोई स्वतंत्र रचना है। और मुझे अनुपलब्ध रह गई है या यही 'अनुभवप्रकाश रचना है जो इस ग्रंथावली में मुद्रित है।

नायिका भेद

उन्होने वहीं से अपने दूसरे पत्र में लिखा है कि इनका नायिकाभेद का भी एक ग्रंथ है। पर सामग्री में वैसी कोई स्वतंत्र रचना नहीं है। 'दोवा' नाम से जो अंश इस ग्रंथावली मे संगृहीत है उसके विश्लेषण से स्पष्ट है कि नायिकाभेद से उसका संबंध है। पर यह कृति व्यवस्थित रूप मे लिखी नहीं है। यदि उपर्युक्त अनुमान इसी अंश के आधार पर किया गया हो तो उनकी नायिकाभेद की कोई और रचना उन्हें उपलब्ध नहीं थी। 'दोवा' से यह कल्पना अवश्य की जा सकती है कि नायिकाभेद की रचना भी वे करना अवश्य चाहते थे। भाषाभूषण के आरंभ में जो रस-नायिकाभेद का संक्षिप्त संग्रह है उसके आधार भानुदत्त मिश्र के ग्रंथ हैं रसतरंगिणी और रसमंजरी। इनमें से पहली रचना रस-भाव विषयक है और दूसरी नायिकाभेद विषयक। भाषाभूषण में केवल भेदो का उल्लेख किया गया है, उदाहरण नहीं हैं। हो

सकता है कि पहले उदाहरण देकर विस्तार से लिखने का विचार रहा है, पर किसी कारण वह व्यवस्था न हो सकी हो, इसी से जितने अंश उदाहरण रूप में बन गए हों वे ही 'दोवा' नाम से संकलित रह गए हों। शेष अंश निर्मित ही न हुआ हो। 'भाषाभूषण' बन जाने के अनंतर नायिकाभेद का स्वतंत्र ग्रंथ लिखने का विचार छोड़ दिया गया हो अथवा नायिकाभेद का कोई ग्रंथ हो और उसी में से संक्षिप्त भेदोपभेद उल्लेख मात्र इसमें कर दिया गया हो। इस प्राप्त अंश के आधार पर कोई निश्चय नहीं हो सक रहा है। हो सकता है कि अध्यात्म के ग्रंथों के निर्माण में लग जाने से इधर फिर प्रवृत्ति ही न हुई हो आदि आदि तर्क-वितर्क की परंपरा भर होकर रह जाती है।

जसवंतसिंह रा दूहा

श्रीयुत किशोरीवल्लभ गोस्वामी ने बीकानेर के राजकीय पुस्तकालय से महाराज जसवंतसिंह की रचनाओं का जो विवरण इधर भेजा है उसमें उनकी इस पोथी का उल्लेख है। उनकी संख्या भी उन्होंने २०१ लिखी है। इस बीच महाराज बीकानेर के विविक्त सचिव श्रीबाबूरामजी निवृत्त हो गए। नए सचिव महोदय ने कोई उत्तर देने का कष्ट या अनुग्रह नहीं किया। न अनुमति मिली और न प्रतिलिपि हुई। २०१ दोहे का तात्पर्य क्या है, यह भी स्पष्ट नहीं है। इस ग्रंथावली में 'दोवा' और 'छूटक' नाम से जो संग्रह हैं उनमें 'दोवा' में दोहे–सोरठे के अतिरिक्ति कोई दूसरा छंद नहीं है। सोरठा भी दोहा ही है। सौराष्ट्र में दोहे को यों उलटकर लिखने की प्रवृत्ति रही है इसी से इसे सोरठिया दोहा कहते हैं। यही शब्द छोटा होते होते सोरठा रह गया है। पर 'छूटक' में दोहे-सोरठे के अतिरिक्त एक कुंडली या 'कुंडलिया' भी है। इसमें भी आरंभ में दोहा होता ही है। शेष चार पंक्तियाँ रोले की होती हैं। उसकी प्रत्येक पंक्ति में २४ ही मात्राएँ होती हैं। 'दोवा' में ५५ और 'छूटक दोहा' में ३६ छंद हैं। सब मिलाकर ९१ छंद हुए। 'कुंडली' को तीन छंद मानें तो ९३ छंद हुए। कुछ शीर्षक भी दिए गए हैं। यदि पंक्तियों को ही गिनकर २०१ संख्या की गई हो तो ९३ को दूना करने से १८६ पंक्तियाँ होती हैं और दोहे-सोरठे आदि शीर्षकों की भी पंक्तियाँ गिनें तो १५ वे भी हैं। इस प्रकार २०१ की विधि मिल जाती है। पर यह सब अब अनुमान ही अनुमान है। बिना मूल देखे कुछ भी कहना संभव नहीं है।

विवेकसिंधु

उक्त गोस्वामी जी ने अपने पत्र में 'अपरोक्ष सिद्धांत' आदि के साथ अंत मे एक पुस्तक 'विवेकसिंधु' भी इन्हीं के नाम पर लिख भेजी है। हस्तलेखो में एक ही विषय के कई कवियो के ग्रंथ एक साथ लिख डालने का चलन था। इसलिये यह निश्चय करना कठिन है कि विवेकसिंधु रचना इन्हीं की है या किसी अन्य की। जब तक उल्लिखित हस्तलेख न देखा जाए, पक्का कुछ भी नहीं कहा जा सकता। पता लगाने में अधिक समय लगेगा और अब अधिक समय लगाने में मै समर्थ नहीं रहा। इसके संपादन में १५-१६ वर्ष यो ही लग चुके, यही क्या कम है।'

महाराज जसवंतसिह पर अन्यो की रचनाएँ

इस ग्रंथावली के साथ महाराज की प्रशस्ति या व्याजस्तुति में लिखे गए अन्य कवियों की रचनाओ को भी परिशिष्ट में देने का संकल्प था। पर बहुत प्रयास करने पर भी ऐसी रचनाओ की अनुलिपि अनुपलब्ध ही रही। तेसीतेरी ने एक ऐसे संग्रह का उल्लेख किया है जिसमे बहुत से राजा-महाराजाओं की व्याजस्तुति व्याजनिंदा के छंद संगृहीत हैं। ऐसी रचना का नाम 'विसहर' है। इसमें महाराज जसवंतसिंह जी पर भी कुछ कवियो की कुछ रचनाएँ संगृहीत हैं। दूसरी कृति महाराज के देवलोक प्रस्थान पर विभिन्न कवियो की रचित रचनाओ का संग्रह है। इसका नाम 'जसवंतसिह रा देवलोक रा कवित्त' है। इसकी अनुलिपि भी आयास-प्रयास के अनंतर हाथ नहीं लग सकी।

संपादन कार्य

भाषाभूषण के लगभग अर्धशतक हस्तलेखो का पता चलता है। पर सबका उपयोग कठिन था। जो हस्तलेख सभा के विभिन्न संग्रहों में थे और जोधपुर, उदयपुर में जो हस्तलेख मिले उनका पूरा उपयोग किया गया। मुद्रित ग्रंथों का भी उपयोग इस उद्देश्य से किया गया कि वे भी किसी न किसी हस्तलेख के आधार पर ही मुद्रित हुए होगे। इन सबमें प्रथम दो प्राचीन और महत्वपूर्ण हस्तलेख हैं। उनके पाठो को वरीयता देने का प्रयास है। सब मिलाकर २१ आधार-ग्रंथो का उपयोग किया गया है। इनमे सं० १७३७ से सं० १९४८ तक के हस्तलेख हैं। पाँच हस्तलेखो

में लिपिकाल नहीं दिया गया है। इन हस्तलेखों का समय भी १७५७ से १९४८ के बीच कहीं न कहीं होगा। अनुमान से ये सभी उन्नीसवीं शती के प्रतीत होते हैं। फिर भी सुविधा के लिये इन सबका उल्लेख अंत में किया गया है। इतने अधिक आधार-ग्रंथों के प्रमाण से अब तक भाषाभूषण का कोई संस्करण संपादित नहीं हुआ है।

कुछ हस्तलेखों या आधार-प्रतियों में बढ़ोतरी मिलती है। उससे स्पष्ट होता है कि जहाँ जहाँ किसी प्रकार के अभाव का अनुभव किया गया वहाँ वहाँ अंश बढ़ाए गये हैं। केशवदास ने अलंकार के सामान्य और विशिष्ट भेद किए हैं। सामान्य के भी चार भेद हैं, उन सबके लेने से ग्रंथ बढ़ेगा कहकर उसे छोड़ने का उल्लेख है। केशवदास का प्रभाव परंपरा पर कितना अधिक था इसका इसी से संकेत मिलता है। छंद ४१ के पाठांतर में यह दोहा आया है—

> अलंकार सामान्य अरु कहे बिसिष्ट प्रकार।
> सबद अरथ ते जानिये पुनि उनके व्यवहार॥
> ग्रंथ बढै सामान्य ते राजभूमि परसंग।
> ताते कछु संछेप ते कहि बिसिष्ट के अंग॥

भाषाभूषण में संक्षेप में शृंगार रस, नायिकाभेद और विस्तार से अलंकारों का विवेचन है। पूरे ग्रंथ में २११ दोहे हैं। आरंभ के पाँच दोहों में से प्रथम में गणेश की वंदना है। दूसरे, तीसरे और चौथे में ईश्वर से प्रार्थना है। पाँचवें में श्रीकृष्ण से मन के मिलने पर भी लाल न होकर उसके उज्ज्वल होने की विशेषता का कथन है। मंगलाचरण से ग्रंथ का प्रथम प्रकाश समाप्त होता है। दूसरे प्रकाश का आरंभ छठे दोहे से होता है और तेईसवें दोहे तक जाता है। इसमें नायिकाभेद का लक्षण कथित है। आरंभ में नायकभेद है। अनुकूल, दक्षिण, शठ और धृष्ट नायकों के चार भेद दिए हैं। फिर पति, उपपति, वैशिक के लक्षण हैं। इसके अनंतर नायिकाभेद आरंभ होता है। पहले पद्मिनी, चित्रिणी, शंखिनी और हस्तिनी इन चार के लक्षण हैं। फिर स्वकीया, परकीया और सामान्या का कथन है। इसके अनंतर अवस्थाभेद से मुग्धा, मध्या, प्रौढ़ा का विचार है। फिर विदग्धा, लक्षिता, गुप्ता, कुलटा, मुदिता, अनुशयना, प्रोषितपतिका, कलहांतरिता, खंडिता, अभिसारिका, उत्कंठिता, विप्रलब्धा, वासकसज्जा,

स्वाधीनपतिका, प्रवत्स्यत्पतिका, गर्विता, अन्यसंभोगदु:खिता, धीराधीरादि नायिकाओ के भेदो का लक्षण बताया गया है। अंत में तीन प्रकार के मान की चर्चा है।

तीसरे प्रकाश मे पहले आठो सात्विको का नामोल्लेख है फिर दस हावों के लक्षण दिए गए हैं। ये दस हैं—लीला, विहृत, विलास, ललित, विच्छित्ति, विभ्रम, किलकिंचित्, कुट्टमित, मोट्टायित और बिब्बोक। वियोग की दश दशाओ का लक्षण इसके अनंतर है। ये दसो हैं—अभिलाप, चिंता, स्मृति, गुणकथन, उद्वेग, प्रलाप, व्याधि, जड़ता, उन्माद और मरण। इनमें से मरण का उल्लेख छोड़ दिया गया है। इसके अनंतर नौ रसो और उनके स्थायी भावो का उल्लेख है फिर आलंबन-उद्दीपन, अनुभाव और संचारी भाव के लक्षण हैं। फिर तैंतीसो संचारियो का नाम गिना दिया है।

चौथे प्रकाश में अर्थालंकारों का लक्षण और उदाहरण एवम् भेदादि का विवेचन है। पाँचवें मे शब्दालंकारों का विचार, समस्त अलंकार संख्या, ग्रंथप्रयोजन, नामहेतु, फल का कथन है। अलंकारो के संबंध में कहा है—

> अलंकार सब अर्थ के कहे एक सौ आठ।
> किये प्रगट भाषा विषै देखि संसकृतपाठ ॥

इस दोहे का अर्थ कई प्रकार से किया जा सकता है अर्थ को अलंकार से जोड़कर यदि अर्थालंकारो की संख्या एक सौ आठ (१०८) मानी जाए तो भाषाभूषण में इतने अर्थालंकारों का कथन नहीं है। चंद्रालोक में अर्थालंकार 'अलंकृतयः शतम्' कहकर सौ गिनाए गए हैं। कुवलयानंद में भी उपमा से हेतु पर्यंत उन्ही सौ अलंकारो की व्याख्या है। अंत मे यह श्लोक है—

> इत्थं शतमलंकारा लक्षयित्वा निदर्शिताः।
> प्राचामाधुनिकानां च मतान्यालोच्य सर्वतः ॥१६८॥

इस प्रकार अर्थालंकार सौ ही हैं। अतः 'अर्थ' का कोई दूसरा अर्थ करना ही श्रेयस्कर है। 'अर्थ' का 'प्रकार' अर्थ कर लेने से शब्द और अर्थ' के समस्त अलंकारो की संख्या १०८ ऐसा अर्थ किया जा सकता है। पूना, बैंक और प्रिय मे 'शब्दार्थ' पाठ कर ही दिया गया है। प्रतीत होता

है 'सबदार्थ' या सबदर्थ रहा होगा जो लिखक के प्रमाद से 'सब अर्थ' हो गया होगा। भाषाभूषण में शब्दालंकारों की संख्या ६ ही रखी गई है—

> सब्दालंकृत बहुत हैं अच्छर के संजोग।
> अनुप्रास षटबिधि कहे जे हैं भाषाजोग ॥

इसलिए सौ अर्थालंकारो के साथ इन छह को जोड़ने से १०६ ही संख्या बैठती है।

यदि 'कहे' का अर्थ 'कहे गए हैं' अर्थात् कहे जाते हैं माना जाय तो कहा जा सकता है कि इन्होने संस्कृत के १०८ अलंकारो का उल्लेख किया है। चंद्रालोक में १०० अर्थालंकारो के अतिरिक्त शब्दालंकार आठ कहे हैं–छेकानुप्रास, वृत्त्यनुप्रास, लाटानुप्रास, स्फुटानुप्रास, अर्थानुप्रास, पुनरुक्तप्रतीकाश, यमक और चित्र। इस प्रकार १०८ की संख्या हो जाती है। यदि अनुप्रास की एक ही संख्या मानी जाए तो १०४ ही होगी। पूर्वोक्त अर्थ करने में भी बाधा है। एक तो यह कि दूसरे दल में 'किये प्रगट भाषाविषै देखि संसकृत-पाठ' से यही मानना पड़ेगा कि भाषा मे सारी संख्या गृहीत है। दूसरे 'कहे' शब्द का इस दोहे में ही नहीं शब्दालंकारसंख्या-परिगणनवाले दोहे में भी प्रयोग है। दोनो में एक ही अर्थ संगत प्रतीत होता है। इस प्रकार भाषाभूषण में १०८ अलंकारों का वर्णन होना चाहिए। छह शब्दालंकारों को घटा देने पर १०२ संख्या बचती है। चंद्रालोक-कुवलयानंद के सौ अलंकारो में से प्रत्यनीक ही एक ऐसा है जिसका लक्षण उदाहरण बहुत कम हस्तलेखो में मिलता है और जहाँ मिलता है वहाँ पाठभेद बहुत है। इसके हेतु की कल्पना यही हो सकती है कि किसी कारण से भाषाभूषण की पहली प्रति में 'प्रत्यनीक' के लक्षण-उदाहरण का दोहा छूट गया। बाद में उसका सुधार हुआ। कुछ हस्तलेखो में दूसरों ने अपने से दोहे गढ़कर रखे। प्रत्यनीक के लक्षण-उदाहरण वाले दोहे के चार रूप मिले हैं—

> १–दुख दै अरि के पच्छ कौ प्रत्यनीक इहि भाइ।
> दृगनि दबाए कंज ते चढे कान मै जाइ ॥ (हरि, दल)
>
> २–प्रत्यनीक सो प्रबल रिपु ता हित सा कर जोर।
> नैनसमीपी स्रौन पर कज चढ्यौ करि दोर ॥
>
> (सोहन, शिव, सभा, बेक)

३–प्रत्यनीक बलवंत के पच्छ विषे जय होइ।
कंज चढ़े स्रुति जयकरन नैनपक्ष के जोइ ॥ (मया, भवा)

४–प्रत्यनीक बलवान अरि दुख पावै परिवार।
जनमेजै तिळ्छक-खुनस अहिकुल दीने जार ॥ (पूना)

इनमें से चौथा रूप स्पष्ट पृथक् है। यह तो दूसरे का गढ़ा हुआ है। शेष तीन रूप मूल संस्कृत के आधार पर हैं—

प्रत्यनीकं बलवतः शत्रोः पक्षे पराक्रमः :
जैत्रनेत्रानुगौ कर्णावुत्पलाभ्यामधःकृतौ ॥११८॥

माधव. पाण्डवश्चैव दिव्यौ शखौ प्रदध्मतु. ॥ १४ ॥

टीका—ता पाछै स्वेत अस्वजुक्त ऐसौ जु रथ ता बिषै बैठे ऐसै श्रीकृष्ण अरजुन दिव्य सख धुन कीयौ ।

पाञ्चजन्य हृषीकेशो देवदत्त धनजय ।
पौंड्र दध्मौ महाशख भीमकर्मा वृकोदरः ॥ १५ ॥

टीका—हृषीकेस पाचजन्य नाम सख धुन कीयौ अरजुन देवदत्त नाम सख धुन कीयौ भीमसेन पौंड्र नाम संख कौ धुन कीयौ ।

अनतविजय राजा कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिर ।
नकुल सहदेवश्च सुघोषमणिपुष्पकौ ॥ १६ ॥

टीका—युधिष्ठिर नैं अनतबिजै नाम सख कौ धुन कीयौ नकुल अरु सहदेव नैं सुघोष अरु मणिपुष्पक नाम सख कौ धुन कीयौ ।

काश्यश्च परमेष्वास. शिखडी च महारथ ।
धृष्टद्युम्नो विराटश्च सात्याकश्चापराजित. ॥ १७ ॥

टीका—तब कासिराज सिखडी धृष्टद्युमन बिराट सात्यकि ।

द्रुपदो द्रौपदेयाश्च सर्वश पृथिवीपते ।
सौभद्रश्च महाबाहुः शखान् दध्मु पृथक् पृथक् ॥ १८ ॥

टीका—द्रुपद द्रुपदी के पुत्र अभिमन्यु इन सबनि अपनैं अपनैं सख धुन कियै ।

स घोषो धार्तराष्ट्राणा हृदयानि व्यदारयत् ।
नभश्च पृथिवी चैव तुमुलो व्यनुनादयन् ॥ १९ ॥

टीका—सो सब्द नैं कौरवन कौं हिरदै बिदारन कीयो अरु आकास अरु पृथिवी में प्रतिसब्द भयौ ।

अथ व्यवस्थितान् दृष्ट्वा धार्तराष्ट्रान् कपिध्वजः ।
प्रवृत्ते शस्त्रसपाते धनुरुद्यम्य पाण्डव. ॥ २० ॥

टीका—या उपरान कौरवों कौं उद्यत देखि जुद्ध प्रवृत्यौ देखि अरजुन गाडीव धनुष उठाइ ।

हृषीकेश तदा वाक्यमिदमाह महीपते ।
अर्जुन उवाच—सेनयो उभयोर्मध्ये रथ स्थापय मेऽच्युत ॥ २१ ॥

टीका—श्रीकृष्ण सौं कह्यौ हे कृष्ण दोनौं सैना के बीचि मेरौ रथ ले जाइ ठाढौ करौ ।

यावदेतान्निरीक्ष्येह योद्धुकामानवस्थितान् ।
कैर्मया सह योद्धव्यमस्मिन् रणसमुद्यमे ॥ २२ ॥

टीका– जौं लौं ए जुद्ध करिबे कौं आए हैं तिनकौं देखौं अरु देखौं कि कौंन कौंन मुझसौं लडेंगे ।

योत्स्यमानानवेक्ष्येह य एतेत्र समागता ।
धार्त्तराष्ट्रस्य दुर्बुद्धेर्युद्धे प्रियचिकीर्षवः ॥ २३ ॥

टीका—दुरबुद्धि दुरजोधन के हित कौं जुद्ध करैंगे ऐसै कौंन कौंन हैं ।

सजय उवाच—एवमुक्तो हृषीकेशो गुडाकेषेन भारत ।
सेनयोरुभयोर्मध्ये स्थापयित्वा रथोत्तमम् ॥ २४ ॥
भीष्मद्रोणप्रमुखतः सर्वेषा च महीक्षिताम् ।
उवाच पार्थ पश्यैतान् समवेतान् कुरूनिति ॥ २५ ॥

टीका—अर्जुन जब यौं कह्यौ तब कृष्ण नैं दौनू सेना के बीचि भीष्म द्रोण के सनमुख रथ ठाढो करि कह्यो हे अर्जुन कौरवौं कौं देखि ।

तत्रापश्यत् स्थितान्पार्थ. पितृनथ पितामहान् ।
आचार्यान् मातुलान् भ्रातृन् पुत्रान् पौत्रान् सखींस्तथा ॥ २६ ॥

टीका—तब अरजुन देख्यौ पितर हैं। पितामह हैं। आचारज हैं। मामू हैं। भाई हैं। पुत्र हैं। पौत्र हैं।

श्वशुरान् सुहृदश्चैव सेनयोरुभयोरपि ।
तान् समीक्ष्य स कौन्तेय सर्वान् बधूनवस्थितान् ॥ २७ ॥

टीका—ससुर हैं। सनेही हैं। इनकौं देखिके कह्यौ कि यह तौ सब मैरो ही कुटब है ।

कृपया परयाविष्टो विषीदन्निदमब्रवीत् ।

टीका—दुख कौं पाउत परम कृपाजुक्त यौं कह्यौ ।

अर्जुन उवाच—दृष्ट्वेमं स्वजनं कृष्ण युयुत्सुं समुपस्थितम् ॥ २८ ॥
सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति ।
वेपथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते ॥ २९ ॥

टीका—हे कृष्ण जुद्ध करिबै कौं आइ ठाढौ ऐसौ जु कुटुंब तिनकौं देखि मेरै गात सिरात हैं। अरु कंठसोष होत है। कंप होत है। रोमांच होत है।

गांडीवं स्रंसते हस्तात् त्वक् चैव परिदह्यते ।
न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः ॥ ३० ॥

टीका—गांडीव धनुष हाथ तैं गिरै है। त्वचा मैं दाह होत है। रथ परि रहि न सकौं हौं। मन मेरौ भ्रमै है।

निमित्तानि च पश्यामि विपरीतानि केशव ।
न च श्रेयोऽनुपश्यामि हत्वा स्वजनमाहवे ॥ ३१ ॥

टीका—निमित्त विपरीत देखौं हौं। संग्राम विषै स्वजन कौं मारि कछू भलाई न देखौं हौं।

न काङ्क्षे विजयं कृष्ण न च राज्यं सुखानि च ।
किं नो राज्येन गोविन्द किं भोगैर्जीवितेन वा ॥ ३२ ॥

टीका—ऐसौ बिजैहूं न चाहत हौं। राजसुख भी न चाहत हौं। हमकौं राज सौं कहा है। भोग सौं कहा है। अरु जीवित सूं कहा है।

येषामर्थे काङ्क्षितं नो राज्यं भोगाः सुखानि च ।
त इमेऽवस्थिता युद्धे प्राणांस्त्यक्त्वा धनानि च ॥ ३३ ॥

टीका—जिनकै काज राजभोग अरु सुख चाहियै ते तौ प्रान धन तजि जुध करिबै कौं ठाढ़े हैं।

आचार्याः पितरः पुत्रास्तथैव च पितामहाः ।
मातुलाः श्वशुराः पौत्राः श्यालाः संबंधिनस्तथा ॥ ३४ ॥
एतान्न हन्तुमिच्छामि घ्नतोऽपि मधुसूदन ।
अपि त्रैलोक्यराज्यस्य हेतोः किन्नु महीकृते ॥ ३५ ॥

टीका—आचारज पितर पुत्र पितामह मातुल सुसरा पौत्र साला। संबंधी ते जो मोकौं मारै तउ मोपैं ऐ मारे नाहि जात हैं। जो त्रैलोक कौ राज होइ पृथ्वी कौ राज तौ कहा है।

निहत्य धार्त्तराष्ट्रान्न का प्रीतिः स्याज्जनार्दन।
पापमेवाश्रयेदस्मान् हत्वैतानाततायिन. ॥ ३६ ॥
तस्मान्नार्हा वय हतु धार्त्तराष्ट्रान् स्वबाधवान्।
स्वजन हि कथ हत्वा सुखिन स्याम माधव ॥ ३७ ॥

टीका—हे कृष्ण इन कौरवन कौं मारैं हमकों कौन सुख होइगौ पाप ही होहिगैं। यातें हम इनकों मारिबै कौं जोग नांही।

यद्यप्येते न पश्यति लोभोपहतचेतस ।
कुलक्षयकृत दोष मित्रद्रोहे च पातकम् ॥ ३८ ॥
कथ न ज्ञेयमस्माभि पापादस्मान्निवर्त्तितुम्।
कुलक्षयकृत दोष प्रपश्यद्भिर्जनार्दन ॥ ३९ ॥

टीका—क्यौं जु ए लोभ करि हमकौं स्वजन नहि देखे हैं अरु कुलक्षय कियें कौ मित्रद्रोह कियै कौ पाप नांहि जानत हैं पे हे कृष्ण हम तौ कुलक्षय किये कौ पाप जानैं हैं।

कुलक्षये प्रणश्यति कुलधर्माः सनातना ।
धर्मे नष्टे कुल कृत्स्नमधर्मोभिभवत्युत ॥ ४० ॥

टीका—कुलछय कियें कुलधर्म कौ नास होइ। धर्मनास मैं अधर्म पराभक्र कर।

अधर्माभिभवात्कृष्ण प्रदुष्यंति कुलस्त्रिय. ।
स्त्रीषु दुष्टासु वार्ष्णेय जायते वर्णसकर ॥ ४१ ॥

टीका—अधर्म पराभव तें कुलस्त्री असती होहि कुलस्त्री असती भयें बरनसकर होइ।

सकरो नरकायैव कुलघ्नाना कुलस्य च।
पतति पितरो ह्येषा लुप्तपिण्डोदकक्रिया ॥ ४२ ॥

टीका—बरनसकर के कर्मन तें कुलछयकर्ता कौं अरु कुल कौं नरक होइ अरु उनकै पितर हैं ते पिण्ड पिंड अरु उदक क्रिया करि हीन नरक बिषैं पडे हैं।

दोपरेतैः कुलघ्नाना वर्णसकरकारकै ।
उत्साद्यते जातिधर्मा कुलधर्माश्च शाश्वता ॥ ४३ ॥

टीका—कुलछयकरता कै दोष तें जातिधर्म अरु कुलधर्महूं जाइ।

उत्सन्नकुलधर्माणां मनुष्याणां जनार्दन ।
नरके नियतं वासो भवतीत्यनुशुश्रुम ॥ ४४ ॥

टीका—अरु जिनकौ कुलधर्म गयौ तिनकौं निस्चै नरकवास है ।

अहो बत महत्पापं कर्तुं व्यवसिता वयम् ।
यद्राज्यसुखलोभेन हंतुं स्वजनमुद्यता ॥ ४५ ॥

टीका—अहो हम जानिबूझि बड़ो पाप करिबै कौं भयैं हैं जु राजसुख के लोभ
तथौ स्वजन कौं मारन कौं उद्दित भए हैं।

यदि मामप्रतीकारमशस्त्रं शस्त्रपाणय ।
धार्त्तराष्ट्रा रणे हन्युस्तन्मे क्षेमतरं भवेत् ॥ ४६ ॥

टीका—तातें मैं जुद्ध कौ उपाय छोड्यौ अरु और जुद्धहूँ छोड्यो अरु ऐ
मौंपौं एसे मारे तऊ भले हैं।

संजय उवाच—एवमुक्त्वार्जुन संख्ये रथोपस्थ उपाविशत् ।
विसृज्य सशरं चापं शोकसंविग्नमानस. ॥ ४७ ॥

टीका—अर्जुन ऐसें कहि धनुष बाण श्रीकृष्ण के आगे छाँडि बिरक्त होइ
रथ पाछो जाय बैठो ।

इति श्रीभगवद्गीतायां प्रथमोध्याय. ।

(२)

संजय उवाच—तं तथा कृपयाविष्टमश्रुपूर्णाकुलेक्षणम् ।
विषीदंतमिदं वाक्यमुवाच मधुसूदन. ॥ १ ॥

टीका—ऐसे कृपाजुक्त अरु आँसू भरे ब्याकुल नेत्र जाकै बिषाद कौं पायौ
ऐसै अर्जुन प्रति श्रीकृष्ण बोले ।

श्रीभगवानुवाच—कुतस्त्वा कश्मलमिदं विषमे समुपस्थितम् ।
अनार्यजुष्टमस्वर्ग्यमकीर्त्तिकरमर्जुन ॥ २ ॥

टीका—हे अर्जुन यह मोह तौकौं कहाँ तें आइ लाग्यौ जा समैं न चाहियै
ता समैं आयौ यह नीच पुरुष होइ तिनकौं आवै ।

क्लैब्य मा स्म गम पार्थ नैतत्त्वय्युपपद्यते ।
क्षुद्र हृदयदौर्बल्य त्यक्त्वोत्तिष्ठ परतप ॥ ३ ॥

टीका—ऐसी अधीरज बात या समैं तोकौं न चाहियै ऐसी ओछी बात छोड़ि उठि कार्ज करि ।

अर्जुन उवाच--कथ भीष्नमह सख्ये द्रोण च मधुसूदन ।
इषुभि· प्रतियोत्स्यामि पूजार्हावरिसूदन ॥ ४ ॥

टीका—हे कृष्ण तुम साँच कहौ हौ पै भीष्म अरु द्रोण पर पुष्प डारै चाहियै तिन पर बाण क्यौंकर डारौं ।

गुरूनहत्वा हि महानुभावान् श्रेयो भोक्तु भैक्ष्यमपीह लोके ।
हत्वार्थकामास्तु गुरूनिहैव भुजीय भोगान् रुधिरप्रदिग्धान् ॥ ५ ॥

टीका—गुरुन कौं बिना मारै भिच्छा करि कालछेप करीयैं तोउ नीके हैं गुरुन कौं मारिकै जे सुख भोगबै ते सुख रुधिर सौं साने हैं ।

न चेतद्विद्म कतरन्नो गरीयो यद्वा जयेम यदि वा नो जयेयु· ।
यानेव हत्वा न जिजीविषामस्तेऽवस्थिता प्रमुखे धार्त्तराष्ट्रा ॥ ६ ॥

टीका—वह नही जानी जाइ है कि इनसौं जीतैं हम कौं भलाई है अथवा हारै भलाई है जिनकैं मारै अपनौं जीवनौ न भावे ते सनमुख सग्राम कौं खरे हैं ।

कार्पण्यदोषोपहतस्वभाव पृच्छामि त्वा धर्मसमूढचेता: ।
यच्छ्रेय स्यान्निश्चित ब्रूहि तन्मे शिष्यस्तेऽह शाधि मा त्वा प्रपन्नम् ॥ ७ ॥

टीका--थोरे समुझनै सौं ब्याकुल हौं या तैं तुमकौं पूछौं हौं या मेरौ धर्म होइ सो मोकौं कहियै हौं सरन आयो हौं जामैं मेरो धर्म रहै सौ मोकौं कहियै ।

नहि प्रपश्यामि ममापनुद्याद्यच्छोकमुच्छोषणमिंद्रियाणाम् ।
अवाप्य भूमावसपत्नमृद्ध राज्य सुराणामपि चाधिपत्यम् ॥ ८ ॥

टीका—तुम बिना मेरे या सोक कौंण मिटावै ऐसौ और कोई मोकौं नाँहि सूझत ।

संजय उवाच--एवमुक्त्वा हृषीकेश गुडाकेश परंतपः।
न योत्स्य इति गोविंदमुक्त्वा तूष्णीं बभूव ह ॥ ९ ॥

टीका--अर्जुन कृष्ण सौं ऐसै कहि अरु कह्यो कि मैं जुद्ध न करौं यौं कहि चुप भयौ।

तमुवाच हृषीकेश प्रहसन्निव भारत।
सेनयोरुभयोर्मध्ये विषोदतमिद वचः ॥ १० ॥

टीका--तब श्री कृष्ण अर्जुन सौं मुसक्याइ कै कह्यौ।

श्रीभगवानुवाच--अशोच्यानन्वशोचस्त्व प्रज्ञावादाश्च भाषसे।
गतासूनगतासूश्च नानुशोचति पडिता ॥ ११ ॥

टीका--हे अर्जुन तूं जा बस्तु को सोच न कियौ चाहियै ता बस्तु कौ सोच करै है यह तूं फिरि फिरि अपनी ही बात ठहरावे है अनसमुझ्यौ हठ सौ करै है जे बिबेकी हैं ते मुवे अरु जीविते कौ सोक नांही करै हैं क्यौंकि मरनौ अरु जीवनो दोनूं मिथ्या हैं।

न त्वेवाह जातु नास न त्व नेमे जनाधिपा।
न चैव न भविष्याम सर्वे वयमत परम् ॥ १२ ॥

टीका—कदाचित हूं मैं न हुतौ। यौ नहीं तूं न हुतौ यौ नहीं ए राजा न हुतै यौ नहीं अरु आगेहूं न हौहिंगे।

देहिनोऽस्मिन् यथा देहे कौमार यौवन जरा।
तथा देहान्तरप्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति ॥ १३ ॥

टीका—यौं हीं देही कौं जैसे देह मैं बाल अवस्था जोबन अवस्था बृद्ध अवस्था ए होतै हैं तैसे ही जुदे जुदे देह की प्रापति है धीर कौं या ठौर मोह नांही होत है।

मात्रास्पर्शास्तु कौंतेय शीतोष्णसुखदु खदाः।
आगमापायिनोऽनित्यास्तास्तितिक्षस्व भारत ॥ १४ ॥

टीका—ए इन्द्रिन के बिषै जु है तै सुख दुख करता है तोतै ए सहे चाहियै।

य हि न व्यथयत्येते पुरुष पुरुषर्षभ।
समदु खसुखं धीर सोमृतत्वाय कल्पते ॥ १५ ॥

टीका—ए इन्द्रिन कै सुख दुख जाकों न ब्यापै है जाकौ ए सुख दुख समान हैं अरजुन सो पुरुष मोछ को अधिकारी है।

नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सत ।
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः ॥ १६ ॥

टीका—असत कौ भाव नाँही सत कौ अभाव नाही जे तत्वदरसी हैं तिन इन दुहूँन कौं ओर लौं देखे हैं ।

अविनाशि तु तद्विद्धि येन सर्वमिद ततम् ।
विनाशमव्ययस्यास्य न कश्चित् कर्तुमर्हति ॥ १७ ॥

टीका—अर्जुन अबिनासी ताकौं जानि जो सर्बव्यापक है या अबिनासी कौं बिनास काहू तैं न होइ ।

अतवत इमे देहा नित्यस्योक्ता शरीरिणः ।
अनाशिनोऽप्रमेयस्य तस्माद्युध्यस्व भारत ॥ १८ ॥

टीका—नित ऐसौ जु देही ताके ए देह अत धरे हैं वह तो अबिनासी है अप्रमेय है । हे अर्जुन तातैं जुद्ध करि ।

य एन वेत्ति हतार यश्चैन मन्यते हतम् ।
उभौ तौ न विजानीतो नाय हति न हन्यते ॥ १९ ॥

टीका— या देही कौं जो मार्यौ समुझै है अरु मारनहार समुझै है ते दोऊ भाँत न समुझै हैं न यह मारै है न यह मार्यो जाइ है ।

न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूय ।
अजो नित्यः शाश्वतोऽय पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥ २० ॥

टीका—न यह कदाचित उपजे है न यह मरै है न यह उपज्यौ है न यह उपजैगौ यह अज है नित्य है सदा एक सौ है अनादि है सरीर कैं हन्यै हन्यौ न जाइ है ।

वेदाविनाशिन नित्य य एनमजमव्ययम् ।
कथं स पुरुष पार्थ क घातयति हति कम् ॥ २१ ॥

टीका—जो याको नित्य अज अबिनासी समुझै है सौ पुरुष कौन कौं मारै अरु कौन कौं मरवावै ।

वासासि जीर्णानि यथा विहाय
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि ।

तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-
न्यन्यानि संयाति नवानि देही ॥ २२ ॥

टीका—जैसैं पुरुष जीर्ण वस्त्र छाँडि और वस्त्र गहै है तैसैं ही देही यह देह छाँडि और देह गहै है ।

नैनं छिंदंति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥ २३ ॥

टीका—यह देही कौं सस्त्र न छेदै है अग्नि न दहै है याकौं जल न भेदै है वायु न सोखै है ।

अच्छेद्योऽयमदाह्योऽयमक्लेद्योऽशोष्य एव च ।
नित्यः सर्वगतः स्थाणुरचलोऽयं सनातनः ॥ २४ ॥

टीका—यह अच्छेद है अदाह्य है अभेद्य है असोष्य है नित्य है सर्वगत है स्थिर है अक्रिय है सनातन है ।

अव्यक्तोऽयमचिंत्योऽयमविकार्योऽयमुच्यते ।
तस्मादेवं विदित्वैनं नानुशोचितुमर्हसि ॥ २५ ॥

टीका—अव्यक्त है अचिंत्य है अविकारी है तातैं या देही कौं ऐसे जानिकै तूं सोच कौं जोगि नाही ।

अथ चैनं नित्यजातं नित्यं वा मन्यसे मृतम् ।
तथापि त्वं महाबाहो नानुशोचितुमर्हसि ॥२६॥

टीका—जो तूं उपजनौ अरु मरनौ हूं मानै तऊ सोक करवे योग्य नाँही ।

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च ।
तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि ॥ २७ ॥

टीका—क्यौं जु उपज्यौ है ताकौं मरनौ है अरु जो मरे है ताकौ उपजणौ है ही जो अर्थ मिटायौ न मिटै ताको सोक कहा ।

अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि भारत ।
अव्यक्तनिधनान्येव तत्र का परिदेवना ॥ २८ ॥

टीका—इन भूतन कौ आदि अप्रगट है मध्य प्रगट है अंत अप्रगट है तहाँ

आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेनमाश्चर्यवद्वदति तथैव चान्यः।
आश्चर्यवच्चैनमन्यः शृणोति श्रुत्वाप्येन वेद न चैव कश्चित् ॥ २९ ॥

टीका—तातैं या देही को मध्य अवस्था मैं कोऊ अचरज सौ देखै है कोऊ अचरज सौ कहै है कोऊ अचरज सौ सुनै है कोऊ सुनहु के न जाणे है।

देही नित्यमवध्योऽय देहे सर्वस्य भारत।
तस्मात्सर्वाणि भूतानि न त्व शोचितुमर्हसि ॥ ३० ॥

टीका—सबके देह मैं यह देही नित्य है अवध्य है तातें अर्जुन सब भूतन कौं सोच करनौ तौ जोग्य नाँही।

स्वधर्ममपि चावेक्ष्य न विकंपितुमर्हसि।
धर्म्याद्धि युद्धाच्छ्रेयोन्यत् क्षत्रियस्य न विद्यते ॥ ३१ ॥

टीका—छत्री कौं जुद्ध तैं और भलाई नाँही।

यदृच्छया चोपपन्न स्वर्गद्वारमपावृतम्।
सुखिनः क्षत्रियाः पार्थ लभते युद्धमीदृशम् ॥ ३२ ॥

टीका—सहज ही आय बन्यौ स्वर्ग को उघारो द्वार ऐसौ जु जुद्ध सु याकौं सुकृती छत्री होहिं ते पावैं।

अथ चेत्त्वमिम धर्म्यं सग्राम न करिष्यसि।
तत स्वधर्मं कीर्ति च हित्वा पापमवाप्स्यसि ॥ ३३ ॥

टीका—जो तूँ अपनौ धर्म जो सग्राम सो न करैगो तौ तेरो धर्म अरु कीर्ति जायगी अरु पाप होइगो।

अकीर्त्ति चापि भूतानि कथयिष्यति तेऽव्ययाम्।
संभावितस्य चाकीर्तिर्मरणादतिरिच्यते ॥ ३४ ॥
भयाद्रणादुपरत मस्यते त्वा महारथाः।
येषा च त्व बहुमतो भूत्वा यास्यसि लाघवम् ॥ ३५ ॥

टीका—भूत हैं ते तेरी बड़ी अकीर्ति कहैंगे अरु तोकौं अकीर्ति है सो मरण हूँ ता अधिकी होइगी। तुमकौं सब लोक भय तैं फिरो जानैंगे जिनकैं मत तूँ धीर है ते तोकौं अधीर जानैंगे।

अवाच्यवादाश्च बहून् वदिष्यति तवाहिता ।
निंदतस्तव सामर्थ्यं ततो दु खतर नु किम् ॥ ३६ ॥

टीका—तेरे अहितू हैं ते तोकौं अयोग्य बचन कहैंगे तेरे सामर्थ्य कौं निंदैंगे यातैं अधिक दुख कहा है ।

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम् ।
तस्मादुत्तिष्ठ कौंतेय युद्धाय कृतनिश्चय ॥ ३७ ॥

टीका—अर्जुन जो हन्यौ जावै है तौ स्वर्गलोक पावै है अरु जो जीते है तौ पृथ्वी भोगवे है ताते अर्जुन जुद्ध कौं निस्चै करि उठि ।

सुखदु खे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ ।
ततो युद्धाय युज्यस्व नैव पापमवाप्स्यसि ॥ ३८ ॥

टीका—सुख दुख लाभ हानि जय पराजय समान करि जुद्ध कौं तत्पर हूवो ऐसै पाप न होइगौ ।

एषा तेऽभिहिता साख्ये बुद्धिर्योगे त्विमा शृणु ।
बुद्ध्या युक्तो यया पार्थ कर्मबध प्रहास्यसि ॥ ३९ ॥

टीका—हे अर्जुन यह बुद्धि जु मैं तोसूं कही सु यह साख्य बिषै जानि साख्य कहै भली भांत कह्यौ है आत्मतत्व जा विषैं अब जोग बिषैं यह बुद्धि है सुनि तूं जा बुद्धि सजुक्त होइ कर्मबध छोड़ैगौ ।

नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते ।
स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात् ॥ ४० ॥

टीका—यह कर्मजोग जु मैं तोसौं कह्यो है ताके फल को नास नांही प्रत्यवाय नांही या धर्म को अलपहूं अस बड़े भय तैं राखै ।

व्यवसायात्मिका बुद्धिरेकेह कुरुनदन ।
बहुशाखा ह्यनताश्च बुद्धयोऽव्यवसायिनाम् ॥ ४१ ॥

टीका—आत्मनिश्चै बुद्धि एक ही है अरु जिनकूं आत्मनिस्चै नांही तिनकी बुद्धि अनत है अरु बहुसाखाविस्तार है ।

यामिमा पुष्पिता वाच प्रवदत्यविपश्चितः ।
वेदवादरता पार्थ नान्यदस्तीति वादिन ॥ ४२ ॥

कामात्मानः स्वर्गपरा जन्मकर्मफलप्रदाम् ।
क्रियाविशेषबहुला भोगैश्वर्यगतिं प्रति ॥ ४३ ॥
भोगैश्वर्यप्रसक्ताना तयापहृतचेतसाम् ।
व्यवसायात्मिका बुद्धि समाधौ न विधीयते ॥ ४४ ॥

टीका—हे अर्जुन जै अविवेकी हैं कर्मफल दिखाइ मीठी मीठी बात कहत हैं जामैं नाना प्रकार क्रिया बिसेष कहै हैं सब्दजाल करत हैं और कछु है ही नहीं यौं कहत हैं तिनकी बुद्धि समाधि बिषै नाँही ।

त्रैगुण्यविषया वेदा निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन ।
निर्द्वंद्वो नित्यसत्वस्थो निर्योगक्षेम आत्मवान् ॥ ४५ ॥

टीका—अर्जुन वेद त्रिगुणपर है त्रिगुणरहित होहु जाकै दूसरौ नाँही तेरे न कछू पावनो है न कछू पायौ राखनौ है आत्मस्वरूप होहु ।

यावानर्थ उदपाने सर्वत सम्प्लुतोदके ।
तावान् सर्वेषु वेदेषु ब्राह्मणस्य विजानतः ॥ ४६ ॥

टीका--अर्जुन जितनौ कार्य एक ही महाजल सुं होइ तैसै ही सकल वेदार्थ एक ज्ञानी मैं है ।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सगोऽस्त्वकर्मणि ॥ ४७ ॥

टीका—तेरो कर्म हीं बिषै अधिकार है फल बिषैं कबहूँ नाँही । तूँ कर्म कै फल कौ हेतु मत होहु अरु कर्म कौ अभाव हू मत करि ।

योगस्थ कुरु कर्माणि सग त्यक्त्वा धनजय ।
सिद्धयसिद्ध्योः समो भूत्वा समत्व योग उच्यते ॥ ४८ ॥

टीका—अद्वैत द्रिष्टि सौं कर्म करि दूसरैं कौ सग छोड़िकै अरु सिधि अरु असिधि मैं समरूप होइकै अर्जुन एकपनो ही योग कहियैं है ।

दूरेण ह्यवर कर्म बुद्धियोगाद्धनजय ।
बुद्धौ शरणमन्विच्छ कृपणा फलहेतव ॥ ४९ ॥

टीका—यह आत्मजोग तें सकल कर्मजाल दूरऊ रहै है । यह बुधि ही कै सरन जाहु । अर्जुन जै फल चाहत हैं ते सदा हीन हैं ।

बुद्धियुक्तो जहातीह उभे सुकृतदुष्कृते ।
तस्माद्योगाय युज्यस्व योग कर्मसु कौशलम् ॥ ५० ॥

टीका- जो बुद्धिजुक्त है सो भली बुरी करनी दोनूं छोड़ै है मैं जैसैं तों सौं जोग को अर्थ एकरूप करि कह्यौ तूं तैसौ होहु जोग जुक्त ह्वै सु करम की बड़ी कुसलता है ।

कर्मज बुद्धियुक्ता हि फल त्यक्त्वा मनीषिणः ।
जन्मबधविनिर्मुक्ता पद गच्छन्त्यनामयम् ॥ ५१ ॥

टीका—अर्जुन मनीषी पडित कर्मजन्य फल कौ तजि बुधिजुक्त ह्वै तें कर्मबध सौं छूटे है निर्भय पद कों पावै हैं ।

यदा ते मोहकलिल बुद्धिर्व्यतितरिष्यति ।
तदा गतासि निर्वेद श्रोतव्यस्य श्रुतस्य च ॥ ५२ ॥

टीका—जब अर्जुन तेरी बुद्धि मोहजाल के पार होइगो तब सुननौ अरु सुन्यौ दोनौ तोकौं न भावैगौ ।

श्रुतिविप्रतिपन्ना ते यदा स्थास्यति निश्चला ।
समाधावचला बुद्धिस्तदा योगमवाप्स्यसि ॥ ५३ ॥

टीका—नाना प्रकार फल सुनि मेरी बुधि जु फैली है सु जब समाधि बिषें थिर होइगी तब तूं जोग कौ पावैगौ ।

अर्जुन उवाच—स्थिरप्रज्ञस्य का भाषा समाधिस्थस्य केशव ।
स्थितधीः किं प्रभाषेत किमासीत व्रजेत किम् ॥ ५४ ॥

टीका—हे कृष्ण स्थितप्रग्य कौ कहा लछन जाकौ समाधिस्थ कहियै है वह कहा बोलै बैसैं चलैं ।

श्रीभगवानुवाच—प्रजहाति यदा कामान् सर्वान्पार्थ मनोगतान् ।
आत्मन्येवात्मना तुष्ट स्थितप्रज्ञास्तदोच्यते ॥ ५५ ॥

टीका—जब सब मन की कामना कौं तजै अरु आपसों आपही बिषै सतुष्ट होइ तब स्थितप्रग्य कहियै ।

दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः ।
वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते ॥ ५६ ॥

टीका—हे अर्जुन जाकौ मन दुख बिषैं उद्वेग न धरै है अरु जो सुख बिषैं इच्छा न धरै अरु जाकें राग भय अरु क्रोध ए गए हैं सो स्थितधी कहियै ।

य· सर्वत्रानभिस्नेहस्तत्तत्प्राप्य शुभाशुभम् ।
नाभिनदति न द्वेष्टि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥ ५७ ॥

टीका—जो सब बसतन कैं बिषैं स्नेहरहित है जो सुभ पावै तऊ अरु जो असुभ पावै तऊ न हर्षै न द्वेष करै ताको प्रग्या स्थिर है।

यदा सहरते चाय कूर्मोंगानीव सर्वश. ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥ ५८ ॥

टीका—जब यह कूर्म ज्यौं अपनै अग समेटै ताकी प्रग्या स्थिर है।

विषया विनिवर्तंते निराहारस्य देहिन ।
रसवर्ज रसोऽप्यस्य पर दृष्ट्वा निवर्तते ॥ ५९ ॥

टीका—अर्जुन निराहार जो पुरुस ताहू कै बिषैं तौ निबरतै हैं पै तृष्णा न निबरतै है तृष्णा परम पुरुषार्थ पायै बिरतै है।

यततो ह्यपि कौंतेय पुरुषस्य विपश्चित ।
इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरति प्रसभ मन ॥ ६० ॥

टीका—पुरुष जतन करै है विवेकी है तऊ इद्री जे हैं तै बलिष्ठ हैं मन कौं हरै हैं।

तानि सर्वाणि सयम्य युक्त आसीत मत्पर ।
वशे हि यस्येंद्रियाणि तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥ ६१ ॥

टीका—तिन सब इद्रिन कौं सयम मैं ल्यागु जुक्त होइ आत्मपरायन होइ बैठै ऐसैं इद्री जाकैं बस हौहि ताकी प्रग्या स्थित है।

ध्यायतो विषयान्पुस सगस्तेषूपजायते ।
सगात् सजायते काम कामात्क्रोधोभिजायते ॥ ६२ ॥

टीका—अर्जुन जो पुरुष बिषै कौ चिंतन करै ताकौ बिषै कौ सग होइ अरु बिषै सग सौं काम होइ अरु काम सौं क्रोध होइ।

क्रोधाद्भवति समोह समोहात्स्मृतिविभ्रम· ।
स्मृतिभ्रशाद्बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति ॥ ६३ ॥

टीका—क्रोध सौं मोह उपजै अरु मोह सौं सास्त्र अरु गुरु कै वाक्यन कौं बिस्मरन होइ अरु जब बिस्मरन भयौ तब बुद्धि कौ नास भयौ अरु बुधिनास तैं आप ही नष्ट होइ।

रागद्वेषवियुक्तैस्तु विषयानिंद्रियैश्चरन्।
आत्मवश्यैर्विधेयात्मा प्रसादमधिगच्छति ॥ ६४ ॥

टीका—अर्जुन रागद्वेषनैं रहित अपनै बस ऐसैं जे इद्री तिन करिकै बिषै कौ गहि तौ अरु अतहकरन बस है जाकै ऐसौ जु पुरुष सो विश्राम कौं पावै।

प्रसादे सर्वदुःखाना हानिरस्योपजायते।
प्रसन्नचेतसो ह्याशु बुद्धि पर्यवतिष्ठते ॥ ६५ ॥

टीका—ऐसै जब विश्राम भयो प्रसन्नता भई तब सब दुख गए अर्जुन जाकौ चित्त प्रसन्न है ताकी बुधि सीघ्र ब्रह्मरूप होइ।

नास्ति बुद्धिरयुक्तस्य न चायुक्तस्य भावना।
न चाभावयतः शातिरशातस्य कुत सुखम् ॥ ६६ ॥

टीका—जाकैं जोग नाँही ताकैं बुद्धि नाँही अरु जो जोगयुक्त नाँही ताकैं भावना नाही अरु जा भावनारहित है ताकैं साति नाँही अरु असात कौ सुख नाँही।

इद्रियाणा हि चरता यन्मनोऽनुविधयते।
तदस्य हरति प्रज्ञा वायुर्नावमिवाम्भसि ॥ ६७ ॥

टीका—अर्जुन ए इद्री अपनै अपनै बिषै पर जाइ हैं तिनकै साथ मन जाइ-है सो मन याकी प्रग्या कौं हरै है जैसे जल बिषैं वायु नाव कौं हरै।

तस्माद्यस्य महाबाहो निगृहीतानि सर्वश.।
इद्रियाणींद्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥ ६८ ॥

टीका—तातैं अर्जुन जिन इद्रिन कौं बिषैं तैं रहित किए है ताकी प्रज्ञा स्थित है।

या निशा सर्वभूताना तस्या जागर्ति सयमी।
यस्या जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुने ॥ ६९ ॥

टीका—सकल प्राणी कौं जो निशा है यह सयमी ता बिषैं जागै है अरु जा बिषैं ए प्राणी जागै हैं ता मैं यह सयमी नाँही देखै है।

आपूर्यमाणमचलप्रतिष्ठं समुद्रमापः प्रविशति यद्वत् ।
तद्वत्कामा यं प्रविशंति सर्वे स शांतिमाप्नोति न कामकामी ॥७०॥

टीका—स्थिर है प्रतिष्ठा जाकी ऐसौ जो समुद्र ता विषैं ज्यौं सब जल प्रवेस करै हैं तैसें सकल कामना जा बिषैं लीन होहिं सो सांति कौ पावै कामी पावै न क्योंकि कामना किए ।

विहाय कामान् यः सर्वान् पुमांश्चरति निःस्पृहः ।
निर्ममो निरहंकारः स शांतिमधिगच्छति ॥ ७१ ॥

टीका—जो सकल कामना कौं तजि निहकाम होइ निरमम होइ निरहंकार होइ सो सांति कौं पावै ।

एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ नैनां प्राप्य विमुह्यति ।
स्थित्वास्यामंतकालेऽपि ब्रह्मनिर्वाणमृच्छति ॥ ७२ ॥

टीका—अर्जुन ए मैं तोसौं ब्राह्मी स्थिति कही जु याकौं पावै ताकौं मोह न होइ अंतकालहू बिषैं जो स्थित मैं होइ तौ निरबान ब्रह्म पावै ।

। इति श्रीभगवद्गीतायां द्वितीयोध्यायः ।

(३)

अर्जुन उवाच—ज्यायसी चेत्कर्मणस्ते मता बुद्धिर्जनार्दन ।
तत्किं कर्मणि घोरे मां नियोजयसि केशव ॥ १ ॥

टीका—हे कृष्ण जो कर्मन तैं तुम्हारे मत बुधि ऐसी बड़ी है तौ मोकौं ऐसै घोर कर्म विषैं कहि क्यो प्रेरत हौ ।

व्यामिश्रेणेव वाक्येन बुद्धिं मोहयसीव मे ।
तदेकं वद निश्चित्य येन श्रेयोऽहमाप्नुयाम् ॥ २ ॥

टीका—और यह नाना अर्थ भासै ऐसै वाक्य कहि मेरी मति कौं मोह सौ उपजावत हौ तातैं मौसौं प्रकट करि कहौ जा करिकै मौकौं परम सुख होइ ।

श्रीभगवानुवाच—लोकेस्मिन् द्विविधा निष्ठा पुरा प्रोक्ता मयानघ ।
ज्ञानयोगेन साख्याना कर्मयोगेन योगिनाम् ॥ ३ ॥

टीका—अर्जुन लोक बिषैं निष्ठा दोय भाँति की है पहिलै कही तामैं पहिलै साख्य कहतै साख्य सब्दं आत्म अनात्म विवेक कह्यौ अर्थात् तत्व पदार्थ को सोधन ताकौं जे समुझै हैं तिनकुँ ज्ञानजोग करिकै और या उपर जो जोगी है जोग कौं प्रवृत्ते है जोग कहै जीवात्मा परमात्मा की एकता तिनकौं कर्मजोग करिकै कर्मजोग कहै जीवात्मा परमात्मा कौ एक करणौ सोई कर्म तातैं कर्मजोग ।

न कर्मणामनारभान्नैष्कर्म्यं पुरुषोश्नुते ।
न हि सन्यसनादेव सिद्धिं समधिगच्छति ॥ ४ ॥

टीका—अर्जुन कर्म के अनआरभै कछू पुरुष जौं कर्म कौ त्याग भयौ यौं नाँही और सन्यास ही कीए तैं सिधि पावै यौं हू नाँही ।

न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवश. कर्म सर्वः प्रकृतिजैर्गुणैः ॥ ५ ॥

टीका—अर्जुन कदाचित ही एको छिण कोई भी प्रानी कर्म कीयै बिनु ना रहै है सब कोई प्रानी प्रकृति करि जै गुण तिनसौं अबस कर्म करै है ।

कर्मेंद्रियाणि संयम्य य आस्ते मनसा स्मरन् ।
इन्द्रियार्थान् विमूढात्मा मिथ्याचार. स उच्यते ॥ ६ ॥

टीका—और जो पुरुष कर्मेंद्रिय कौ सयम करि मन सौं इद्रिन के बिषै को स्मरन करे है सो मूढात्मा है ताकौं मिथ्याचारी कहियै ।

यस्त्विन्द्रियाणि मनसा नियम्यारभतेऽर्जुन ।
कर्मेंद्रियै कर्मयोगमसक्त. स विशिष्यते ॥ ७ ॥

टीका—और जो पुरुष मन कौ सयम करि अरु कर्मेंद्रिय सौं कर्मजोग आरभै है ताकौ असक्त कहियै सो श्रेष्ठ है ।

नियत कुरु कर्म त्व कर्म ज्यायो ह्यकर्मण ।
शरीरयात्रापि च ते न प्रसिद्ध्येदकर्मण ॥ ८ ॥

टीका—तातैं अर्जुन निश्चै कर्म करि कर्म न करनैं तैं करनो श्रेष्ठ है और कर्मन कौं बिनु कियै तेरे सरीर कौ निरवाह कैसे होइ ।

यज्ञार्थात्कर्मणोऽन्यत्र लोकोय कर्मबधन॰ ।
तदर्थं कर्म कौतेय मुक्तसग समाचर ॥ ९ ॥

टीका—अर्जुन जग्य के अर्थ जै पसुहिंसादिक कर्म कहे हैं ते कर्म जग्य बिना बर्जित हैं पै जग्य बिषैं बर्जित नांही तेसैं तूं मुक्त होइ कर्म करि ।

सहयज्ञाः प्रजाः सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापति ।
अनेन प्रसविष्यध्वमेष वोऽस्त्विष्टकामधुक् ॥ १० ॥

टीका—अर्जुन पहिलैं हूं प्रजापति प्रजा अरु जग्य साथ सृजिकै कह्यौ है कि तुम जग्य करिकै फैलौ ।

देवान् भावयतानेन ते देवा भावयतु व ।
परस्पर भावयत. श्रेय परमवाप्स्यथ ॥ ११ ॥

टीका—यह जग्य करिकै तुम्ह देवता की भावना करौ तब देवा तुमारी भावना करैंगे ऐसी परस्पर भावना तैं तुम परम सुख पाओगे ।

इष्टान् भागान् हि वो देवा दास्यत यज्ञभाविताः ।
तैर्दत्तानप्रदायैभ्यो यो भुक्ते स्तेन एव स· ॥१२॥

टीका—और कह्यो ए देव जग्यभावना तें तुमकौं इष्टभोग देंगे तब तुम फेरि हूं जग्य करौ क्योंकि कह्यौ है जो पुरुष देवतान कौ बिनु दीयैं भोग करैगो सो अपराधी है ।

यज्ञशिष्टाशिनः सतो मुच्यते सर्वकिल्बिषै ।
भुजते ते त्वघ पापा ये पचत्यात्मकारणात् ॥१३॥

टीका—जग्य करिकै भोजन करैं हैं जै सतपुरुष तै पापरहित हैं जे आत्मकरण भोजन करैं हैं तै पाप भोगता हैं ।

अन्नाद्भवति भूतानि पर्जन्यादन्नसभवः ।
यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः ॥१४॥

टीका—अर्जुन प्राणी अन्न तैं होत हैं अन्न मेह तें होत है अरु मेह जग्य तैं होत है अरु जग्य कर्म त हात है ।

कर्म ब्रह्मोद्भव विद्ध ब्रह्माक्षरसमुद्भवम् ।
तस्मात्सर्वगत ब्रह्म सर्वं यज्ञे प्रतिष्ठितम् ॥१५॥

टीका—कर्म वेद तैं होत है अरु वेद अच्छर तैं होत है अरु अच्छर ब्रह्म है तातैं ब्रह्म सर्वगत है यज्ञ विषैं नित्य प्रतिष्ठित है ।

एव प्रवत्तित चक्र नानुवर्तयतीह य ।
अघायुरिन्द्रियारामो मोघ पार्थ स जीवति ॥१६॥

टीका—या भाँति यह चक्र फिरायौ है याकौं या भाँति जो न फिरावै ताकौ आयुर्बल पाप रूप है वह इन्द्रियाराम है मिथ्या जीवत हैं ॥

यस्त्वात्मरतिरेव स्यादात्मतृप्तश्च मानव ।
आत्मन्येव च सतुष्टस्तस्य कार्यं न विद्यते ॥१७॥

टीका—अरु जो अपनैं स्वरूप मैं रातौ है आत्मतृप्त है आत्मा ही विषैं सतुष्ट है ताकौं देवतान मत कछू कार्य कर्तव्य नाही ।

नैव तस्य कृतेनार्थो नाकृतेनेह कश्चन ।
न चास्य सर्वभूतेषु कश्चिदर्थव्यपाश्रय: ॥१८॥

टीका—अरु और कार्य ही कीयै कछू अर्थ नाँही न कीयै हू कछू अर्थ नाँही क्यौंकि याकौं काहू सौं प्रयोजन नाँही ।

तस्मादसक्त' सतत कार्यं कर्म समाचर ।
असक्तो ह्याचरन् कर्म परमाप्नोति पूरुष ॥१९॥

टीका—अर्जुन तातैं असक्त होइ करिबे कौं जु कर्म है सो सदा करि पुरुष असक्त होइ जे कर्म करे ते कर्म कछू परम पद कै बाधक नाँही परमपद वाकौं है ही ।

कर्मणैव हि ससिद्धिमास्थिता जनकादय ।
लोकसग्रहमेवापि सपश्यन्कर्तुमर्हसि ॥२०॥

टीका—अर्जुन जनकादिक हैं तैं कर्म करनै तैं सिधि कौं पाए सौं लोक मर्यादा कौं देखतो तूं कर्म करनै कौं जोग्य है ।

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जन ।
स यत्प्रमाण कुरुते लोकस्तदनुवर्त्तते ॥२१॥

टीका—अर्जुन श्रेष्ठ पुरुष जो जो आचरै और लोक सो सो करैं वह श्रेष्ठ जो प्रमाण करै सोई सब प्रमाण करै ।

न मे पार्थास्ति कर्तव्य त्रिषु लोकेषु किंचन ।
नानवाप्तमवाप्तव्य वर्त्त एव च कर्मणि ॥२२॥

टीका—देखि अर्जुन मेरे कछू तीन हूँ लोक मैं कर्तव्य नाँही अरु मेरे कछू अनपायो नहीं अरु कछू पावनौ ही नाँही तऊ कर्म तौ करत हौं ।

यदि ह्यहं न वर्त्तेय जातु कर्मण्यतद्रित'।
मम वर्त्मानुवर्तते मनुष्याः पार्थ सर्वशः ॥२३॥

टीका—अर्जुन जो हौं कर्म न आचरौं तौ अर्जुन ए सब मनुष्य मेरे ही मार्ग कौं अनुसरै।

उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्या कर्म चेदहम्।
सकरस्य च कर्त्ता स्यामुपहन्यामिमा प्रजाः ॥२४॥

टीका—तातैं ए लोक सब जो हौं कर्म न करौं तौ नष्ट होहिं तो सकर कौ करता मैं ही होहुं तब कहा यह प्रजा मैं ही नष्ट करौं।

सक्ताः कर्मण्यविद्वासो यथा कुर्वंति भारत।
कुर्याद्विद्वास्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसग्रहम् ॥२५॥

टीका—अर्जुन जैसे अविवेकी कर्म विषैं सक्त होइ कर्म करत हैं तैसे ही विवेकी कर्म विषैं असक्त होइ करैं क्योंकि लोक व्योहार राखनौ।

न बुद्धिभेद जनयेदज्ञाना कर्मसगिनाम्।
जोषयेत्सर्वकर्माणि विद्वान्युक्तः समाचरन् ॥२६॥

टीका—जै कर्म संगी हैं सु उनपैं कर्म करवावै आपहूं मिलकै करैं।

प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः।
अहकारविमूढात्मा कर्त्ताहमिति मन्यते ॥२७॥

टीका—प्रकृति के गुन करिकै होत है जे कर्म और अहकार सौं मूढ भौ पुरुष सौ तिन कर्मन हू कौ कर्ता आपकौं मानैं है।

तत्त्ववित्तु महाबाहो गुणकर्मविभागयोः।
गुणागुणेषु वर्तंत इति मत्वा न सज्जते ॥२८॥

टीका—जो तत्ववेत्ता है गुन कर्म दोनूं जानैं है सो इन्द्री जे हैं तैं विषैन मैं बरतैं है यौं मानि आप असग रहै है।

प्रकृतेर्गुणसमूढाः सज्जते गुणकर्मसु।
तानकृत्स्नविदो मदान्कृत्स्नविन्न विचालयेत् ॥२९॥

टीका—अर्जुन प्रकृति गुन कौ जै नहि जानत तै गुन कर्म कौं अपनै कीए मानै है तै थोरो समुझै हैं जो ग्यानी हैं सो उनपैं कर्मभग न करावै।

मयि सर्वाणि कर्माणि सन्यस्याध्यात्मचेतसा ।
निराशीर्निममो भूत्वा युध्यस्व विगतज्वर ॥३०॥

टीका—अर्जुन तू मेरै बिषै सब कर्म कौं आरोप करि अध्यात्मचित्त सौं जुधि करि निराशी होइ निरमल होइ सताप छाडिकै ।

ये मे मतमिद नित्यमनुतिष्ठति मानवा ।
श्रद्धावतोऽनसूयतो मुच्यते तेऽपि कर्मभि. ॥३१॥

टीका—अर्जुन जो पुरुष मेरै या मत कौं सधाव्रत होहिं नित्य करत हैं तै निंदा पर नाही एसै कर्म सूं मुक्त होत हैं ।

ये त्वेतदभ्यसूयतो नानुतिष्ठति मे मतम् ।
सर्वज्ञानविमूढास्तान् विद्धि नष्टानचेतस ॥३२॥

टीका—और जे दोष द्रिष्टि लगाइ मेरे या मत पर नाँही चलत तै मूढ हैं अग्यान हैं अचेत हैं न कछु हैं ।

सदृश चेष्टते स्वस्या प्रकृतेर्ज्ञानवानपि ।
प्रकृतिं याति भूतानि निग्रह कि करिष्यति ॥३३॥

टीका—अर्जुन ग्यानी हू अपनैं प्रकृति कै समान सब चेष्टा करै है क्यौं भूत जै हैं प्रकृति कै गुन पर जात हैं निग्रह कहा करैगौ प्रकृति कै गुन कहै प्रारबध ।

इद्रियस्येंद्रियस्यार्थे रागद्वेषौ व्यवस्थितौ ।
तयोर्न वशमागच्छेत्तौ ह्यस्य परिपन्थिनौ ॥३४॥

टीका—अर्जुन इद्रिय कै विषै मैं राग द्वेष है तै रागद्वेष अपनै न जानै अपनै जानें तैं इद्रिय के सत्रु हैं ।

श्रेयान्स्वधर्मो विगुण परधर्मात्स्वनुष्ठितात् ।
स्वधर्मे निधन श्रेय परधर्मो भयावह. ॥३५॥

टीका—अर्जुन अपनै धर्म नीकैं होइ न आवै तऊ भलै है परधर्म भलीभाँति हू कीयै भलै नाही अपनैं धर्म मैं मरै हू सुख है अरु परधर्म भयानक है ।

अर्जुन उवाच —अथ केन प्रयुक्तोऽयं पापं चरति पूरुषः ।
अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय बलादिव नियोजितः ॥३६॥

टीका—हे कृष्ण या पुरुष कौं पाप कौन के प्रेरे होत हैं याके बिना चाहे हूँ होत है जैसे कहूँ नै बलातकार सौं प्रेरो होइ।

श्री भगवानुवाच काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भव ।
महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम् ॥३७॥

टीका—अर्जुन ए कामक्रोधादिक जान रजोगुन तैं उतपन हैं ए ऐसे है कि सबकौ बिनास करैं हैं महापाप रूप हैं इनकौं बैरी समुझि देखि।

धूमेनाव्रियते बह्निर्यथादर्शो मलेन च ।
यथोल्बेनावृतो गर्भस्तथा तेनेदमावृतम् ॥ ३८ ॥

टीका—अर्जुन धूम अग्नि कौं आवरैं है जैसै दरपन कौं मैल आवरै है जैसे चर्म सुं गर्भ आवर्यौ है तैसै ही इन कामक्रोधादिन यह ज्ञान आवर्यौ है।

आवृतं ज्ञानमेतेन ज्ञानिनो नित्यवैरिणा ।
कामरूपेण कौंतेय दुष्पूरेणानलेन च ॥ ३९ ॥

टीका—ए सदा कै वैरी हैं ए क्यौंहूँ पूरन न हौहिं ऐसै अग्नि है।

इन्द्रियाणि मनो बुद्धिरस्याधिष्टानमुच्यते ।
एतैर्विमोहयत्येष ज्ञानमावृत्य देहिनम् ॥ ४० ॥

टीका—मन बुधि अरु इंद्री ए इनके अधिष्ठान हैं ए ज्ञान कौं आवरन करि इनही अधिष्ठान सौं या देही कौं मोह उपजावत हैं।

तस्मात्त्वमिंद्रियाण्यादौ नियम्य भरतर्षभ ।
पाप्मानं प्रजहि ह्येनं ज्ञानविज्ञाननाशनम् ॥४१॥

टीका—तातै अर्जुन तूं इंद्रिन संयम करिकै इनकौ संग तज ए ज्ञानकै विरोधी हैं।

इंद्रियाणि पराण्याहुरिंद्रियेभ्यः परं मनः ।
मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः ॥४२॥

टीका—अर्जुन विषै तैं इंद्रिन तैं मन पर है अरु मन तैं बुधि पर है अरु बुधि तैं पर आत्मा है।

एव बुद्धे पर बुद्ध्वा सस्तभ्यात्मानमात्मना ।
जहि शत्रु महाबाहो कामरूप दुरासदम् ॥४३॥

टीका—अर्जुन ऐसे बुधि तैं पर है ताकौं जानिकै आपही सौं आप निश्चल होइ कामक्रोधादिकन कौं दूर करि ।

इति श्रीभगवद्गीतायां तृतीयोऽध्याय ॥

(४)

श्रीभगवानुवाच—इम विवस्वते योग प्रोक्तवानहमव्ययम् ।
विवस्वान्मनवे प्राह मनुरिक्ष्वाकवेऽब्रवीत् ॥ १ ॥

टीका—यह जोग मैं पहिलैं सूर्य सौं कह्यौ सूर्य मनु सौं कह्यौ मनु इक्ष्वाकु सौं कह्यौ ।

एव परपराप्राप्तमिम राजर्षयो विदु' ।
स कालेनेह महता योगो नष्ट परतप ॥ २ ॥

टीका—ऐसैं ही परस्पर और हूँ राजर्षिन पायो सो यह जोग बोहत काल बीच गयौ तातैं अप्रसिद्ध भयौ ।

स एवाय मया तेद्य योग' प्रोक्त' पुरातनः ।
भक्तोसि मे सखा चेति रहस्य ह्येतदुत्तमम् ॥ ३ ॥

टीका—अब वहै पुरातन जोग मैं तोसों कह्यौ तूं भक्त है, मित्र है तातैं यह बड़ो रहस्य कह्यौ ।

अर्जुन उवाच—अपर भवतो जन्म पर जन्म विवस्वत ।
कथमेतद्विजानीया त्वमादौ प्रोक्तवानिति ॥ ४ ॥

टीका—सूर्य पहिलैं है तुम्हारौ जन्म उरे है मैं कैसैं जानाँ कि तुम सूर्य सौं कह्यौ ।

श्रीभगवानुवाच—बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन ।
तान्यह वेद सर्वाणि न त्व वेत्थ परतप ॥ ५ ॥

टीका—अर्जुन जनम मेरै बोहत भए ऐसै तेरै ही बोहत जनम भए तै सब हूँ जानौ हौं तूं नहीं जानत ।

अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोपि सन् ।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सभवाम्यात्ममायया ॥ ६ ॥

टीका—और जद्यपि मैं अज हौं अविनासी हौं सकल भूतन कौं ईस्वर हौं तऊ अपनी प्रकृति कौ अधिष्ठान गहि अपनी माया ही सौं उपज्यौ हौं ।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मान सृजाम्यहम् ॥ ७ ॥

टीका—अर्जुन जब धर्म की छीनता होत है अरु अधर्म की वृधि होत है तब आपकौं प्रगट करौ हौं ।

परित्राणाय साधूना विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसस्थापनार्थाय सभवामि युगे युगे ॥ ८ ॥

टीका—जै साधु हैं सज्जन हैं तिनकी रच्छा के अर्थ अरु जै दुरात्मा हैं पापी हैं तिनकै बिनास कै अर्थ अरु धर्म के स्थापन कै अर्थ जुग जुग बिषैं प्रगट होत हौं ।

जन्म कर्म च मे दिव्यमेव यो वेत्ति तत्त्वतः ।
त्यक्त्वा देह पुनर्जन्म नैति मामैति सोऽर्जुन ॥ ९ ॥

टीका—अर्जुन ऐसै मेरो जन्म दिव्य है ताकौं जा तत्व तैं जानै सो पुरुष देह कौं तजि फेरि जन्म न पावै मौ कौ पावै ।

वीतरागभयक्रोधा मन्मया मामुपाश्रिता. ।
बहवो ज्ञानतपसा पूता मद्भावमागता ॥१०॥

टीका—अर्जुन बोहत पुरुष गए हैं राग भय क्रोध जिनकै मोकौं आस्रए हैं मुझमैं हैं तै ग्यान तप सौं पवित्र हैं मौसौं उनको नित्य प्रति जानि ।

ये यथा मा प्रपद्यत तास्तथैव भजाम्यहम् ।
मम वर्त्मानुवर्तंते मनुष्या पार्थ सर्वश ॥११॥

टीका—अर्जुन जो जैसैं मौकौं जाने है ताकौं तैसै ही हौं अरु सब मनुष्य मेरै ही मार्ग मैं हैं ।

काङ्क्षन्त कर्मणा सिद्धिं यजत इह देवता ।
क्षिप्रं हि मानुषे लोके सिद्धिर्भवति कर्मजा ॥१२॥

टीका—कर्म की सिधि कौं चाहत है देवतान कौं भजै है और लौकिक कर्म की सिधि सीघ्र होत है ।

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः ।
तस्य कर्त्तारमपि मां विद्ध्यकर्त्तारमव्ययम् ॥१३॥

टीका—ए च्यारौ बरन मैं सृजे हैं गुन कर्म के बिभाग सौं ताकौ करता मो कौं जानि, अरु मैं अकर्ता हौं अबिनासी हौं ।

न मां कर्माणि लिम्पन्ति न मे कर्मफले स्पृहा ।
इति मां योऽभिजानाति कर्मभिर्न स बध्यते ॥१४॥

टीका—मो कौं कर्म लिपत नांही अरु न मेरे कर्मफल इच्छा है अर्जुन ऐसै जो मौकों जानैं ताकौ कर्मबंध मिटै ।

एवं ज्ञात्वा कृतं कर्म पूर्वैरपि मुमुक्षुभिः ।
कुरु कर्मैव तस्मात्त्वं पूर्वैः पूर्वतरं कृतम् ॥१५॥

टीका—पहिले हूँ जै मुमुक्षु भए तिन ऐसैं जानि कर्म काए तातैं यह कर्म तूँ हूँ करि यह कर्म हूँ पुरातन है अरु पुरातन पुरुष करत आए हैं ।

किं कर्म किमकर्मेति कवयोऽप्यत्र मोहिताः ।
तत्ते कर्म प्रवक्ष्यामि यद् ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात् ॥१६॥

टीका—कर्म कहा अरु अकर्म कहा या कहौं जाकै जानैं तूँ असुद्ध तैं छूटैगौ ।

कर्मणो ह्यपि बोद्धव्यं बोद्धव्यं च विकर्मणः ।
अकर्मणश्च बोद्धव्यं गहना कर्मणो गतिः ॥१७॥

टीका—अर्जुन कर्म कौ तत्व जाननौ अरु विकर्म को तत्व जाननौ अरु अकर्म कौ तत्व जाननौ या भाँति कर्म की गति गहन है ।

कर्मण्यकर्म यः पश्येदकर्मणि च कर्म यः ।
स बुद्धिमान् मनुष्येषु स युक्तः कृत्स्नकर्मकृत् ॥१८॥

टीका—तातैं सुनु कर्म कौं जौ अकर्म देखै अरु अकर्म कौं जो कर्म देखै मनुष्यन बिषैं वहै बुधिमान है वहै जुक्त है वहै अलिपत कर्म कौ करता है ।

यस्य सर्वे समारभा कामसकल्पवर्जिता ।
ज्ञानाग्निदग्धकर्माणं तमाहुः पडित बुधाः ॥१९॥

टीका—जाकै सकल आरभ कामनारहित है वह कैसौ है ग्यान अगनि तैं दगध भए हैं कर्म जाकै अर्जुन ए पडित ताकौ पडित कहत हैं।

त्यक्त्वा कर्मफलासग नित्यतृप्तो निराश्रय ।
कर्मण्यभिप्रवृत्तोपि नैव किंचित्करोति स ॥२०॥

टीका—कर्म फल की इच्छा तजि नितत्रिपत होइ जो कर्म विषैं प्रवरतै हैं तऊ वह कछू नाँही करत ।

निराशी र्यतचित्तात्मा त्यक्तसर्वपरिग्रह ।
शारीर केवल कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्विषम् ॥२१॥

टीका—निराशी होइ चित्त कौ सयम करि सकल कामना तजि केवल सरीर मात्र सौं कर्म करै तौ ताकौं कछु कर्मबध नाहीं।

यदृच्छालाभसतुष्टो द्वद्वातीतो विमत्सर. ।
समः सिद्धावसिद्धौ च कृत्वापि न निबद्ध्यते ॥२२॥

टीका—जो लाभ कौं सहज जान कैं सतुष्ट है जो द्वयी सौं जुदौ है मछररहित है सिधि अरु असिधि दोनूं मैं समान है तौ वह पुरुष कौं कीयै हूँ अनकीयै हूँ कछु बध नहीं।

गतसगस्य मुक्तस्य ज्ञानावस्थितचेतसः।
यज्ञायाचरत कर्म समग्र प्रविलीयते ॥२३॥

टीका—जाकैं द्वैत कौ सग गयौ है जो मुक्त है जो ग्यानमय है अरु व्यौहार मैं लौकिक कर्म करै है ताकै सकल कर्म आत्माविषै लीन हैं।

ब्रह्मार्पण ब्रह्महविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणाहुतम् ।
ब्रह्मैव तेन गतव्य ब्रह्मकर्मसमाधिना ॥२४॥

टीका—जासौं अर्पन कीजिए सौ अरु जो हविष्य है सौ अरु जो अग्नि है सौ अरु जो होम कौ करता है सौ अरु पावनौ है सौ अरु जो कर्म समाधि है सौ ए सब तूँ ब्रह्म ही जानि।

दैवमेवापरे यज्ञ योगिन पर्य्युपासते।
ब्रह्माग्नावपरे यज्ञ यज्ञेनैवोपजुह्वते ॥२५॥

टीका—अर्जुन केतेक पुरुष देवतान कै जग्य उपासै हैं अरु केते ब्रह्माग्नि बिषैं जग्य ही कौं होमै हैं।

श्रोत्रादीनिन्द्रियाण्यन्ये संयमाग्निषु जुह्वति।
शब्दादीन्विषयानन्य इंद्रियाग्निषु जुह्वति ॥ २६ ॥

टीका—और केतेक श्रवणादिक इंद्रिन कौं सयम रूप जो अग्नि ता विषैं होमै हैं। और केतेक सब्दादिक बिषैन को इंद्री रूप अग्नि बिषै होमै हैं।

सर्वाणीन्द्रियकर्माणि प्राणकर्माणि चापरे।
आत्मसंयमयोगाग्नौ जुह्वति ज्ञानदीपिते ॥ २७ ॥

टीका—और केतेक सब इंद्रिन के कम को अरु प्रान कै कर्म कौं आत्म-सयम जोग रूप जो अग्नि ता बिषैं होमै हैं वह अग्नि ग्यान प्रकाशित है।

द्रव्ययज्ञास्तपोयज्ञा योगयज्ञास्तथापरे।
स्वाध्यायज्ञानयज्ञाश्च यतयः संशितव्रताः ॥ २८ ॥

टीका—ऐसै केतेक द्रव्यजग्य हैं। तपोजग्य हैं। जोगजग्य हैं। स्वाध्यायजग्य हैं, ज्ञानजग्न हैं।

अपाने जुह्वति प्राण प्राणेऽपान तथापरे।
प्राणापानगती रुद्ध्वा प्राणायामपरायणाः ॥ २९ ॥

टीका—अरु केतेक अपान विषें प्राण कौं होमे हैं अरु केतेक प्राण बिषैं अपान को होमे हैं अरु केतेक प्रान अरु अपान की गति कौं रुधि प्राणायाम करते हैं।

अपरे नियताहारा प्राणान्प्राणेषु जुह्वति।
सर्वेऽप्येते यज्ञविदो यज्ञक्षपितकल्मषाः ॥ ३० ॥

टीका—और केतेक आहार कौं नेम कर प्रान हीं बिषै प्रान कौं होमे हैं अर्जुन ए सब ही जग्यबिग्य हैं जग्य ही सौं निहपाप हैं।

यज्ञशिष्टामृतभुजो याति ब्रह्मसनातनम्।
नाय लोकोस्त्ययज्ञस्य कुतोऽन्य कुरुसत्तम ॥ ३१ ॥

टीका—जग्यसेष अम्रित के भोगता ह्वै सनातन ब्रह्म कौं पावै हैं अरु जो इन जग्य कौं नहि जानत ताकौं यह लोकहूँ नाही तौ परलोक कहाँ तैं।

एव बहुविधा यज्ञा वितता ब्रह्मणो मुखे।
कर्मजान्विद्धि तान् सर्वानेव ज्ञात्वा विमोक्ष्यसे ॥

टीका—अर्जुन ऐसै बौहत भाँति के जग्य ब्रह्मा के मुख तैं सुनै हैं तिन सब जग्यन कौं तूँ कीयौ तैं होत हैं यौं जानि ऐसें जानै मुक्त होइगौ।

श्रेयान् द्रव्यमयाद्यज्ञाद् ज्ञानयज्ञः परतप।
सर्वं कर्माखिल पार्थ ज्ञाने परिसमाप्यते ॥ ३३ ॥

टीका—देखि द्रव्यमय जग्य तैं ग्यानजग्य श्रेष्ठ है। सकल कर्म ग्यान मैं समास हैं।

तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया।
उपदेक्ष्यति ते ज्ञान ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिन ॥ ३४ ॥

टीका—ता ग्यान कौं बौहोत बिनै सौं फिरि फिरि पूछै सेवा कीयैं जे ग्यानी हैं तत्वदरसी हैं ते ज्ञान कौ उपदेस करैंगे यौ जानि।

यज्ज्ञात्वा न पुनर्मोहमेव यास्यसि पाडव।
येन भूतान्यशेषेण द्रक्ष्यस्यात्मन्यथो मयि ॥ ३५ ॥

टीका—जाकै जाने फेर तूँ ऐसौ मोह न पावैगौ जा करिकै तूँ सकल भूतन कौ आप बिषैं देखैगो अथवा मौ बिषैं देखैगौ।

अपि चेदसि पापेभ्य' सर्वेभ्य पापकृत्तमः।
सर्वं ज्ञानप्लवेनैव वृजिन सतरिष्यसि ॥ ३६ ॥

टीका—जो तूँ सकल पाप कौ अधिष्ठान है तऊ ग्याननाव सौं सकल पाप कैं तरैगौ।

यथैधासि समिद्धोऽग्निर्भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन।
ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुते तथा ॥ ३७ ॥

टीका—जैसे देदीपमान अग्नि काष्टमात्र को भस्म करै तैसै ही यह ग्यानरूप अग्नि सकल कर्म कौं भस्म करै।

न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते ।
तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विंदति ॥३८॥

टीका—अर्जुन ग्यान सरीखो पवित्र और नांहा सो ग्यान जोगसिध पुरुष आपहीं केतेक काल सौं आपुहीं मैं पावै ।

श्रद्धावाल्लभते ज्ञानं तत्परः संयतेंद्रियः ।
ज्ञानं लब्ध्वा परां शांतिमचिरेणाधिगच्छति ॥३९॥

टीका—स्रधावान होइ सो ग्यान पावै जो ततपर होइ जाकै इंद्रीसंजम होइ अरु ग्यान पाइकै शीघ्र ही परम सांति कौं पावै ।

अज्ञश्चाश्रद्दधानश्च संशयात्मा विनश्यति ।
नायं लोकोऽस्ति न परो न सुखं संशयात्मनः ॥४०॥

टीका—जो अज्ञ है स्रधा रहित है अरु संसै बोहात धरे है सो बिनास पावैगौ जाकै संसै है ताकौ इह नाँही परलोक नाँही ताकौ सुख काहे कौ ।

योगसंन्यस्तकर्माणं ज्ञानसंछिन्न संशयम् ।
आत्मवंतं न कर्माणि निबध्नंति धनंजय ॥४१॥

टीका—जोग विषै जै हैं कर्म अरु जिन जानतैं छिदे हैं संसै जाकै ऐसौ जु आत्मवंत ताकौं कर्म कछु बाधक नाहीं ।

तस्मादज्ञानसंभूतं हृत्स्थं ज्ञानासिनात्मनः ।
छित्वैनं संशयं योगमातिष्ठोत्तिष्ठ भारत ॥४२॥

टीका—तातैं अर्जुन अग्यान तैं उपज्यौ ऐसौ जु यह संसै ताकौं ग्यान खड्ग सौं छेदि अरु जोग गहि उठि ।

॥ इति श्रीभगवद्‌गीतायां चतुर्थोऽध्यायः ॥

(५)

अर्जुन उवाच—संन्यासं कर्मणां कृष्ण पुनर्योगं च शंससि ।
यच्छ्रेय एतयोरेकं तन्मे ब्रूहि सुनिश्चितम् ॥ १ ॥

टीका—हे कृष्ण तुम मोकौं सांख्य हूँ कहत हौ कर्मजोग करि यौ हूँ कहत यौं इन दुहन विषैं जु निस्चै मेरै काम कौ होइ सौ मौकौं कहौ ।

श्रीभगवानुवाच—सन्यासः कर्मयोगश्च निःश्रेयसकरावुभौ।
तयोस्तु कर्मसन्यासात्कर्मयोगो विशिष्यते ॥ २ ॥

टीका—अर्जुन सन्यास अरु कर्मजोग ए दोनू मोक्षकारी हैं पै इन दुहून मैं कर्म कै सन्यास तैं कर्मजोग श्रेष्ठ है।

ज्ञेय. स नित्य सन्यासी यो न द्वेष्टि न काङ्क्षति।
निर्द्वन्द्वो हि महाबाहो सुख बन्धात्प्रमुच्यते ॥ ३ ॥

टीका—अर्जुन ताकौं नित्य सन्यासी जानि जो न द्वेष करै न कछु चाहै द्वैतरहित होइ सोइ सुखेन बंध तैं छूटै।

साख्ययोगौ पृथग्बाला प्रवदंति न पडिता।
एकमप्यास्थित सम्यगुभयोर्विदते फलम् ॥ ४ ॥

टीका—और साख्य अरु जोग ए जुदे यैं अग्यानी कहै हैं पडित यौं न कहै है काहै तैं इन दुहून मैं भली भाँति एक कौं आश्रयें दुहून कों फल पावै।

यत्साख्यै प्राप्यते स्थान तद्योगैरपि गम्यते।
एक साख्य च योग च यः पश्यति स पश्यति ॥ ५ ॥

टीका—सांख्य कै ग्यान सौं जो स्थान पावनौ है सौ जोग सौं गम्य है अरु समुझनो है सौ साख्य अरु जोग कौ एक समुझै है।

सन्यासस्तु महाबाहो दु खमाप्तुमयोगत।
योगयुक्ता मुनिर्ब्रह्म नचिरेणाधिगच्छति ॥ ६ ॥

टीका—हे अर्जुन जोग बिना सन्यास सौं ब्रह्म पावनौ कठिन है अरु जु जोगयुक्त है सो साध्र ब्रह्म पावै है।

योगयुक्तो विशुद्धात्मा विजितात्मा जितेन्द्रियः।
सर्वभूतात्मभूतात्मा कुर्वन्नपि न लिप्यते ॥ ७ ॥

टीका—और जोगजुक्त है सुध आत्मा है जितात्मा है जितेंद्री है सबकौ अतरजामी है सो करत है तऊ लिपत नाँही।

नैव किंचित्करोमी त युक्तो मन्येत तत्त्ववित्।
पश्यन् शृण्वन् स्पृशन् जिघ्रन्नश्नन्गच्छन्स्वपन्श्वसन् ॥ ८ ॥

टीका—जो जोगजुक्त है तत्त्ववित् है सो जद्यपि देखे है सुनै है परसै है गध गहै है खाइ है चलै है सोवै है स्वास लेवै हैं।

प्रलपन् विसृजन्गृह्णन्नुन्मिषन्निमिषन्नपि ।
इंद्रियाणींद्रियार्थेषु वर्त्तंत इति धारयन् ॥ ९ ॥

टीका—बोलै है छोड़ै है ग्रहै है उनमेष करै है निमेष करै है पै न कछु करै है ए इंद्री अपनै अपनै बिषै मैं बरतै हैं ऐसैं यह जानै है ।

ब्रह्मण्याधाय कर्माणि संग त्यक्त्वा करोति य ।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥१०॥

टीका—कर्म कौं ब्रह्मबिषै जानि अरु इंद्रिन कौं संग तजि जो करै है सो लिपत नाँही होत जैसे पदमपत्र जल सौं लिपत नाँही ।

कायेन मनसा बुद्ध्या कैवलैरिंद्रियैरपि ।
योगिनः कर्म कुर्वंति संग त्क्त्वात्मशुद्धये ॥११॥

टीका—जे जोगी है तै या मन सौं बुधि सौं केवल इंद्रिन सौं करम करत हैं पै संग कौं तजि कै आत्म सुद्धि कै अर्थ ।

युक्तः कर्मफलं त्यक्त्वा शांतिमाप्नोति नैष्ठिकीम् ।
अयुक्त कामकारेण फले सक्तो निबध्यते ॥१२॥

टीका—जो जुक्त है कर्मफल कौं तजि अरु साति कौं पावै अरु जो अजुक्त है सो मन सौं करै क्योंकि फल चाहे है ताकौं बंधन है ।

सर्वकर्माणि मनसा सन्यस्यास्ते सुख वशी ।
नवद्वारे पुरे देही नैव कुर्वन् न कारयन् ॥१३॥

टीका—सकल कर्म कौं मन सौं तजि यह जोगी जाकै सब बस है सुखी है सो यह नवद्वार पुर तामैं देही कहाइ न कछु करे है न कछु करावै है ।

न कर्तृत्व न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभु ।
न कर्मफलसंयोग स्वभावस्तु प्रवर्तते ॥१४॥

टीका—या देही तैं न कछु करतौ है न कछु कर्म है न कछु कर्मफल संयोग है यह सुभाव ही प्रवरतै है ।

नादत्ते कस्यचित्पाप न चैव सुकृत विभु ।
अज्ञानेनावृत ज्ञान तेन मुह्यंति जतवः ॥१५॥

टीका—यह न काहू कौ पाप लेत है न काहू कौ पुण्य लेत है अग्यान सौं ग्यान आवरयौ है तातैं सब जतु मोह पावे हैं।

ज्ञानेन तु तदज्ञान येषा नाशितमात्मन॰।
तेषामादित्यवद् ज्ञान प्रकाशयति तत्परम् ॥१६॥

टीका—जिनकौ वह अग्यान आत्मग्यान तैं मिट्यौ है तिनकौं वह ग्यान सूर्य ज्यौं प्रकास करैं है सो प्रकास ब्रह्म कौ है।

तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणा ।
गच्छत्यपुनरावृत्ति ज्ञाननिर्धूतकल्मषा॰ ॥१७॥

टीका—तद्रूप है बुधि जिनकी जै तदात्मा हैं ताही बिषैं है निष्ठा जिनकी ऐसै ब्रह्मपरायन हैं तिनकौं आवागमन नांही क्यौंकि ग्यान तैं गए हैं पाप जिनकै ऐसै हैं।

विद्याविनयसपन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि ।
शुनि चैव श्वपाके च पडिताः समदर्शिन ॥१८॥

टीका—बिद्या बिनै सौं जुक्त ऐसै ब्राह्मण बिषैं गो बिषैं हस्ती बिषै स्वान बिषैं चडाल बिषैं जै पडित हैं तै समदरसी हैं।

इहैव तैर्जितः स्वर्गो येषा साम्ये स्थित मनः ।
निर्दोष हि सम ब्रह्म तस्माद् ब्रह्मणि ते स्थिताः ॥१९॥

टीका—अरु जिनकौ मन समता बिषैं है तिनकौं या लोक ही बिषैं स्वर्ग है अर्जुन ब्रह्म निरदोष है सम है तातै जै समता लीयै है तै ब्रह्ममय ही है।

न प्रहृष्येत्प्रियं प्राप्य नोद्विजेत्प्राप्य चाप्रियम् ।
स्थिरबुद्धिरसमूढो ब्रह्मविद् ब्रह्मणि स्थित ॥२०॥

टीका—जो प्रिय वस्तु कौ पाइ हर्ष न करै अप्रिय वस्तु कौं पाइ सोक न करै जो स्थिर बुधि है ब्रह्म कौ जानै है सो ब्रह्म ही है,

बाह्यस्पर्शेष्वसक्तात्मा विंदत्यात्मनि यत्सुखम्।
स ब्रह्मयोग युक्तात्मा सुखमक्षयमश्नुते ॥२१॥

टीका—जो विषैं मैं आसक्त नाँही अरु आत्मा विषैं सुख पावै है ताकौं ब्रह्मजोगजुक्त कहियै सो अछय सुख कौं पावै।

ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते।
आद्यंतवंत कौंतेय न तेषु रमते बुधः ॥२२॥

टीका—अर्जुन जै बिषै कै भोग हैं ते दुख ही के मूल हैं ते आदि अंत धरै हैं जो ग्यानी है सो उन बिषैं न रमैं है।

शक्नोतीहैव य सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात्।
कामक्रोधोद्भव वेग स युक्त स सुखी नर ॥२३॥

टीका—काम क्रोध तैं उतपन जो वेग ताकौं सहिबे कौं जो समर्थ है सोई जुक्त है, सोई सुखी है।

योऽतःसुखोऽतरारामस्तथातर्ज्योतिरेव य ।
स योगी ब्रह्मनिर्वाणं ब्रह्मभूतोऽधिगच्छति ॥२४॥

टीका—जो आत्मसुख सूँ सुखी है अपनै ही आराम मैं है अपनैं ही प्रकास तैं प्रकासित है वहै जोगी वहै ब्रह्म निरबाण कौ पावै।

लभते ब्रह्मनिर्वाणमृषयः क्षीणकल्मषा ।
छिन्नद्वैधा यतात्मान. सर्वभूतहिते रताः ॥२५॥

टीका—अर्जुन ते निरबान ब्रह्म कौं पावै जै निहपाप है जिनकै द्विधा नाँही जिनकै आत्मा बिषै दृढ निसचै है जै सकल प्रानी कौं हित चाहत हैं।

कामक्रोधवियुक्ताना यतीना यतचेतसाम्।
अभितो ब्रह्मनिर्वाण वर्तते विदितात्मनाम् ॥२६॥

टीका—जे काम क्रोध रहित हैं जिनके निसचै है ते ब्रह्म रूप ही हैं।

स्पर्शान्कृत्वा बहिर्बाह्याश्चक्षुश्चैवांतरे भ्रुवो ।
प्राणापानौ समौ कृत्वा न.साभ्यतरचारिणौ ॥२७॥

जितेंद्रियमनोबुद्धिर्मुनिर्मोक्षपरायणः ।
विगतेच्छाभयक्रोधो यः सदा मुक्त एव सः ॥२८॥

टीका—जिन बाह्य विषै बाहर किये हैं और नेत्र दोऊ भौंहन कौं बिषै किए हैं और पान अपान दोऊ नासिका मैं समान फिरायै है जिन इन्द्री मन बुधि जीते हैं जो मोक्षपरायन हैं जाके इच्छा भय अरु क्रोध गए हैं, सदा मुक्त ही हैं।

भोक्तारं यज्ञतपसां सर्वलोकमहेश्वरम् ।
सुहृदं सर्वभूतानां ज्ञात्वा मां शांतिमृच्छति ॥२९॥

टीका—अर्जुन जग्य अरु तप तिनकौ भोगता अरु सब लोकन कौ ईस्वर अरु सकल प्रानी कौ हितू एसै मौकौं जानि सांति कौं पावै।

इति श्री भगवद्गीतायां पंचमोध्यायः।

(६)

श्रीभगवानुवाच—अनाश्रितः कर्मफलं कार्यं कर्म करोति यः ।
स संन्यासी च योगी च न निरग्निर्न चाक्रियः ॥ १ ॥

टीका—अर्जुन जो कर्म के फल कौं न चाहै अरु कर्तव्य कर्म करै वहै सन्यासी जोगी होइगौ यौं नांही जो अग्नि अरु क्रिया कौं त्यागै।

यं संन्यासमिति प्राहुर्योगं तं विद्धि पांडव।
न ह्यसंन्यस्तसंकल्पो योगी भवति कश्चन ॥ २ ॥

टीका—अर्जुन जाकौं सन्यास कहत हैं ताही कौं जोग जानि, कोई ऐसौ नांही जु सकल्प बिनु तजें जोगी होइ।

आरुरुक्षोर्मुनेर्योगं कर्म कारणमुच्यते।
योगारूढस्य तस्यैव शमः कारणमुच्यते ॥ ३ ॥

टीका—जाको जोग बिषै रुचि है ताकौ कारन कर्म है अरु जो जोगारूढ है ताकौं सांति कारन है।

यदा हि नेंद्रियार्थेषु न कर्मस्वनुषज्जते।
सर्वसंकल्पसंन्यासी योगारूढस्तदोच्यते ॥ ४ ॥

टीका—जब विषै अरु कर्मन तें जुदो होइ सकल सकलप कौ त्याग करै तब जोगारूढ कहियै।

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत् ।
आत्मैव ह्यात्मनो बंधुरात्मैव रिपुरात्मनः ॥ ५ ॥

टीका—यह आप ही सौं आपकौ उधार करै है अरु आपही सौं आपकौ नास करै है आपही आपकौ रिपु है सोई आपही आपकौ हितू है ।

बंधुरात्मात्मनस्तस्य येनात्मैवात्मना जितः ।
अनात्मनस्तु शत्रुत्वे वर्तेतात्मैव शत्रुवत् ॥ ६ ॥

टीका—जिन आपहीं तैं आप जान्यौ है अरु जिन आपतैं आप न जान्यौ है सो आप ही रिपु है ।

जितात्मनः प्रशान्तस्य परमात्मा समाहितः ।
शीतोष्णसुखदुःखेषु तथा मानापमानयोः ॥ ७ ॥

टीका—जाकौ निश्चै पूरन है सु सांत है ताकौं सीत उष्ण सुख दुख मान अपमान बिषै समाधान है ।

ज्ञानविज्ञानतृप्तात्मा कूटस्थो विजितेन्द्रियः ।
युक्त इत्युच्यते योगी समलोष्टाश्मकांचनः ॥ ८ ॥

टीका—जो ज्ञान तैं त्रिप्त है कूटस्थ है जितेंद्री है ताकौं जुक्त कहियै समान है लोहो पाथर अरु कांचन जाकै सु जोगी ।

सुहृन्मित्रार्युदासीनमध्यस्थद्वेष्यबंधुषु ।
साधुष्वपि च पापेषु समबुद्धिर्विशिष्यते ॥ ९ ॥

टीका—जो हितू बिषैं मित्र बिषैं अरि बिषैं उदासीन बिषैं मध्यस्थ बिषैं दुरजन बिषैं बंधु बिषैं साधु बिषैं पापी बिषैं समबुधि है सो श्रेष्ठ है ।

जोगी युंजीत सततमात्मानं रहसि स्थितः ।
एकाकी यतचित्तात्मा निराशीरपरिग्रहः ॥१०॥

टीका—जो जोग साधै सो एकांत बिषैं एकाकी होइ सुध चित्त होइ निरासी होइ अपरिग्रह होइ ।

शुचौ देशे प्रतिष्ठाप्य स्थिरमासनमात्मनः ।
नात्युच्छ्रितं नातिनीचं चैलाजिनकुशोत्तरम् ॥११॥

तत्रैकाग्रमनः कृत्वा यतचित्तेंद्रियक्रिय ।
उपविश्यासने युञ्ज्याद्योगमात्मविशुद्धये ॥१२॥

टीका—पवित्र स्थान के बिषैं प्रथम दर्भ ता पर मृगचर्म ता पर वस्त्र बोहत ऊचो नहीं बोहत नीचो नहीं ऐसौ थिर आसन डारि एकाग्रमन करि इद्री अरु चित्त थिर करि ता आसन पर बैठि अरु जोग साधना करे आत्मसुधि के अर्थ ।

सम काय शिरोग्रीव धारयन्नचल स्थिर. ।
सप्रेक्ष्य नासिकाग्र स्व दिशश्चानवलोकयन् ॥१३॥

टीका—सूधे है काया सिर ग्रीवा ऐसौ स्थिर होइ अपनी नासिका के अग्र बिषै द्रिष्ट राखि और दिसा न देखै ।

प्रशान्तात्मा विगतभीर्ब्रह्मचारिव्रते स्थितः ।
मन सयम्य मच्चित्तो युक्त आसीत मत्पर. ॥१४॥

टीका—सात होइ निर्भय होइ ब्रह्मचरिज राखै मन कौं सजम करि मेरै बिषैं चित्त राखै युक्त होइ मौ बिषैं ततपर होइ ।

युञ्जन्नेव सदात्मान योगी नियतमानसः ।
शातिं निर्वाणपरमा मत्सस्थामधिगच्छति ॥१५॥

टीका—ऐसी भाँति जोग करै निसचै मन मैं करकै तौ परम निरबान साति मौ बिषै है ताकौं पावै ।

नात्यश्नतस्तु योगोऽस्ति न चैकान्तमनश्नतः ।
न चातिस्वप्नशीलस्य जाग्रतो नैव चार्जुन ॥१६॥

टीका—जो बहुत आहार करै तापैं जोग न सधै अरु जो निराहार रहै ताहूँ पै न सधै अरु जो बोहत सोवै ताहूं पै न सधै अरु जो बहुत जागै ताहू पै न सधै ।

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु ।
युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दु खहा ॥१७॥

टीका—जो पुरुष जथायोग्य आहार ब्यौहार करै कर्म कौ यथाजोग करै अरु सोवनो जागनो जाके जथाजोग है जोग ताको सफल होइ ।

यदा विनियत चित्तमात्मन्येवातिष्ठते ।
निस्पृह: सर्वकामेभ्यो युक्त इत्युच्यते तदा ॥१८॥

टीका—जब चित्त थिर होइ आत्मा ही बिषैं रहै अरु जो सकल कामना सौं रहित होइ तब जुक्त कहावै ।

यथा दीपो निवातस्थो नेंगते सोपमा स्मृता ।
योगिनो यतचित्तस्य युञ्जतो योगमात्मन: ॥१९॥

टीका—जिन चित्त जीत्यौ है अरु जोग साधना करै है सो जैसे निर्बात स्थान के बिषै जैसे दीपक ऐसे अडोल होइ ।

यत्रोपरमते चित्त निरुद्ध योगसेवया ।
यत्र चैवात्मनात्मान पश्यन्नात्मनि तुष्यति ॥२०॥

टीका—जोगसाधना सौं थिर कियौ ऐसौ जु चित्त सौं चित्त जहाँ लीन होइ अरु जहाँ आपहीं आपकौं देखि आप बिषैं सतुष्ट होइ ।

सुखमात्यतिक यत्तद् बुद्धिग्राह्यमतींद्रियम् ।
वेत्ति यत्र न चैवाय स्थितश्चलति तत्त्वत ॥२१॥

टीका—अरु जो इद्रीगम्य नाँही केवल निरुपाधि बुधि सौं जान्यौ जाइ है ऐसौ जु परम सुख जाकौ जहाँ पावै तहाँ तैं फिर चलिबौ है ही नाँही ।

य लब्ध्वा चापर लाभ मन्यते नाधिक तत ।
यस्मिन् स्थितो न दु खेन गुरुणापि विचाल्यते ॥२२॥

टीका—जाकै पाए औ दूसरो अधिक लाभ न मानै जा बिषै स्थित होइ कै महादुख हूँ सौं न डिगै ।

त विद्यादु खसयोगवियोग योगसज्ञितम् ।
स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिर्विण्णचेतसा ॥२३॥

टीका—ऐसौ जोग जामैं दुख सयोग नाँही ताकौं निसचै सौं निरुपाधि चित्त सौं साधै ।

सकल्पप्रभवान्कामास्त्यक्त्वा सर्वानशेषत ।
मनसैवेन्द्रियग्राम विनियम्य समतत ॥२४॥

टीका—सकलप तैं उपजै जै कामनानि कौं तजि अरु मन ही सौं इद्री वर्ग कौं जीत।

शनै शनैरुपरमेद् बुद्ध्या धृतिगृहीतया।
आत्मसस्थ मन कृत्वा न किंचिदपि चितयेत् ॥२५॥

टीका—धीर्य करि गही ए ऐसी जु बुधि ता करिकैं धीरैं धीरैं उपरम कौं पावै अरु मन कौ आपहीं बिषैं लीन करि और कछू न बिचारैं।

यतो यतो निश्चरति मनश्चचलमस्थिरम्।
ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येववश नयेत् ॥२६॥

टीका—यह चचल जु मन सो जित जित चलै तित तित सौं रोक आत्मा ही बिषैं राखै।

प्रशातमनस ह्येन योगिना सुखमुत्तमम्।
उपैति शातरजस ब्रह्मभूतमकल्मषम् ॥२७॥

टीका—जब याकौ मन आत्मा मैं होइ तब यह निहपाप है निर्गुन है परमसुख कौं पावै ब्रह्मरूप होइ।

युञ्जन्नेव सदात्मान योगी विगतकल्मषः।
सुखेन ब्रह्मसस्पर्शमत्यत सुखमश्नुते ॥२८॥

टीका—ऐसी भाँति जो जोग साधे सो सुख सूँ ब्रह्मानुभव पावै।

सर्वभूतस्थमात्मान सर्वभूतानि चात्मनि।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शन ॥२९॥

टीका—जोगसिद्ध पुरुष सब भूतन बिषैं आपकौं देखै अरु सब भूत कौं आप बिषैं देखै है सर्वत्र समदरसी है।

यो मा पश्यति सर्वत्र सर्व च मयि पश्यति।
तस्याह न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥३०॥

टीका—अरु जो मोकौं सर्व मैं देखै है अरु सबकों मो मैं देखै है ताकौं हौं अबिनासी हौं अरु वह मेरे अबिनासी है।

सर्वभूतस्थित यो मा भजत्येकत्वमास्थित।
सर्वथा वर्तमानोऽपि स योगी मयि वर्तते ॥३१॥

टीका--जो सब मैं हौं ऐसौ जु मैं सु मोकौं एकता सौं भजै है सो सर्वथा ब्यौहार बिषैं बरतै है जऊ मौं बिषैं बरते है ।

आत्मौपम्येन सर्वत्र सम पश्यति योऽर्जुन ।
सुख वा यदि वा दुःख स योगी परमो मत ॥३२॥

टीका--जो अपनी हौं भाँति सब मैं समता सौं देखै है कहा सुख कहा दुख सो परम जोगी ।

अर्जुन उवाच--योऽय योगस्त्वया प्रोक्त. साम्येन मधुसूदन ।
एतस्याह न पश्यामि चचलत्वात्स्थिति स्थिराम् ॥३३॥

टीका--हे कृष्ण जो जोग तुम्ह कह्यौ ताकी स्थिति न देखौ हौं क्योंकि मन स्थिर नाँही ।

चचल हि मन कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम् ।
तस्याह निग्रह मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ॥३४॥

टीका--हे कृष्ण मन अति चचल हैं बलिष्ठ है दृढ है इद्रिन कौं चचल करै है ताकौ निग्रह अति कठिन है जैसे वायु को निग्रह न होइ सकै ।

श्रीभगवानुवाच--असशय महाबाहो मनो दुर्निग्रह चलम् ।
अभ्यासेन तु कौंतेय वैराग्येण च गृह्यते ॥३५॥

टीका--अर्जुन निसचै ऐसौ ही मन चचल ताकौ निग्रह कठिन पैं अभ्यास सौं अरु बैराग्य सौं गह्यो जाइ है ।

असयतात्मना योगो दुष्प्राप इति मे मति ।
वश्यात्मना तु यतता शक्योऽवाप्तुमुपायत ॥३६॥

टीका--जो सयमी नाँही ताकौं जोग दुर्लभ है अरु जो सयमी है जतन करै है ताकौं उपाय तैं सुलभ है ।

अर्जुन उवाच--अयति श्रद्धयोपेतो योगाच्चलितमानस ।
अप्राप्य योगससिद्धिं का गतिं कृष्ण गच्छति ॥३७॥

टीका--जो पुरुष सधाजुक्त होइ अरु जोगसाधन तैं सिधि कौं न पहुँच्यौ, बीच्चि बिघन भयौ तो जोगसिधि कौं न पावै यह कौन गति कौं पावै ।

कच्चिन्नोभयविभ्रष्टश्छिन्नाभ्रमिव नश्यति ।
अप्रतिष्ठो महाबाहो विमूढो ब्रह्मणः पथि ॥३८॥

टीका—यह दोनौं तें गयौ तौ ओछै बादर ज्यौं नास तौ न पावै क्यौं जु ब्रह्ममार्ग बिषैं प्रतिष्ठा नाही पाई तातैं बिमूढ है ।

एतन्मे सशयं कृष्ण छेत्तुमर्हस्यशेषत ।
त्वदन्य. सशयस्यास्य छेत्ता न ह्युपपद्यते ॥३९॥

टीका—हे कृष्ण यह मेरे ससै कौं छेदिबे कूँ तुम ही जोग्य हौ और कोई नाँही।

श्रीभगवानुवाच—पार्थ नैवेह नामुत्र विनाशस्तस्य विद्यते ।
न हि कल्याणकृत्कश्चिद्दुर्गतिं तात गच्छति ॥४०॥

टीका—अर्जुन या लोक बिषैं वाकौ नास कहौं नाँही न कल्याण कर्म कौ कर्ता कोई दुर्गति कौं पावै ।

प्राप्य पुण्यकृता लोकानुषित्वा शाश्वतीः समा॰ ।
शुचीना श्रीमता गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायते ॥४१॥

टीका—अर्जुन वह पुरुष पुण्यलोक कौं पाइ बोहत काल उहाँ कौ भोग करि जै पवित्र हैं लक्ष्मोवत हैं वह जोगभ्रष्ट तिनकै बिषैं उपजै ।

अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम् ।
एतद्धि दुर्लभतर लोके जन्म यदीदृशम् ॥४२॥

टीका—अथवा जे जोगाभ्यासी हैं बुधिमत हैं तिनके कुल बिषैं उपजै पैं अर्जुन लोक बिषैं ऐसौ जागभ्रष्ट कौ जन्म दुर्लभ है ।

तत्र त बुद्धिसयोग लभते पूर्वदेहिकम् ।
यतते च ततो भूय ससिद्धौ कुरुनदन ॥४३॥

टीका—फिरि तहाँ उपजै उपरात वहै पूर्वजन्म कै बुधि सयोग कौं पावै तब फिरि जोगसिधि कौ जतन करै ।

पूर्वाभ्यासेन तेनैव ह्रियते ह्यवशोऽपि सः ।
जिज्ञासुरपि योगस्य शब्दब्रह्मातिवर्तते ॥४४॥

टीका—जु याकै पूर्वाभ्यास है सो या पैं वहै कार्य करावै जद्यपि यह अबस है अरु यह जिग्यासु है असक्त है पैं पूर्वसाधन कै बल तैं सकल कर्मजाल कै पार पौहच्यौ है ।

प्रयत्नाद्यतमानस्तु योगी सशुद्धकिल्विष ।
अनेकजन्मससिद्धस्ततो याति परा गतिम् ॥४५॥

टीका—सो यह जोगी निहपाप है जतन सौं सावै ऐसौ अनेक जन्म सौं सिध होइ परमगति कौं पावै ।

तपस्विभ्योऽधिको योगी ज्ञानिभ्योऽपि मतोऽधिक ।
कर्मिभ्यश्चाधिको योगी तस्माद्योगी भवार्जुन ॥४६॥

टीका—अर्जुन तपस्वी तैं जोगी अधिक अरु जिग्यासु तैं जोगी अधिक अरु कर्मठ तैं जोगी अधिक तातैं तूं हीं जोगसिद्ध होइ ।

योगिनामपि सर्वेषा मद्गतेनान्तरात्मना ।
श्रद्धावान् भजते यो मा स मे युक्ततमो मत ॥४७॥

टीका—अर्जुन सकल जोगिन कैं बिषैं वहै जोगी श्रेष्ठ है जो सधावत है अरु सकल ब्रह्मजानि के मौही कौं भजै है ।

। इति भगवद्गीताया षष्ठाध्यायः ।

(७)

श्रीभगवानुवाच—मय्यासक्तमना पार्थ योग युञ्जन्मदाश्रय ।
असशय समग्र मा यथा ज्ञास्यसि तच्छृणु ॥ १ ॥

टीका—अर्जुन मेरैं बिषैं आसक्त है मन जाकौ ऐसौ तूं मैरौ आसैं गहि जोग साधै ससैरहित समग्र कौं जा भाँति जानैगौ सो सुनि ।

ज्ञान तेऽह सविज्ञानमिद वक्ष्याम्यशेषतः ।
यद् ज्ञात्वा नेह भूयोऽन्यद् ज्ञातव्यमवशिष्यते ॥ २ ॥

टीका—मैं तोकौं ग्यान सच्छातकार रूप कहत हौं जाकैं जानैं और जानिवे कौं कछू न रहै ।

मनुष्याणा सहस्रेषु कश्चिद्यतति सिद्धये ।
यततामपि सिद्धाना कश्चिन्मा वेत्ति तत्त्वत ॥ ३ ॥

टीका—देखि अर्जुन मनुष्यन कै सहस्रन मैं कोइक ग्यान कै अर्थ जतन करत है अरु जै जतन करत हैं तिनहूँ मैं मौकौं तत्व तै जानै ऐसौ कोइक होइ ।

भूमिरापोनलोवायु ख मनो बुद्धिरेव च।
अहकार इतीय मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा ॥ ४ ॥

टीका—मेरी प्रकृति आठ भाँति है भूमि जल तेज वायु आकास मन बुधि अहकार यह आठ भाँति।

अपरेयमितस्त्वन्या प्रकृतिं विद्धि मे पराम्।
जीवभूता महाबाहो ययेद धार्यते जगत् ॥ ५ ॥

टीका—यह अपर है डरै है या तैं दूसरी प्रकृति जीव रूप है ताकौं जानि जिन यह जगत धरयौ है।

एतद्योनीनि भूतानि सर्वाणीत्युपधारय।
अह कृत्स्नस्य जगत प्रभव प्रलयस्तथा ॥ ६ ॥

टीका—ए सकल भूत यातें उपजै हैं ऐसैं समुझि अर्जुन सकल जगत कै उत्पत्ति स्थानक अरु प्रलयस्थानक मैं ही हौं।

मत्त परतर नान्यत् किंचिदस्ति धनजय।
मयि सर्वमिद प्रोत सूत्रे मणिगणा इव ॥ ७ ॥

टीका—अर्जुन मौ तैं दूसरौ कछू नाँही जैसै सूत्र बिषै सब मणि पोए हैं तैसै यह सब मौ बिषै है देखि।

रसोहमप्सु कौंतेय प्रभास्मि शशिसूर्ययो।
प्रणव. सर्ववेदेषु शब्द खे पौरुष नृषु ॥ ८ ॥

टीका—जल बिषैं रस मैं ही हौं ऐसैं ससि अरु सूर्य बिषैं प्रभा मैं हौं सर्व वेद बिषैं प्रणव मैं हौं आकास बिषैं शब्द मैं हौं पुरुष मैं पुरुषार्थ मैं हौं।

पुण्यो गध. पृथिव्या च तेजश्चास्मि विभावसौ।
जीवन सर्वभूतेषु तपश्चास्मि तपस्विषु ॥ ९ ॥

टीका—पृथ्वी मैं गध हौं अग्नि बिषैं तेज मैं हौं सकल भूतन बिषैं जीवन मैं हौं तपस्वी बिषैं तप मैं हौं।

बीज मा सर्वभूताना विद्धि पार्थ सनातनम्।
बुद्धिर्बुद्धिमतामस्मि तेजस्तेजस्विनामहम् ॥१०॥

टीका—अर्जुन सकल भूतन को सनातन बीज मौं कौं जानि बुधिमत की बुधि मैं हौं तेजस्वी कौ तेज मैं हौं।

बलं बलवतां चाहं कामरागविवर्जितम्।
धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ ॥११॥

टीका—बल कामना अरु राग बिना धर्म सौं अविरुध ऐसौ भूतन विषैं काम मैं हौं।

ये चैव सात्त्विका भावा राजसास्तामसाश्च ये।
मत्त एवेति तान्विद्धि न त्वहं तेषु ते मयि ॥१२॥

टीका—चित्त के भाव सात्विक है राजस है तामस हे तै मौ ते हैं हौं उनमैं नांहीं।

त्रिभिर्गुणमयैर्भावैरेभिः सर्वमिदं जगत्।
मोहितं नाभिजानाति मामेभ्यः परमव्ययम् ॥१३॥

टीका—और ए तीन गुनमय भावान जगत मोह्यो है तातैं इन त्रिविध भावन तें परे ऐसौ मौकौं नहि जानत।

दैवी ह्येषा गुणमयी मम माया दुरत्यया।
मामेव ये प्रपद्यन्ते मायामेतां तरंति ते ॥१४॥

टीका—और यह मेरी माया अपार है त्रिगुनमय है अर्जुन जे मेरे ही सरन आवैं ते या माया कौं तरें।

न मां दुष्कृतिनो मूढाः प्रपद्यंते नराधमाः।
माययापहृतज्ञाना आसुरं भावमाश्रिताः ॥ १५॥

टीका—जे पापी हैं पुरुषन मैं अधम हैं मूढ हैं ते मेरे सरन नहीं आवत अरु माया ने हरयौ है ग्यान जिनकौ अर भाव कौं आश्रयौ है।

चतुर्विधा भजंते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
आर्त्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ ॥१६॥

टीका—अर्जुन च्यार भाँत के पुरुष मौकौ भजत हैं एक दुखी एक जिग्यासु एक अर्थी एक ग्यानी।

तेषा ज्ञानी नित्ययुक्त एकभक्तिर्विशिष्यते ।
प्रियो हि ज्ञानिनोऽत्यर्थमह स च मम प्रियः ॥१७॥

टीका—इन च्यारौ मैं ज्ञानी श्रेष्ठ है मौकौं ग्यानी प्रिय है हौं ग्यानी के प्रिय हौं ।

उदारा सर्व एवैते ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम् ।
आस्थितः स हि युक्तात्मा मामेवानुत्तमा गतिम् ॥१८॥

टीका—ए सब अपनी अपनी ठौर उत्तम हैं अरु ग्यानी तो आत्म सरूपी है वाकैं मैं ही गति हौं मेरो ही रूप है ।

बहूना जन्मनामते ज्ञानवान्मा प्रपद्यते ।
वासुदेव सर्वमिति स महात्मा सुदुर्लभ ॥१९॥

टीका—बोहत जन्म कै अत ग्यानी होइ मोकौं पावै यह सब ब्रह्म है ऐसै जानैं सौ महापुरुष दुर्लभ है ।

कामैस्तैस्तैर्हृतज्ञाना· प्रपद्यतेऽन्यदेवताः ।
त त नियममास्थाय प्रकृत्या नियता स्वया ॥२०॥

टीका—भाँति भाँति की बिषै कामना तैं हरयौ गयो है ग्यान जिनकौ तैं भाँति भाँति कै नेमु धरि भाँत भाँत कै देवता मानैं हैं अग्यानबस भए हैं जै ।

यो यो या या तनु भक्तः श्रद्धयार्चितुमिच्छति ।
तस्य तस्याचला श्रद्धा तामेव विदधाम्यहम् ॥२१॥

टीका—जो जो जा जा सरूप कौं स्रधा सौं भजै है तहाँ तहाँ तिन तिन सरूपन मैं होइ मैं ही उनकी स्रधा बढाऊँ हौं ।

स तया श्रद्धया युक्तस्तस्याराधनमीहते ।
लभते च ततः कामान् मयैव विहितान् हि तान् ॥२१॥

टीका—वा स्रधा सौं जुक्त होइ वह पुरुष वाही सरूप कौं आराधन करै है अरु कियै तैं कामना कौं पावै है तिन तिन कामना कौ दाता मैं ही हौं ।

अतवत्तु फल तेषा तद्भवत्यल्पमेधसाम् ।
देवान् देवयजो याति मद्भक्ता याति मामपि ॥२३॥

टीका—ए फल बिनास पावै ऐसै फल कौं जे चाहैं तै अलपबुधी हैं देखि अर्जुन जे देवतान कौं भजै तै देवतान कौं पावै अरु जे मौकौं भजै तै मोकौं पावै ।

अव्यक्त व्यक्तिमापन्न मन्यते मामबुद्धयः ।
पर भावमजानतो ममाव्ययमनुत्तमम् ॥२४॥

टीका—अर्जुन जे तुछबुधी हैं तै मौकौं अव्यक्त कौ व्यक्त करि मानै हैं ते मेरे अबिनासी सर्वव्यापक अनत ऐसै भाव कौं नहीं जानत ।

नाह प्रकाशः सर्वस्य योगमायासमावृत ।
मूढोऽय नाभिजानाति लोको मामजमव्ययम् ॥२५॥

टीका—मैं सबके देषन मैं नाँही आवत हौं क्योंकि लोकन कौ माया को आवर है तातैं मूढ हैं मोकौं नहि जानत मैं अज हौं अबिनासी हौं ।

वेदाह समतीतानि वर्तमानानि चार्जुन ।
भविष्याणि च भूतानि मा तु वेद न कश्चन ॥२६॥

टीका—जे भए हैं जै हैं अरु जै होहिंगे तिन सबन कौं हौं जानत हौं मोकौं कोई एक नहीं जानत है ।

इच्छाद्वेषसमुत्थेनऽद्वन्द्वमोहेन भारत ।
सर्वभूतानि समोह सर्गे याति परतप ॥२७॥

टीका—इच्छा अरु द्वेष तैं उपज्यौ ऐसो जु द्वैतमोह ता करिकैं सृष्टि बिषैं सब प्रानी मोह कौं पावत हैं ।

येषा त्वतगत पाप जनाना पुण्यकर्मणाम् ।
ते द्वन्द्वमोहनिर्मुक्ता भजते मा दृढव्रता. ॥२८॥

टीका—और जिनकै पाप कौ अत आयौ है जे मुक्तो हैं तै द्वैत मोह तैं छूटै हैं तिनकौं निसचौ मो बिषै हैं मोकौं भजै हैं ।

जरामरणमोक्षाय मामाश्रित्य यतति ये ।
ते ब्रह्म तद्विदुः कृत्स्नमध्यात्म कर्म चाखिलम् ॥२९॥

टीका—जे जरा मरन के भय मिटावन कैं मोकौं आश्रित होइ जतन करत हैं तै ब्रह्म कौ जानत हैं अरु अध्यातम अरु कर्म जानै हैं ।

साधिभूताधिदैव मा साधियज्ञ च ये विदुः ।
प्रयाणकालेपि च मा ते विदुर्युक्तचेतसः ॥३०॥

टीका—जै अधिभूत अधिदैव अधियग्य ऐसै मो कौं जै जानैं तै युक्तचित्त ऐसै प्रयाणकालहूँ बिषैं मौकौं जानैं ।

इति श्रीभगवद्गीताया सप्तमोऽध्याय ।

(८)

अर्जुन उवाच—किं तद्ब्रह्म किमध्यात्म किं कर्म पुरुषोत्तम ।
अधिभूत च किं प्रोक्तमधिदैव किमुच्यते ॥ १ ॥

टीका—हे कृष्ण ब्रह्म सो कहा अध्यात्म सो कहा कर्म कहा अधिभूत कहा अधिदैव कहा ।

अधियज्ञ. कथ कोऽत्र देहेस्मिन् मधुसूदन ।
प्रयाणकाले च कथ ज्ञेयोऽसि नियतात्मभि ॥ २ ॥

टीका—या देही बिषें अधिजग्य सो कहा जे निह्चत हैं तै प्रयाणकाल बिषैं तुमकौं कैसै जानैं ।

श्रीभगवानुवाच—अक्षर ब्रह्म परम स्वभावोऽध्यात्ममुच्यते ।
भूतभावोद्भवकरो विसर्ग कर्मसज्ञित ॥ ३ ॥

टीका—अर्जुन ब्रह्म सौ अछर अरु स्वभाव सौ अध्यात्म सौ जीव कर्म सौ जोगादि कर्म ।

अधिभूतं क्षरोभावः पुरुषश्चाधिदैवतम् ।
अधियज्ञोऽहमेवात्र देहे देहभृतावर । ४ ॥

टीका—अरु जो छर कहे बिनासी है जु भाव सो अधिभूत जो इद्रिन कौ अधिष्ठाता देव तिनकौ जौ नियता मन सो अधिदैवत अरु या देही बिषैं अधियग्य कहे साछी सो मैं ।

अंतकालेऽपि मामेव स्मरन्मुक्त्वा कलेवरम्।
यः प्रयाति स मद्भाव याति नास्त्यत्र सशय ॥ ५ ॥

टीका--और अंत काल हुँ बिषैं मेरो स्मरन करत सरीर तजै सो मोकौं पावै तामैं संदेह नाँही।

य य वापि स्मरन्भाव त्यजत्यते कलेवरम्।
तं तमेवैति कौंतेय सदा तद्भावभावित॰ ॥ ६ ॥

टीका--और यह जीव जैसो जैसो स्मरन करत सरीर तजै तैसौ तैसौ पावे।

तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युद्ध्य च।
मय्यर्पितमनोबुद्धिमामेवैष्यस्यसंशयम् ॥ ७ ॥

टीका—तातैं अर्जुन सदा मेरो स्मरन करि अरु युद्ध करि मेरैं बिषैं मन बुधि कौ अर्पन करेगो मौही कौं पावैगो।

अभ्यासयोगयुक्तेन चेतसा नान्यगामिना।
परम पुरुष दिव्य याति पार्थानुचिन्तयन् ॥ ८ ॥

टीका—अर्जुन अभ्यास जोगजुक्त चित्त परम पुरष कौ चितन करै सो ताही कौं पावै।

कवि पुराणमनुशासितारमणोरणीयासमनुस्मरेद्य ।
सर्वस्य धातारमचिंत्यरूपमादित्यवर्णं तमस परस्तात् ॥ ९ ॥

टीका—जो पुराण पुरुष है सबकौ नियता है सूछम तें सूछम है सबकौ आसौ है तम तें परै है ऐसै परम पुरुष कौं प्रयानकाल बिषै जो स्मरन करै सौ ताही कौं पावै।

प्रयाणकाले मनसाचलेन भक्त्या युक्तो योगबलेन चैव।
भ्रुवोर्मध्ये प्राणमावेश्य सम्यक् स त पर पुरुषमुपैति दिव्यम् ॥१०॥

टीका—जो प्रयाणकाल हू बिषैं मन थिर करि भक्तिजुक्त होइ जोगबल सूँ प्राण है ताकौं भ्रुवौं के मध्य आरोपै सौ दिव्य परम पुरुष कौं पावै।

यदक्षर वेदविदो वदति विशति यद्यतयो वीतरागाः ।
यदिच्छतो ब्रह्मचर्यं चरति तत्ते पद सग्रहेण प्रवक्ष्ये ॥११॥

टीका—वेदविद जाकौं अछर कहै हैं ऐसैं सुद्ध ब्रह्म कौं बीतराग पावैं अरु जाकी इछा सौं ब्रह्मचर्ज धरैं है सो पद सछेप सौं कहौं ।

सर्वद्वाराणि संयम्य मनो हृदि निरुध्य च ।
मूर्ध्न्याधायात्मनः प्राणमास्थितो योगधारणाम् ॥१२॥

टीका—सब द्वार कौं सजम करिकै मनकौं हृदै बिषैं रोधि कै प्राण कौं मस्तक बिषैं राखिकै ऐसी जोगधारणा करि ।

ओमित्येकाक्षर ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन् ।
य· प्रयाति त्यजन्देह स याति परमा गतिम् ॥१३॥

टीका—प्रणव जपै मेरो स्मरन करै ऐसै जु देह तजै सो मौकौं पावै ।

अनन्यचेता सतत यो मा स्मरति नित्यश· ।
तस्याह सुलभ पार्थ नित्ययुक्तस्य योगिन ॥१४॥

टीका—और अनन्य चित्त होइ जु मेरो स्मरन सदा करै है वह नित्य योग है ताके मैं सुलभ हौं

मामुपेत्य पुनर्जन्म दुःखालयमशाश्वतम् ।
नाप्नुवति महात्मान ससिद्धि परमा गता ॥१५॥

टीका—मौकौं पाइ फिरि ऐसौ जन्म न पावै क्यौं जु परमसिधि कौं पाए है ।

आब्रह्मभुवनाल्लोका· पुनरावर्त्तिनोऽर्जुन ।
मामुपेत्य तु कौंतेय पुनर्जन्म न विद्यते ॥१६॥

टीका—अर्जुन ब्रह्म भुवन पर्यंत जे लोक तिनकौं पुनराब्रिति है पैं मोकौं पाइकै बोहुर जन्म नहीं।

सहस्रयुगपर्यंतमहर्यद्ब्रह्मणो विदु ।
रात्रि युगसहस्रांता तेऽहोरात्रविदो जना ॥१७॥

टीका—अर्जुन सहस्र जुगपर्यंत ब्रह्मा कौ एक दिन कहैं तैसैं ही सहस्र जुग की रात्रि ऐसैं दिन रात्रि लोक जानैं है ।

अव्यक्ताद्व्यक्तय सर्वाः प्रभवन्त्यहरागमे ।
रात्र्यागमे प्रलीयते तत्रैवाव्यक्तसंज्ञके ॥१८॥

टीका—अरु दिवस कै आगम मैं अव्यक्त सूँ समस्त व्यक्त होत हैं अरु रात्रि कै आगम मैं उनहि जु अव्यक्त मैं प्रलै होत है ।

परस्तस्मात्तु भावाऽन्यो व्यक्तोऽव्यक्तात्सनातनः ।
यः स सर्वेषु भूतेषु नश्यत्सु न विनश्यति ॥२०॥

टीका—यह भूत समूह सोई फिरि फिरि उपजि लय पावै है परबस है यातैं जु पर है सो सनातन है सो सब भूतन कै नास भएँ नास नहीं पावत है ।

अव्यक्तोऽक्षर इत्युक्तस्तमाहुः परमां गतिम् ।
य प्राप्य न निवर्तंते तद्धाम परमं मम ॥२१॥

टीका—सो अव्यक्त सो अक्षर सो परमगति जाकौं पाइ फिरि न आवै सो मेरो परम धाम है ।

पुरुषः स पर पार्थ भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया ।
यस्यात स्थानि भूतानि येन सर्वमिद ततम् ॥१२॥

टीका—अर्जुन जा पुरुष बिषैं सब भूत रहे हैं जा पुरुष तैं यह जगत् सर्व कीयो है सो परम पुरुष असाधारन भक्तिलभ्य है ।

यत्र काले त्वनावृत्तिमावृत्तिं चैव योगिन ।
प्रयाता याति त काल वक्ष्यामि भरतर्षभ ॥२३॥

टीका—अर्जुन जा काल विषै जोगीस्वर जै हैं ते प्रयाण कीयै तैं पुनर्जन्म नहीं पावत अरु जा काल बिषैं प्रयाण कीयै पुनर्जन्म पावत हैं सौ काल कहत हौं ।

अग्निर्ज्योतिरहः शुक्लः षण्मासा उत्तरायणम् ।
तत्र प्रयाता गच्छति ब्रह्म ब्रह्मविदो जना ॥२४॥

टीका—अर्जुन प्रयाणमार्ग दोय हैं एक उत्तरायन एक दछिनायन तहाँ उत्तराइन मार्ग मैं अग्नि है ज्योति है दिवस है सुकल पक्ष है अरु छ मास है ता मार्ग मैं जे प्रयाण करे ते ब्रह्म पावै ।

धूमोरात्रिस्तथा कृष्ण षरमासा दक्षिणायनम् ।
तत्र चान्द्रमस ज्योतिर्योगी प्राप्य निवर्तते ॥२५॥

टीका—और दक्षिनायन मैं धूम है राति है कृष्ण पक्ष है, अरु छ मास है अरु चद्रजोति है, ता मार्ग मैं जाइ सौ फिरै ॥

शुक्लकृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते ।
एकया यात्यनावृत्तिमन्ययावर्तते पुन ॥२६॥
नैते सृती पार्थ जानन् योगी मुह्यति कश्चन ।
तस्मात् सर्वेषु कालेषु योगयुक्तो भवार्जुन ॥२७॥

टीका—ए दौनूँ मार्ग जानै सौ मोह न पावै तातै तूँ सदा जोग जुक्त होइ।

वेदेषु यज्ञेषु तपस्सु चैव दानेषु यत्पुण्यफल प्रदिष्टम् ।
अत्येति तत्सर्वमिद विदित्वा योगी पर स्थानमुपैति चाद्यम् ॥२८॥

टीका—वेद बिषै जग्यविषैं तपविषैं दानविषैं जु पुन्यफल कह्यौ तै सब सौं अतिक्रमि बरतै जो जोगी ए दौनूँ मार्ग की गति जानै आदि स्थान कौं पावै ।

॥ इति श्री भगवद्गीतायां अष्टमोध्यायः ॥

(९)

श्रीभगवानुवाच—इद तु ते गुह्यतम प्रवक्ष्याम्यनसूयवे ।
ज्ञान विज्ञानसहित यज्ज्ञात्वा मोक्ष्यसेऽशुभात् ॥ १ ॥

टीका—अर्जुन तौ सौं परमगुप्त गोप्य कहौ हौं ग्यान बिग्यान सहित कहौं हौं जाकै जानें असुभ तें छूटैगौ ।

राजविद्या राजगुह्य पवित्रमिदमुत्तमम् ।
प्रत्यक्षावगम धर्म्यं सुसुख कर्तुमव्ययम् ॥ २ ॥

टीका—राजबिद्या है अति गोप्य है अति पवित्र है प्रत्यक्ष है धर्मरूप है बौहत सुख सैं कीजै ऐसे है ।

अश्रद्दधाना पुरुषा धर्मस्यास्य परतप ।
अप्राप्य मा निवर्तन्ते मृत्युसंसारवर्त्मनि ॥ ३ ॥

टीका—या धर्म विषैं सधा न धरै हैं ऐसै जै पुरुष तै मौकौं न पावैं फिरि फिरि संसार मैं आवैं ।

मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना ।
मत्स्थानि सर्वभूतानि न चाहं तेष्ववस्थित ॥४॥

टीका—अर्जुन मोसौं यह सब जगत व्यापत है अरु मैं अप्रकट मूर्त्ति हौं ए सब भूत मेरे आश्रै हैं काहू कैं आसे नाँही ।

न च मत्स्थानि भूतानि पश्य मे योगमैश्वरम् ।
भूतभृन्न च भूतस्थो ममात्मा भूतभावन ॥ ५ ॥

टीका—अर्जुन ए सब भूत मो विषैं हैं अरु मौं विषैं नाँही यह मेरो ऐश्वर्य ताकौं जोग देखि सकल भूत कौं धरो हौं अरु आपकौं आश्रै काहू कौ नाँही ऐसे मैं आत्मभूतन पर अनुग्रह करत हौं ।

यथाकाशस्थितो नित्य वायु सर्वत्रगो महान् ।
तथा सर्वाणि भूतानि मत्स्थानीत्युपधारय ॥ ६ ॥

टीका—जैसैं आकास बिषैं वायु है ऐसैं समुझि ।

सर्वभूतानि कौंतेय प्रकृतिं याति मामिकाम् ।
कल्पक्षये पुनस्तानि कल्पादौ विसृजाम्यहम् ॥ ७ ॥

टीका—अर्जुन प्रलैकाल बिषैं सब भूत मेरी प्रकृति कौं पावै हैं फिरि स्रिष्टिकाल बिषैं उनकौ मैं ही सिरजौ हौं ।

प्रकृतिं स्वामवष्टभ्य विसृजामि पुन. पुन ।
भूतग्राममिमं कृत्स्नमवशं प्रकृतेर्वशात् ॥ ८ ॥

टीका—अपनी प्रकृति कौं आश्रयैं फिरि फिरि भूतग्राम कौं सिरजौ हौं कैसौ है भूतग्राम परबस है प्रकृति कैं बस है ।

न च मा तानि कर्माणि निबध्नति धनजय ।
उदासीनवदासीनमसक्त तेषु कर्मसु ॥ ९ ॥

टीका—अर्जुन तिन कर्मन कौं कछु मौकौं बधन नाँही मैं उदासीन हौं अलिपत हौं उन कर्म तैं ।

मयाध्यक्षेण प्रकृति सूयते सचराचरम् ।
हेतुनानेन कौंतेय जगद्विपरिवर्तते ॥१०॥

टीका—मैं अधिष्ठाता हौं तातैं प्रकृति प्रपञ्च कौं सृजौ हौं यही कारन तैं यह जगत फिरि फिरि कै प्रकृति ही मैं समावै है।

अवजानति मा मूढा मानुषी तनुमाश्रितम्।
पर भावमजानन्तो मम भूतमहेश्वरम् ॥११॥

टीका—मूढ जै हैं तै मौकौं देहवंत करि मानैं हैं बड़ाई अपरिमित है ताकौं नाही जानत।

मोघाशा मोघकर्माणो मोघज्ञाना विचेतसः।
राक्षसीमासुरीं चैव प्रकृतिं मोहिनीं श्रिता ॥१२॥

टीका—तिनकी आसा निष्फल है कर्म निफल है, ग्यान निफल है अचेतन है राक्षसी अरु आसुरी प्रकृति कौ आश्रयै हैं।

महात्मानस्तु मा पार्थ दैवीं प्रकृतिमाश्रिताः।
भजत्यनन्यमनसो ज्ञात्वा भूतादिमव्ययम् ॥१३॥

टीका—जै महापुरुष हैं देवी प्रकृति कौं आश्रयै हैं तै अनन्य चित्त होइ सकल भूतन कौ आदि अबिनासी ऐसैं जानि मौकौं भजै हैं।

सतत कीर्त्तयतो मा यततश्च दृढव्रताः।
नमस्यतश्च मा भक्त्या नित्ययुक्ता उपासते ॥१४॥

टीका—मेरो ही कीरतन करत हैं दृढ होइ मोही कौं उपासत हैं।

ज्ञानयज्ञेन चाप्यन्ये यजतो मामुपासते।
एकत्वेन पृथक्त्वेन बहुधा विश्वतोमुखम् ॥१५॥

टीका—केतेक ज्ञान जग्य सौं मौकौं उपासत हैं केतेक एकता सौं अरु केतेक भिन्नता सौं उपासत हैं ऐसैं बोहोत भाँति है, मैं सब भाँति हौं।

अहं क्रतुरहं यज्ञः स्वधाहमहमौषधम्।
मन्त्रोऽहमहमेवाज्यमहमग्निरहं हुतम् ॥१६॥

टीका—मैं जग्य हौं मैं जग्य कौ भोक्ता हौं मैं स्वधा हौं मैं हविष्य हौं मैं मत्र हौं मैं घ्रित हौं मैं अग्नि हौं मैं होम हौं।

पिताहमस्य जगतो माता धाता पितामहः।
वेद्य पवित्रमोंकारमृक्सामयजुरेव च ॥१७॥

टीका—या जगत को पिता मैं हौं माता मैं हौं धाता मैं हौं पितामह हौं जानिबे की बस्तु मैं हौं पवित्र मैं हौं, प्रणव मैं हौ ऋगबेद यजुर्वेद सामवेद मैं हौं ।

गतिर्भर्ता प्रभु साक्षी निवास शरण सुहृत् ।
प्रभव प्रलयः स्थान निधान बीजमव्ययम् ॥१८॥

टीका—सबकी गति मैं हौं भर्ता मैं हौं प्रभु मैं हौं साक्षी मैं हौं निवासी मैं हौं सरन मैं हौं सनेही मैं हौं उतपति मैं हौं स्थिति मैं हौं प्रलै मैं हौं ।

तपाम्यहमह वर्ष निगृह्णाम्युत्सृजामि च ।
अमृत चैव मृत्युश्च सदसच्चाहमर्जुन ॥१९॥

टीका—मैं ही तपौ हौं मैं ही बरसौ हैं, मैं ही निग्रह करौ हौं मैं ही उत्सर्ग करौ हौं मैं ही अमृत हौं मैं ही मृत्यु हौं मैं ही सत हौं मैं ही असत हौं ।

त्रैविद्या मा सौमपा पूतपापा
यज्ञैरिष्ट्वा स्वर्गतिं प्रार्थयंते ॥
ते पुण्यमासाद्य सुरेन्द्रलोक-
मश्नंति दिव्यान् दिवि देवभोगान् ॥२०॥

टीका—अर्जुन जै बेदोक्त कर्म करै हैं तै जग्य करिकै स्वर्ग कौ प्राथैं हैं जग्य पुन्य तैं स्वर्ग जाइ देवतान कै भोग पाइ ।

ते त भुक्त्वा स्वर्गलोक विशाल क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोक विशति ।
एव त्रयीधर्ममनुप्रपन्ना गतागत कामकामा लभते ॥२१॥

टीका—बोहौत काल रहि जब पुन्य छीन होइ तब मृतलोक मैं आवत हैं ऐसैं बेदधर्म कौं जै कामना सौं अनुसरैं हैं तै फिरि फिरि आवागमन पावै हैं ।

अनन्याश्चितयतो मा ये जना. पर्युपासते ।
तेषा नित्याभियुक्ताना योगक्षेम वहाम्यहम् ॥२२॥

टीका—जै अनन्य चित्त होइ मौकौं उपासतै हैं, जै नित्यजुक्त हैं तिनकै जोगछेम कौं निर्वाह मैं करौ हौं ।

येऽप्यन्यदेवता भक्ता यजते श्रद्धयान्विताः।
तेपि मामेव कौंतेय यजत्यविधिपूर्वकम् ॥२३॥[१]

टीका—और जे अन्य देवता के भक्त हैं स्रधा सैं

[क्षिप्र भवति धर्मात्मा शश्वच्छांतिं निगच्छति।
कौंतेय प्र]तिजानीहि, न मे भक्तः प्रणश्यति ॥३१॥

टीका—सीघ्र धर्मात्मा होइ निरंतर साति कौं पावै अर्जुन निहचै जानि मेरे भक्त कौ बिनास नाँही।

मां हि पार्थ व्यपाश्रित्य येऽपि स्यु पापयोनय।
स्त्रियो वैश्यास्तथा शूद्रास्तेऽपि याति परां गतिम् ॥३२॥

टीका—अर्जुन मो कौं आश्रै करि जे पापजोनहू हैं स्त्री हैं वैस्य हैं सूद्र हैं तेऊ परम गति कौं पावै हैं।

किं पुनर्ब्राह्मणा पुण्या भक्ता राजर्षयस्तथा।
अनित्यमसुख लोकमिम प्राप्य भजस्व माम् ॥३३॥

टीका—जे पवित्र ब्राह्मण अरु राजर्षि हैं तिनकौं तौ कहा कहनो तातैं अनित्य असुख ऐसै या लोक कौं पाइ मोकौं भजि।

मन्मना भव मद्भक्तो मद्याजी मा नमस्कुरु।
मामेवैष्यसि युक्त्वैवमात्मान मत्परायणः ॥३४॥

टीका—मो मैं मन राखि मेरौ भक्त होइ मोकौं भजि मोकौं नमस्कार करि ऐसैं मुझ परायन हो इहैं देह कौं छाँड मोकौं पावैंगौ।

॥ इति श्रीभगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्म विद्यायायोगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसवादे राजविद्या राजगुह्ययोगो नाम नवमोऽध्याय ॥

(१०)

श्रीभगवानुवाच—भूय एव महाबाहो शृणु मे परमं वचः।
यत्तेह प्रीयमाणाय वक्ष्यामि हितकाम्यया ॥ १ ॥

टीका—अर्जुन औरहूँ मैं तोसौं कहत हौं सुनि तूँ मोकौं अति प्रिय है तातैं तेरे हित के अर्थ कहत हौं।

---

१ सूचना—हस्तलेख का ६०वाँ पत्र अप्राप्त है। ६१वें पत्र से आगे की प्रतिलिपि प्रारंभ की गई है।

न मे विदु सुरगणा प्रभव न महर्षयः।
अहमादिर्हि देवाना महर्षीणा च सर्वश ॥ २ ॥

टीका—मेरे महिमा कौं देवता नहि जानत बडे बडे रिषि हैं तै नहि जानत हौं देवतान हूँ तैं रिषिन हूँ तैं आदि हौं सबतैं आदि हौं।

यो मामजमनादिं च वेत्ति लोकमहेश्वरम्।
असमूढ स मर्त्येषु सर्वपापै. प्रमुच्यते ॥ ३ ॥

टीका—जो पुरुष मोकौं अज अनादि सकल लोकन को महेस्वर ऐसैं जानैं सो मूढ नाँही सो सब पाप सैं मुक्त है।

बुद्धिर्ज्ञानमसमोह' क्षमा सत्य दम शमः।
सुख दु ख भवोऽभावो भय चाभयमेव च ॥ ४ ॥

अहिंसा समता तुष्टिस्तपो दान यशाऽयश ।
भवति भावा भूताना मत्त एव पृथग्विधा. ॥ ५ ॥

टीका—और बुधि ग्यान समोह छमा सत्य दम सम सुख दुख भव अभाव भय अभय अहिंसा समता तुष्टि तप दान जस अपजस ए भूतन कै भिन्न भिन्न प्रकार के भाव मोहीं तैं होत हैं।

महर्षय सप्त पूर्वे चत्वारो मनवस्तथा।
मद्भावा मानसा जाता येषा लोक इमा प्रजाः ॥ ६ ॥

टीका—पहिलै सप्तरिषि अरु च्यार मनु ए मानस हैं मो तैं भए हैं जिनतैं यह सब प्रजा है।

एता विभूतिं योग च मम यो वेत्ति तत्त्वत.।
सोऽविकम्पेन योगेन युज्यते नात्र सशय ॥ ७ ॥

टीका—मेरी या बिभूति कौं अरु जग कौं तत्व तैं जानै सो जोगजुक्त होइ जु फिरि न डिगै।

अह सर्वस्य प्रभवो मत्त सर्वं प्रवर्तते।
इति मत्वा भजते मा बुधा भावसमन्विता ॥ ८ ॥

टीका—मैं सबको उतपतिस्थानक हौं सब मैंतै प्रवृत्ते हैं जै ग्याता हैं तै ऐसैं जानि भावजुक्त होइ मोकौं भजै हैं।

मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयत परस्परम्।
कथयतश्च मा नित्य तुष्यति च रमति च॥ ९ ॥

टीका—कैसे हैं मो बिखं हैं चित्त जिनकौ मो विषै हैं प्रान जिनकै परस्पर ग्यान चर्चा करत हैं उनको बोलनौ मैं ही हौं ऐसैं नित्य सतुष्ट हैं क्रीडा करत हैं।

तेषा सततयुक्ताना भजता प्रीतिपूर्वकम्।
ददामि बुद्धियोग त येन मामुपयाति ते ॥१०॥

टीका—तिनकौं ऐसौ बुद्धिजोग देत हौं जा करिकै मोकौं पावै हैं।

तेषामेवानुकपार्थमहमज्ञानज तमः।
नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानेदीपेन भास्वता ॥११॥

टीका—तिनकै अनुग्रह कै अर्थ महाप्रकास ग्यानदीप करिके अग्यानरूप अधकार कौ नास करत हौं अतरजामी हौं।

अर्जुन उवाच—पर ब्रह्म पर धाम पवित्र परमं भवान्।
पुरुष शाश्वत दिव्यमादिदेवमज विभुम् ॥१२॥

आहुस्त्वामृषयः सर्वे देवर्षिर्नारदस्तथा।
असितो देवलो व्यास स्वय चैव ब्रवीषि मे ॥१३॥

टीका—परमब्रह्म परमधाम परमपवित्र तुम ही हौ सब रिषीस्वर अरु नारद असित देवल अरु व्यास तुमकौं परम पुरुष नित्य दिव्य आदिदेव अज बिभु ऐसैं कहतु हैं तुम आपहूँ मो सौं ऐसे ही कहतु हौ ॥

सर्वमेतद्दत मन्ये यन्मा वदसि केशव।
न हि ते व्यक्ति भगवन् विदुर्देवा न दानवा. ॥१४॥

टीका—यह सब सत्य है मैं मानौ हौं तुम्हारै स्वरूप कौं देव नहीं जानत दानव नहीं जानत।

स्वयमेवात्मनात्मान वेत्थ त्व पुरुषोत्तम।
भूतभावन भूतेश देवदेव जगत्पते ॥१५॥

टीका—तुम आप ही आपु कौं जानत हौ तुम भूतभावन हौ भूतेस हौ देवदेव हौ जगतपति हौ।

वक्तुमर्हस्यशेषेण दिव्या ह्यात्मविभूतय ।
याभिर्विभूतिभिर्लोकानिमास्त्व व्याप्य तिष्ठसि ॥१६॥

टीका—मोकौं अपनी दिव्य बिभूति कहौ जिन बिभूतिन सैं सब लोक मैं व्यापकर रहे हौ ।

कथ विद्यामह योगिंस्त्वा सदा परिचिंतयन् ।
केषु केषु च भावेषु चिंत्योऽसि भगवन्मया ॥१७॥

टीका—मैं सदा तुम्हारो चिंतन करि तुमकौं कैसें जानो कौन कौन भाव बिषैं तुम्हारो चितन करौं ।

विस्तरेणात्मनो योगं विभूतिं च जनार्दन ।
भूय. कथय तृप्तिर्हि शृण्वतो नास्ति मेऽमृतम् ॥१८॥

टीका—तातें बिस्तार करिकै आपनों जोग अरु बिभूति फिरि कहौ या अमृत सुनत मोकौं तृपति नाँही होत ।

श्रीभगवानुवाच—हत ते कथयिष्यामि दिव्या ह्यात्मविभूतयः ।
प्राधान्यत कुरुश्रेष्ठ नास्त्यंतो विस्तरस्य मे ॥१९॥

टीका—अर्जुन मैं तोसैं अपनी दिव्य बिभूति कहतु हौं सछेप सैं बिस्तार को तो अत नाँही ।

अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थित ।
अहमादिश्च मध्य च भूतानामत एव च ॥२०॥

टीका—अर्जुन मैं आत्मा सब भूतन कौ सकल भूत मेरे आसरै सकल भूतन कौ आदि मध्य अत मैं हो ।

आदित्यानामह विष्णुर्ज्योतिषा रविरशुमान् ।
मरीचिर्मरुतामस्मि नक्षत्राणामह शशी ॥२१॥

टीका—आदित्यन मैं बिष्णु मैं हौं ज्योतिन मैं सूर्य मैं हौं मरुतदेवगन मैं मरीचि मैं हौं नछत्रन मैं ससी मैं हौं ।

वेदाना सामवेदोस्मि देवानामस्मि वासव ।
इंद्रियाणां मनश्चास्मि भूतानामस्मि चेतना ॥२२॥

टीका—बेदन मैं सामबेद मैं हौं देवतान मैं इंद्र मैं हौं इंद्रियन मैं मन मैं हौं भूतन मैं चेतना हौं ।

रुद्राणां शंकरश्चास्मि वित्तेशो यक्षरक्षसाम् ।
वसूनां पावकश्चास्मि मेरुः शिखरिणामहम् ॥२३॥

टीका—रुद्र मैं संकर मैं हौं जक्षराक्षसन मैं कुबेर मैं हौं बसून मैं पावक मैं हौं पर्वतन मैं सुमेरु मैं हौं ।

पुरोधसां च मुख्यं मां विद्धि पार्थ बृहस्पतिम् ।
सेनानीनामहं स्कंदः सरसामस्मि सागरः ॥२४॥

टीका—पुरोहितन मैं बृहस्पति मैं हौं सेनानीन मैं स्कंद मैं हौं सरवरन मैं सागर मैं हौं ।

महर्षीणां भृगुरहं गिरामस्म्येकमक्षरम् ।
यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि स्थावराणां हिमालयः ॥२५॥

टीका—महारिषिन मैं भृगु मैं हौं बाणी मैं मधु अक्षर मैं हौं जग्य मैं जप-जग्य मैं हौं थावरन मैं हिमाचल मैं हौं ।

अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां महर्षीणां च नारदः ।
गंधर्वाणां चित्ररथः सिद्धानां कपिलो मुनिः ॥२६॥

टीका—बृक्षन मैं पीपल मैं हौं देवऋषिन मैं नारद मैं हौं गंध्रर्बन मैं चित्ररथ मैं हौं सिद्धन मैं कपिल मुनि मैं हौं ।

उच्चैःश्रवसमश्वानां विद्धि माममृतोद्भवम् ।
ऐरावतं गजेंद्राणां नराणां च नराधिपम् ॥२७॥

टीका—अस्वन मैं उच्चैस्रवा मैं हौं हस्तीन मैं ऐरावत मैं हौं पुरुषन मैं राजा मैं हौं ।

आयुधानामहं वज्रं धेनूनामस्मि कामधुक् ।
प्रजनश्चास्मि कंदर्पः सर्पाणामस्मि वासुकिः ॥२८॥

टीका—आयुधन मैं बज्र मैं हौं गायन मैं कामधेनु मैं हौं अभिलाषन मैं काम मैं हौं सर्पन मैं वासुकि मैं हौं ।

अनंतश्चास्मि नागानां वरुणो यादसामहम् ।
पितृणामर्यमा चास्मि यमः संयमतामहम् ॥२९॥

टीका—नागन मैं सैषनाग मैं हौं जलनरन मैं बरुण मैं हौं पितरन मैं अर्यमा मैं हौं संजमीन मैं जम मैं हौं ।

प्रह्लादश्चास्मि दैत्याना काल· कलयतामहम् ।
मृगाणा च मृगेंद्राह वैनतेयश्च पक्षिणाम् ॥३०॥

टीका—दैतन मैं प्रह्लाद मैं हौं गणनाकर्त्ता मैं काल मैं हौं मृगन मैं सिंघ मैं हौं पछिन मैं गरुड मैं हौं ।

पवन. पवतामस्मि राम: शस्त्रभृतामहम् ।
झषाणा मकरश्चास्म स्रोतमामस्मि जाह्नवी ॥३१॥

टीका—वेगवतन मैं पवन मैं हौं शस्त्रधारी मैं रामचद्र मैं हौं माछिन मैं मगर मैं हौं नदीन मैं गगा मैं हो ।

सर्गाणाम·दिरतश्च मध्य चैवाहमर्जुन ।
अध्यात्मविद्या विद्याना वाद प्रवदतामहम् ॥३१॥

टीका—अब सृष्टि मैं आद मध्य अत मैं हौं बिद्यान मैं अध्यात्मविद्या मैं हौं बादीन मैं तत्व मैं हौं ।

अक्षराणामकारोऽस्म द्वद्व सामासिकस्य च ।
अहमवाक्षय काला धाताह विश्वतोमुख ॥३३॥

टीका—अछरन मैं ऊकार मैं हौं समासन मैं द्वद मैं हौं अक्षयकाल मैं ही हौं धाता मैं ही हौं जिन कोइ देखै तित मैं ही हौ ।

मृत्यु सर्वहरश्चाहमुद्भवश्च भविष्यताम् ।
कीर्ति श्रीर्वाक्च नारीणा स्मृतिर्मेधा धृतिः क्षमा ॥३४॥

टीका—सबकौ सघारकर्ता मृत्यु मैं ही हौं सबकौ उतपति कर्ता मैं ही हौं स्त्री जाति मैं कीरति लछमी बानी स्मृति मेधा धृति छमा मैं ही हौं ।

बृहत्साम तथा साम्ना गायत्री छदसामहम् ।
मासाना मार्गशीर्षोहमृतूना कुसुमाकर ॥३५॥

टीका—सामन मैं बृहत् साम मैं हौं छदन मैं गायत्री मैं हौं मासन मैं मगसिर मैं हौं रितुन मैं बसत मैं हौं ।

द्यूत छलयतामस्मि तेजस्तेजस्विनामहम् ।
जयोऽस्मि व्यवसायोऽस्मि सत्त्व सत्त्ववतामहम् ॥३६॥

टीका—छलकर्ता मैं जुवा मैं हौं, तेजस्विन मैं तेज मैं हूँ, जय मैं हौं उद्यम मैं हौं सत्ववत कौ सत्व मैं हौं ।

वृष्णीना वासुदेवोऽस्मि पाण्डवाना धनजयः ।
मुनीनामप्यह व्यास कवीनामुशना कवि ॥३७॥

टीका—जादवों में बासुदेव मैं हौं पाण्डवन मैं अर्जुन मैं हौं मुनिन–व्यास मैं हौं कबियन मैं शुक्र मैं हौं ।

दण्डो दमयतामस्मि नीतिरस्मि जिगीषताम् ।
मौन चैवास्मि गुह्याना ज्ञान ज्ञानवतामहम् ॥३८॥

टीका—दंडकर्तान मैं दड मैं हौं जीत्यौ चाहै तिनमैं नीति मैं हौं गोप्यन मैं मौन मैं हौं ग्यानवत मैं ग्यान मैं हौं ।

यच्चापि सर्वभूताना बीज तदहमर्जुन ।
न तदस्ति विना यत्स्यान्मया भूत चराचरम् ॥३९॥

टीका—सकल भूनन को बीज सो मैं हौं इन चराचर भूतन मैं सो कछु नाँही जु मौं बिना ।

नान्तोस्ति मम दिव्याना विभूतीना परतप ।
एष तूद्देशतः प्रोक्तो विभूतेर्विस्तरो मया ॥४०॥

टीका—अर्जुन मेरी दिव्य विभूतिन कौ अत नाँही यह मैं तौ सौं उपदेस मात्र कह्यौ ।

यद्यद्विभूतिमत्सत्त्व श्रीमदूर्जितमेव वा ।
तत्तदेवावगच्छ त्व मम तेजोऽशसभवम् ॥४१॥

टीका—अर्जुन जो जो बिभूतवत पदार्थ हैं सो सब मेरे तेज कै अस तैं उपज्यौ जानि ।

अथवा बहुनैतेन किं ज्ञातेन तवार्जुन ।
विष्टभ्याहमिद कृत्स्नमेकाशेन स्थितो जगत् ॥४२॥

टीका—अथवा अर्जुन तोकौं बोहत जानै तैं कहा प्रयोजन है यह जानि कै सब कुछ मैं एक अस तैं थाँभ रह्यौ हौं ।

॥ इति श्रीभगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्याया योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुन-सवादे विभूतियोगो नाम दशमोऽध्याय ॥

(११)

अर्जुन उवाच—मदनुग्रहाय परम गुह्यमध्यात्मसंज्ञितम् ।
यत्त्वयोक्त वचस्तेन मोहोऽयं विगतो मम ॥१॥

टीका—हे कृष्ण मेरे अनुग्रह के अर्थ जो अध्यात्म बचन तुम कह्यो ता करिकै मेरो मोह गयौ ।

भवाप्ययौ हि भूताना श्रुतौ विस्तरशो मया ।
त्वत्त कमलपत्राक्ष माहात्म्यमपि चाव्ययम् ॥२॥

टीका—अरु भूतन कौ उपजनौ अरु बिनास तुम्ह तें सुयो और कयौं बिनासी ऐसौ माहात्म्य सुन्यौ ।

एवमेतद्यथात्थत्वमात्मान परमेश्वर ।
द्रष्टुमिच्छामि ते रूपमैश्वर पुरुषोत्तम ॥३॥

टीका—याही भाँति जैसैं तुम आत्मा कह्यौ ऐसैं ही तुम्हारौ ऐस्वर्य रूप देख्यौ चाहत हौं ।

मन्यसे यदि तच्छक्य मया द्रष्टुमिति प्रभो ।
योगेश्वर ततो मे त्व दर्शयात्मानमव्ययम् ॥४॥

टीका—जो मैं देखि सकौ ऐसो होइ तो मोकौं अबिनासी ऐसौ अपनौ स्वरूप दिखावौ ।

श्रीभगवानुवाच—पश्य मे पार्थ रूपाणि शतशोऽथ सहस्रशः ।
नानाविधानि दिव्यानि नानावर्णाकृतीनि च ॥५॥

टीका—अर्जुन देखि मेरं रूप सत सहस्र हैं नाना भाँति हैं दिव्य हैं नाना वर्ण हैं नाना आकृति हैं ।

पश्यादित्यान् वसून् रुद्रानश्विनौ मरुतस्तथा ।
बहून्यदृष्टपूर्वाणि पश्याश्चर्याणि भारत ॥६॥

टीका—आदित्यन कौ देखि बसुन कौं देखि रुद्रन कौं देखि अश्विनीकुमार कौं देखि मरुतन कौं औरहूँ पहिलें न देखे ऐसे बोहत अचरिज देखि ।

इहैकस्थ जगत्कृत्स्नं पश्याद्य सचराचरम् ।
मम देहे गुडाकेश यच्चान्यद् द्रष्टुमिच्छसि ॥७॥

टीका—अर्जुन इहाँ सचराचर जगत एकठौ देखि मेरे देह के बिषै औरौ जु कछु देख्यौ चाहै सु देखि ।

न तु मा शक्यसे द्रष्टुमनेनैव स्वचक्षुषा ।
दिव्य ददामि ते चक्षु पश्य मे योगमैश्वरम् ॥८॥

टीका—पैं इन नेत्र सौं मोकौं देखि सकेगौ नाँही तातैं हौं तौकौं दिव्य चक्षु देत हौं मेरौ ऐस्वर्यजोग देखि ।

सजय उवाच—एवमुक्त्वा ततो राजन् महायोगेश्वरो हरिः ।
दर्शयामास पार्थाय परम रूपमैश्वरम् ॥९॥

टीका—हे धृतराष्ट्र श्रीकृष्ण अर्जुन सौं ऐसैं कहि परम ऐश्वर्य रूप दिखायौ ।

अनेकवक्त्रनयनमनेकाद्भुतदर्शनम् ।
अनेकदिव्याभरण दिव्यानेकोद्यतायुधम् ॥१०॥

टीका—और अनेक मुख हैं अनेक नेत्र हैं अनेक अद्भुत देखियै है अनेक दिव्य आभरन हैं अनेक दिव्य आयुध हैं।

दिव्यमाल्याबरधर दिव्यगधानुलेपनम् ।
सर्वाश्चर्यमय देवमनत विश्वतोमुखम् ॥११॥

टीका—दिव्य माला अबर धरै हैं दिव्य सुगध कौ अनुलेपन है बौहत आश्चर्यमय है अनत है जित देखिये तित समुख है।

दिवि सूर्यसहस्रस्य भवेद्युगपदुत्थिता ।
यदि भा सदृशी सा स्याद्भासस्तस्य महात्मनः ॥१२॥

टीका—जो आकास बिषैं सहस्र सूर्य साथ उदित भये हौहिं तो तिनकी काति समान कही जाइ ।

तत्रैकस्थ जगत्कृत्स्न प्रविभक्तमनेकधा ।
अपश्यद्देवदेवस्य शरीरे पाडवस्तदा ॥१३॥

टीका—और सब जगत अनेक भाँति भिन्न भिन्न है ऐसैं कृष्ण के सरीर बिषैं देख्यौ ।

ततः स विस्मयाविष्टो हृष्टरोमा धनञ्जयः ।
प्रणम्य शिरसा देव कृताञ्जलिरभाषत ॥१४॥

टीका—तब विस्मय भयो रोमाञ्च भयो तब अर्जुन हाथ जोड़ नमस्कार करि बोल्यो ।

अर्जुन उवाच—पश्यामि देवास्तव देव देहे सर्वांस्तथाभूतविशेषसघान् ।
ब्रह्माणमीश कमलासनस्थमृषींश्चसर्वानुरगाश्च दिव्यान्॥१५॥

टीका—हे कृष्ण तुम्हारी देह विषै देवन देखत हौं अरु भूतन के समूह कौं देखत हौं कमलासन ऐसे ब्रह्मा कौं देखत हौं रिषिन कौं देखत हौं ।

अनेकबाहूदरवक्त्रनेत्र पश्यामि त्वा सर्वतोऽनतरूपम् ।
नात न मध्य न पुनस्तवादिं पश्यामि विश्वेश्वर विश्वरूपम् ॥१६॥

टीका—और अनेक बाहु हैं अनेक उदर अनेक मुख अनेक नेत्र हैं जाके ऐसे सब और अनत रूप तुमकों देखत हौं न आदि न मध्य न अत देखो हौं ऐसे तुमकों विश्वरूप देखो हौं ।

किरीटिन गदिन चक्रिण च तेजोराशि सर्वतोदीप्तिमतम् ।
पश्यामि त्वा दुर्निरीक्ष्य समताद्दीप्तानलार्कद्युतिमप्रमेयम् ॥१७॥

टीका—मुकुटधारी गदाचक्र धरै तेज के समूह सब ओर दीपतमत देखि न सकियै देदीपमान अनेक सूर्य अनेक अग्नि जाको पार नांही ऐसे देखत हौं ।

त्वमक्षर परम वेदितव्य त्वमस्य विश्वस्य पर निधानम् ।
त्वमव्यय शाश्वतधर्मगोप्ता सनातनस्त्व पुरुषो मतो मे ॥१८॥

टीका—हे कृष्ण तुम अक्षर हौ परम हौ जानबे की बस्तु हौ या बिस्व के परम निधान हौ अव्यक्त हौ सदा धर्म के रक्षक हौ सनातन हौ परम पुरुष हो ।

अनादिमध्यांतमनतवीर्यमनंतबाहु शशिसूर्यनेत्रम् ।
पश्यामि त्वा दीप्तहुताशवक्त्रं स्वतेजसा विश्वमिदं तपंतम् ॥१९॥

टीका—अनादि हौ अमध्य हौ अनत हो अनतवीर्य हौ अनतबाहु हौ ससि सूर्य नेत्र जाकौ अपनै तेज सौं विश्व कौं प्रकास करतु हौ जाजल्यमान अग्नितुल्य मुख जाकौ ऐसै तुमकौं देखत हौं।

द्यावापृथिव्योरिदमतर हि व्याप्त त्वयैकेन दिशश्च सर्वाः।
दृष्ट्वाद्भुत रूपमुग्र तवेद लोकत्रय प्रव्यथित महात्मन् ॥२०॥

टीका—यह आकास अरु प्रिथी के बीचि सब तुम व्याप करि रहे हौ। सब दिसा व्याप करि रहे हौ। यह तुम्हारो अद्भुत रूप देख लीनै लोक व्याकुल है।

अमी हि त्वा सुरसघा विशति केचिद्भीताः प्राजलयो गृणति।
स्वस्तीत्युक्त्वा महर्षिसिद्धसघाः स्तुवति त्वा स्तुतिभिः पुष्कलाभिः ॥२१॥

टीका—और ए देवतान के समूह तुम विषैं प्रबेस करत हैं केतेक डर तैं हाथ जोर स्तुति करत हैं महारिषिन सिध के समूह स्वस्ति कौं पढि भाँति भाँति की स्तुति करि तुम्मारी स्तुति करत हैं।

रुद्रादित्या वसवो ये च साध्या विश्वेश्विनौ मरुतश्चोष्मपाश्च।
गधर्वयक्षासुरसिद्धसघा वीक्षते त्वा विस्मिताश्चैव सर्वे ॥२२॥

टीका—और रुद्र आदित्य वसु विस्वेदेवा अस्विनीकुमार मरुन पितर गधर्व जच्छ असुर सिद्ध इनके समूह सव बिसमित होइ तुमकौ देखत हैं।

रूप महत्ते बहुवक्त्रनेत्र महाबाहो बहुबाहूरुपादम्।
बहूदर बहुदष्ट्राकराल दृष्ट्वा लोका प्रव्यथितास्तथाहम् ॥२३॥

टीका—यह तुम्हारौ बडौ रूप है बहुदत है विकराल है देखि सब लोग डरत हैं मैं हूं डरत हौं।

नभःस्पृश दीप्तमनेकवर्णं व्यात्तानन दीर्घविशालनेत्रम्।
दृष्ट्वा हि त्वा प्रव्यथितातरात्मा धृतिं न विदामि शम च विष्णो ॥२४॥

टीका—यह तुम्हारौ रूप आकास पर्यंत है देदीपमान है विकराल है अनेक वर्ण है बिसाल मुख है बिसाल मेत्र है ऐसौ देखि अतरात्मा व्याकुल है धीरज नहीं पावत हौं।

दंष्ट्राकरालानि च ते मुखानि दृष्ट्वैव कालानलसन्निभानि।
दिशो न जाने न लभे च शर्म प्रसीद देवेश जगन्निवास ॥२५॥

टीका—ए अनेक बिकराल मुख देखि मोकौँ दिसा कौ ग्यान नाँही मोकौँ साति नाँही तातैं हे देवेस हे जगन्निवास प्रसन्न होहु।

अमी हि त्वां धृतराष्ट्रस्यपुत्रा. सर्वे सहैवावनिपालसघैं।
भीष्मो द्रोणः सूतपुत्रस्तथासौ सहास्मदीयैरपि योधमुख्यैः ॥२६॥

टीका—और ए धृतराष्ट्र के पुत्र सब राजान के समेत भीष्म करन द्रोण और हमारे जोधा।

वक्त्राणि ते त्वरमाणा विशति दंष्ट्राकरालानि भयानकानि।
केचिद्विलग्ना दशनातरेषु सदृश्यते चूर्णितैरुत्तमागैः ॥२७॥

टीका—सीघ्र तुमारे मुख विषैं प्रवेस करत हैं कितेक दतन मैं लागि रहे हैं केतेक चूर्ण होइ गए हैं।

यथा नदीना बहवोऽम्बुवेगाः समुद्रमेवाभिमुखा द्रवति।
तथा तवामी नरलोकवीरा विशति वक्त्राण्यभिविज्वलति ॥२८॥

टीका—जैसैं नदी के प्रवाह समुद्र बिषैं प्रवेस करत हैं तैसैं ए सब पुरुषवीर जोधा जाजल्यमान एसैं तुम्हारैं मुखबिषैं प्रवेस करत हैं।

यथा प्रदीप्त ज्वलन पतगा विशति नाशाय समृद्धवेगा.।
तथैव नाशाय विशति लोकास्तवापि वक्त्राणि समृद्धवेगाः ॥२९॥

टीका—जैसे अग्नि विषैं पतग विनास कौं प्रवेस करत हैं तैसे ही ए सब लोक तुम्हारे मुख बिषैं प्रवेस करत हैं।

लेलिह्यसे ग्रसमान. समताल्लोकान्समग्रान्वदनैर्ज्वलद्भिः।
तेजोभिरापूर्य जगत्समग्र भासस्तवोग्राः प्रतपति विष्णो ॥३०॥

टीका—हे कृष्ण तुम सब लोकन कैं मुष सौ ग्रसत हौ और तुम्हारी काति तेज सौ सब लोकन कौं परिपूरण करि रही है।

आख्याहि मे को भवानुग्ररूपो नमोस्तु ते देववर प्रसीद।
विज्ञातुमिच्छामि भवतमाद्य न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम् ॥३१॥

टीका—हे कृष्ण मोकौं कहा ऐसैं उग्र रूप तुम काँण हौ तुमकौं नमस्कार प्रसन्न होहु मैं तुमकौं जान्यो चाहत हौं हे कृष्ण मैं तुम्हारी प्रवृत्ति कौं नहीं जानत हौं।

श्रीभगवानुवाच—कालोऽस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो लोकान्समाहर्तुमिह प्रवृत्तः ।
ऋतेऽपि त्वा न भविष्यति सर्वे येऽवस्थिताः प्रत्यनीकेषु योधाः॥३२॥

टीका—अर्जुन लोकन को छयकर्ता ऐसौं मैं कालस्वरूप हौं लोकन के सघार कौं प्रवृत्यौ हौं ए सब जे सैन्य बिषैं जोधा ठाढे हैं एक तुझ विगु कोई और न रहेगौ ।

तस्मात्त्व उत्तिष्ठ यशो लभस्व जित्वा शत्रून् भुङ्क्ष्व राज्य समृद्धम् ।
मयैवैते निहता. पूर्वमेव निमित्तमात्र भव सव्यसाचिन् ॥३३॥

टीका—तातैं अर्जुन उठि सत्रुन कौं हनिकै जस लेहु समिद्ध राज्य कौं भोग करि ए ता मैं ही पहिलै मारे हैं अर्जुन तू निमित्त मात्र होहु ॥

द्रोण च भीष्म च जयद्रथ च कर्ण तथान्यानपि योधवीरान् ।
मया हतास्त्व जहि मा व्यथिष्ठा युध्यस्व जेतासि रणे सपत्नान् ॥३४॥

टीका—ए द्रोण भीष्म जयद्रथ कर्ण औरहू जौधावीर मैं मारे हैं तिनकौं तू मति कछु व्यथा पावै जुध करि सग्राम मैं सत्रुन कौं जीतैगौ ।

संजय उवाच—एतच्छ्रुत्वा वचन केशवस्य कृताञ्जलिर्वेपमानः किरीटी ।
नमस्कृत्वा भूय एवाह कृष्ण सगद्गद भीतभीतः प्रणम्य ॥३५॥

टीका—हे धृतराष्ट्र अर्जुन श्रीकृष्ण कौं ऐसौ बचन सुनि काँपत हाथ जोर नमस्कार करि गदगद कठ होइ डरतौ फिर बोल्यौ ॥

अर्जुन उवाच—स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या जगत्प्रहृष्यत्यनुरज्यते च ।
रक्षांसि भीतानि दिशो द्रवति सर्वे नमस्यति च सिद्धसघा ॥३६॥

टीका—हे कृष्ण यह घटे ही तुम्हारी कीरति सौं जगत हर्ष पावै है अनुरक्त होत है राक्षस भय सौं दूर भाज जात हैं सब सिद्ध के समूह तुमकौं नमस्कार करत हैं ।

कस्माच्च ते न नमेरन्महात्मन् गरीयसे ब्रह्मणोऽप्यादिकर्त्रे ।
अनत देवेश जगन्निवास त्वमक्षर सदसत्तत्पर यत् ॥३७॥

टीका—यह जथार्थ है क्यों न नवैं तुम बडे हो ब्रह्माहू के आदि करता हो हे अनंत हे देवेस हे जगन्निवास तुम अछर हो सत असत तैं पर सौ तुम हो ।

त्वमादिदेवः पुरुष पुराणस्त्वमस्य विश्वस्य पर निधानम् ।
वेत्तासि वेद्य च पर च धाम त्वया तत विश्वमनतरूपम् ॥३८॥

टीका—तुम आदि देव हौ पुरान पुरुष हौ या विस्व के परम निधान हौ वेत्ता हौ वेद्य हौ परमधाम हौ या अनत रूप विस्व कौं व्यापि रहे हौ ।

वायुर्यमोऽग्निर्वरुणः शशाक प्रजापतिस्त्व प्रपितामहश्च ।
नमो नमस्तेऽस्तु सहस्रकृत्व पुनश्च भूयोऽपि नमो नमस्ते ॥३९॥

टीका—तुम वायु हौ जम हौ अग्नि हौ बरुन हौ चद्र हौ प्रजापति हौ आदि हौ आदि ब्रह्मा हौ तुमकौं सत सहस्र लछन नमस्कार करत हौं ।

नम पुरस्तादथपृष्ठतस्ते नमोस्तु ते सर्वत एव सर्व ।
अनंतवीर्यामितविक्रमस्त्व सर्व समाप्नोषि ततोसि सर्वः ॥४०॥

टीका—सब दिस नमस्कार करत हौं हे अनतवीर्य अमितविक्रम तुम सर्वव्यापक हौ ।

सखेति मत्वा प्रसभ यदुक्त हे कृष्ण हे यादव हे सखेति ।
अजानता महिमान तवेद मया प्रमादात्प्रणयेन वापि ॥४१॥

टीका—और मैं अपनै मित्र जानि ढिठाई सौं हे कृष्ण हे यादव हे सखे ऐसें कह्यौ सो छमा कीजौ मैं तुम्हारे या महिमा कौ न जानत हौं प्रमाद तें अथवा प्रणय तें जो कछु कह्यो छमा कीजौ ।

यच्चावहासार्थमसत्कृतोऽसि विहारशय्यासनभोजनेषु ।
एकोऽथवाप्यच्युत तत्समक्ष तत्क्षामये त्वामहमप्रमेयम् ॥४२॥

टीका—हास्य विषैं खेल विषैं सोवतैं बैठतैं भोजन करतैं बोहत लोक विषैं अथवा एकात विषैं जो कछु मैं ढिठाई की होइ सो छमा करावत हौं तुम अप्रमेय हौ ।

पितासि लोकस्य चराचरस्य त्वमस्य पूज्यश्च गुरुर्गरीयान् ।
न त्वत्समोऽस्त्यभ्यधिक कुतोऽन्यो लोकत्रयेऽप्यप्रतिमप्रभावः ॥४३॥

टीका—या चराचर लोक के पिता हौ गुरू हौ पूज्य हौ बडे हौ तुम्हारै समान नाँही तौ अधिक कहाँ तें तीनौ लोक विषैं तुम्हारै महिमा कौ दूसरौ नाँही ।

तस्मात्प्रणम्य प्रणिधाय काय प्रसादये त्वामहमीशमीड्यम् ।
पितेव पुत्रस्य सखेव सख्यु प्रियः प्रियायार्हसि देव सोढुम् ॥४४॥

टीका—तातैं हूँ नम्र होइ नमस्कार करि तुमकौं प्रसन्न करौ हौं तुम ईस हौ पूज्य हौ जैसैं पिता पुत्र कौं सहै मित्र मित्र कौं सहै प्रिय प्रिय कौं सहै तैसैं सहिबैं कौं जोग्य हौ ।

अदृष्टपूर्वं हृषितोऽस्मि दृष्ट्वा भयेन च प्रव्यथितं मनो मे ।
तदेव मे दर्शय देव रूप प्रसीद देवेश जगन्निवास ॥४५॥

टीका— कबहूँ न देख्यौ ऐसै देखि बोहत हर्ष्यौं हौ और भय सौं मेरो मन बहोत व्यथित भयौ है तातैं मोकौं वहि रूप दिखाहु प्रसन्न होहु ।

किरीटिन गदिन चक्रहस्तमिच्छामि त्वा द्रष्टुमह तथैव ।
तेनैव रूपेण चतुर्भुजेन सहस्रबाहो भव विश्वमूर्ते ॥४६॥

टीका—मैं तुम्हारौ वहै रूप देख्यौ चाहत हौं तुम वहै चतुरभुज रूप होहु मुकुट गदा चक्रादिक धरैं ।

श्रीभगवानुवाच—मया प्रसन्नेन तवार्जुनेद रूपं पर दर्शितमात्मयोगात् ।
तेजोमय विश्वमनतमाद्य यन्मे त्वदन्येन न दृष्टपूर्वम् ॥४७॥

टीका—अर्जुन मैं प्रसन्न होइकै अपनी जोगशक्ति तैं यह अपनौ रूप तेजोमय बिस्वमय अनंत दूसरै काहू न देख्यौ ऐसौ तोकौं दिखायौ ।

न वेदयज्ञाध्ययनैर्न दानैर्न च क्रियाभिर्न तपोभिरुग्रैः ।
एवरूपः शक्य अह नृलोके द्रष्टु त्वदन्येन कुरुप्रवीर ॥४८॥

टीका—यह रूप बेद करि जग्य करि अधैन करि दान करि क्रिया करि तप करिकै हूँ तुजतै दूसरौ कोऊ न देखि सकै ।

मा ते व्यथा मा च विमूढभावो दृष्ट्वा रूपं घोरमीदृङ्ममेदम् ।
व्यपेतभीः प्रीतमना पुनस्त्व तदेव मे रूपमिद प्रपश्य ॥४९॥

टीका—यह मेरौ ऐसो भयानक रूप देखि बिथा मति पावै निर्भय होहु प्रसन्न होहु अब मेरौ वहै पैहिलौ रूप देखि ।

संजय उवाच—इत्यर्जुन वासुदेवस्तथोक्त्वा स्वक रूपं दर्शयामास भूय. ।
आश्वासयामास च भीतमेन भूत्वा पुन सौम्यवपुर्महात्मा ॥५०॥

टीका—हे राजन् श्रीकृष्ण अर्जुन सौं ऐसैं कहि अपनैं वहै रूप दिखाइ अरु अर्जुन की आस्वासना की ।

अर्जुन उवाच—दृष्ट्वेदं मानुषं रूपं तव सौम्यं जनार्दन।
इदानीमस्मि संवृत्तः सचेताः प्रकृतिं गतः ॥५१॥

टीका—हे कृष्ण तुम्हारौ यह सौम्य रूप देखि मैं अब सचेत भयौ अपनी प्रकृति कौं पायौ।

श्रीभगवानुवाच—सुदुर्दर्शमिदं रूपं दृष्टवानसि यन्मम।
देवा अप्यस्य रूपस्य नित्यं दर्शनकांक्षिणः ॥५२॥

टीका—यह तैं देख्यौ सौ रूप देखनौ अति कठिन है या रूप देखिबे कौं देवता हूँ अभिलाषा धरत हैं।

नाहं वेदैर्न तपसा दानेन न चेज्यया।
शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा ॥५३॥

टीका—जैसैं मोकौ तैं देख्यौ तैसैं बेद करि दान करि तप करि जग्य करि कोऊ देखि न सकै।

भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप ॥५४॥

टीका—या भाँति मोकौं अनन्यभक्ति सौं जानिबे कौं देखिबै कौं तत्व तैं मिलन कौं जोग्य है।

मत्कर्मकृन्मत्परमो मद्भक्तः सङ्गवर्जितः।
निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव ॥५५॥

टीका—अर्जुन जो कर्मन कौं मेरे जानि करै मैं ही जाके परम हौं मेरो ही भक्त सब संग तजै सब भूतन विषैं बैररहित ऐसौ होइ सो मोकौं पावै।

॥ इति श्रीभगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे विश्वरूपदर्शनो नामैकादशोऽध्यायः।

(१२)

अर्जुन उवाच—एवं सततयुक्ता ये भक्तास्त्वां पर्युपासते।
ये चाप्यक्षरमव्यक्तं तेषां के योगवित्तमाः ॥ १ ॥

टीका—हे कृष्ण या भाँति निरंतर जुक्त होइ जे भक्त तुमकौं उपासत हैं तिन दुहूँन मैं श्रेष्ठ जोगवित्तम कौन।

श्रीभगवानुवाच—मय्यावेश्य मनो ये मा नित्ययुक्ता उपासते।
श्रद्धया परयोपेतास्ते मे युक्ततमा मता ॥ २ ॥

टीका—जे मेरे बिषैं मन कौ आवेस करि सधाजुक्त होइ नित्य जुक्त ऐसैं मोकौं उपासत हैं ते श्रेष्ठ जोग जुक्त हैं।

ये त्वक्षरमनिर्देश्यमव्यक्त पर्युपासते।
सर्वत्रगमचिंत्य च कूटस्थमचल ध्रुवम् ॥ ३ ॥
सन्नियम्येंद्रियग्रामं सर्वत्र समबुद्धय।
ते प्राप्नुवंति मामेव सर्वभूतहिते रता ॥ ४ ॥

टीका—अरु जे अक्षर है बतावनैं मैं न आवै अव्यक्त सर्वगत अचिंत कूटस्थ अचल नित्य ऐसैं कौं इद्रीन सजम करि सर्वत्र समबुधि होइ उपासत हैं तेऊ मोही कौं पावे हैं ते सब भूतन के हित बिषैं ततपर हैं।

क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम्।
अव्यक्ता हि गतिर्दुःख देहवद्भिरवाप्यते ॥ ५ ॥

टीका—अव्यक्त ब्रह्म बिषैं जिनकौ चित्त है ते महापुरुष हैं पैं यह वा तैं अति कठिन है क्योंकि देखि देहधारिन कौं अव्यक्त गति पानी अति कठिन है।

ये तु सर्वाणि कर्माणि मयि सन्यस्य मत्परा.।
अनन्येनैव योगेन मा ध्यायंत उपासते ॥ ६ ॥

टीका—अर्जुन जे कर्मन कौं मेरै बिषैं आरोपि मुझ परायन होइ अनन्य जोग सौं मेरो ध्यान करि मोकौं उपासत है।

तेषामह समुद्धर्ता मृत्युससारसागरात्।
भवामि न चिरात्पार्थ मय्यावेशितचेतसाम् ॥ ७ ॥

टीका—तिनकौं मैं सीघ्र या ससार सागर तैं उधार करत हौं क्योंकि मेरै बिषै उन चित्त आरोप्यो है।

मय्येव मन आधत्स्व मयि बुद्धिं निवेशय।
निवसिष्यसि मय्येव अत ऊर्ध्वं न सशय. ॥ ८ ॥

टीका—तातैं अर्जुन मेरै ही बिषैं मन कौं धारि मेरै ही बिषैं बुधि कौ आरोपि ऐसै किऐ उप्रात निसंदेह मोहीं कौं पावैगौ।

अथ चित्त समाधातु न शक्नोषि मयि स्थिरम् ।
अभ्यासयोगेन ततो मामिच्छाप्तु धनजय ॥ ६ ॥

टीका—अथवा जो मेरे विषै चित्त थिर करि न सकै तो अभ्यास जोग करि मोकों पावैगो ।

अभ्यासेऽप्यसमर्थोऽसि मत्कर्मपरमो भव ।
मदर्थमपि कर्माणि कुर्वन्सिद्धिमवाप्स्यसि ॥१०॥

टीका—अरु जो अभ्यास हूँ न करि सकै तौ मेरै अर्थ करि ऐसै हूँ करि सिधि पावैगो ।

अथैतदप्यशक्तोऽसि कर्तुं मद्योगमाश्रितः ।
सर्वकर्मफलत्याग ततः कुरु यतात्मवान् ॥११॥

टीका—अरु ऐसै हूँ न करि सकै तौ सर्वकर्मफल कौ त्याग करि ।

श्रेयो हि ज्ञानमभ्यासाद् ज्ञानाद्ध्यानं विशिष्यते ।
ध्यानात्कर्मफलत्यागस्त्यागाच्छातिरनतरम् ॥१२॥

टीका—अर्जुन अभ्यास तैं तौ ग्यांन श्रेष्ठ है पैं ग्यांन तैं ध्यान श्रेष्ठ है पैं ध्यान तैं कर्मफलत्याग श्रेष्ठ है क्योंकि त्याग उप्राति साति ही है ।

अद्वेष्टा सर्वभूताना मैत्र करुण एव च ।
निर्ममो निरहकारः समदुःखसुख क्षमी ॥१३॥

सतुष्ट. सतत योगी दृढात्मा दृढनिश्चयः ।
मय्यर्पितमनोबुद्धिर्यो मद्भक्त स मे प्रिय ॥१४॥

टीका—जो सब भूतन कौं द्वेष न करै सब सौं कृपा करै सबकौ मित्र निरमम निरहकार सुखदुख जाकै समान छमावत नित्य सतुष्ट जोगी जितात्मा दृढ है निसचै जाकै मेरे बिषै आरोपै हैं मन बुधि जिन ऐसो जो भक्त सो मोकों प्रिय ।

यस्मान्नोद्विजते लोको लोकान्नोद्विजते च यः ।
हर्षामर्षभयोद्वेगैर्मुक्तो य स च मे प्रिय ॥१५॥

टीका—अरु जातैं कोऊ उद्वेग न पावै अरु जो काहू तैं उद्वेग न पावै जाकैं हर्ष क्रोध भय उद्वेग हूँ नाँही सो मौकौं प्रिय ।

अनपेक्षः शुचिर्दक्षः उदासीनो गतव्यथः।
सर्वारंभपरित्यागी यो मद्भक्तः स मे प्रियः ॥१६॥

टीका—अरु जो काहू की अपेक्षा न करै सुचि है दक्ष है उदासीन है बिथा रहित है सब आरंभ कौ त्यागी है सो भक्त मोकौं प्रिय।

यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न काङ्क्षति।
शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान्यः स मे प्रियः ॥१७॥

टीका—अरु जो हर्षै नहीं द्वेष न करै न सोचै न चाहै सुभ असुभ दोनूं फल कौ त्यागी ऐसौ भक्त सो मोकौं प्रिय।

समः शत्रौ च मित्रे च तथा मानापमानयोः।
शीतोष्णसुखदुःखेषु समः संगविवर्जितः ॥१८॥
तुल्यनिंदास्तुतिर्मौनी संतुष्टो येन केनचित्।
अनिकेतः स्थिरमतिर्भक्तिमान् मे प्रियो नरः ॥१९॥

टीका—अरु सत्रु बिषैं मित्र बिषैं मान बिषैं अपमान बिषैं सीत बिषैं उष्ण बिषैं सुख बिषैं दुख बिषैं समान है असंग है निंदा अरु स्तुति जाकैं तुल्य है मौन धरै है थोरै मैं संतुष्ट है जाकैं कहूं बंध नाहीं जाकी मति थिर है ऐसो भक्त सौ मोकौं प्रिय है।

ये तु धर्म्यामृतमिदं यथोक्तं पर्युपासते।
श्रद्दधाना मत्परमा भक्तास्तेऽतीव मे प्रियाः ॥२०॥

टीका—अर्जुन जो पुरुष धर्मरूप अमृतमय ऐसै या मत कौं आश्रयै है स्रधावंत है मुज परायन है तै भक्त मोकौं प्रिय है।

॥ इति श्रीभगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे भक्तियोगो नाम द्वादशोऽध्यायः ॥

(१३)

अर्जुन उवाच—प्रकृतिं पुरुषं चैव क्षेत्रं क्षेत्रज्ञमेव च।
एतद्वेदितुमिच्छामि ज्ञानं ज्ञेयं च केशव ॥ १ ॥

टीका—प्रकृति अरु पुरुष छेत्र अरु छेत्रग्य ग्यांन अरु गेय मौकों इनके जानिबे की इच्छा है।

श्रीभगवानुवाच—इदं शरीरं कौंतेय क्षेत्रमित्यभिधीयते ।
एतद्यो वेत्ति तं प्राहुः क्षेत्रज्ञमिति तद्विदः ॥ २ ॥

टीका—अर्जुन यह शरीर छेत्र कहियै वाकौं जानै सो छेत्रग्य कहियै ।

क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत ।
क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्ज्ञानं यत् तद् ज्ञानं मतं मम ॥ ३ ॥

टीका—अर्जुन सब छेत्रन विषैं छेत्रग्य मोही कौं जानि अरु छेत्र छेत्रग्य कौ जाननो सो ग्यॉन सो हौं ।

यत्क्षेत्रं यच्च यादृक्च यद्विकारि यतश्च यत् ।
स च यो यत्प्रभावश्च तत्समासेन मे शृणु ॥ ४ ॥

टीका—जो जैसो है जिन विकारनि सौं जुक्त है जातैं है जु कार्यरूप है और सो छेत्रग्य जैसैं महिमा सौं है सो सुनि ।

ऋषिभिर्बहुधा गीतं छंदोभिर्विविधैः पृथक् ।
ब्रह्मसूत्रपदैश्चैव हेतुमद्भिर्विनिश्चितैः ॥ ५ ॥

टीका—यह बात रिषीस्वरन बोहत भाँति कही है स्तुति करिकै निसचै जुक्तिपूर्वक उपनिषध वाक्य करिकैं भिन्न भिन्न रीति सौं कही है सब सुनि ।

महाभूतान्यहंकारो बुद्धिरव्यक्तमेव च ।
इंद्रियाणि दशैकं च पंच चेंद्रियगोचराः ॥ ६ ॥
इच्छा द्वेषः सुखं दुःखं संघातश्चेतना धृतिः ।
एतत्क्षेत्रं समासेन सविकारमुदाहृतम् ॥ ७ ॥

टीका—महाभूत अहंकार बुधि अव्यक्त एकादस इंद्रिन इंद्रिन के विषैं इच्छा द्वैष सुख दुख संघात चेतना धृति यह सब मैं तौसौं विकारसहित छेत्र कह्यौ ।

अमानित्वमदंभित्वमहिंसा क्षांतिरार्जवम् ।
आचार्योपासनं शौचं स्थैर्यमात्मविनिग्रहः ॥ ८ ॥
इंद्रियार्थेषु वैराग्यमनहंकार एव च ।
जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनम् ॥ ९ ॥
असक्तिरनभिष्वंगः पुत्रदारगृहादिषु ।
नित्यं च समचित्तत्वमिष्टानिष्टोपपत्तिषु ॥ १० ॥

टीका—और अमान अदभ अहिंसा छमा सरलता आचारज सेवा सुचिता स्थिरता आत्मनिग्रह बिषैंन मैं बिराग अनहकार जन्म मृत्यु जरा व्याधि दुख दोष दूनो कौ देखिबौ असक्तता स्त्री पुत्रादिक बिषैं असग नित्य समान चित्त जौ इष्टवस्तु की प्राप्ति होइ अनिष्ट वस्तु की प्राप्ति होइ तऊ

मयि चानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी।
विविक्तदेशसेवित्वमरतिर्जनससदि ॥ ११ ॥
अध्यात्मज्ञाननित्यत्व तत्वज्ञानार्थदर्शनम्।
एतद् ज्ञानमिति प्रोक्तमज्ञान यदतोऽन्यथा ॥ १२ ॥

टीका—मैरैं बिषैं अनन्य जोग सौं भक्ति एकात स्थानक रहनौ बहुसंगत नाँही नित्य अध्यात्म ग्याँन कहावै तत्त्वग्यानार्थ कौ देखनौ यह ग्याँन कहावै याते उलटौ सौ अग्याँन।

ज्ञेय यत्तत्प्रवक्ष्यामि यद् ज्ञात्वामृतमश्नुते।
अनादि मत्पर ब्रह्म न सत्तन्नासदुच्यते ॥ १३ ॥

टीका—अब गेय है सो सुनि जाके जानैं मोक्ष पावै। परब्रह्म अनादि है न सत है न असत है।

सर्वत पाणिपादं तत्सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्।
सर्वत श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥ १४ ॥

टीका—सब ठौर है हाथ पाव जाके सब ठौर है नेत्र सिर मुख जाकै सब ठौर है स्रवन जाकै जौ सबकौ व्यापक है।

सर्वेंद्रियगुणाभास सर्वेंद्रियविवर्जितम्।
असक्त सर्वभृच्चैव निर्गुण गुणभोक्तृ च ॥१५॥

टीका—सब इंद्री गुण कौ आभासक है सब इंद्री रहित है असक्त है अरु सब धरै है निरगुन है अरु गुन भोक्ता है।

बहिरतश्च भूतानामचर चरमेव च।
सूक्ष्मत्वात्तदविज्ञेय दूरस्थ चातिके च तत् ॥१६॥

टीका—सब भूतन के अतर अरु बाहर है अचर है अरु चर है सूक्ष्म है ताते अबिगेय है दूर है निकट है।

अविभक्तं च भूतेषु विभक्तमिव च स्थितम् ।
भूतभर्तृ च तद् ज्ञेय ग्रसिष्णु प्रभविष्णु च ॥१७॥

टीका—सब भूतन मैं मिल्यौ है अरु जुदो है थिर है सकल भूतन कौ भर्त्ता है वहै ग्यान सबकौ ग्रसै है सबकी उतपति करै है

ज्योतिषामपि तज्ज्योतिस्तमस परमुच्यते ।
ज्ञानं ज्ञेय ज्ञानगम्य हृदि सर्वस्याधिष्ठितम् ॥१८॥

टीका—सब जोति की जोति वहै है अग्यॉन तें पर है ग्यॉन सरूप है ग्यॉन-गम्य है सबके हिरदै कौ अधिष्ठाता है ।

इति क्षेत्र तथा ज्ञान ज्ञेय चोक्त समासत ।
मद्भक्त एतद्विज्ञाय मद्भावायोपपद्यते ॥१६॥

टीका—अर्जुन मैं तोसौं सछेप सौं छेत्र ग्यॉन अरु गेय कह्यौ मेरौ भक्त यह जानि मेरे भाव कौं पावै ।

प्रकृतिं पुरुष चैव विद्ध्यनादी उभावपि ।
विकाराश्च गुणाश्चैव विद्धि प्रकृतिसम्भवान् ॥२०॥

टीका—और प्रकृति अरु पुरष ए दोनू अनादि जान अरु विकार अरु गुन ए प्रकृति तैं उपज्यौ यौं जान ।

कार्यकारणकर्तृत्वे हेतुः प्रकृतिरुच्यते
पुरुष सुखदु.खाना भोक्तृत्वे हेतुरुच्यते ॥२१॥

टीका—कारन अरु कार्य ए दोनूं प्रतिक्ष होइ सो प्रकृति तैं और सुख दुख के भोग को कारन पुरुष ।

पुरुष. प्रकृतिस्थो हि भुङ्क्ते प्रकृतिजान्गुणान् ।
कारण गुणसङ्गोऽस्य सदसद्योनि जन्मसु । २२॥

टीका—पुरुष प्रकृति सौ मिलि प्रकृति तैं उपजै है गुन तें अपने मानिकैं भोगता होत है प्रकृति के किएँ गुन पुरुष अपनैं कार्य मानै है तातैं अनेक जनम लेतु है।

उपद्रष्टानुमंता च भर्त्ता भोक्ता महेश्वरः ।
परमात्मेति चाप्युक्तो देहेऽस्मिन्पुरुष परः ॥२३॥

टीका—पुरुष जा है सो द्रष्टा है अलिपत है भरता है इंद्रिन कौ स्वामी भोगता है बुधि कै कार्य कौ प्रकासक महेस्वर है परमात्मा है या देह मैं।

य एव वेत्ति पुरुषं प्रकृतिं च गुणैः सह ।
सर्वथा वर्त्तमानोऽपि न स भूयोऽभिजायते ॥२४॥

टीका—जो या भांति पुरुष कौं जानै अरु गुन सहित प्रकृति कौ जानै सो ससार मैं बरतै है तऊ फिरि जनम न पावै ।

ध्यानेनात्मनि पश्यति केचिदात्मानमात्मना ।
अन्ये साख्येन योगेन कर्मयोगेन चापरे ॥२५॥

टीका—केतेक पुरुष ध्यान करिकै आ तहो सौं आपकौ आप विषैं देखत हैं और केतेक सांख जोग करिकै देखत हैं और केतेक करम जोग करिकै देखत हैं।

अन्ये त्वेवमजानत श्रुत्वान्येभ्य उपासते ।
तेपि चातितरंत्येव मृत्यु श्रुतिपरायणा ॥२६॥

टीका—और केतेक हैं तै न जानैं हैं पै जै जानत हैं तिन तैं सुनि सधावत होइ उपासत हैं तेऊ ससार तैं तरत हैं क्यौं जु स्रुतिपरायन हैं।

यावत्सजायते किंचित्सत्त्वं स्थावरजंगमम् ।
क्षेत्रक्षेत्रज्ञसंयोगात्तद्विद्धि भरतर्षभ ॥ २७ ॥

टीका—जु कछु स्थावर जगम सत्व उपज्यौ है सो छेत्र अरु छेत्रग्य कै संयोग तैं जानि।

सम सर्वेषु भूतेषु तिष्ठत परमेश्वरम् ।
विनश्यत्स्वविनश्यत य पश्यति स पश्यति ॥ २८ ॥

टीका—अर्जुन सब भूतन मैं समान स्थिति उनकैं बिनास तैं जाकौ बिनास नांही ऐसे परमेस्वर कौं जो देखत है सोई देखत।

सम पश्यन् हि सर्वत्र समवस्थितमीश्वरम् ।
न हिनस्त्यात्मनात्मान ततो याति परा गतिम् ॥ २९ ॥

टीका—सर्वत्र समान ह्वै रह्यौ ऐसैं ईस्वर कौं जो देखत है सो आप सौं आपकौं नांही हनै है तातैं परम गति कौं पावै ।

प्रकृत्यैव च कर्माणि क्रियमाणानि सर्वशः ।
यः पश्यति तथात्मानमकर्तारं स पश्यति ॥ ३० ॥

टीका—और जो प्रकृति करिकैं होत है जे सब कर्म तहाँ आत्मा कौं अकर्ता ऐसै जो देखै है सोई देखै ।

यदा भूतपृथग्भावमेकस्थमनुपश्यति ।
तत एव च विस्तारं ब्रह्म सम्पद्यते तदा ॥ ३१ ॥

टीका—जब यह नानाविध भूतन कौं देखै है पैं एक आत्मा करि देखे है अरु यह सब विस्तार आत्मा ही करि देखै तब ब्रह्म ही होइ ।

अनादित्वान्निर्गुणत्वात्परमात्मायमव्ययः ।
शरीरस्थोऽपि कौंतेय न करोति न लिप्यते ॥ ३२ ॥

टीका—यह परमात्मा है अनादि है निर्गुन है अबिनासी है तातैं देह धरै है तऊ न कछु करे है पैं सूक्ष्मता सुँ कहूँ लिप्त नाही ।

यथा सर्वगतं सौक्ष्म्यादाकाशं नोपलिप्यते ।
सर्वत्रावस्थितो देहे तथात्मा नोपलिप्यते ॥ ३३ ॥

टीका—जैसैं आकास सूक्ष्मता सौं कहूँ लिप्त नांही तैसैं देह विषैं सर्वत्र आत्मा है पैं लिप्त नांही ।

यथा प्रकाशयत्येकः कृत्स्नं लोकमिमं रविः ।
क्षेत्रं क्षेत्री तथा कृत्स्नं प्रकाशयति भारत ॥ ३४ ॥

टीका—जैसे एक सूर्य सब लोक कौं प्रकास करत है तैसैं छेत्रग्याँन पूर्ण क्षेत्र कौं प्रकास करत है ।

क्षेत्र - क्षेत्रज्ञयोरेवमंतरं ज्ञानचक्षुषा ।
भूतप्रकृति मोक्षं च ये विदुर्यांति ते परम् ॥ ३५ ॥

टीका—ऐसैं छेत्र अरु छेत्रग्य को अंतर अरु भूत प्रकृति जो माया ताके मोक्ष कौं ग्यांनद्रिष्टि तैं जे जानै ते परमपद पावै ।

॥ इति श्रीभगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसंवादे क्षेत्रक्षेत्रज्ञनिर्देशो नाम त्रयोदशोऽध्यायः ॥

(१४)

श्रीभगवानुवाच—परं भूय प्रवक्ष्यामि ज्ञानाना ज्ञानमुत्तमम्।
यद्ज्ञात्वा मुनयः सर्वे परा सिद्धिमितो गताः ॥ १ ॥

टीका—अर्जुन फिरि मैं तोसों ग्यानन मैं उत्तम ग्यान है सो कहत हौं जाकौं जाने मुनि परमसिधि को पावैं।

इद ज्ञानमुपाश्रित्य मम साधर्म्यमागताः।
सर्गेपि नोपजायते प्रलये न व्यथति च ॥ २ ॥

टीका—और या ज्ञान कैं आसरैं तैं मेरी समता कौं पाए सृष्टि मैं उपजत नांही प्रल मैं नास नहीं पावत।

मम योनिर्महद् ब्रह्म तस्मिन्गर्भं दधाम्यहम्।
सभव सर्वभूताना ततो भवति भारत ॥ ३ ॥

टीका—उतपति स्थानक महत तत्व है तामैं गर्भ मैं धरौं हौं तातैं सब भूतन की उतपति होत है।

सर्वयोनिषु कौंतेय मूर्त्तयः सभवति याः।
तासा ब्रह्म महद्योनिरह बीजप्रदः पिता ॥ ४ ॥

टीका—अर्जुन सब जोनि बिषैं जे जे मूर्ति उपजत है तिन सबन कौं उतपति स्थानक महत तत्व है अरु बीजदाता मैं हौं।

सत्व रजस्तम इति गुणाः प्रकृतिसभवा।
निबध्नाति महाबाहो देहे देहिनमव्ययम् ॥ ५ ॥

टीका—अर्जुन सतु रज अरु तम ए तीन गुन प्रकृति तें उपजे हैं देह बिषैं अबिनासी एसौ देही कौं एइ बाँधत है।

तत्र सत्व निर्मलत्वात्प्रकाशकमनामयम्।
सुखसगेन बध्नाति ज्ञानसगेन चानघ ॥ ६ ॥

टीका— तहाँ सत्व गुन जो है सो निर्मल है प्रकासक है दुःखरहित है तातें सुखसग करिकैं अरु ग्यान सग करिकै बाँधै है।

रजो रागात्मक विद्धि तृष्णासगसमुद्भवम्।
तन्निबध्नाति कौंतेय कर्मसगेन देहिनम् ॥ ७ ॥

टीका—रजोगुन है सो रागात्मक है तातें तृष्णासग तें उपज्यो है कर्मसग करिकै बाँधे है।

तमस्त्वज्ञानजं विद्धि मोहनं सर्वदेहिनाम्।
प्रमादालस्यनिद्राभिस्तन्निबध्नाति भारत ॥ ८ ॥

टीका—तमोगुन है सु अग्यांन तें उपजै है तातें सबकौं मोह करै है अर्जुन सो तम प्रमाद आलस अरु निद्रा इन करिकै बांधै है।

सत्त्वं सुखे संजयति रजः कर्मणि भारत।
ज्ञानमावृत्य तु तमः प्रमादे संजयत्युत ॥ ९ ॥

टीका—और सत्व जु है सौ सुख कौं संग करावै है रज जु है सो कर्म कौं संग करावै है अरु तम जु है सो ग्यांन कौं आवर कै प्रमाद कौं संग करावै है।

रजस्तमश्चाभिभूय सत्त्वं भवति भारत।
रजः सत्त्वं तमश्चैव तमः सत्त्वं रजस्तथा ॥ १० ॥

टीका—और रज अरु तम इनकौ पराभव करिकै सत्व दृढ होत है और रज सत्व अरु तम कौ पराभव करि दृढ होत है और तम सत्व अरु रज कौ पराभव करि दृढ होत है।

सर्वद्वारेषु देहेऽस्मिन्प्रकाश उपजायते।
ज्ञानं यदा तदा विद्याद्विवृद्धं सत्त्वमित्युत ॥ ११ ॥

टीका—जब देह विषै सब द्वारन विषैं प्रकास उपजै अरु ग्यांन होत है तब सत्व की वृद्धि जानियै।

लोभः प्रवृत्तिरारम्भः कर्मणामशमः स्पृहा।
रजस्येतानि जायन्ते विवृद्धे भरतर्षभ ॥ १२ ॥

टीका—और जब लोभ होइ कार्यप्रवृत्ति होइ कर्मन कौ आरंभ होइ असांत होइ अरु तृष्णा होइ तब रजोगुन की बृधि जानियै।

अप्रकाशोऽप्रवृत्तिश्च प्रमादो मोह एव च।
तमस्येतानि जायन्ते प्रवृद्धे कुरुनंदन ॥१३॥

टीका—और अर्जुन जब अप्रकास होइ काय की अप्रवृत्ति होइ प्रमाद होइ मोह होइ तब तम की बृधि जानियैं।

यदा सत्त्वे प्रवृद्धे तु प्रलयं याति देहभृत्।
तदोत्तमविदां लोकानमलान्प्रतिपद्यते ॥१४॥

टीका—और जब सत्व की वृधि होइ तब देह छूटै तौ उत्तम निर्मल लोक कौं पावै ।

रजसि प्रलय गत्वा कर्मसगिषु जायते ।
तथा प्रलीनस्तमसि मूढयोनिषु जायते ॥१५॥

टीका—ऐसैं ही रजोगुन की वृधि मैं देह छूटै तो कर्म सगिन बिषैं उपजै और तमोगुन की वृधि मैं देह छूटै तो मूढजोनि बिषैं उपजै ।

कर्मण सुकृतस्याहुः सात्विक निर्मल फलम् ।
रजसस्तु फल दुःखमज्ञान तमस फलम् ॥१६॥

टीका—सत्वगुन को फल सुकृत अरु रजोगुन कौ फल दुख अरु तमोगुन कौ फल अग्यांन है ।

सत्वात्सजायते ज्ञान रजसो लोभ एव च ।
प्रमादमोहौ तमसो भवतोऽज्ञानमेव च ॥१७॥

टीका—सत्व तैं ग्यांन होइ रज तैं लोभ होइ प्रमाद मोह अरु अग्यांन ए तम तै होहि ।

उद्र्ध्वं गच्छति सत्वस्था मध्ये तिष्ठति राजसाः ।
जघन्यगुणवृत्तिस्था अधोगच्छति तामसाः ॥१८॥

टीका—सत्व मैं होतैं ऊर्धगति पावै रज मैं होतैं मध्य बिषैं रहै तामस मैं होतैं अधोगति पावै ।

नान्य गुणेभ्य कर्त्तार यदा द्रष्टानुपश्यति ।
गुणेभ्यश्च पर वेत्ति मद्भाव सोऽधिगच्छति ॥१९॥

टीका—जब द्रष्टा है सो कर्त्ता कौ गुण हू ता और न देखै अरु गुनहूँ ता पर है सो जानै सो मदभाव कौं पावै ।

गुणानेतानतीत्य त्रीन् देही देहसमुद्भवान् ।
जन्ममृत्युजरादु खैर्विमुक्तोऽमृतमश्नुते ॥२०॥

टीका—ए देह तैं उपजै ऐसैं तीन इनकौं लघै सौ जन्म मृत्यु जरा दुख सैँ छूटै मोछ पावै ।

अर्जुन उवाच—कैर्लिगैस्त्रीन् गुणानेतानतीतो भवति प्रभो ।
किमाचार कथ चैतास्त्रीन् गुणानतिवर्त्तते ॥२१॥

टीका—हे कृष्ण गुणातीत जो होइ सौ कौन चिह्न सेँ होइ और ताकौ आचार कैसौ होइ ।

श्रीभगवानुवाच—प्रकाश च प्रवृत्तिं च मोहमेव च पाडव ।
न द्वेष्टि सप्रवृत्तानि न निवृत्तानि काक्ष्ते ॥२२॥

टीका—प्रकास कौं प्रवृत्ति कौं अरु मोह कौं ए त्रिगुन कार्य कौं प्रवृतै तैं द्वैष न करै अरु निवृतै तैं आकाक्षा न करै ।

उदासीनवदसीनो गुणैर्यो न विचाल्यते ।
गुणावर्त्त त इत्येव योऽवतिष्ठति नेंगते ॥२३॥

टीका—उदासीन जो रहै गुन जाको चलाइ न सकै गुन अपने कार्य मैं हैं ऐसैं निसचै सौ रहै आपनै विषैं कछु करि चित्त न मानै ।

समदुःखसुखः स्वस्थ समलोष्ठश्मकाचन. ।
तुल्यप्रियाप्रियो धीरस्तुल्यनिंदात्मसस्तुति ॥२४॥

टीका—जाके दुख सुख समान है स्वस्थ है लोहौ पाथर कचन जाकै समान है प्रिय अप्रिय दोनौं समान अरु निंदा स्तुनि दोनौ समान जाकै ऐसौ ।

मानापमानयोस्तुल्यस्तुल्यमित्रारिपक्षयो ।
सर्वारंभपरित्यागी गुणातीत स उच्यते ॥२५॥

टीका—मान अपमान तुल्य जाके मित्र सत्रु तुल्य जाकैं सर्व आरंभ कौ परित्यागी ऐसौ होइ सौ गुणातीत कहियै ।

मां च योऽव्यभिचारेण भक्तियोगेन सेवते ।
स गुणान् समतीत्यैतान् ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥ २६ ॥

टीका—और जो अनन्य भक्ति जोग करिकैं माकौं सेवै सो गुणातीत होइ ब्रह्मभाव कौं पावै ।

ब्रह्मणो हि प्रतिष्ठाहममृतस्याव्ययस्य च ।
शाश्वतस्य च धर्मस्य सुखस्यैकातिकस्य च ॥ २७ ॥

टीका—अर्जुन ब्रह्म मैं ही हौं सबकौ अधिष्ठान मैं ही हौं अबिनासी निरतर ऐसै धर्म कौ अधिष्ठान मैं ही हौं अरु अत्यन्त सुख कौ अधिष्ठान मैं ही हौं ।

॥ इति श्रीभगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्याया योगशास्त्रे
श्रीकृष्णार्जुनसवादे गुणत्रयविभागयोगो नाम चतुर्दशोऽध्याय. ॥

× × ×

कच्चिदेतच्छ्रुतं पार्थ त्वयैकाग्रेण चेतसा ।
कच्चिदज्ञानसंमोहः प्रनष्टस्ते धनंजय ॥ ७२ ॥

टीका—हे अर्जुन यह तें एकाग्र चित्त सों सुन्यौ तेरो अग्यांन मोह नास भयौ मोसौं कहि ।

अर्जुनोवाच—नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत ।
स्थितोऽस्मि गतसंदेहः करिष्ये वचनं तव ॥ ७३ ॥

टीका—हे कृष्ण मोह गयौ ज्ञान पायौ तुम्हारे अनुग्रह तैं अब निसंदेह रह्यौ हूँ तुम्हारौ बचन करोंगौं ।

संजयोवाच—इत्यहं वासुदेवस्य पार्थस्य च महात्मनः ।
संवादमिममश्रौषमद्भुतं रोमहर्षणम् ॥ ७४ ॥

टीका—हे राजन या भाँति श्रीकृष्ण को अरु अर्जुन को महा अद्भुत संवाद मैं सुन्यौ ।

व्यासप्रसादाच्छ्रुतवानेतद् गुह्यमहं परम् ।
योगं योगेश्वरात्कृष्णात्साक्षात्कथयतः स्वयम् ॥ ७५ ॥

टीका—जो यह बेदब्यास की कृपा तैं साक्षात् श्रीकृष्ण के मुख तैं जोग परम गुह्य सुन्यौ ।

राजन्संस्मृत्य-संस्मृत्य संवादमिममद्भुतम् ।
केशवार्जुनयोः पुण्यं हृष्यामि च मुहुर्मुहुः ॥ ७६ ॥

तच्च संस्मृत्य संस्मृत्य रूपमत्यद्भुतं हरेः ।
विस्मयो मे महान्राजन्हृष्यामि च पुनः पुनः ॥ ७७ ॥

टीका—सो यह फिर फिर समरण करि करि बौहोत हर्ष पावत हौं और यह अद्भुत श्रीकृष्ण को रूप समरण करि करि मोकौं बिस्मै होत है । अरु महाहर्ष होत है ।

यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः ।
तत्र श्रीर्विजयोभूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम ॥ ७८ ॥

टीका—हे राजन यह मोकौं निस्चय है जो जहाँ जोगेस्वर श्रीकृष्ण हैं अरु जहाँ धनुर्धर अर्जुन हैं तहाँ सर्वथा लक्ष्मी है बिजै है बिभूति है अरु नीति है मेरी मति यौं कहै है।

इति श्री महाराजाधिराज महाराजा श्री ५ जसवतसिंह जी कृत भगवद्गीता टीका भाषा लिख्यते।

अध्याय अठारह। १८

सवत् १६५८ फागुण बदि ६ शनिवारे लि मुजैत सघ नागोरे माँहि माधो सघ री पोथी सू लिखी छै।

जथा परतगगीता नितंतत छै
पढँ सुणँ से परम तनु पावै।

———

श्रीमद्भगवद्गीता भाषा दोहा

(१)

(दोहा)

धृतराष्ट्र—धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र मैं मिले जुद्ध के माज।
सञ्जय मो सुत पाडवन कीने कौन जु काज ॥ १ ॥

संजय—पाडवसेना व्यूह लखि दुर्जोधन ढिग आइ।
निज आचारज द्रोन सौँ बोल्यो ऐसैँ भाइ ॥ २ ॥
पाडवसेना अति बड़ी आचारज तूँ देखि।
धृष्टदुमन तव सिष्य ने रच्यो जु व्यूह बिसेषि ॥ ३ ॥
सूर धनुषधारी बडे अर्जुन भीम समान।
द्रुपद महारथ और पुनि है विराट युयुधान ॥ ४ ॥
धृष्टकेत अरु कासिपति चैकितान बलवंत।
कुंति भोज अरु सैव्य पुन पुरजित सत्रु निकंत ॥ ५ ॥
युधामन्यु अतिबिक्रमी उत्तमौज रनधीर।
द्रौपदसुत अभिमन्न जे महारथी बलबीर ॥ ६ ॥
मो सेना मैं जे बडे ते सम गन दिजराज।
नीकैँ जानो तुम तिनैँ खडे जुद्ध कैँ काज ॥ ७ ॥
तुम अरु भीषम कर्न कृप जिन जीते सग्राम।
भूरिश्रवा जु बिकर्न पुन औ असथामा नाम ॥ ८ ॥
और जु बहुतै सूर हैँ मो हित तजैँ पिरान।
भाँत भाँत आयुध लिये सभै जुद्ध बलवान ॥ ९ ॥
मो सैना असमर्थ सी भीषम राखत जाहि।
परसैना समरथ है राखत भीम सु ताहि ॥१०॥
आसपास मो व्यूह कैँ तुम सभ ठाढे होइ।
भीषम की रक्षा करो वरि कै मन मैँ छोह ॥११॥

दुरजोधन कैं हरष कौं भीषमजू चित चाइ ।
सिंहनाद उच्चै कियौ दुस्सह सख बजाइ ॥१२॥
तबहि सख भेरी पनव आनिक गोमुख धूर ।
ताही छिन बाजत भए सब्द रह्यो भरपूर ॥१३॥
स्वेत बरन घोरे लगे दीरघ रथहि बनाइ ।
हरि अर्जुन तापै चढे रहिसो सख बजाइ ॥१४॥
देवदत्त अर्जुन लियो पाचजन्न जदुराइ ।
भीम भयानक भै दियो पौंड्रक सख बजाइ ॥१५॥
नृपति जुधिष्टर हूँ कियो अनँत बिजय को घोष ।
पुन सैदेव जु नकुलहूँ मनि पुषपक जु सघोष ॥१६॥
महाधनुषधर सत हैं रथी सिखडी जान ।
धृष्टदुमन जु बिराट अतिबली सात्यकैं मान ॥१७॥
द्रुपद द्रौपदीसुत सभैं और सुभद्रापूत ।
अपने अपने सख लै धुनि कीनी तासूत ॥१८॥
फुट्यौ हियो कौरोन को सब्द सुन्यो ता बार ।
पृथिवी अरु आकास मैं पूरि रह्यो गुजार ॥१९॥
देखे सुत धृतराष्ट्र के अर्जुन धनुष समारि ।
कपिबर जाकी ध्वज लसै सस्त्रन परत निहारि ॥२०॥
अर्जुन कही सु कृष्न सौं मोरैं चिंतवन चित्त ।
दुहूँ सैन कैं माझि लै रथ ठाढौ करि मित्त ॥२१॥
जब लगि देखौं हौं इन्हें जुरे जुद्ध कै दाइ ।
कौन कौन सौं हौं लरौं या रन मो सम पाइ ॥२२॥
जुद्ध करन जोधा जितै आए हैं या साज ।
दुर्बुद्धी कौरोन कौं मिले करन कौं काज ॥२३॥
संजय —ऐसै कहि श्रीकृष्न जू सुनि अर्जुन की बात ।
दोउ सैन के माझि रथ लै राख्यो तद्यात ॥२४॥
भीषम द्रोनहि आदि दै नृप जु हते ता ठौर ।
अर्जुन सौं बोलत भए करिकै रन की ओर ॥२५॥
अर्जुन ते देखत सबै पिता पितामह भाइ ।
गुर मामा भाई सखा सुत नातो कैं दाइ ॥२६॥

अर्जुन—स्वसुर सुहृद बांधव सकल दुहूँ जु सैना माहि।
तिन्हैं देख करुना भई तब बोले नर ताहि ॥२७॥
देखे मैं सभ बंधु ए कृष्ण जुद्ध कैं दाइ।
मो मुख सूकत जात है अंग अंग सिथराइ ॥२८॥
रोमहर्ष मो देहि मैं अरु कपैं जमाइ।
धनुष गिरत है हाथ सौं त्वचा तपत अधिकाइ ॥२९॥
ठाढो होइ नहीं सकत भ्रमत जु मो मन मीत।
ए सुभ सगुन न देखियतु कैसो यह बिपरीत ॥३०॥
स्वजन हनौं संग्राम मैं तातैं हरि यह जानि।
अपनो भलो न देखियतु है बिपरीत जु मानि ॥३१॥

बिजै न चाहौं कृष्न जू नहिँ चाहत सुख राज।
राजभोग गोबिंद जू अरु जीवन किंह काज ॥ ३२ ॥
राजभोग सुख कृष्न जू करियतु इन्हकै काज।
लरत जीव धनु छाड़ि कैं हम नहि चाहत राज ॥ ३३ ॥
गुर मातुल सुत स्वसुर अरु सारे हूँ अवरेखि।
ए मारैं मोकौ जदपि हौ नहिं हनौं बिसेषि ॥ ३४ ॥
राज तजौं तिहुँ लोक को किती इती यह भूमि।
सुत न हनौं धृतराष्ट्र के किंह सुख रहिहौं भूमि ॥ ३५ ॥
पाप होइ इन्हकैं हनैं जद्यपि लै हथियार।
तातैं ये हनियैं नहीं बंधु सहित निरधार ॥ ३६ ॥
कृष्न स्वजन कौं मारि कैं सुख लहिये किंह भाइ।
वह जु भुलाने लोभ सौं तैं देखे इह दाइ ॥ ३७ ॥
कुलक्षय कीने दोष जो और मित्र को द्रोहि।
जानि बूझि या पाप कौं किहि बिधि कीजै जोहि ॥ ३८ ॥

कुलक्षय कीनैं कुल धरम जात जु सभैं नसाइ।
धर्म नसैं कुल मैं सभै होत अधर्म स्वभाइ ॥ ३९ ॥

कृष्न अधर्मन कै बढैं दुष्ट होहिँ कुलनारि।
होइ बर्नसंकर सभै त्रियादोष निरधारि ॥ ४० ॥

नर्क परैं संकर भएँ कुलघाती जे लोइ।
पतित हौंइ तिन्हके पितर पिंड जु दे नहिँ कोइ ॥ ४१ ॥

कुलै बर्नसकर भएँ दारिद दोष बढाइ।
जात धरम औ कुल धरम दोऊ देत नसाइ ॥ ४२ ॥
कुलधर्मन के नसत ही निर्मदेहि यह होइ।
सदा नर्क मैं ते रहैं कहत जु यूँ सभ कोइ ॥ ४३ ॥
बडे पाप के करन कौ निस्चय कियो बिचार।
चित मैं आनौ राजसुख हनि कुटुब निरधार ॥ ४४ ॥
कर मैं लै हथियार ये आवैं सो समधाइ।
मोहि हनैं जौ सहज ही मानि लेहुँ सुख भाइ ॥ ४५ ॥
सजय—ऐसें कहि अर्जुन तबै बैठि गयो रथ माहि।
कर तैं डारैं सर धनुष सोक बढ्यौ नरनाहि ॥ ४६ ॥

अर्जुन विषादयोग नामक प्रथम अध्याय समाप्त ॥ १ ॥

(२)

सजय—लै उसास अँखियान भरि अर्जुन करुना भाइ।
बहु बिषाद सजुक्त लखि बोले श्रीजदुराइ ॥ १ ॥
कृष्ण—अर्जुन या सग्राम मैं कियुँ दुख पायो मीत।
कीरत अरु स्वर्ग हरैं कायर ज्यूँ भैभीत ॥ २ ॥
कायरता तैं जिन करै यहि ताकौं नहिं जोग।
छाँडि कचाई जीय की सत्रुन कौं दै रोग ॥ ३ ॥
अर्जुन—हरि जू या सग्राम मैं हैं भीषम अरु द्रोन।
पूजा के सर सौं हनों मो सौं कहिये सो न ॥ ४ ॥
गुरहि मार भोगैं करो भखौं सु लोहू रीति।
भीख माँगि बरु खाइये गुरु हंनबो जु अनीति ॥ ५ ॥
यह अब हम नहि जानहीं हार भलो कै जीत।
जिन मारैं हम ना जियैं ते ठाढे हैं मीत ॥ ६ ॥
धर्म माहि हौं मूढ हौं पूछत कृपन सुभाइ।
दीन तिहारी सरन हौं दीजै जुक्ति बताइ ॥ ७ ॥
भूमिलोक सुरलोक को लहौं अकटक राज।
इद्री सोषत जीय कों जाइ न सोकसमाज ॥ ८ ॥
सजय—ऐसे कहि श्रीकृष्न सौं अर्जुन ताही बार।
जुद्ध न हौं हरिजी करों कीनो यहि निरधार ॥ ९ ॥

दुहूँ सैन कैं माँझि यूँ अर्जुन कियो बिषाद।
कृपावत ह्वै कृष्न जू कीनो बचन प्रसाद ॥ १० ॥

श्रीकृष्ण—सोच असोची कौं करत कहत ज्ञान की बात।
सोच न पंडित करत हैं जीव न उपजत जात ॥ ११ ॥
यहि हम तुम नरपति जिते इन्हकौ नास न होइ।
तिहूँ काल थिर हैं जु ये ऐसें सम कों जोइ ॥ १२ ॥
बाल जुवा अरु बृद्धता या देही मैं होत।
तैसे देहाँतर लहै धीरैं मोह न होत ॥ १३ ॥
अर्जुन इंद्री चित्त मिलि बिषै जु सुख दुख देत।
सीत उष्न नहिं थिर रहै सहु तिन्हकों यहि हेत ॥ १४ ॥
जाकै बृथा न होइ कछु सुख दुख गनैं समान।
वहै धीर मुक्तैं लहै बात यहै परिवान ॥ १५ ॥
जो है सो बिनसै नहीं जो बिनसै सो नाहि।
जो इन्ह तत्वन कों लखै गनियै ज्ञानिन माहि ॥ १६ ॥
जाओं जगु यह है भयो सो अबिनासी जान।
जाहि बिनासि न कोउ सकै ताही आतम मान ॥१७॥
अतवंत सभ देह हैं जीव रहत है निच्च।
अबिनासी बहु बस्तु है जुद्ध करैं क्यु न मित्त ॥१८॥
जो याकों हता गनै इन्यों गनै जो कोइ।
यह न मरै मारै नहीं अज्ञानी वै दोइ ॥१९॥
यह न मरै उपजै नहीं भयो न आगै होइ।
अजै पुरातन नित्य है मारै मरै न सोइ ॥२०॥
जो जानत यहि आतमा अज अबिनासी नित्त।
सो नर मारै कौन कौं ताहि हनै को मित्त ॥२१॥
जैसें पटु जीरन तजै पहिरत नर जु नवीन।
देह पुरातन जीव तज नई गहत परबीन ॥२२॥
यहु न कटै हथियार सौं पावक सकै न जार।
भिजै सकै जल नाहिनै सोष न सकै बियार ॥२३॥
कटै जरै सूकै नहीं और न भिजवन जोग।
नित्य रहै सभ ठौर थिर अबिनासी बिन रोग ॥२४॥

प्रगट नहीं जु अचिंत है अविकारी तूँ जानि।
एसें वाकों जानिकैं सोक लेहु निज भानि ॥२५॥
जौ तूँ जानत जीव कौं जनम मरन जो होइ।
तऊ सोक तूं मत करै मन दृढता मैं गोइ ॥२६॥
जो उपजै सो बिनसिहै मरै सु उपजै आइ।
होनहार सो होत है तहाँ न सोक बढ़ाइ ॥२७॥
पाछैं जाहि न जानिये आगैं परै न जान।
माँझ जु यहि कछु देखिये ताको सोक न मान ॥२८॥
जो याहैं देखै कहै सूझै अर्जुन भाइ।
सुनें अचभा सो लगै वह जान्यो नहिं जाइ ॥२९॥
जीव न मार्यो जातु है बसत सभन के देह।
तातें सोच न कीजिये करि काहू सें नेह ॥३०॥
अपनो धर्म बिचार तूं जिन छाडो संग्राम।
धर्मजुद्ध तैं छत्रिअन और न कछु अभिराम ॥३१॥
अपनी इच्छा तैं लह्यो खुल्यौ स्वर्ग कौ द्वार।
भाग्यवंत छत्री लहै ऐसे रन या बार ॥३२॥
और धर्म सग्राम कौं जो तूं करिहै नाहि।
तजिकै कीरति धरम कौं परिहै पापन माहि ॥३३॥
सभै लोक कहिहै अबै तेरो अजस बढाइ।
अजस प्रतिष्ठावत कौ मरबै तें अधिकाइ ॥३४॥
भै तैं अर्जुन रन तज्यौ यौं कहिहैं ये बीर।
तोहि बहुत कहि मानते अब गनिहैं लघु धीर ॥३५॥
तेरे अरि सभ कहैंगे जे अनकहिनी बात।
निज घटियाई कैं सुनैं बहु दुख लागत तात ॥३६॥
लरत मरै लहिहै स्वरग जीतैं पुहवी भोग।
उठि अर्जुन तू जुद्ध करु यहि ताकों है जोग ॥३७॥
लाभ हान सुख दुख सभै जीत अरु हार समान।
तातैं अर्जुन जुद्धि करु पाप लेहु जिन मान ॥३८॥
साख्य बुद्धि तोसों कही कहौं जोग बिधि तोहि।
ता बुधि कैं सजोग तें रहै न कर्मन मोहि ॥३९॥

अल्प कियैं हूँ धर्म यह काटत भौ भै तासु।
कर्म करै बिन कामना ताको होइ न नासु ॥४०॥
बुद्धि जु निस्चैवत की एकै है तू जान।
जिन्हकै निस्चै नाहिनै ते नहिं बहु बुधिमान ॥४१॥
बेदैं मानत स्वर्ग फल ते अज्ञानी लोइ।
कहत इहाँ कछु और नहि तिनमैं ज्ञान न होइ ॥४२॥
स्वर्गलोक की कामना रहत जु जिनके चित्त।
भोग बड़ाई कैं लियैं करत क्रिया मो नित्त ॥४३॥
भोग बड़ाई कामना जिनके चित हार लेत।
निस्चै करि ते बुद्धि कौं नाह समाधि मै देत ॥४४॥
त्रिगुन कर्म कौ कहत हैं वेद सु तजि तूँ मित्त।
धीर्ज धर्म दुख सुख सहा जोगछेम तजि चित्त ॥४५॥
सरिता सागर कूप सौं सरत जु एकैं काज।
तातैं जानौ ब्रह्म कौं लहत वद कौं साज ॥४६॥
तौ अधिकार जु कर्म मै नाहि फलन सौं हेत।
कर्मन कै फल छाड़ि कैं करि कर्मन गत चेत ॥४७॥
योगस्थित ह्वै कर्म करि सभै सग कौं त्याग।
सिद्धि असिद्ध समान गनि यहै जोग अनुराग ॥४८॥
बुद्धिजोग तें कर्म कौं अर्जुन तूँ घटि जान।
सरन होइ तूँ बुद्धि की दीन कामना मान ॥४९॥
बुद्धिजुक्त दोऊन जन कहा पुन्य कह पाप।
जोग कर्म मै चतुरइ सोऊ कर तूँ आप ॥५०॥
चाहत नाहि जु कर्मफल जे पडित बड़भाग।
कर्मबध कौं डारिकै लहत मुक्ति अनुराग ॥५१॥
मोह सघन तजिहै जबै अर्जुन तेरी बुद्धि।
तब चाहै बैराग्य कौं चित मैं करिकैं सुद्धि ॥५२॥
तेरी मति बैराग्य मैं थिरु रहिहै जब मित्त।
तब समाधि मैं जोग लहि हुइहै निस्चल चित्त ॥५३॥
अर्जुन— जाकि बुधि निस्चल सदा ताके चिह्न बताइ।
कैसे बोलत किम रहत चलत जु हैं किह भाइ ॥५४॥

श्रीकृष्ण— जे हैं मन मैं कामना तिन्हकौं तजै जु कोइ।
आतम सौं सतोष गहि निस्चलबुद्धि सु होइ ॥५५॥
सुख कौं तजि भागै नहीं सुख चाहै नहिं चित्त।
तजै नेह औ क्रोध भै निस्चल बुद्धि सु मित्त ॥५६॥
नेह न काहू सौं करै भले बुरे की चाह।
भले बुरे सौं काज नहिं थिरबुधि कहिये ताहि ॥५७॥
ज्यौ कूरम निज अग कौं खैंच आपकौं लेत।
तैसें खैंचै इद्रियन तजि बिषयन को हेत ॥५८॥
बिषै करत है दूर सो तजत जु है आहार।
आतम देख्यो जातु है अभिलाषा निरधार ॥५९॥
ज्ञानवत जो पुरुष हैं जतन कठिनता साधि।
इद्री अति बलवत हैं तिन्हौं लगावत ब्याधि ॥६०॥
तातें रोकै इद्रियन मो में चित कौं लाइ।
बस कीनी जिन ए सभैं सो थिरबुद्धि सुभाइ ॥६१॥
जब धावत हैं बिषय कौं तिनसौं उपजत सग।
काम जु उपजत सग सौं तातें क्रोध अभग ॥६२॥
मोह होत है क्रोध तैं होत मोह सुधनास।
सुद्धि गएँ बुधि जात है बुद्धि नसैं मृतु तास ॥६३॥
राग द्वेष कौं जो तजै करै न बिषयन सेव।
जो इद्रिय निज बस करै लहै सात को भेव ॥६४॥
साति जु हिय मैं गहत है होत दुखन की हानि।
बुद्धि तबै थिर होत है यूँ हित लीजो मानि ॥६५॥
जोग बिना बुद्धिहुँ नहीं बुधि बिन होहि न ध्यान।
ध्यान बिना साती नहीं ता बिन सुख न सुजान ॥६६॥
इद्री जित जित फिरत है तित तित ल्यावत खैंचि।
मन बुद्धी हरि लेत है बायु नाउ ज्यौं ऐंचि ॥६७॥
जिन इद्री जीती सभै ठौर ठौर तैं आनि।
बिषैत्याग है जिन कियो थिरबुधि ताहि जु मानि ॥६८॥
जो जन जाग्रत है तहाँ जहाँ सभन कौं रात।
जीव जहाँ जाग्रत सभै सो मुनि कौं निसि भात ॥६९॥

जैसे जल सम सरित को मिलत समुद्रै जाइ।
त्यौं समाहिं सब कामना साति रहै तिहिं आइ ॥७०॥
मन सौं तजि सब कामना जो निसप्रेही होइ।
अहंकार ममता तजै तामै साति समोइ ॥७१॥
ब्रह्मज्ञान तोसौं कह्यो यातैं मोह नसाइ।
सो बुधि अत समै रहै मिलै ब्रह्म मैं जाइ ॥७२॥

साख्ययोग नामक
द्वितीय अध्याय समाप्त ॥ २ ॥

(३)

अर्जुन—बुद्धि भली है कर्म तैं कृष्न कही तुम जोहि।
कर्म भयानक में कहौ कैसें डारत माहिं ॥ १ ॥
बचन सुने संदेह के मो बुधि है भरमाति।
निस्चै करि एकै कहौ मुक्ति लहौं जिहि भाँति ॥ २ ॥

श्रीकृष्ण—निष्ठा जो द्वै भाँति की सो मैं कही बनाइ।
साधन कौं ज्ञानै भलौ कर्मी कर्म बताइ ॥ ३ ॥
कर्म बिना कीने पुरुष ज्ञानै लहै न कोइ।
किये बिना सन्यास कैं दोऊ मुक्ति न होइ ॥ ४ ॥
कर्म करे बिनु छिनक हूँ रहै न कोऊ जतु।
बिबस भए कर्मन करैं बाँधें मायातंतु ॥ ५ ॥
कर्मेंद्रिय को रोकि कें मन बिषयन को ध्यान।
कपटी मूरख है बड़ो ताको दंभी जान ॥ ६ ॥
मन सो रोकै इंद्रियन कछुअक कर्म पचाइ।
फल अभिलाषा कौं तजै बात यहै अधिकाइ ॥ ७ ॥
अनकर तें जे कर्म हैं भले सु तूँ करि मित्त।
बिन कीने तैं कर्म कै देह न निभहै नित्त ॥ ८ ॥
जज्ञकर्म बिनु कर्म जो जगबंधन ते होत।
तिन काजैं कर्मन करौ मेटि फलन को मोत ॥ ९ ॥
और तुम्हारो यज्ञ तै कामधेनु यहि तात।
जज्ञ स तरबौ जगत कौ कही बिधाता बात ॥१०॥

यज्ञन करि देवन जजौ देव तुम्हैं फल देहु।
वृद्धि परस्पर जौ करौ मनबांछित फल लेहु ॥११॥
इष्टभोग कों देत हैं देव जजै तें मित्त।
बिन पूजैं जो लेत है सु वै चोर निस्चित्त ॥१२॥
जज्ञसेष जो खात है पापन डारत धोइ।
जज्ञ बिना जो खात है अघन लहत है सोइ ॥१३॥
कर्म जु उपजत बेद तें बेद ब्रह्म तें मान।
ब्रह्म जु भासत सबन मैं जाहि जज्ञ करि जान ॥१४॥
बेद बताए कर्म जे नर जु करत है कोइ।
पापि इंद्रियनबस भए जन्म रहत है खोइ ॥१५॥
आतम सौं संतुष्ट जे आतम सौं रत होइ।
तृप्त जु आतम सौं रहै ताहिं न नीको कोइ ॥१६॥
जाहि करें तें पुन्य नहिं बिनु कीने नहिं दोष।
ब्रह्मादिक सों काज नहि आतम हा सों तोष ॥ १७ ॥
फल कर्मन कौं छाड़ि कै कर्म करौ तुम मित्त।
सग बिना कर्मन करै मुक्ति लहै तिह नित्त ॥ १८ ॥
लही सिद्धि जनकादिहू कीने कर्मसमाज।
लोकरीत जो देखि कै तुम ही करो सु काज ॥ १९ ॥
बडे आचरैं जो करैं सोई मानैं आन।
ताही मग सब जग चलै बडे करैं सु प्रमान ॥ २० ॥
मोकौं कछु करनो नहीं तिहूँ लोक मैं काज।
कछु न लह्यो लहिबो न कछु कर्म करत या साज ॥ २१ ॥
जो हौं कर्मन नहिं करौं रहौं आलसी मीत।
त्यूँ हूँ नर सब ही गहै मेरै मग की रीत ॥ २२ ॥
जो हों कर्मन नहिं करों सबको होवै नासु।
प्रगट होहि संकर तबै हनौं प्रजा या आसु ॥ २३ ॥
मूरख जो कर्मन करै करि बहु प्रीति जु भाइ।
लोककाज ज्ञानी करै मन तासौं न लगाइ ॥ २४ ॥
तिनकी बुधि भेद न तजै रहे कर्म लपटाइ।
सावधान ज्ञानी रहै पोषै तेई दाइ ॥ २५ ॥

माया के गुन करत हैं सबैं कर्म सह ज्ञान।
अहंकार करि मूढ जे लेत आपको मान ॥ २६ ॥
गुन अरु कर्म बिभाग कौं जानैं तत्व जु कोइ।
इंद्रिय बिषयन सौं लगी आप गमन नहिं होइ ॥ २७ ॥
माया गुन करि मूढ जे रहे बिषय लपटाइ।
ता मग तैं ज्ञानी तिन्हैं देत न क्यूं हूं चलाइ ॥ २८ ॥
चित अध्यातम आनिकै कर्मन मो मैं राख।
अहंकार ममता तजो बुद्धहि को अभिलाष ॥ २९ ॥
जो नित या मेरे मतैं सरधा सौं गहि लेत।
जिनके जिय निस्चै करम करम तजैं करि चेत ॥ ३० ॥
जो मेरैं या मतहि कौं करत न दोष लगाइ।
ते मूरख जानैं नहीं हैं अचेत के भाइ ॥ ३१ ॥
ज्ञानवंत हूं करत हैं अपनी प्रकृति समान।
सब कोई निज प्रकृतिबस रोकैं ते जु अजान ॥३२॥
सब इंद्रिन कौं बिषय मैं राग द्वेष जो होइ।
तिन्हहीं नर बस जाइ नहिं रहैं जु अरि सम जोइ ॥३३॥
नून होइ नर धर्म जा पर तैं अधिको मानु।
मीचु भली निजु धर्म मैं परधर्मो भय जानु ॥३४॥
अर्जुन—कहो जु प्रेरैं कौन कैं पुरुष करत है पाप।
याकैं इच्छा नाहिनैं बस देत संताप ॥३५॥
श्रीकृष्ण—यह जु काम अरु क्रोध है रजगुन ही तैं होइ।
क्यों हूं जु पूरन होत नहिं पापी कौ अरि जोइ ॥३६॥
अग्नि ढपै ज्यूं धूम सौं दपन मल कैं भाइ।
गर्भ जुचा ज्यूं ढपै जगु इन ताही के दाइ ॥३७॥
ज्ञानी हूं कौ ज्ञान इन बैरी राख्यौ झोंप।
काम जु दुष्पूर अग्नि याहि सकै न कोऊ दांब ॥३८॥
इंद्रिय मन अरु बुद्धि ह एई जाको ठान।
इन्ह करि मोहत जु ह ज्ञानी हूं का ज्ञान ॥३९॥
अर्जुन या ते पहलहीं इंद्रिन कौं तूं रोक।
हरत ज्ञान बिज्ञान जो इन्ह पापन कौं ठोक ॥४०॥

इंद्रिय है सभ तैं परे तिन्हैं परैं मन जोइ।
मन तैं परैं जु बुद्धि है तातैं आतम होइ ॥४१॥
आतम लखि बुधि तैं परैं मन बस करु तिहि माँहि।
काम रूप अरि दुस्सहै मारै जर नर ताहि ॥४२॥
कर्मयोग नामक तृतीय अध्याय समाप्त ॥ ३ ॥

(४)

श्रीकृष्ण—यह जु जोग है मैं कह्यो पहिल प्रमुख सौं आइ।
परंपरा या जोग की जानत हैं रिखराइ ॥ १ ॥
बहुत दिना बीते गए सोई जोग नसाइ।
याही तैं मो मत जु है और भगत कै भाइ ॥ २ ॥
अर्जुन—तुम्ह तो प्रगटे हो अबैं सूर पुरातन देव।
तुम्ह कब तासौं है कह्यो हौं जान्यो नहि भेव ॥ ३ ॥
श्रीकृष्ण—तेरे अरु मेरे जनम बीते हैं बहु बार।
तूं तिन्हकौं जानत नहीं हौं जानत निरधार ॥ ४ ॥
अज अबिनासी प्रगट हौं जगत ईस करतार।
अपनी इच्छा लेत हौं सुद्ध सत्य अवतार ॥ ५ ॥
जब अर्जुन जग मैं धरम घटत बढत है भार।
बढत अधर्म जहाँ तहाँ तब हौं जन्मौं आइ ॥ ६ ॥
साधन की रच्छा करौं पापी डारौं मार।
थापत जीत जु धर्म की जुग जुग धर्म बिचार ॥ ७ ॥
मेरे जन्म जु कर्म कौं तत्वु लहै जो जानि।
देह तजै मोकौं मिलै बहुर न जन्मै आनि ॥ ८ ॥
काम क्रोध भय कौं तजै मो मैं राखि जु भाइ।
बहुत ज्ञान तप करि गहै मो हिय माझ समाइ ॥ ९ ॥
जो मोकौं जैसे भजत हौं तैसैं फल देत।
अर्जुन नर सम जगत मैं मेरो मग गहि लेत ॥१०॥
कर्म सिद्धि की चाह करि पूजन देवन लोइ।
कर्मन की नरलोक मैं सिद्धि बेग नहि होइ ॥११॥
चारो बरन जु मैं रचे करि गुन कर्म बिभाग।
हौं इन्हकौ करतार हौं नाहि मोहि अनुराग ॥१२॥

कर्म न मौकों लगत हैं मोहि न फल की चाहि।
ऐसें जो मोकों लखत कर्म न बाँधै ताहि ॥१३॥
जो चाहत है मुक्ति कौं करैं कर्म तिह आइ।
तातैं तुंहू जु कर्म कर पहलन की मति पाइ ॥१४॥
कौन अकर्म सुकर्म को रहत पडितौ मोहि।
मुक्ति काज सोई करम कहे देत हूँ तोहि ॥१५॥
जान्यौ चहियै कर्म हूँ और बिकर्म सुभाइ।
सुन अकर्म रति लीजिये गहन कर्म की दाइ ॥ १६ ॥
कर्मन माँझ अकर्म जे लहै अकर्मन कर्म।
बुद्धिवत तिन्ह सभ किये मेटे मन के भर्म ॥ १७ ॥
जाकै सभ आरभ निज बिना कामना होत।
ताकों पडित कहत हैं दह कर्म कै गोत ॥ १८ ॥
कर्मफलन छाड़ै सदा करै न ताकी आस।
ताको कर्मन करत हूँ लगै न भय की फास ॥ १९ ॥
जितनी इद्री देह मन काम परिग्रहि जोहि।
देह काज कर्मन करें पाप न लागत तोहि ॥ २० ॥
जथालाभ सतोष जो सुख दुख लखै न दोइ।
सिद्धि असिद्धी एक सी कमन बध न होइ ॥ २१ ॥
तजै सभै जो कामना ज्ञान लगावै चित्त।
जज्ञ काज कर्मन करै सो न बाँधिये मित्त ॥ २२ ॥
होम अग्नि हवि ब्रह्म है अपै ब्रह्महि जान।
जाइ ब्रह्म में सो रहै कर्मसमाधिहि गान ॥ २३ ॥
देवन कों इकु जजत हैं करत जज्ञ बहु भाइ।
एक ब्रह्म में जजत है ज्ञानजज्ञ के दाइ ॥ २४ ॥
एक जु होमत इद्रि को सजम अग्नि अनूप।
बिषयन होमत एक हैं इद्री अगिन सरूप ॥ २५ ॥
जे सभ इद्रिन के करम और कर्म सभ प्रान।
होमत सजम अग्नि मैं प्रगट होत चित ज्ञान ॥ २६ ॥
एक जजत है दरब सों एक तपस्या जोग।
एक जु पठ कै ही जजै एक ज्ञान सौं लोग ॥ २७ ॥

होम अपानै प्रान मैं प्रान अपानहि माह।
प्रान अपानहि रोकिकैं जजत रहै नरनाह ।। २८ ।।
प्रानन हीं मैं प्रान कों होमत तजै अहार।
ये सभ जानत जज्ञ कों मेटत पापबिकार ।। २९ ।।
जज्ञसेष अमृत भखत होत ब्रह्म में लीन।
या जु लोक बिन जज्ञ नहि परलोकन है छीन ।। ३० ।।
बहुत भाँति बेदन कहे जज्ञ सभै ये जानि।
ते सभ जानो कर्म तैं लेहु मुक्ति श्रीखानि ।। ३१ ।।
दरब जज्ञ तैं है बड़ो ज्ञान जज्ञ यहि भाइ।
कर्म जिते बेदन कहे ज्ञानहि रहे समाइ ।। ३२ ।।
कीजै बहुत जु नम्रता प्रस्नु जु सेवा भाँति।
तैं ज्ञानी उपदेस है ज्ञान जिन्हैं तिह साँति ।।३३।।
अर्जुन तू याकैं लहैं रहै जु फिरि नहिं मोहि।
सभ जीवन कौं देखिकैं आप माझ को जोहि ।।३४।।
सभ पापन मैं जो बड़ो पापी ही तू होहि।
ज्ञान नाउ चढि उतरिहै पापसिंधु सम जोहि ।।३५।।
जैसे ज्वाल हुतास की डारत है सभ जारि
ज्ञान अग्नि त्यू प्रबल है डारत कर्म निवारि ।।३६।।
ज्ञान समान न लोक मैं पावन नहीं जु और।
जोगसाधना जा करै लहै ज्ञान की ठौर ।।३७।।
इद्रीजित श्रद्धासहित पावत ये मो ज्ञान।
तब पावै ततकाल ही सुख औ साति सुजान ।।३८।।
जो मूरख श्रद्धा बिना ताको होइ बिनास।
जाकौं यह सदेह है दुहूँ लाक सु निरास ।।३९।।
मो मैं अरपै करम करि करि सदेह सु दूरि।
ज्ञानी बधै न कर्म सो रहै सदा सुख पूरि ।।४०।।
सदेह जु अज्ञान तैं उपज्यौ अर्जुन आइ।
ज्ञान खड्ग सौं काटि कै जोग करौ नरनाह ।।४१।।

कर्मसन्यासयोग नामक चतुर्थ अध्याय समाप्त ।४।।

(५)

अर्जुन—कबहूँ हौ सन्यास कौं कबहि कर्म को जोग।
निस्चै करि एकै कहो मेटौं क्यूँ भवराग॥ १॥

श्रीकृष्ण—कर्मजोग सन्यास अरु ये दोऊ समदैन।
कर्मजोग सन्यास मैं कर्मन लहिये चैन॥ २॥
द्वैष तजै चाहै तजै सो सन्यासी जान।
रागद्वेष तें जो रहित ताहि छुट्यो तूँ मान॥ ३॥
जोग साख्य द्वै कहत हैं मूरख पडित नाहि।
दोउन मैं एकै भजत दोऊ फलिहैं ताहि॥ ४॥
थान जु लहिये साख्य तैं सोउ जोग तैं होइ।
साख्य जोग एकै गनै ताकौं ज्ञानी जोइ॥ ५॥
लहत सँन्यासै दुख सो बिनु कर्मन रे मित्त।
जोग जुगति जो करत हैं जुगनि लहत निस्चित्त॥ ६॥
इद्रियजित हुइ सुद्ध जे जोगजुगति जो कोइ।
जीवन जानत आतमा कर्मलिप्त सु न होइ॥ ७॥
ज्ञानी कर्म जु करत है लेत किये नहिँ मान।
सूँघत देखत चलत पुनि सुनत छुवत हूँ खान॥ ८॥
सोवत जाग्रत चलत हूँ बोलत डारिहुँ देत।
इद्रिय बिषयन सौं पगी जानत है सभ हेत॥ ९॥
कर्म करै तजि सग कौं समै ब्रह्महूँ जान।
ताकौं पाप न लगत है पद्मपत्र जल मान॥१०॥
देही मन बुधि इद्रियन जोगी होइ निसग।
कर्म करत अति चाहि सों चित्त सुद्ध कै ढग॥११॥
ज्ञानी मुक्ति जु लहत है कर्म करैं फल छोडि।
मूरख फल की आस करि बँधत कामना आडि॥१२॥
मन करि कर्मन जे तजत ज्ञानी तिन्हकौं मानि।
नव द्वारन पुर मैं बसत लेत सुखन की खानि॥१३॥
ईस्वर रचै न सृष्टि कौं नहि कर्मन कर्तार।
कर्मफलैं हूँ नहि सृजत प्रकृति करत बिस्तार॥१४।

मुक्त न काहू कौं गहै और पाप नहि लेत।
ढाप्यौ ज्ञान अज्ञान तैं प्रगट न मोहै देत ॥१५॥
दूर कियो अज्ञान जिन दियो ज्ञान प्रगटाइ।
देखत ईस्वर रूप तै ज्ञान सूरु कैं दाइ ॥१६॥
जे मन कौं अरु बुद्धि कौं राखत ईस्वर माइ।
जन्म मरन तिन्हकों नहीं मुक्त होंहि नरनाह ॥१७॥
बिद्या बिनय जो लिये द्विज गो गज स्वपचरु स्वान।
ज्ञानी इन्हकों सम गनै भेद लेत नहि मान ॥१८॥
समता जिन्हकैं हीय मैं तिन जीत्यो ससार।
समता ब्रह्महि को कहत ब्रह्मलीन निरधार ॥१९॥
सुख पावै हरषै नहीं दुख पावै न रिसाइ।
राखै थिर निज बुद्धि कौं ब्रह्महि रहै समाइ ॥२०॥
बाहर के सुख कों तजै हियसुख रहै सुजान।
ब्रह्मबिषै चित को धरै लहै जु आनँदखान ॥२१॥
बिषै जिते ससार के ते हैं दुख के मूल।
उपजत बिनसत ही रहैं पडित गहै न भूल ॥२२॥
काम क्रोध के वेग कौं जे सहि सकैं सुभाइ।
ते जोगी नित ही रहैं थिर सुख मैं लपटाइ ॥२३॥
जाके हीय प्रगास है अतर सुख आराम।
वह जोगी परब्रह्म है लहै ब्रह्म को धाम ॥२४॥
जो ज्ञानी पापन तजै होत ब्रह्म मैं लीन।
भेद न ताकैं जिय रहै होत सभन सौं दीन। २५॥
काम क्रोध सो दूर करि बस कीनो जिन चित्त।
ज्ञानवत ते हैं सदा ब्रह्म चहूँ दिस नित्त ॥२६॥
तजे बिषै ससार के दृष्टि भौंहु मै राख।
प्रान अपानहि सम करे नासा मधि अभिलाख ॥२७॥
जीतै इन्द्रिय बुद्धि मन मुक्ति जु मुनि मन देइ।
इच्छा भय क्रोधै तजै मुक्ति पदारथ लेइ ॥२८॥
तप जज्ञन को भोक्ता सभ लोकन को ईस।
सांति लहै जो जानिकै मोकों प्रभु जगदीस ॥२९॥
सन्यासयोग नामक पचम अध्याय समाप्त ॥ ५ ॥

(६)

श्रीकृष्ण— कर्मन फल चाहै नहीं कर्म करै निहकाम।
जोगी सन्यासी वहै पावत है सुख धाम ॥१॥
बिन सन्यासैं जोगु नहि यह जु भाँत तूँ मान।
जाकों सन्यासी कहे वहै जोगि तूँ जान ॥२॥
जोगहि कर्मन तैं लहै ज्ञानी चित्तबिचार।
जोगु गहै साम्तै लहे बिषै इद्रियन मार।३॥
बिषयन सों अरु कर्म सों होइ प्रीति जब दूरि।
सब सङ्कल्पन कों तजै जोग रहै तब पूरि ॥४।
निज आतम कौं उद्धरै अधोगमन जु करेइ।
आतम ही रिपु आपनो आतम ही सुख देइ ॥५॥
आपहि जीतै आतमा सोई बंधु जु याहि।
जिन जीत्यो नहिं सो वहै अरि ह्वइ बर्तत ताहि ॥६॥
जिन जीत्यो है आतमा सांति लही बहु ज्ञान।
सीत उष्न सुख दुख जु सम समै मान अपमान॥७॥
जानत ज्ञान विज्ञान जो औ इंद्रीजित होइ।
कंचन पाहन एक सम गनै जु जोगी सोइ ॥८॥
मित्र उदासी सत्रु पुनि निज अरु बंधु समान।
साधू पापी चित्त मैं गनत एक उनमान ॥९॥
बैठि इकोसो इकचितो जोगी साधे जोग।
एकाकी चाहै न कछु लोरै नहि सुख भोग।१०॥
ठौर पुनीत निहारि कैं करि आसन बिस्तार।
नहिं ऊंचो नीचो नहीं पटु कुस अजिन बिथार ॥११॥
करि बैठै मन कौं जु थिर सब इंद्रिय कांर्ज ति।
करिकैं आतम सुद्ध कौं जोग करै इहि रीति ॥१२॥
काया सिर अरु ग्रीव कौं राखै एक समान।
डीठ करैं निज नासिका देखै नहिं दिस आन ॥१३॥
सात गहै भय कों तजै ब्रह्मचर्ज ब्रत लेइ।
मो मैं राखै रोकि मन रहै जग कैं भेइ ॥१४॥

या बिधि करै जु जोग कौं निज मन कों थिर राखि।
साति लहै मोकौं मिलै रहै अमीरस चाखि ॥१५॥
जोग लहै नहि बहु भखैं बिनु खाएहू मीत।
सोवत हूँ सोचै नहीं अति जाग्रत है नीत ॥१६॥
जुक्त जु हार बिहार सों कर्मजुक्त पुन होइ।
जाग्रत सोवत यों जुगत सो डारत दुख धोइ ॥१७॥
जतनन सों मन रोकि कैं राखै आतम माइ।
तजै सबै जो कामना सो जोगी नरनाह ॥१८॥
जैसे दीप समीर बिनु रहै जोति ठहिराइ।
जोगी निस्चल चित्त कौं उपमा है या भाइ ॥१९॥
जोगी सेवत जोग कौं चित्त जहाँ ठहिराइ।
निरख जु आतम कों तहाँ रहै महासुख पाइ ॥२०॥
जो सुख इंद्रिन तें परे बहुत बुद्धि गहि लेत।
या दुख कौं जानै तबै जा सुख पाछै नेत ॥२१॥
जा पाएं लाभ न अधिक और हानि नहिं मित्त।
थिरता गहि डोलै नहीं बहु दुख पाएँ चित्त ॥२२॥
दुख हू कें सजोग तें मानि जु लेत बियोग।
निस्चै करि जोगै करै ताहि कहत है जोग ॥२३॥
सकल्पादि जे कामना तिन्हैं तजै चित चाइ।
मन सों रोकै इंद्रियन जोग करै या भाइ ॥२४॥
धीरज धरि अरु बुद्धि करि हरुएँ हरुएँ त्यागि।
कछू करै नहिं कामना, आतम मैं अनुरागि ॥२५॥
मन चचल जित तित चलै ताकों राखै रोकि।
करि सजम निज आतमा सजै जु ताकौं टोकि ॥२६॥
जाके मन मैं साति है पापरहित जो होइ।
मगन जु ब्रह्मानद मैं ता जोगी कैं जोइ ॥२७॥
जो जोगी यहि बिधि करै जोग पाप कौं त्यागि।
लहै सहज सुख ब्रह्म को रहत सदा अनुरागि ॥२८॥
मोहि लखै सब ठौर जो सब कैं मोही माहि।
मोहिं जु देखत सो सदा हौं हूँ देखत ताहि ॥२९॥

व्यापक हौं सभ जीउ मैं मोहिँ जु सेवत कोइ।
कैसे ही कित हूँ रहौ ताकों मो महि जोइ ॥३०॥
सर्ब विषै इस्थित जु हौं इमि लखिहै जो मोहि।
रहौ कौन हीं भाँत वह मो मैं बर्तत जोहि ॥३१॥
सभ कों देखै आप सम सुख दुख एकै आइ।
सो जोगी सभ सों बड़ो मोमै रहै समाइ ॥३२॥

अर्जुन—जोग कह्यो तुम कृष्न जू मोकों एक समान।
रहै न मो मन चचलहि मो तुम कियो बखान ॥३३॥
मन है चचल कृष्न जू बहु छोभक दृढ जानि।
ताकों रोकन पौन सम है अति कठिन सुमानि ॥३४॥

श्रीकृष्ण -अर्जुन तैं साँची कही मन चचल न गहाइ।
जोग किये बैराग सों नीकै पकड्यौ जाइ ॥३५॥
जिन पकड्यो नहिं चित्त निज तापै जोग न होइ।
जिन अपनौ मन बस कियो लहत तपन सों मोइ ॥३६॥

अर्जुन—अजती अरु सर्धासहित जोगभ्रष्टता पाइ।
लहै न सिद्धि सुजोग की कौन जु गति कों जाइ ॥३७॥
कहूँ दुहूँ तैं भ्रष्ट है बादर ज्यूं बिनसाइ।
ताकों कछू न आसरो रह्यो मूढ कैं भाइ ॥३८॥
मेरे या सदेह कौं दूर करौ जगदीस।
मेटौ या सदेह कौं कौन करै तुम्ह रीस ॥३९॥

श्रीकृष्ण—अर्जुन दोऊ लोक मैं ताको होइ न नास।
भले कर्म जो करत हैं ताकों नहिँ अवबास ॥४०॥
पुन्यवत के लोक लहि रहत बहुत दिन जाइ।
जोगभ्रष्ट धनधानजुत तिह घर जन्मै जाइ ॥४१॥
बुद्धिवत जोगीकुलन आइ लेत औतार।
जन्म लेन ऐसे घरन दुर्लभ है निरधार ॥४२॥
तितहूँ पहिली देह कौं लहत बुद्धिसजोग।
जतन करत है सिद्धि कों बहु बिधि साधै जोग ॥४३॥
ज्यूँ सो अपने बस नहीं है पहिलो अभ्यास।
तातैं उपजै जोग जो ब्रह्मसिद्धि महिँ बास ॥४४॥

जोगी जो जतनहि करै सभ अघ डारे धोइ।
बहुत जनन करि सिद्धि लहि ताहि परम गति होइ ॥४५॥
तपसी सैं जोगी अधिक ज्ञानी हूँ तैं जान।
कर्मिन हूँ तैं है अधिक अर्जुन जोग सु मान ॥४६॥
जो जोगी राखत मनहि मो मैं निश्चल भाइ।
श्रद्धाजुत मो कों भजै सो सभ तैं अधिकाइ ॥४७॥

आत्मसंयमयोग नामक षष्ठ अध्याय समाप्त। ६ ॥

(७)

श्रीकृष्ण—मेरो ही कर आसरो मो ही मैं चित राख।
मो कों जाने सत्त वहि यूँ समझायो भाख ॥ १ ॥
ज्ञान जु औ विज्ञान कों तो सों कहौं विधान।
या कैं जानैं जानबो कछु न रहत है जान ॥ २ ॥
जतन करत है सिद्धि कौ एकै जो नर माहिं।
तिन मैं हूँ कोऊ लखत और लखै मुहि नाहि ॥ ३ ॥
भूमि नीर पावक पवन अंबर मन बुधि मान।
अहंकार हैं आठवों माया भेद न जान ॥ ४ ॥
माया मेरी एक यह जिन जु गह्यौ संसार।
सांची मन मैं मानि लै जीवरूप निरधार ॥ ५ ॥
माया तैं उत्पन्न हैं सभै जीव यहि दाइ।
हौं उपजावत जगत कौं नास करौं चित चाइ ॥ ६ ॥
अर्जुन मो तैं जो परैं और बात जिन मान।
ज्यूं मनियन महि सूत इक त्यूं सभ माहिं पिछान ॥ ७ ॥
चंद सूर को किरन हौं जल रस मोकों मान।
बेदन मैं हौं प्रनव हौं पौरुष सब्द बखान ॥ ८ ॥
गंध जु हौं ही फूल महि हौं पावक मैं तेज।
.. ॥ ९ ॥

सभ जीवन कौ बीज हौं मोहि जानि यौं लेइ।
बुद्धिवंत मैं बुद्धि हौं सभ तेजन को गेह ॥१०॥
बल बलवंतन कों जु हौं कामराग तित नाहिं।
कामरूप हौं ही जु हौं धर्म बसै मुझ माहिं ॥११॥

राजस तामस सातकी जेई सिगरे भाइ।
ये सभ मो मै बसत है मोहिं न इनसों चाइ ॥१२॥
तीनो गुन के भाउ जे तिन्ह मोह्यो ससार।
मोहिं जु कोऊ ना लखत इन्हकै परले पार ॥१३॥
मेरी माया गुनमई दुस्तर तरी न जाइ।
जो कोइ आवै मो सरन सो जु तरै सुख भाइ ॥१४॥
पापी मूरख जे जगत ते नहिँ पावत मोंहि।
ज्ञान जु माया करि हरौं असुर गुनन मो जोहि ॥१५॥
पुन्यवत ते चार विधि मोहिँ भजत चित आन।
ज्ञानी रागी कामजुत जिज्ञासी सु निदान ॥१६॥
ज्ञानी जो भगतिहि करै सो सभ ते अधिकाइ।
ज्ञानी कों बल भुज जु हौं ज्ञानी मोहिँ सुहाइ ॥१७॥
मेरे मति यह सभ बढे ज्ञानी मो कों जान।
उत्तम गति पाई जु तिन्ह मेर लेत नहि मान ॥१८॥
बहु जन्मन मोकों लहै ज्ञानवत रे मित्त।
बासुदेव सभ मैं लखै सो दुर्लभ जित चित्त ॥१९॥
ज्ञान नहीं जिनकै हिये सेवत और देव।
अपने काम स्वभाव सों बँध्यो जु ताही भेव ॥२०॥
श्रद्धाजुत जे पूजही देवन कों चित चाइ।
ताकों ताही माझ हौं श्रद्धा देउँ बढाइ ॥२१॥
सो वाही श्रद्धा सहित पूजत वाही देव।
देत जु हौं ही कामना वह नहिँ जानत भेव ॥२२॥
फल थोथा पावत जु वह बिना ज्ञान है मूढ।
देवन कै देवन मिलै मो भगती मैं रूढ ॥२३॥
जाके थोड़ी बुधि जु है प्रगट न जानत मोहि।
अबिनासी उत्तम जु हौं सभ तैं न्यारो जोहि ॥२४॥
ढँप्यो जु माया जोग हौं काहू कौं न प्रकास।
मूरख मोहि न जानही अजर अमर सुखबास ॥२५॥
जीव जिते जानत इन्हैं बरतमान हूँ मित्त।
मैं निहारि सभ कौं लखौं मोहि लखै नहिँ चित्त ॥२६।

राग द्वेष अज्ञान तें सभैं जु मोहित होत।
मान लेत हैं आपकों हम हैं सुखन उदोत ॥२७॥
पुन्य करैं जे जगत मैं दूरि कियो निज पाप।
तेई छूटत मोह तैं मो कों पावत आप ॥२८॥
जरा मरन की हानि को जो कोउ करत उपाइ।
जानत जे अध्यातमैं ब्रह्म कर्म कै भाइ ॥२९॥
अधिदैवत अधिभूत जो मोको जानत मित्त।
मरन समै भूलत नहीं जोगी मेरो चित्त ॥३०॥

ज्ञानयोग नामक सप्तम अध्याय समाप्त ॥७॥

(८)

अर्जुन— अध्यातम को ब्रह्म को कर्म कहा जगदीस।
अधिदैवत अधिभूत को जानत बिस्वैबीस ॥१॥
अधिजज्ञहि कासों कहत या देही मैं कौन।
कैसैं तुम्हको जानियै प्रान करत जब गौन ॥२॥

श्रीकृष्ण— अछर ब्रह्म सौं हैं कहत अध्यातम जु सुभाइ।
जो उपजावत जगत कौं सोई कर्म सदाइ ॥३॥
देह जु है अधिभूत यह अधिदैवत है जीव।
सब देहिन की देह मों सो अधिजज्ञ सु पीव ॥४॥
अत रमैं देहै तजै ता सों सिमरन होइ।
सो तबही मोकों मिलत तहाँ न ससौ कोइ ॥५॥
प्रानी जब देहै तजत सिमरत जोई काज।
यामै ससौ नहि कछू पावत सोई साज ॥६॥
मेरो सिमरन नित करै, सिद्ध वरौ रस मीत।
अर्पै मो मैं बुद्धि मन तब आऊँ मैं चीत ॥७॥
जोग जुगत अभ्यास मैं जाको चित थिर होइ।
मो मैं मन राखै सदा पावत पुरुषै सोइ ॥८॥
सब करता सूछम जु अति कबि सु पुरातन मान।
रबि समान तातैं परै सिमरन ताको ठान ॥९॥

मरन समै मनु थिर करै भक्त जोग बलवान।
भ्रकुटी मध्यै प्रान धरि परम पुरुष मैं जान ॥१०॥
अच्छर तासों कहत हैं बीतराग जिहिँ जात।
ब्रह्मचर्ज को जे करैं ता पदवी की बात ॥११॥
सभ द्वारन को बस करैं मन रोकै हिय माहि।
प्रानहि राखैं सीस महि रहै धारना गाहि ॥१२॥
प्रनवाच्छर को जप करै सिमरै मा कों नित्त।
या बिधि जो देहैं तजै लहै परम गति मित्त ॥१३॥
थिर चित ह्वै मोकों जपै सदा निरंतर होइ।
जोगी कों हौं सुलभ हौ और लहै नहिँ कोइ ॥१४॥
महापुरुष सिद्धै लहै मो मैं होत सु लीन।
दुख को घर यह जन्म है तासो होत सु दीन ॥१५॥
ब्रह्मलोक लौं लोक जे तिन्ह में फिरत जु लोइ।
अर्जुन मो कों पाइकैं जन्म लहै नहि कोइ ॥१६॥
सहस जुगन के अंत जो ब्रह्मा को दिन जान।
रात जु तितनी होति है ज्ञानी कहैं बखान ॥१७॥
ब्रह्मा के दिन उवत ही प्रगटत यह संसार।
निसि कै आए जात है माया को ता बार ॥१८॥
बार बार उपजत समै जीवन मत रे मित्त।
ब्रह्मा कै दिन रैन मैं वह जात हैं नित्त ॥१९॥
ब्रह्म जु माया तै परे इंद्रिन गह्यो न जात।
सभ जीवन को नसत हीँ सो कबहूँ न नसाइ ॥२०॥
सोई अच्छर परम गति ताहि न देखै काइ।
॥२१॥

फिरै न कर तै पाइय परम पुरुष सो जान।
जो गहि सिमरै जात है जगु बिस्तार्यो आन ॥२२॥
फिरि आवत जा काल में नहि आवत जा काल।
अर्जुन तासों कहत हों सुनि यहि सीख बिसाल ॥२३॥
अग्निजोत दिन सुक्लपछ उतरायन के मास।
जात जु ज्ञानी जा समै लहत ब्रह्म मै बास ॥२४॥

धूम निसा जो दच्छिने ऐन कृष्न पख होइ।
ससिमंडल जोगी लहै फिरि आवत है सोइ ॥२५॥
सुक्लपक्ष यहि गति गही ते संसारहि होत।
फिरि आवत है एक गति एक लहत है जोत ॥२६॥
जो जानत दोऊ गनत जोगिहि मोह न होइ।
जोगी होइ अर्जुन तु हूँ सभ कालन मैं जोइ ॥२७॥
बेद जज्ञ तप दान कौं फल जु गहै है मित्त।
जोगी ता फल कौं लहै सभ दिन रहै निचित्त ॥२८॥
सभ फल कौं फल मास फल जोगी हरि सजोग।
भक्ति करै मोर्कों मिलै फल त्याग करि भोग ॥२९॥

महापुरुषयोग नामक अष्टम अध्याय समाप्त ॥ ८ ॥

(९)

श्रीकृष्ण—अर्जुन तो सौं हौं कहौं एक गुप्त यहि बात।
समझि ज्ञान बिज्ञान कौं लहै मुक्ति की घात ॥ १ ॥
उत्तम बिद्या राज है अति पवित्र तूँ जान।
फल ताको परतच्छ है करिकै हूँ सुख मान ॥ २ ॥
करबे कौं या धर्म के जाकैं श्रद्धा नाहिं।
ते मोकौं पावत नहीं डोलैं हैं भव माहिं ॥ ३ ॥
बिस्तारो सभ जगत मैं मोहिं न देखै कोइ।
सभै जीव मो महिं बसैं मोहि न तिन्ह मैं जोइ ॥ ४ ॥
मो मैं कोउ न बसत है यह ईस्वरता देख।
उपजावत पालन जु हौं नहिं तिन्ह मैं अवरेख ॥ ५ ॥
ऐसे पवन अकास मै फिरत रहै सभ बार।
त्यूँ मो मैं यहि जीव सभ फिरैत रहै निरधार ॥ ६ ॥
मेरी माया मैं रहैं प्रलै भए सभ जतु।
कल्प आदि सिरजत तिन्हैं मम तानी को ततु ॥ ७ ॥
अपनी माया तै जु हौं सिरजत बारबार।
माया ही के बस परौ रहत सदा ससार ॥ ८ ॥
अर्जुन मोकौं कर्म हूँ नैंक जु बाँधत नाहिं।
सदा उदासी रहत हौं सक्ति नहीं तिहि माहिं ॥ ९ ॥

हौं प्रेरत माया जु जब उपजत तब संसार।
पारथ याही हेत हैं फिरत जु बारबार ॥१०॥
मोकौं मानुष जानिकैं आदर करै न कोइ।
मूरख यूं जानत नहीं यहै जु ईस्वर होइ ॥ ११ ॥
उन्हकी आसा सफल नहिं ज्ञान कर्म जे भाइ।
प्रकृति आसुरी तुच्छ सी ता महिँ बूड़त धाइ ॥१२॥
देव प्रकृति महि जे मिले काम क्रोध कों त्यागि।
रागद्वेष इत्यादि सौं रहत जु हैं अनुरागि ॥१३॥
कीर्तन नहिँ मेरो करैं जतनन मो ब्रत राख।
भक्तिसहित मोकौं नवत मेरे ही गुन भाख ॥१४॥
ज्ञानजज्ञ कोऊ भजत मोकौं सेवत मीत।
कोऊ मानत एक करि कोऊ बहुत पुनीत ॥१५॥
हौं ही क्रतु अरु जज्ञ हौं स्वधा औषधी जान।
हौं पाठक अरु होम हौं मन्त्रौ मोहिं जु मान ॥१६॥
मात पिता या जगत को हौं ही हौं करतार।
ऋगु जजु सामु पवित्र हौं और बेद्य ओंकार ॥१७॥
गति निवास भर्ता सरन साच्छो प्रभु अरु बंधु।
प्रलै इस्थान निधान हौं बीज सुभाउ अबधु ॥१८॥
तपत गहत छांडत जु हौं बर्षत मोहीं जान।
अमृत मृत कारन करन मोहीं अज तूं मान ॥१९॥
जज्ञ करत पापन दहत चाहत स्वर्ग जु बास।
इद्रलोक लहि भोगिहैं दिव्यभोग सुबिलास ॥२०॥
फिरि आवत भूलोक मैं छीनपुन्य जब होइ।
आवागौन करत रहै कामवत जे लोइ ॥२१॥
भक्ति करैं जु अनन्य ह्वै मोहीं मैं चित राखि।
जोग छेम ताको करौं निज जन कौं अभिलाखि ॥२२॥
और देव कों भक्त जे सेवत श्रद्धावंत।
बिधि छाडे मोकों जजत लहै न मेरो तंत ॥२३॥
सब जज्ञन को भोगता अरु सब जग को ईस।
ते मम तत्व न जानहीं डारत तिन्ह कों खीस ॥२४॥

देवभक्ति देवन लहैं पित्त्र पूजि पितुथान।
भूत पूजि भूतन लहैं मो पूजें भगवान ॥२५॥
पत्त फूल फल नीर को जो अर्पे करि प्रीति।
लियो दियो मैं भक्त को करै प्रेम की रीति ॥२६॥
जो कछु करत जु खात हौ जो होमत जो देत।
अर्जुन जो तूँ तप करै मोहिं देत करि हेत ॥२७॥
भले बुरे जे कर्म हैं तिन्ह तें छूटहि मित्त।
जोग जुगत सन्यास करि मो मिलिहौ निहचित्त ॥२८॥
मैं सभ ठोर जु सम रहत मेरे प्रीति न द्रोह।
मो को सेवत भक्त जे तिन्ह मो मैं सो माँहि ॥२९॥
बेग होइ धरमातमा साति लहत बहु भाइ।
अर्जुन निस्चै जान तूँ नहिं मो भक्त नसाइ ॥३०॥
अर्जुन सेवत मोहि ज पाप जोनि बी होइ।
इस्त्री सूद्र जु बैस्य पुनि लहै परम गति सोइ ॥३१॥
द्विज पुनीत अरु भक्त बर राजरिषी सुख भाइ।
असुख आनत या लोक तजि भजि मोकों चित लाइ ॥३२॥
मोको भजै जु नम्र ह्वै माहीं मैं मनु राखि।
यहैं जगत तूँ मोहिं मिलि हुइ प्रसन्न अभिलाखि ॥३३॥

राजविद्या राजगुह्ययोग नामक नवम अध्याय समाप्त ॥९॥

१०

श्रीकृष्ण— दुरि बात तोसों कहौं सुन अर्जुन चित लाइ।
तूँ प्रसन्न तो सों कहत तेरे हित कों भाइ ॥१॥
देवऋषी नाहिं जानहीं मो उतपात्त जु गात।
देव ऋषिन की आदि हौं तिन्हहीं रहौं पुनीत ॥२॥
अज अनादि जगदीस प्रभु मो को लखै जु कोइ।
सभ मैं ज्ञानी बहु बडो पापन डारत खोइ ॥३॥
बुद्धि ज्ञान सम दम छिमा अव्याकुलता होइ।
दुख सुख भाव अभाव भै और अभै हूँ जोइ ॥४॥
तोष अहिंसा दान तप तजम जस यू जान।
जीवन को सभ भाव यह मोतें होइ सु मान ॥५॥

सातौं ऋषि औ चार मनु मो मन तैं जु उदोत।
सभ लोकन मैं हैं भरे है इनहीं तैं गोत ॥६॥
ऐसैं जोग बिभूति कौ तत्वज्ञान जो लेत।
निस्चल जोगहि सो लहत रहत जु याही चेत ॥७॥
हौं हीं ईस्वर जगत कौ मोहीं तैं सभ होइ।
ज्ञानवत यह जानि करि मोहीं सेवत जोइ ॥८॥
प्रान चित्त मैं मोहि धरत बोध परस्पर देत।
मेरे चरितन कहत नित मानि तोष सुख लेत ॥९॥
सेवत मोकौं ते सदा भक्त जोग के भाइ।
भली बुद्धि ते लहत हैं रहन जु मो मैं आइ ॥१०॥
तम अज्ञानहि दूर करि दयावत ते होत।
करत जु जिन्ह कैं होय मैं दीपक ज्ञान उदोत ॥११॥

अर्जुन— पारब्रह्म जु पवित्र तुम्ह परमानंद को थान।
अबिनासी अज पुरुष हौं आदिदेव तुम्ह मान ॥१२॥
सभ ऋषि या बिधि कहत हैं नारद देवल जानि।
ब्यास असित तुमहूँ कहत तातैं लीने मानि ॥१३॥
जो कुछ तुम्ह मोसों कहत मानत हौ सतिभाइ।
दानव देव न जानहीं तुम्ह प्रगटे कौ दाइ ॥१४॥
आपन जो आपन लखौ तुम्ह पुरुषोत्तम देउ।
जीवन उपजीवन रहत तारन देवौदेउ ॥१५॥
निज बिभूति मोसों कहौ प्रभजू मो चित चाइ।
जो बिभूति श्रीकृस्न कू रही जगत मैं छाइ ॥१६॥
ध्यान तिहारौ करत प्रभु कैसें जानौं तोहिं।
कौंन पदारथ मैं लखौं सो समझावौ मोहिं ॥१७॥
जोग बिभूतिहि आपनी कहिये मो सौं देउ।
मोकौं तृप्ति न होति है सुनत अमीरसभेउ ॥१८॥

श्रीकृष्ण—अर्जुन तो सौं कहत मैं निज बिभूति बिस्तार
मुख्य जिती तेऊ कहौं तू हिय दृढन निहार ॥१९॥
सभ जीवन के हीय मैं मोहि आतमा जानि।
आदि मध्य अरु अत हौं मोहीं सभ मैं मानि ॥२०॥

आदित्त्न मैं बिष्नु हौं जोतिन मैं रबि देखि।
बायुन माझ समीर हौं नच्छत्रन ससि लेखि ॥२१॥
साम बेद सब बेद मैं इद्र जु अमरन माहि।
जीवन मैं हौ चेतना मन इद्रिन के ताहिँ ॥२२॥
रुद्रन मैं सकर जु हौं जच्छन माहिँ धनेस।
पावक हौं हो बसुन मैं सैल सुमेर सुदेस ॥२३॥
देवपुरोहित मुख्य जो मोहिँ वृहस्पति मानि।
षटमुख सैनापतिन मैं सरि मैं सागर जानि ॥२४॥
महाऋषिन ही माझ भृगु बर्नन मैं ओंकार।
जज्ञन मैं जप जज्ञ हौं स्थावर हिमआधार ॥२५॥
बृच्छन मैं पीपल जु हौं ऋषि मैं नारद देउ।
गधर्बन मैं चित्ररथ सिद्ध कपिलमुनि भेउ ॥२६॥
अस्वन मैं उच्चैश्रवा गज ऐरावत नाम।
नरन माहि हौं नृपति हौं पोषत सब के काम ॥२७
हथियारन मैं बज्र हौं कामधेन हौं गाइ।
काम प्रजन के माझ हौं बासुकि सर्पनराइ ॥२८॥
नागन माझ अनत मैं बरुन जु हौं जलजत।
पित्रन मैं हौं अर्जमा जम हौं सजमवत ॥२९॥
दैत्यन मैं प्रहलाद हौं मारनहारो काल।
सिंघ जु हौं सब मृगन मैं पच्छिन मैं रिपुब्याल ॥३०॥
उचालन मैं पवन हौ सस्त्रधरन मैं राम।
जलजतन मैं मकर हौं नदी गग अभिराम ॥३१॥
अध्यातम बिद्यान मै बाद बिबादन माहि।
आदि अत अरु मध्य मैं सबै सृष्टि की ताहिँ ॥३२॥
अछरन माझ अकार हौं दु दु समासन जान।
हौं ही अक्षय काल हौं धाता मोहि जु मान ॥३३॥
जुद्ध सँघारन सबन हौं और उपावन हार।
श्री कीरति सरसुति छिमा हौं ही बोध सभार ॥३४॥
महासाम हौं साम मैं छँदन गयत्री छद।
मासन मैं मँगसिर जु हौं रित बसत सुखकद ॥३५॥

जूआ हौं सम छलन मैं तेजस्विन मैं तेजु।
जै अरु उद्यम सत्य हौं सत सतवंतन के जु ॥३६॥
जदुकुल मैं हौं कृष्न हौं अर्जुन पँडवन माहिं।
मुनिन माझ हौं ब्यासु मैं गनैं सुक्र कबि ताहिं ॥३७॥
दंडवान मैं दड हौं जसवत मैं जीति।
ज्ञानिन मैं हौं ज्ञान सुभ मौन दुरावन रीति ॥३८॥
औषध मैं जव अन्न हौं कंचन धातुन माह।
सर्ब तृनन मैं दर्भ हौं यूँ समझो नरनाहि ॥३९॥
सभ जीवन कौ बीउ हौं अर्जुन मो कों जान।
थिर चर या ससार मैं मौ बिन कछू न मान ॥४०॥
मेरी दिव्य बिभूति कों अत न जान्यौ जाइ।
यह तो सौं थोरी कही मैं बिभूति कै भाइ ॥४१॥
जो कछु या ससार मैं काहू गुन अधिकाइ।
श्री सत मेरौ तेजु है दीनो तोहि बताइ ॥४२॥
बहुत कहा तो सौं कहौं अर्जुन बात बनाइ।
सभ जग अपने अस सों मैं राख्यो ठहिराइ ॥४३॥
बिभूतियोग नामक दशम अध्याय समाप्त ॥१०॥

(११)

अर्जुन—मो ऊपर कीनी दया अध्यातम प्रगटाइ।
बचन तिहारे सुनत ही गयो सु मोह नसाइ ॥ १ ॥
जीवन को उतपति सुनी अरु परलै की रीति।
कही जु तुम्ह बिस्तार सें आतम की सुभ नीति ॥ २ ॥
है यों ही ज्यो कहत हौ तुम्ह प्रभु अपने भेउ।
देख्यो चाहत मैं अबै रूप तिहारो देउ ॥ ३ ॥
देखन जोग जु मोहिं प्रभु जानत हौ जदुराइ।
अबिनासी निज रूप त्यूं दीजै मोहिं दिखाइ ॥ ४ ॥
श्रीकृष्ण—अर्जुन तूं अब देखिहै सत सहस्र मो रूप।
बहुत भाँति है दिव्य जो नाना बर्न अनूप ॥ ५ ॥
देख रुद्र आदित्य बसु अस्विन मरुत मो माहि।
औरौ अचरज रूप जे पहले देखे नाहि ॥ ६ ॥

एक ठौर मो देह मैं थिर चर रहे समाइ।
देख्यो चाहत जो कछू सोई देउँ दिखाइ॥ ७ ॥
इन्ह नैनन नहि देखिहै देउ दिव्य दृग तोहि।
ऐस्वर जोग सँयुक्त तू जैसे देखे मोहि॥ ८ ॥

संजय—जो जोगीस्वर कृष्न जू कहे बचन या भइ।
जो ऐस्वर्ज जु परम हौ सो दीनो प्रगटाइ॥ ९ ॥
बहु अनत लोचन बहुत देखैं अचरज होत।
भूषित नाना भूषनैं सस्त्र अनेक उदोत॥१०॥
दिव्य हार दिव्यै बसन दिव्य सुगध लगाइ।
अग्नि रूप मुख है दिपत सोभत नाना भाइ॥११॥
सहस दिव्य रबि नभ गु है पूरि रही सो जोत।
दीपति ता प्रभु की लखैं तेउ न समता होत॥१२॥
अन्य भेद जे जगत मैं देखे सम इक ठौर।
देवदेव की देह मैं अर्जुन देखे और॥१३॥
ताको अब अचरज भयो रोमहरष कै दाइ।
बासुदेव परनाम करि बोल्यौ चित के चाइ॥१४॥

अर्जुन—देखत हौं तुव देह मैं सम सुर थिर सम सिद्ध।
कमलासन ऋषि ईस पुनि सर्बनाग सम बृद्ध॥१५॥
बहुत बाहु उदरौ बहुत मैं देखें बहु सीस।
आदि अंत मधि एक हा ऐसै तुम जगदीस॥१६॥
मुकट सीस कर चक गदा रूपरासि भगवान।
दृगन चौंध चितवत लगै हौ रबि अग्नि समान॥१७॥
अक्षर हौ तुम्ह परम ही हौ सम जगत निधान।
अबिनासी रक्षक सभन उत्तम हौ अनुमान॥१८॥
आदि अंत मधि रहित तुम्ह रबि ससि तुमरे नयुन।
तुम्हरो मुख दीपत अगिन सम हौ कौं तपऐन॥१९॥
गगन भूमि मधि सर्बदिसि ब्यापि रहे यूँ है जु।
अद्‌भुत रूप सु उग्र लखि ब्यथित तिलोक सभै जु॥२०॥
बैठि देव तो मांहि सभै स्तुति करत भय मानै।
ऋषि अरु सिद्ध महामुनी नँवत जु तुम्ह कौं जानि।२१॥

रुद्र साध्य आदित्य बसु अस्विनिसुत अरु बाय।
सिद्ध जच्छ गंधर्व सुर देखत अचरज पाय।२२।।
रूप बड़ो बहु मुख नयन भुज पद बहु उदरौ जु।
देखि भयानक दाढ बहु बिथकत लोक रहौ जु ।।२३।।
पाइ पताल अकास सिर दृग दीरघ मुहु बाइ।
ऐसे तुम्हकों देखिकै धीरज गयो पराइ ।।२४।।
काल अग्नि सम दाढ तुव देखौं अति भयभीत।
दिसि भूली सुख हूँ गयो अब कीजै प्रभु प्रीत ।।२५।।
पूत सभैं धृतराष्ट्र के सभ नृप ताके संग।
कर्न द्रोन भीषम जितै जोधा हैं तो अंग ।।२६।।
ज्वलत तिहारे बदन मैं सभै परत हैं आइ।
कोऊ दाढन तल दले कोउ रहे लपटाइ ।।२७।।
ज्यूँ सरिता बरखा रुतैं परत सिंधु मैं जाइ।
त्यूँ नृप तेरे बदन मैं सभैं परत हैं आइ ।।२८।।
ज्यूँ पतंग परि दीप मैं लहत आपनो नास।
तैसें नृप सभ परत हैं तेरे मुख कैं पास ।।२९।।
लीलौ हौ तिन्हकौं जु लै रसना सौं लपटाइ।
कांति रावरी जगत कौं देत ताप बहु भाइ ।।३०।।
उग्ररूप तुम कौन हौ मो सौं कहिये देव।
जान्यौ चाहत हौं तुम्हैं तुव बातन को भेव ।।३१।।
श्रीकृष्ण—कालरूप हुइ हौं ठयौ सभ को मारनहार।
तो बिन सभ जोधान कौं भखि जैहौं निरधार ।।३२।।
तातैं उठि रन जीति अरि लै कीरति करि राज।
मैं हनि राखे हैं नृपति यह सभ तेरो काज ।।३३।।
भीष्म द्रोन पुनि जैदरथ कर्न आदि जे और।
मै तजि अर्जुन जुद्ध करि और न माया ठौर ।।३४।।
सञ्जय—बचन सुने श्रीकृष्न के काँपी अर्जुन देह।
तब प्रभु कै पग लागिकैं बोल्यो बचन सनेह ।।३५।।
अर्जुन—सभ जग को यह जुक्त है तुम्हरे है अनुराग।
सिद्ध नवत तुम्ह कौं सदा राच्छसजात जु भाग ।।३६।।

क्यूँ न नवौं तुम्ह कौं जु मैं ब्रम्हा के करतार।
जगत ईस अक्षर अनँत तुम्ह सभ तैं हैं पार ॥३७॥
पुरुष पुरातन आदि हौ तुम्ह ही जगतनिधान।
तुम्ह तैं जग सभ बिसतर्यो जानत तुम्ह ही ज्ञान ॥३८॥
बायु प्रजापति अग्नि जम बरुन चद्र तुम्ह रूप।
बार बार सहसानि सत हैं ही प्रनवँ अनूप ॥३९॥
आगै तैं तोकौं नतवं पाछै तैं जु अनत।
आगै तैं तोकों नतव अमित प्रबल भगवत ॥४०॥
मित्र जानि तोसौं कही सु छमियहि हो देव।
जानौं कहा जु बापुरो तुम्हैं तुम्हारो भेव ॥४१॥
भोजन सैन बिहार मैं कियो अनादर भाइ।
तुम्ह जु छिमा सभ कीजिये प्रभु जू केसवराइ ॥४२॥
पिता जु तुम्ह ससार के तुम्ह ही हो गुरु ईस।
तुम्ह पटतर कोउ नाहिनै कौन करै तुम्ह रीस ॥४३॥
डँडवत तुम्हैं प्रसन्न हौ छिमौ दोष प्रभु मोंहि।
ज्यूं पित सुत कौं पति त्रिया मित्र मित्र कों जोहि ॥४४॥
रूप लख्यो यहि रावरो मोहिँ हर्ष मैं होइ।
पहिलो रूप दिखाइयै हैँ जोवत जिहिँ जोइ ॥४५॥
मुकट बिराजत सीस पर सख चक्र तुम्ह हाथ।
वहि अब मोहि दिखाइयै प्रभु तुम्ह हौ जगनाथ ॥४६॥
चार भुजा धरि प्रगट हुइ मोकों दरसन देहु।
तुम्ह मूरति जु अनत है मोकौं वासौं नेहु ॥४७॥

श्रीकृष्ण—तोहि दिखायो रूप मैं अति प्रसन्न चित होइ।
आदि स्वरूप अनत मो देखि सकै नहि कोइ ॥४८॥
बेद जज्ञ तप औ क्रिया औ पुन करै जु दान।
ऐसे मेरे रूप कौं तो बिन लखै न आन ॥४९॥
रूप भयानक देखि कै तू जिन जीव डराहि।
अब भय कौं तूं डारिहै मेरे रूपहि चाहि ॥५०॥

संजय—अर्जुन सौं ऐसे कही पहिलो बपु प्रगटाइ।
समाधान बहुबिध कियो भै तैं लियो बचाइ ॥५१॥

अर्जुन—रूप अनूप जु तुम्ह धर्यो तास रूप हौं देखि।
प्रकृति लही मैं आपुनी भयौं सचेत बिसेखि ॥५२॥

श्रीकृष्ण—देख्यो परत न रूप यहि जो तैं देख्यो मित्त।
ताहि रूप कौं देवना देख्यो चाहत नित्त ॥५३॥
दान जज्ञ तप बिधि किये मोहिं न देखत कोइ।
बिनु सम पारथ तूं अबै रह्यौ जु मोकौं जोइ ॥५४॥
भक्त अनन्य जु को करै मो देखै या भाइ।
नीके जानै माहि सो मो मैं रहै समाइ ॥५५॥
मो निमित्त कर्मन करै सजै भक्ति तजि और।
बैर न काहू सौं धरै मो मैं लहै सु ठौर ॥५६॥

विश्वरूपदर्शन नामक एकादश अध्याय समाप्त ॥११॥

(१२)

अर्जुन— जो सेवत तुम्हको सदा करि कर्मन के काज।
अच्छर ब्रह्मै ते भजत बड़ा कौन कहि राज ॥१॥

श्रीकृष्ण— जो मो मैं मनु राखिकै सेवत सेवकभाइ।
बहु श्रद्धा सों जो जजत सो सभ तैं अधिकाइ ॥२॥
जो धावत है अच्छरहि यों नहि प्रगट स्वरूप।
व्यापी माया तें परें अज अचिंत जु अनूप ॥३॥
सभ इद्रिन कों रोकि कैं सभ कों लखत समान।
सभ जीवन को हित करै मोहिँ मिलै करि ज्ञान ॥४॥
तिन्हैं क्लेश बहु होतु है ब्रह्म लगाएँ चित्त।
रूप रेख जाके नहीं दुख सों लोये मित्त ॥५॥
जे सभ कर्मन्न करत हैं अरपत मोकों जानि।
ध्यावत केवल भक्ति सों बहु उपासना ठानि ॥६॥
मृत्यु सहित भौ उदधि तैं ताको करत उधार।
मोमैं चित राख्यो उन्हन बहु भाँतन निरधार ॥७॥
तातैं अर्जुन बुद्धि मन मो ही मैं तू राखि।
पाओगे मुहि देहि मैं बसिहै तू अभिलाखि ॥८॥

जो तू तो मैं नहि सकै चित अपनो ठहिराइ ।
करि अभ्यास मो मिलन कों मोहिं निरंतर ध्याइ॥९॥
जो अभ्यास न करि सकै करम समरपौ मोंहि ।
मेरे कर्मन करत ही सिद्धि होइगी तोहि ॥१०॥
यहौ न जो तू करि सकै मो सरनैं अनुरागि ।
सर्व कर्म कै फलन कों अर्जुन तू दै त्यागि ॥११॥
जोग भलो अभ्यास तैं तातैं ज्ञान बिसेष ।
फलत्यागै तातें भलो तातैं सातिहि लेख ॥१२॥
द्वेष न काहू सौं करै मित्र भाइ करुना जु ।
अहंकार ममता तजै दुख सुख सम छिमता जु ॥१३॥
सदा रहै संतोष सौं मनु राखै निज हाथ ।
प्रान बुद्धि मो मह धरै वहि प्यारो मुहिं साथ ॥१४॥
वह काहू तैं नहि डरै भय औरैं नहि देइ ।
हर्ष सोक दोऊ तजै सो मोकौं हरि लेइ ॥१५॥
चाह न काहू की करै रहै पुनीत उदास ।
सभ आरंभन कों तजै रहै जु मेरे पास ॥१६॥
पाए प्रीउँ अनद नांहिं अप्रिय लहै न द्वेष ।
सोच सु कान्छा नहि करै तजि सुभ असुभ विहेष ॥१७॥
सत्रु मित्र कों सम लखै समै मान अपमान ।
सीत उसन सुख दुख तजै सग करै नहि आन ॥१८॥
उस्तुति निंद्या एक सी गहै मौन संतोष ।
डरु न करै थिर मति रहै लहै भक्ति अरु मोख॥१९॥
धर्म अमृत जो मैं कह्यो ताहि जु सेवै कोइ ।
श्रद्धाजुत मेरो भगत मोहि पियारो होइ ॥२०॥

भक्तियोग नामक द्वादश अध्याय समाप्त ॥१२॥

(१३)

अर्जुन—प्रकृति पवन अरु पुरुष को क्षेत क्षेत्रज्ञ कहौ जु ।
यहि जानन की लालसा ज्ञान ज्ञेय पुन कौ जु ॥ १ ॥
श्रीकृष्ण—क्षेत्र कहत या देहि कों अर्जुन ज्ञानी लोइ ।
जानत है जौ देहि कों सो क्षेत्रज्ञ जु होइ ॥ २ ॥

सो मम रूप जु आतमा बसत सभन की देह।
यहै ज्ञान कों जान तूं मेरो मन है एह॥ ३॥
क्षेत्र जहा तें है भयो जो है जैसे भाइ।
जे बिकार या मांझ हैं कहुँ सक्षेप सुभाइ॥ ४॥
ऋषन कहे बहु भाँत ज औ श्रुति हूँ जू भाख।
हेतुवादि निहचै जु करि गहि उपनिषदन साख॥ ५॥
इच्छा दुख सुख चेतना द्वेष धीरता देहि।
यहि जु कहीं सक्षेप सो क्षेत्र जानि तूँ लेहि॥ ६॥
महाभूत हकार है बिधि माया हूँ जान।
एकादस इद्री बिषै पाँच अगोचर मान॥ ७॥
क्षमा सरल अरु दभ तजि हिंसा तजि अभिमान।
गुरु सेवा सजम करन थिरता सौच प्रधान॥ ८॥
बिषयन सोँ बैराग धरि तजै रहै हंकार।
जन्म मृत्यु दुख सुख जरा ब्याधि दोष निरधार॥ ९॥
नेह न पुत्र कलित्र सौं ता दुख दुखी न होइ।
चित मैं धरै समानता बुरी भली कोँ खोइ॥१०॥
अटल भक्ति मो मैं धरै सभ कों आतम जान।
रहै सदा एकात महिं तजै सभासनमान॥११॥
अध्यातम ज्ञानैं धरै तत्वज्ञान कों देखि।
यह जो सभ कछु मैं कह्यो यहै ज्ञान अवरेखि॥१२॥
कह्यो अमृत सभ जानिकै या तेँ मुक्ति जु होइ।
कारज कारन तेँ परै आइ ब्रह्म कों जोइ॥१३॥
सर्वत्रहिं कर चरन सिर त्यूँ ही मुख दृग कान।
ब्यापि रह्यो सभ जगत में मोहिँ दसा दिस जान॥१४॥
सभ बिषयन तै रहित हौँ समता को अभ्यास।
सग बिना सभ कौं धरै निर्गुन गुन न प्रकास॥१५॥
जत जिते चर अचर हैं अतर बाहर सोइ।
सभ तैं दूर सुनिकट हौं सूक्षम लखै न कोइ॥१६॥
या महिँ भेद कछू नहीं सभ तैँ रहित बिभाग।
उपजावत नासत सभन पालन कर अनुराग॥१७॥

जोतन्हूँ की जोत हौं अधकार तें पार।
ज्ञान जानिबो हीय मैं सभ कौं है निरधार ॥१८॥
क्षेत्रज्ञान अरु ज्ञेय मैं तोकौं दियो बताइ।
इन्ह कों जानि भगति लहै जो सा मेरो भाइ ॥१९॥
माया पुरुष अनादि है अर्जुन दोऊ जान।
गुन बिकार सभ जे भए माया हू तें मान ॥२०॥
करन कार्ज कर्तार फुन माया इन्हको हेतु।
दुख अरु सुख के भोग कौं वहै पुरुष गहि लेतु ॥२१॥
पुरुष प्रकृति मैं बैठिके करत बिषै को भोग।
ऊँचे नीचे जन्म कौं कारन गुन सजोग ॥२२॥
परमात्मा है देहि तैं न्यारो जानत लोइ।
द्रष्टा भरता भोगता ईस्वर निर्गुन होइ ॥२३॥
जो कोऊ ऐसें लखै गुरू प्रकृति गुन भाइ।
सो क्यौं हूँ जग मैं रहो बहुरि न उपजै आइ ॥२४॥
देहि माहिं आतम लखत कोऊ कीये ध्यान।
सांख्य जोग अरु कम करि लखत जु है ब्रतमान ॥२५॥
जे ऐसें नहिं जानहीं सुनि औरन पै आनि।
मम उपासना करत हैं भौ भै मृत्युहि जानि ॥२६॥
जिते जीव या जगत मैं थावर जगम होत।
क्षेत्र औरु क्षेत्रज्ञ तें सभै होत उद्योत ॥२७॥
परमेस्वर सभ जत मैं बैठो एक समान।
तिन्हैं नसत बिनसै नहीं जो जानै सो जान ॥२८॥
ईस्वर को सभ ठौर जो जानत समता भाइ।
आतम ही सो होइकै रहै परमता पाइ ॥२९॥
माया करत जु कर्म सभ जीव अकर्ता जोइ।
जानत जो या भेद कौं लखत आतमा सोइ ॥३०॥
आतम इक इस्थित जु है सभ प्रानन को भाव।
आतम ही बिस्तार है लखै सु ब्रह्महु पाव ॥३१॥
आदि अत सौं रहित है निर्गुन आतम कोइ।
देहि मांझ जद्यपि रहै करै न लिप्त न होइ ॥३२॥

ज्यौ अकास सूछम बसै सभ मैं परसत नाहिं।
त्यूँ ही यह परमातमा लिप्त न देहन माहिं ॥३३॥
ज्यों प्रकास एकै करत सभ जग सूरज देव।
त्यूँ ही सभ की देहि मैं परमातम को भेव ॥३४॥
क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ के भेद लखै जो कोइ।
जीव प्रकृति अरु मोक्ष कों जानै मुक्त सु होइ ॥३५॥

क्षेत्रक्षेत्रज्ञनिर्देश नामक त्रयोदश अध्याय समाप्त ॥१३॥

(१४)

पर उत्तम जो ज्ञान है तोसों देत बताइ।
जाहि जानि कै मुनि सभै रहै मुक्ति कों पाइ ॥१॥
या ही ज्ञानहि सेइकै मेरो लहौ स्वरूप।
प्रलैबिथा तिन्ह कौं नहीं परै न ते भवकूप ॥२॥
ब्रह्म प्रकृति मम योनि है ता महिं गर्भहि राखि।
उपजावत सभ सृष्टि कों अर्जुन चित अभिलाखि ॥३॥
जे जे मूरति होति है सभ जानिन महिं आइ।
तिन्ह को हौं ही बीज हौं हौं ही पिता जु माइ ॥४॥
सत रज तम जे गुन भए माया ही तैं मानि।
देहि माझ या जीव कों यहै जु बाँधत आनि ॥५॥
निर्मल अरु परकासकर सत गुन सात सुभाइ।
ज्ञानसग सुखसग सों बाँधत जीवहि आइ ॥६॥
रज गुन राजस रूप है तृष्ना सँग तिहि हेत।
कर्मसग करि जीव कौं ऐसैं बधन देत ॥७॥
होत जु तम अज्ञान तैं मोहित सभ को होय।
आलस निद्रा बिकलता इन्ह सौं बाँधत जीय ॥८॥
सत गुन सुख मैं बढत है कर्म रजोगुन होइ।
आलस मैं तम गुन रहै ज्ञान सभै ही खोइ ॥९॥
राजस तामस पेलि कैं रहै सत्त्व गुन पूरि।
रज सत कों पेलै जु तम रज तैं सत तम दूरि ॥१०॥
सभ द्वारन मैं देहि के जबहि प्रकासत ज्ञान।
तबै बढ्यौ है सत्त गुन अर्जुन तूँ यहि जान ॥११॥

बढत रजोगुन है तबै नरसरीर महिँ आइ।
लोभ करत उद्यम सबैं इन्हैं देत प्रगटाइ ॥१२॥
अर्जुन सब ही करत है तम गुन आइ प्रकास।
आलस मोह अज्ञान तब मन मैं करत बिलास ॥१३॥
जो सत गुन की बुद्धि मैं तजै जीव निज देह।
तौ ज्ञानी के लोक मैं जाइ करै निज गेह ॥१४॥
रज गुन तजै जु प्रान कों कर्मवंत घरु जाइ।
तम गुन मैं जो मरत है पसुन माझ प्रगटाइ ॥१५॥
सुकृत कर्म जो होत है सातिक फल अति सुच्छ।
रजगुन को फल दुख है तम अज्ञान फल तुच्छ ॥१६॥
लोभ रजो तैं है भयो सत गुन तैं है ज्ञान।
तम गुन ही तैं बिकलता मोह और अज्ञान ॥१७॥
सातिक ऊचैं जातु है राजस मध्यम लोक।
तामस जात अधोगतैं पावत बहु बिधि सोक ॥१८॥
गुन ही कौं करतार करि जानै ज्ञानी कोइ।
मोहिँ लखै गुन तैं परे मो मैं लीन सु होइ ॥१९॥
देहि करत जो तीन गुन तिन्ह कौं देत जु त्यागि।
जन्म मृत्यु दुख तैं छुटै रहै मुक्ति मैं पागि ॥२०॥

अर्जुन— जिन्ह माहीँ है तीन गुन तिनके लच्छन कौन।
ताको कउ आचार है दुख सुख चपल न हौन ॥२१॥

श्रीकृष्ण— मोह ज्ञान अरु कर्म कौं जो जानै हिय माहि।
बिनु पाएँ चाहै नहीं लहि सुख पावै नाहि ॥२२॥
उदासीन बैठौ रहै दुख सुख चपल न होइ।
गुन सब कारज करत है जो जानै सो जोइ ॥२३॥
दुख सुख कौं करि सम गिनै कचन माटी भाइ।
प्रिय अप्रिय कौं तुल गनै स्तुति निंद एक रहाइ ॥२४॥
तुल्य मान अपमान अरु मित्र सत्रु सम जाहि।
सब आरभन जो तजै गुनातीत कहि ताहि ॥२५॥
मोकौं जो दृढ भक्ति सों सेवत चित के चाइ।
सो तीनो गुन कौं लहै रहै ब्रह्म कौं पाइ ॥२६॥

अर्जुन हौं ही अमृत गति मुक्त जु मेरो रूप।
हौं अबिनासी धर्म हैं आनँद परम अनूप ॥२७॥

गुणातीतयोग नामक चतुर्दश अध्याय समाप्त ॥१४॥

(१५)

श्रीकृष्ण— ऊर्ध जरैं साखा तरैं अबिनासी अस्वत्थ।
बेद पत्र जो जानही सो जानै सब अर्थ ॥१॥
गुन सींची साखा बढी बिषया फल बहु भाइ।
जर फैली कर्मन बढी मनुषलोक मैं जाइ ॥२॥
आदि अंत नहिं जानिये थान रूप नहि जाहि।
दृढ असंग हथियार लै दुसह मूल तब ढाहि ॥३॥
चाहि करैं ता ठौर की फिरैं न ताकौं पाइ।
सिष्टि भई जा पुरुष तैं ताकी सरन सु जाइ ॥४॥
काम संग अरु मोह तजि अध्यातम नित होइ।
सुख दुख तजि ताकौं लहै अबिनासी जो कोइ ॥५॥
पावक रबि अरु चंद्रमा ताहि करैं न प्रकास।
फिरैं न ताकौं पाइकै सो है मेरो दास ॥६॥
जीवलोक मैं जीव जो अबिनासी मुहिं रूप।
मनहि आदि जे इंद्रियन और प्रकृति को भूप ॥७॥
ज्यूं सरीर कौं तजत यहि जहाँ करैं सनबंध।
इंद्रिय ईस्वर सँग रहै बायू सूँ ज्यूं गंध ॥८॥
स्रवन नयन अरु नासिका त्वच अरु रसना जान।
इन्ह कौं गहि मनु संग लै लहत जीव बिषयान ॥९॥
इंद्रीजित निकसत रहत करत बिषै को भोग।
मूढ जीव कौं नाहि लखत लखैं जु ज्ञानी लोग ॥१०॥
जोगीस्वर जतनन किये देखत हैं हिय माहि।
मूरख जतन न करत है जीवहि देखत नाहिं ॥११॥
तेज जु है आदित्य मैं भासत है संसार।
चंद्र माझ अरु आग्न महि सो मेरा निरधार ॥१२॥
धारत हौं सभ जाव कौं करि पुहुमी परबेस।
पोषत हौं सभ औषधी ह्वै रस मैं ससि भेस ॥१३॥

हौं ही जाठर अग्नि हुइ सभ देहन महिँ आइ।
प्रान अपान सहाइ सौं जाठर अन्न पचाइ ॥१४॥
सभ कैं हिय मैं हौं रहौं मो तैं ज्ञान बिचार।
बेद सभै मोकौं कहैं मैं तिन्ह कौं करतार ॥१५॥
लोक माँझ द्वै पुरुष हैं छर अरु अछर भाइ।
छर सरीर कौं कहत हैं अक्षर जीव गनाइ ॥१६॥
उत्तम पुरुष जु और है परमातम कैं बेस।
तीन लोक सो धरतु है करिकै निज परबेस ॥१७॥
छर अरु अछर परै हौं सभ तैं हैं अधिकाउ।
या तैं बेद रु लोक मैं पुरुषोतम मो नाउ ॥१८॥
जो कोऊ मोकौं नहीं भजत ते मूरख जान।
अर्जुन जे मोकौ भजत तेई जान सुजान ॥१९॥
छिपा बात ग्रंथन जु ही सो तोसौं कहि दीन।
पारथ जो जानत यहै तेई बुद्धिप्रबीन ॥२०॥
पुरुषोत्तमयोग नामक पचदश अध्याय समाप्त ॥१५॥

(१६)

श्रीकृष्ण—अभै हिये की सुद्धता ज्ञानजोग थिरु होइ।
दान जज्ञ तप बेद रुचि दम जु सरलता जोइ ॥१॥
बिन हिंसा अरु सत्त मैं रहै क्रोध बिनु मित्त।
दान साति बहुबिध रुचै दोष न आवै चित्त ॥२॥
दया करै सभ जतु पै तजि चपलाई भाइ।
लाज अकर्मन तैं सुमृदु ब्यर्थ क्रिया छुटि जाइ ॥३॥
तेज छिमा सुच धैर्य जुत तजै द्रोह अभिमान।
देवसपदा गिनत हैं जामैं ये गुन जान ॥४॥
दभ दर्प अज्ञान रिस निज स्वारथ ब्यवहार।
आडबर नर आसुरी सपद धारनहार ॥५॥
दैवी सपत मोख हित आसुर बधन मान।
पारथ सोक न करि तनिक दैवी को करि ध्यान ॥६॥
दैव असुर इह लोक मैं मानस की है सिष्ट।
दैव सु बर्नन कर दियो आसुर सुनौ निकृष्ट ॥७॥

धर्म अधर्म न जानही जे नर आसुर होइ।
सौच अचार न सत्य कछु भेद न जानत कोइ ॥८॥

[श्रीकृष्ण—अभय हिये सुचिता लिये लिये ज्ञान को जोग।
दान जज्ञ तप भजन सों होइ सरल तजि भोग ॥१।
सत्य अहिंसा साति औ त्याग दया करि बोध।
थिर मृदु ह्वै दुरगुन तजै परनिंदादिक क्रोध ॥२॥
तेज छिमा सुचि धैर्य धरि तजहि क्रोध अभिमान।
दैवीसपति षड्गुनो सो पावहि मतिमान ॥३।
दंभ दर्प अभिमान अरु क्रोध परुष अज्ञान।
हे पारथ जिहि मन वही असुर सपदा जान ॥४॥
दैवी सपति मुक्तिदा असुरी बंधन देत।
हे पारथ तजि सोच तू दैव संपदा हेत ॥५॥
दैवी असुरी द्विविध सों सृष्टी करी बखान।
दैवी बिस्तर सौं कही अब असुरी सुनि ध्यान ॥६॥
असुर स्वभावी भूमि के धर्मप्रवृत्ति बिहीन।
सत्य सौच आचार बिन है निवृत्ति सौं छीन ॥७॥
जग असत्य जग कौं यही है कोऊ आधार।
कहै आसुरी बस रच्यौ मैथुन सों ससार ॥८॥
अल्पबुद्धि मन के मलिन जग देखहिं इहि भाँति।
क्रूर कर्मरत ह्वै जगत अहित करहिं दिन राति ॥९॥
दुसपूरन लै कामना दंभ मान मद युक्त।
अग्राही दैवनि भजैं मोह असुचि सयुक्त ॥१०॥
चिंता मैं जो लौ रहैं तौ लौं छुटै सरीर।
प्रकृति आसुरी सुख लहै काम भोग के तीर ॥११॥
अगनित आसापास बाँधि क्रोध काम आधीन।
धनसचय अन्याय सौं करत भोग लवलीन ॥१२॥
पाया मैंने आज ये आसा पाऊँ अन्य।
ये धन मेरे गेह मे औ धन गहूँ अगन्य ॥१३॥
जे बैरी मैंने बध्यो औरनि बधूँ अभाल।
ईस सिद्ध भोगी सुखी मैं हूँ बली बिसाल ॥१४॥

मैं ही धनी कुलीन हूँ मो सम कौन प्रवीन।
यजौं देव हुलसहुँ यही लच्छिन ज्ञानबिहीन।१५॥
बिबिध भाँति चित भ्रमित ह्वै फसहिं मोह के जाल।
काम भोग के भ्रमर फसि गरकहिं नरक कराल॥१६॥
करत बड़ाई अपुन अपु रत धन मद अभिमान।
पाखण्डी नर यजत हैं जज्ञ बिना बिविज्ञान॥१७॥
अहंकार बल दर्प अरु काम क्रोध करि हेत।
जब जग मैं रमि मैं रह्यो तउ द्वेषी दुख देत॥१८॥
जे द्रोही अरु क्रूर हैं पापी अधम महान।
अशुभ आसुरी जोनि मैं डारहुँ सदा निदान॥१९॥
जनम जनम मैं मूढ ते जोनि आसुरी पाहिं।
हे पारथ मोहि न मिलैं परम अधमगति जाहिं॥२०॥
काम क्रोध औ लोभ ये तीन नरक के द्वार।
इन तीनहुँ को परिहरहु करहिं आत्मसहार॥२१॥
तीन नरक के द्वार जे पारथ तिनहिं बिहाय।
करहिं जतन कल्यान के तबहि परम गति पाय॥२२॥
तजहिं सास्त्र बिधि काम रत कातर तासैं होइ।
सुख सिद्धी औ परगती पावहिं कबहु न कोइ॥२३॥
यासौं करम अकर्म की सास्त्रब्यवस्था जान।
रत हो वाही कर्म मैं जामै सास्त्र प्रमान॥२४॥

दैवासुरसपाद्भागयोग नामक सोलहवाँ अध्याय समाप्त॥१६॥]

(१७)

अर्जुन— जे सासनबिधि छाँड़िकै जजत सश्रद्धा जौन।
सत्व रजो तम माँह सो तिनकी निष्ठा कौन॥१॥
श्रीकृष्ण— तीन भाँति श्रद्धा कही मानस की सो भाइ।
सात्विक राजस तामसी सुन तीनो को दाइ॥२॥
परंपरा ही जन्म की श्रद्धा होत समान।
श्रद्धामै यह पुरुष है श्रद्धा ताहि प्रमान॥३॥
बेदन रुचैं सातुकी राजस रच्छस जच्छ।
भूत प्रेत गन ते जजहिं नर सु तामसी पच्छ॥४॥

घोर तपस्या जे करैं जे न बेदमत होहिं।
करैं दंभ हंकार सों काम राग लगि मोहिं॥५॥
पंचभूत जे देहि मैं तिन्हकों ते दुख देत।
हिय मैं मोहू कों हनत ते हैं असुर अचेत॥६॥
तीन भाँत आहार यहि सभ ही कौं रुच होइ।
जज्ञ दान तप भेद जे मो पैं सुन तू सोइ॥७॥
सरस थीर हृद चीकनो सातिकप्रिय आहार।
आयु सत्व अरु अगबल प्रीत बढावनहार॥८॥
दाहक रूखो उष्न कटु तीछन खाटो खार।
सोक रोग दुख देत हैं राजस ये आहार॥९॥
जाहि रिंधे पहरक गयो बासी उठ्यो बसाइ।
जूठैं और पबित्र नहिं भोजन तामस खाइ॥१०॥
विधि बिधान सों कीजिये छाड़ि फलन की आस।
जज्ञ करै श्रद्धा सहित सातिक है सुखरास॥११॥
करिकैं फल का कामना और दंभ के दाइ।
ऐसैं जो जज्ञन करै सो राजस है भाइ॥१२॥
बिना अन्न बिनु दच्छिना बिना मंत्र बिधिहीन।
बिन श्रद्धा जज्ञहि करैं सो हैं तामस लीन॥१३॥
ज्ञानी गुरु द्विज देवकों पूजैं सुध मृदु होइ।
ब्रह्मचर्य हिंसा तजै तप सारीरक होइ॥१४॥
मौन करै जे प्रिय बचन हितकारी सतभाइ।
करै बेद अभ्यास पुन वाचिक तप या दाइ॥१५॥
मनप्रसाद जो सरलमन इंद्रीनिग्रह मौन।
भाव सुद्ध यह कहत हैं मानस तपसी जौन॥१६॥
श्रद्धा सौं नर तप करैं सो है तीनो भाँत।
फल इच्छा छोडें करैं सोई सातिक सात॥१७॥
कारन आदर मान के और दंभ के काज।
सो तप राजस कहत हैं चंचल छिनक समाज॥१८॥
देहैं दुख दै मूढ अति हठ सों जो तप होइ।
पर कों कष्ट दिखावही तामस तप है सोइ॥१९॥

दान जु दै उपकार बिन पात्र बिप्र कों देखि।
देस काल कौं जानिकैं सातिक दान बिसेखि ॥२०॥
कीजै जो उपकारहित फल की आसा मानि।
जो दीजै अतिकष्ट सौं ताकौं राजस जानि ॥२१॥
बिना देस अरु काल बिनु दीजै नीचैं दान।
बिनु आदर अधिकारि बिनु तामस ताहि बखान ॥२२॥
ओं तत सद इति ब्रह्म के नाम जु तीन प्रकार।
बिप्र बेद अरु जज्ञ त्यूँ कीने पहली बार ॥२३॥
क्रिया जज्ञ अरु दान तप कहि पहिले ओंकार।
बेदब्रत जे कहत हैं बिधि बिधान बिस्तार ॥२४॥
तत इति करिकें करत हैं क्रिया जज्ञ तप दान।
फल अभिलाषा छाडिकैं चाहत मुक्ति निदान ॥२५॥
साधु भाव सत भाव मैं सत को करत बिचार।
और भले पुन कर्म मैं सत कौं गावत सार ॥२६॥
जज्ञ दान तप इस्थिनिहि ताहि कहत सत नाम।
ताके जे जे कर्म हैं ताको सत बिश्राम ॥२७॥
बिन श्रद्धा तप होम जप देत सबै जु अकाज।
अर्जुन सो यहि असत है दुहूँ लोक मैं लाज ॥२८॥

त्रिगुण कर्मविभागयोग नामक सप्तदश अध्याय समाप्त ॥१७॥

(१८)

अर्जुन—त्याग तत्व जान्यो चहत कहिऐ जू भगवान।
तत्व और सन्यास कौ न्यारो कहौ बखान ॥१॥

श्रीकृष्ण—कामजुक्त कर्मन तजै ताहि नाम सन्यास।
कर्मफलन कौं त्याग यहि त्याग सहित सुख रास ॥२॥
कर्मन छाडें दोख बहु कोउ कहत या रीति।
जज्ञ दान तप कर्म जिन तजौ और यह नीति ॥३॥
या ठौरहिं अब त्याग तूँ मेरे निहचै जानि।
तीन भाँति को त्याग यहि अर्जुन चित मैं आनि ॥४॥

जज्ञ दान तप कर्म जे कीजै तजिऐ नाहिँ।
यातैं पंडित आन जन गनत पवित्रन माहिँ ॥५॥
फलु छाड़ै संगति तजै कर्म करै चित चाइ।
अर्जुन यह मेरो जु मत निहचै उत्तम दाइ ॥६॥
जो अवस्य करनो करम ताकौं छाड़ि न देइ।
जो छाडै अज्ञान तैं सो तामस गनि लेइ ॥७॥
यहि जानै कर्मन तजै मन देही दुख होइ।
यहि तो राजउ त्याग हैं या महिँ फल नहि कोइ ॥८॥
करनो कर्म अवस्य यह जान जु कीजै कर्म।
संग और फल को तजै सातिक त्याग सु धर्म ॥९॥
बुरे कर्म निंदा नहीं भलें रहै नहिं लागि।
बुद्धिवंत संदेह बिन यहि है सातिक त्यागि ॥१०॥
देहिवंत पै कर्म सब नाहि जु छाडे जाहिँ।
कर्मफलन कौं जो तजै सोई त्यागी माहि ॥११॥
स्वर्ग नरक अरु भूमि जे कर्म त्रिबिधि फल जान।
कर्मवंत कौं होत हैं सन्यासी नहि मान ॥१२॥
अर्जुन मो पै सुन जु तूं कारन हैं ये पाँच।
कह्यो सांख्य सिद्धांत मैं कर्मभेद को साँच ॥१३॥
अधिष्ठान कर्ता जु है करन बहूते भाइ।
नानाबिध व्यवहार अरु पंचम दैव गनाइ ॥१४॥
मन अरु बचन सरीर सौं कर्म करत या साज।
भलो बुरो कोऊ करै इन्ह बिन सरै न काज ॥१५॥
जे नर आतमराम कौं मानत हैं करतार।
देखत हूँ देखत नहीं ते नर मूढ गँवार ॥१६॥
जाकी बुधि निरलिप्त है अहंकार नहिँ जाहि।
सो इन्ह लोकन कैं हनत हनैं जु बध न ताहि ॥१७॥
प्रेरक तीनो कर्म कै ज्ञान ज्ञेय ज्ञातार।
करन करम कर्ता करम संग्रह तीन प्रकार ॥१८॥
त्रिबिध होत गुन भेद तें ज्ञान कर्म करतार।
गुन संख्या मैं ये कहैं जैसैं सुनि ये बार ॥१९॥

जा करि देखै जीव मैं अबिनासी इक भाइ।
न्यारे मैं न्यारो नहीँ सातिक ज्ञान बताइ ॥२०॥
नाना भाइन महिँ लखै न्यारो न्यारो ज्ञान।
भिन्न लखै सभ जीव कौँ राजस ज्ञान सु जान ॥२१॥
पूरन जानै एक मैं बिन कारन रे मित्त।
तत्व अर्थ बिन अल्प मत तामस ज्ञान अनित्त ॥२२॥
रग राग अरु द्वेष बिनु नियत कर्म जब होइ।
तजि फल इच्छा कीजिये सातिक कर्म जु सोइ ॥२३॥
जौ कीजै करि कामना कैधौँ करि हकार।
जा महि स्रम है अति घनो सो राजस निरधार ॥२४॥
पौरुष हिंसा सुभ असुभ द्रव्य खर्च न बिचार।
जो कीजत अज्ञान तैँ तामस कर्म निहार ॥२५॥
धीरज धरि उतसाह कौ तजै सग हकार।
निर्बिकार सिधि असिधि सम सातिक क्रम करतार ॥२६॥
रागी चाहै कर्मफल लुबधक हिसक होइ।
हर्ष सोक सजुत असुचि राजस कर्ता सोइ ॥२७॥
सुचि बिन रहै बिबेक बिनु सठ आलकसी नित्त।
सभ ही की निंदा करै अरु बिषादजुत चित्त ॥२८॥
थोरे दिन के काज कौँ बहुत लगावै बार।
ताही सोँ सभ कहत हैँ यहि तामस निर्धार ॥२९॥
बुधि अरु धीरज तीन बिधि होत जुगन के भाइ।
न्यारे न्यारे सभ कहत ते हौँ तोहि सुनाइ ॥३०॥
काज अकारज भै अभै अरु परबृति निबृत्त।
जामै बधन मुक्ति जो सातिक बुधि की बृत्ति ॥३१॥
धर्म अधर्मन कौँ लखै काज अकाजै जान।
जैसे महिँ तैसे गनै बुद्धि राजसी मान ॥३२॥
जानत पापहि पुन्न करि दभ अज्ञानी होइ।
लखै अर्थ बिपरीत सभ बुद्धि तामसी सोइ ॥३३॥
जासौँ इद्री रोकि करि चित्त क्रिया अरु प्रान।
जोगजुगत निहचल महा धीरज सातिक जान ॥३४॥

धर्म अर्थ अरु काम कौं जो धारत है आइ।
चलै जु फल परसग तैं धीरज राजस भाइ ॥३५॥
जो भय सोक बिषाद मद स्वप्न मांहि ठहिरात।
दुष्टबुद्धि जानै नहीं धीरज तामसजात ॥३६॥
अब अर्जुन मो पै जु सुन सुख के तीन प्रकार।
जाको भ्यास जु कीजिये दुख को होइ निवार ॥३७॥
पहिलैं जो बिष सो लगै बहुरि अमृत सो जोइ।
सो सुख सातिक सैं कहै बुधिप्रसाद तैं होइ ॥३८॥
इंद्रि बिषयसंजोग तैं पहिलैं अमृत समान।
पाछै जो बिष सो लगै सो राजस सुख आन ॥३९॥
पहिलैं सुख पाछैं दुखद मोहत करै जु कोइ।
निद्रा अलस प्रमाद सौं भयो तामसी सोइ ॥४०॥
जो पुहुमी महि नहिं कछू सुर मैं और अकास।
सत रज तम तीनो गुनन बँध्यो जु मायाफाँस ॥४१॥
द्विज अरु क्षत्री बैस्य के और सूद्र के कर्म।
निज सुभाव गुन सौं भए न्यारे न्यारे धर्म ॥४२॥
सम अरु दम तप सौच पुन और सरलता साति।
आस्तिक ज्ञान बिज्ञान यहि ब्रह्म कर्म की भाति ॥४३॥
सूर तेज धीरज चतुर जुद्धि माझ न पलाव।
दै ठकुराई सौं रहै क्षत्री कर्म स्वभाव ॥४४॥
खेती गोरच्छा बनिज बैस्य कर्म ये जान।
सभहूँ की सेवा करै सुद्र कर्म यह मान ॥ ४५ ॥
अपने अपने कर्म तैं सिद्धि लहै सभ कोइ।
सो बिधि अब मो पैं जु सुन कर्म सिद्धि ज्यूं होइ ॥ ४६ ॥
जातैं उपजन जीव सभ जिन्ह कीनो बिस्तार।
कर्म करत तोकौं भजै सिद्धि लहै नर सार ॥ ४७ ॥
नीकैहूँ परधर्म तैं निगुन भलो निज धर्म।
कछू पाप पावै नहीं करत आपनो कर्म ॥ ४८ ॥
दोषसहित निज कर्म लखि रहै न क्यूँ हूँ त्यागि।
दोष भरे आरंभ सभ धूमसहित ज्यूँ आगि ॥ ४९ ॥

लगन बुद्धि कहुँ नहिँ करै जीतै मन तजि आस।
कर्मसिद्धि निहकर्म ही पावै करि सन्यास ॥ ५० ॥
सिद्धि पाय परब्रह्म कौँ जैसैँ पावत सार।
कहौँ सु हौँ सछेप सौँ निष्ठाज्ञान अपार ॥ ५१ ॥
रहै बुद्धि जौ सुद्ध सौँ धीरज सौँ मन धारि।
सब्द आदि बिषिया तजै राग द्वेष कौँ मारि ॥ ५२ ॥
रहै सदा एकात मैँ लघु भोजन मन जीति।
ध्यानजोग तत्पर सदा यह बिराग की रीति ॥ ५३ ॥
क्रोध परिग्रह काम दल दर्प और हंकार।
ममता तजि निर्मल रहै सात ब्रह्म मैँ सार ॥ ५४ ॥
ब्रह्म भयो परसन्न मन सोच करै नहि चाहि।
सभ जीवन कौँ सम लखै पावै भक्ति परा हि ॥ ५५ ॥
मो कौँ जानै भक्ति करि जितनो होइ जु भाइ।
मोहि जानि कै तत्व सौँ मेरी भक्ति कराइ ॥ ५६ ॥
मो कर्मन कौँ नित करै मेरो आस्रै पाइ।
मम प्रसाद तैँ जो रहै अच्छर पदवी जाइ ॥ ५७ ॥
मन सौँ मौ मैँ कर्म धरि मो तत्परता लेइ।
बुद्धिजोग कौँ सेइ करि मोहीँ मैँ चित देइ ॥ ५८ ॥
मो प्रसाद तेँ दुर्ग सभ तरत जु बिनु आयास।
अहकार ते चित सु लहि है तूं जे अबिनास ॥ ५९ ॥
लरौ नहीँ ज्यौँ तुम कहत अहकार कौँ मान।
यहि तोकौँ अवरूढहै प्रकृति लरै है आन ॥ ६० ॥
अर्जुन अपने कर्म सौँ तेँ राख्यौ है मोहि।
करयो न चाहै मोह तैँ परबस करिहै सोइ ॥ ६१ ॥
ईस्वर सभ के हीय मैँ अर्जुन रहि तसु गूढ।
जीव सदा ही भ्रमत है करि माया आरूढ ॥ ६२ ॥
होहु सदा वाकी सरन अर्जुन तूँ सभ भाइ।
अबिनासी थिर सात पद ता प्रसाद तैँ पाइ ॥ ६३ ॥
जो कुछ है सभ तैँ दुरयो परम बचन मो मानि।
तूँ दृढबुद्धि जु मीत है तो हित कह्यौँ बखानि ॥ ६४ ॥

मो कौँ जजु तूँ सत्य यहि मो महिँ ही मन राखि।
अत समैं त मोहिं मैं प्यारे तुम्ह यहि भाखि ॥६५॥
सम धर्मन कौं त्यागि कै मो सरनैं तू आइ।
दूरि करौं सम पाप हौं सोक तजो या भाइ ॥६६॥
जाके तप नहि भक्ति नहिँ अरु सुसूषा नाहि।
तासों तूँ यहि मत कहै मो द्वेषी जग माहिँ ॥६७॥
मो भक्तन सो जो कहत परम दुर्यो यहि ज्ञान।
सो मेरा भक्तिहि लहै मो मैं रहे निदान ॥६८॥
मोकौं प्यारो बहुत वहि हौं प्यारो हूँ ताहि।
वहि मुहिं राखत हीय मैं हौं राखौं हिय वाहि ॥६९॥
धर्मवाद जो हम कियो पढ़ै जु कोऊ जान।
ज्ञान जज्ञ तिन्ह हौं जजौं यहि मेरो मत मान ॥७०॥
श्रद्धातुर दोखन बिना याहि सुनै जो कोइ।
पुन्नवत लोकन लहै मुक्ति जु ताकौं होइ ॥७१॥
चितु एकाकी होइकै सुन अर्जुन यहि धर्म।
मिटै मोह अज्ञान तब और छुटैं चित भर्म ॥७२॥
अर्जुन—मो हूँ कौं आई सुरत ये हो श्री भगवान।
भयो दूर सदेह अब तव आज्ञा परवान ॥७३॥
संजय—हरि अर्जुन की बात यहि सुनी जु मैं या भाइ।
अचरज रूप अनूप अति रोमहर्ष चितु चाइ ॥७४॥
परम दुर्यो मतु यहि जु हो सुन्यौ ब्यास परसाद।
जोगेस्वर श्रीकृष्न जू निज मुख कियो बिवाद ॥७५॥
बार बार सिमरत जु हौं वा सवादहिं राज।
हर्ष होत मो कों तहाँ अति पवित्र कैं साज ॥७६॥
अद्भुत रूप जु कृष्न को सिमर सिमर हौं ताहि।
हर्ष होत मोकों बहुत बिस्मै कौन जु वाहि ॥७७॥
यहि गीता अद्भुन रतन श्रीमुख कियो बखान।
बार बार निरधार किय परम मुक्त को ज्ञान ॥७८॥

भक्तबछल श्रीकृष्न जू यहै कियो निरधार।
करै भक्ति अभ्यास ह्वै यहै बेद को सार ॥७९॥
कृष्न जु अर्जुन सौं कही कारन बाकबिलास।
गीता की टीका करी यहि जसवंत प्रकास ॥८०॥

इति श्रीमहाभारतभीष्मपर्वगत, श्रीमद्भगवद्गीतोपनिषद् मोक्षसन्यासयोगनामक अष्टादश अध्याय समाप्त।

इति श्रीकृष्णार्जुनसंवादमय श्रीमद्भगवद्गीताभाषा—दोहा, जसवंतकृत अष्टादश अध्याय समाप्त।

गीतामाहात्म्य

गीतामाहात्म्य

श्रीरामाय नम । अथ गीता माहात्म्यइतिहास कथा लिख्यते ॥

(१)

दोहा

गुर गोबिंद प्रणाम करि ' सारद पुनि ईस ।
सत चरण रज रेणि लै धरौं आपणौं सीस ॥ १ ॥
गीता की महिमा कहौं कही प्रथम जो व्यास ।
प्रगटी पद्मपुराण तै सबकी पूरण आस ॥ २ ॥
गीता बाचै जो सुणौं नैननि देखै कोइ ।
इतना कौ दरसन करैं भक्ति मुक्ति फल होइ ॥ ३ ॥
सो इतिहास सुणो गुणो कहौं पुरातन साषि ।
लक्ष्मी सौं बैकुंठ में नारायण जी भाषि ॥ ४ ॥
कैलास सिखर उत्तिम सदा तहा रुद्र कौ धाम ।
पारबती प्रसननि करे सबके पूरण काम ॥ ५ ॥

पार्वत्युवाच—चौपाई

हे प्रभु तुम कौं बूझौं सोइ । जातैं तुम पवित्र अति होइ ।
सकल जीव तुम ही कूं ध्यावैं । तुमरी दया मुक्ति सो पावै ॥६॥
बेइल चढ्यौं वाढ्यौं मृगछाला । अग भस्म मुडन की माला ।
विषधर सरप कठ मैं सोहै । बिष धतुरा कौ भछिछन सो है ॥७॥

दोहा

जेते लछन देखियै उन सन एक न आइ ।
क्यौं पवित्र तन मन भयो तो कहिये समझाइ ॥ ८ ॥
श्री महादेव उवाच ॥ दोहा ॥
सुण देवी तोसूं कहौ निज गीता को ज्ञान ।
जाहि पाइ सब कछु करै करमन लिये निदान ॥ ९ ॥

चौपाई

सो वह गीता ग्यान कहावै। मेरा हिरदा माँझि रहावै।
देह धरे सब करम करावै। गीता सुमरि परम पद पावै ॥१०॥

पार्वती उवाच (चौपई)

प्रभु जी तुम गीता यूँ गाइ। ताकी महिमा बहोत सुनाइ।
गीता सुनत भये जे पार। तिनकी साषि कहौ निरधार ॥११॥

श्री महादेवोवाच—चौपाई

सुनि देवी तोकूँ समझाऊँ। गीता भक्ति मुक्तिमय गाऊँ।
यौं ही प्रसन लछ्छमी करी। उत्तर दीन्हौ श्रीनरहरी ॥१२॥

दोहा

फनपति की सेज्या करी खीर समद के माहिँ।
चरन पलोटे लछ्छमी नारायन के ताहिँ ॥१३॥

चौपई

एक दिनाँ नारायन स्वामि। नैंन मुंदि रहे अंतरजामि।
अंतर उपज्यौ आनँद ऐन। तब तें लछमी बोली बैन ॥१४॥
तुम प्रभु सकल लोक के ईस। तुम पदरज बंद्ये सिव सीस।
नींद भूख आलस होइ ताहि। तामस जोनि जीव है जाहि ॥१५॥

श्रीनारायण उवाच

नारायण जी बोले ताहि। मोकूँ आलस निद्रा नाहि।
सबद सरूपी गीता कहिये। ताके ग्यान मगन होइ रहिये ॥१६॥
सो यह ग्यान बेदहू कहै। जाहि जानि जिव आनँद लहै।
तन की ताप छियै नहि ताकौं। गीता ग्यान प्रकासे जाकौं ॥१७॥
ज्यूँ चोबीस जानि अवतारा। त्यूँ ही गीता रूप हमारा।
निराकार आकार कहावै। सबद सरूप गात तनु पावै ॥१८॥
अध्यॉय पाँच मेरो मुख कहियै। दस अध्याय भुजा सो लहियै।
अध्यॉय एक सो उदर बखानौ। दोइ अध्याय चरन सो जानौ ॥१९॥
नौ नाडी इसलोक बखानौ। अख्खर सबै रोमावलि जानो।
जो गीता को अरथ बखानै। परमानद परम सुख मानै ॥२०॥

सुनि लछमी तू ऐसे जानै। चरन पलोटैं तैं सुख मानै।
गीता तैं मैं आनँद लहौं। गीता ग्यान मगन होइ रहौं ॥२१॥

लक्ष्मी उवाच

हे प्रभु गीता तुम यौं कह्यो। गीता सुणिया बर कैं लह्यो।
तिन के नाम करम समझावौ। मोरें मन आनद बढावौ ॥२२॥

श्रीभगवान उवाच

सुनि लछमी तिण सब गति पाइ। तिणकी कथा कहौं समुझाइ।
एक जाति को सुद्र जो होइ। चिंडाल करम को करता सोइ ॥२३॥
बकरी एक सु पाली ताही। चारो लेन गयो बन माही।
बृछ्छ जानि तोरन भया जबै। खायो सरप मृतक भयो तबै ॥२४॥
बहोत काल नरक में रह्यौ। बहुरौ जनम बइल कौ लयौ।
लूलै भिछ्छिक मोल सो लीनौ। तापरि चढि भिछ्या चित दीनौ॥२५॥
माँगत भीख नगर सब फिरै। साँझ होइ तब आवै घरै।
सुत दारा मिलि अन्न सु खाहीं। वाको फूस पेट भरि नाहीं ॥२६॥
भुस तुस खाव एक भर पावें। प्रात समै उठि मागन जावें।
कइक दिनाँ पेट दुख सौं भर्‍यौ। भूखौ एक दिनाँ गिरि पर्‍यौ ॥२७॥
प्राण न छूटै अति दुख पावै। देखन लोक नगर कौं आवै।
जप तप दान बहुत बिधि कीन्हौ। पुनि जु करैं सो सब मिलि दीन्हौ॥२८॥
पापी बैल मरिहु नहिं जाई। ताहि देखणौ गनिका आई।
क्यौं यह भीर बहोत सौं होई। बूझी बात कहैं सब कोई ॥२९॥
गनिका बोलै बात सुनाई। मै तो पुनि न कीन्हौ काई।
जाण अजाण पुनी जो होही। सो सब दियौ बैन मैं तोही ॥३०॥
मर्‍यौ बैल गनिका सुनि बैन। देह बिप्र की पाई ऐन।
बिद्या पढै बेद मति मानै। जन्म पीछलै की सब जानै ॥३१॥
एक दिनाँ मन मैं जु बिचारी। खोजि लैहुँ गनिका वह नारी।
जिनि मोहि पुन्य आपनौ दयौ। पसू पलटि उत्तम द्विज भयौ ॥३२॥
खोजत खोजत गनिका पाई। वाकौं बूझी बात सुहाई।
कहै बिप्र पहिछानत नाईं। गणिका कहै न जाणौं काईं ॥३३॥
गणिकाकरम हमारौ नीचौ। किसी पिछाणि बिप्र कुल ऊँचौ।
तब वह बिप्र कहै समझावै। कथा पाछिली गाइ सुनावै ॥३४॥

विप्र उवाच

बोलै बिप्र सुनौ हौ माई। तेरे पुन्य परम गति पाई।
मेरैं हुती बैल की देही। दियौ पुन्य तुम किया सनेही ॥३५॥
ज्यूँ मैं भयौ बिप्र अधिकारी। सो वह पुन्य कहौं बर नारी।
गनिका कहै पुन्य नहि मेरैं। फिरि फिरि चरन लगत हौं तेरैं॥३६॥
पर्यौ बिप्र ताकैं घर माहीं। देखै सुवटा पढतौ ताहीं।
कहै बिप्र सुवटा कछु भाखै। सरधहीण गनिका अब राखै ॥३७॥
सुणें पुन्य तें सदगति पाई। यह बेस्या जाणै नहि काई।
पूछे बिप्र सुवा कौ बात। जो तुम पढौ सुणावौ तात ॥३८॥
परे पिंजरा क्यूं करि आए। द्विज कौं सुवटा बचन सुनाए ॥३९॥

सुवा उवाच

हुतो बिप्र मैं पहिली देहा। जाणौ सबै सुणाऊं भेवा।
मैं गुर अग्या मानी नाहीं। गुर को कह्यो कियो ना काहीं ॥४०॥
गुर सूं कह्यौ कहा पढि जानै। गुर तैं आप अधिक करि मानै।
गुर नै श्राप मोहि जब दीन्हौ। पढि सुवटा पिंजरे कौ कीन्हौ ॥४१॥
बधिक पकरि नगरी मैं ल्यायौ। एक बिप्रसुत मोहिं पढायौ।
गीता सुत कौ पाठ करावै। पहिलौ सो अध्याइ पढावै ॥४२॥
सो मैं सुणी विप्र के बैना। मन निरमल करि सीखे ऐना।
एक दिन चौर विप्र कैं आए। देखि दलिद्र महा दुख पाए ॥४३॥
मो समेत ·· पिंजरा लीन्हौ। बेस्या मित्र ताहि लै दीन्हौ।
मैं नित पढौ प्रथम अध्याइ। गनिका सुणै सहज सुख पाइ ॥४४॥
समझै नहीं सुणत सुख पावै। बोलैं सुवा वाहि समुझावै।
सुवैं पुरातम गाथा गाइ। बिप्रहि गीता अति मन भाइ ॥४५॥
बिप्र सुवा कौं आसिक दीनी। पछी पलटी देवगति कीनी।
गणिका पुनि छाड्यौ वह करमा। सेवै सदा त्रिये सुरधर्मा ॥४६॥
गनिका बिप्र मुक्त सब भए। चढि बिमान बैकुंठहि गए।
नारायण जी बोले बाणी। सुणौ लछ्छमी सो पटराणी ॥४७॥
अणजाणेहू यह फल पावै। जाण सुणै कछु कहत न आवै ॥४८॥

दोहा

यह पहिली अध्याय को भाख्यौ महात्म ऐन ।
लछमी सूँ बोले प्रगट नारायण जी बैन ॥४६॥
सकल सार को सार है सकल ग्यान को ग्यान ।
सकल धरम सुभ करम है कह्यो भाखि भगवान ॥५०॥

इति श्रीपद्मपुराणे उत्तरखंडे सतीईश्वरसंवादे गीतामाहात्म्ये प्रथमोऽध्यायः॥१॥

(२)

दोहा

अब दुसरी अध्याय की भाखौं कथा सु ऐन ।
लछमी सौ जो कहत हैं श्रीनारायण बैन ॥ १ ॥

चौपाई

श्रीनारायण बोले बाणी । सुनौ लछमी कथा पुराणी ।
अब दूजी अध्याय सुनाऊँ । मुक्त भए ते परगट गाऊँ ॥ २ ॥

श्रीनारायण उवाच

नगर पुराणो दच्छिन माहीं । बिप्र सुसरमा बसे सु ताहीं ।
धन अरु बिद्या सब सुख पूरौ । सेवै सदा भक्त को जूरौ ॥ ३ ॥
पूछै प्रस्न कहौ सो ग्याना । मुक्ति होइ पावौं भगवाना ।
पूजै साध करै मन भायो । एक दिनाँ ब्रह्मचारी आयो ॥ ४ ॥
ताकौ बहोत कियो सनमाना । पूछ्यौ मोहिं देहु प्रभु ग्याना ।
तब बोले बालक ब्रह्मचारी । सुनहो बिप्र कहौं निरधारी ॥ ५ ॥
सुणौ दूसरी सो अध्याय । तजै बंध मुक्ती होइ जाय ।
कहै बिप्र नीके समझावो । मुक्ति भए ते परगट गावो ॥ ६ ॥
ब्रह्मचारी बोले यह बानी । कहौ बिप्र सो कथा पुरानी ।
एक गडरिया अज्या चरावै । मेनाबत सो नाम कहावै ॥ ७ ॥
बन में बकरी चरती फिरै । ऊँचे बैसि भजन सो करै ।
बकरी लीये बन कूँ आवै । ता बन में एक सिंघ रहावै ॥ ८ ॥
बकरी एक हुती सब आगै । ताकौं देखि सिंघ अति भागै ।
बकरी देखि सिंघ भजि गयो । अज्यापाल कूँ अचरिज भयो ॥ ९ ॥

ऐसी बात सुणी नहिँ देखी । अज्यापाल सोच भयो बिसेषी ।
अज्यापाल ये सोच चढायौ । तुरत एक ब्रह्मचारी आयौ ॥१०॥
अज्यापाल जब पूछै ऐसेँ । सिंघ भज्यो बकरी तैं कैसेँ ।
तुमकौं तीन काल की सुझै । वाहि गडरिया फिर फिर बुझै ॥११॥

ब्रह्मचारी उवाच

अज्यापाल तू बूझै मोहि । पिछली कथा सुनाऊँ तोहि ।
सिंघ बधिक हौ पहिली देहा । डाकणि हुती सो बकरी येहा ॥१२॥
पुरक मर्यो डाकनि कौ जबैं । तेहन पुरष खायौ सो तबैं ।
बधिक सिकारी गो बन माहीं । डाकनि लकरी बीनै ताहीं ॥१३॥
सो वह बधिक डाकणी खायौ । मरिकै सिंघ देह धरि आयौ ।
डाकणि मरि बकरी भइ एहा । सिंघ पीछली जाणै तेहा ॥१४॥
वातैं सिंघ महा भय पाइ । मोहि खाण कूं डाकणि आइ ।
अज्यापाल तब ऐसे भनै । बाल रूप ब्रह्मचारी सुनै ॥१५॥
हे प्रभु ऐसो कौन उपाय । डाकनि सिंघ मुक्ति होइ जाय ।
ब्रह्मचारी जब बोले ऐसैं । अधम देह तैं छूटै तैसैं ॥१६॥
अज्यापाल तब सिंघ बुलायो । मति जिव डरपै हाय मन भायो ।
ब्रह्मचारी कौं सबही सूझै । अपनी बात गडरिया बूझै ॥१७॥
मैं को हुतौ पीछली देह । कहौ कृपा करि धरौ सनेह ।
ब्रह्मचारी तब करैं बखानौं । तूँ चिंडाल हुतौ मैं जानौं ॥१८॥
कहै गडरिया यह मन धारौ । करि उपाय तीनन कौं तारौ ।
ब्रह्मचारी तब येह बिचारी । गीता बिना इन्हैं को तारी ॥१९॥
सरस सिला परबत कै माहीं । अध्यॉय दुसरी लिखी सु ताहीं ।
तबहि तीनि वै नैननि देखी । मन बच करम सत्ति करि लेखी ॥२०॥
अख्खर द्दष्टि देखि सुख पाए । तीन बिमान तुरति ही आए ।
अधम देह तैं छूटे तबै । रूप चत्रभुज धारयौ सबै ॥२१॥
तीनहु तुरति देवगति पाइ । अध्यॉय दुसरी ऐसे गाइ ।
पढै सुणै गीता चित लावै । फल असखि होइ बेद बतावै ॥२२॥
अछ्छरि देखि मुक्ति जिन लही । फल अनतहू को कह सही ।
महिमा कहत सेसहू थकै । नर बुधि ही कहि नाहीं सकै ॥२३॥

दोहा

यह दूजी अध्याय कौ कहीं माहतम भाखि।
लछमी सूं भगवान जी प्रगट सुनाई साखि ॥२४॥
इति श्रीपद्मपुराणे गीतामाहात्म्ये द्वितीयोध्यायः ॥ २ ॥

(३)

दोहा

अब तीजी अध्याय को भाषौं उत्तम ग्यान।
प्रसन पूछै लछमी कहैं आप भगवान ॥ १ ॥

श्रीभगवान उवाच ॥ चौपाई

श्रीनारायण बोले बाणी। सुनौ सत्य सो कमला राणी।
ताहि तिसरी अध्याय सुणाऊँ। ताको फल परगट करि गाऊँ ॥ २ ॥
एक द्विज करम सूद्र सौ भयौ। अति जड बाकौ नाम सो लयौ।
मनुवा नगर बास वा केरौ। तानै धन सच्यौ बहुतेरौ ॥ ३ ॥
अनरथ करि धन जोरयो ऐसैं। अरब खरब जख (पति)धन जैसैं।
बहुत पाप धन सचै भयौ। ज्यूँही आयौ त्यूँही गयौ ॥ ४ ॥
.. . .. . ।
. ... ॥५॥
बाको धन नास भयो तबै। बीते बहोत बरस सौ जबै।
जानि मानि कूँ बूझत फिरै। धन की इछ्या मन मैं धरै ॥ ६ ॥
भूमी सोधन मत्र सिखावै। गाड्यौ धन परगट होइ आवै।
नैननि कौ अजन जो होइ। थैली चोरौं गहै न कोइ ॥ ७ ॥
धन कै हिते माँस मद खावै। चौरी चुगली जुवा सु भावै।
अधरम करत जन्म सौ बीतौ। धन नहि भयो पर्यो सो रीतौ ॥ ८ ॥

दोहा

एक दिनाँ धन काम करि गयौ सो बन के माहिँ।
नाम छोहरा जानि कै चौरनि मार्यौ ताहिँ ॥ ९ ॥

चौपाई

मरि करि तुरत प्रेत तनु पायौ । बरस एक बन माहिँ रहायौ ।
हाहाकार पुकारि तकि रहै । दुख अनति सुख मूरि ना लहै ॥१०॥
त्राहि त्राहि करि महा पुकारै । मेरे बस होइ को तारै ।
वाकै पुत्र एक घर माहीँ । पूछी बात प्रान कै ताहीँ ॥११॥
कैसे मरयौ पिता सो मेरौ । करत हुतौ बिणज केहि केरौ ।
तब माता पुत्रनि समझायौ । तेरौ पिता द्रिव्य कौँ ध्यायौ ॥१२॥
घर कौ द्रिव्य नास ह्वै गयौ । तातैं वह त्रिष्ना बसि भयौ ।
त्रिसना हेति बिदेसहि ध्यायौ । बन मै चौरनि मार गिरायौ ॥१३॥
ठौर व मोहिँ बतावौ माइ । माता कछू न जाणौं काइ ।
तब बालक पडित कौं बूझै । तुम कौ ओर करम को सूझै ॥१४॥
मेरे पिता सू दुरगति पाइ । ता तारिबै कि कहूँ उपाइ ।
पढयौ बिप्र तब बोलै ऐसे । कहूँ तोहि पितु तरिहै जैसे ॥१५॥

गया जाहु करि पिंड सराध । सब पित्रन की पूरौ साध ॥१६॥

करि भोजन अरु बिप्र जिमावौ । पिता तिरै तुम सदगति पावौ ॥१७॥
बालक चल्यौ गया के ताईं । प्राग जाय गगा जी न्हाई ।
बाणारसी सुधिष तन भयौ । तब बालक आगैं कौं गयौ ॥१८॥
तहाँ एक बड़ छाया देखी । उतरचौ तहाँ सुपुत्र बमेखी ।
तीजी ध्याय चित्त मैं धरै । गीता पाठ सो नित ही करै ॥१९॥
गीता पढि सु बृछ्छ की छाहीँ । पिता प्रेत वाकौ सो ताहीँ ।
गुर के बचन जपे जो ऐन । तृतिय ध्याय सुणि पायो चैन ॥२०॥
सुनै प्रेत गीता के बैन । दिव्य देह धारी सो ऐन ।
दिव्य बिमान सुरग सूँ आयौ । तापरि चढि सुत कौं समझायौ ॥२१॥
पिता कहै सुत मेरौ होइ । मैं चौरनि मारयौ थौ सोइ ।
मोहि सुनायो गीता ग्यान । गयौ प्रेतता चढयौ बिमान ॥२२॥
चढि बिमान बैकुठहि जाऊँ । तोकौं एक और समझाऊँ ।
पुरुषा सात नरक तैं तारौ । अध्यॉय एक सबकौं निरधारौ ॥२३॥
अध्याइ तिसरी पाठ सो कीन्हीं । एक एक फल सबकौं दीन्हीं ।
सात बेर पढि सात उधारे । महा त्रास सकट सूँ तारे ॥२४॥

अहापतित बैंकुठ सिधारे। जमनि जाइ जमराज पुकारे।
नरकन कै रखवारे भाखैं। ऊभड़ नरक हम कहाँ राखैं ॥२५॥
पापी जीव नरक मैं डारे। चढि बिमान बैंकुठ सिधारे।
मानें नहीं तुमारी आन। पापि जीव लै चलै विमान ॥२६॥
तब जमराज तुरति मन धरी। जाइ पुकारौ श्रीनरहरी।
सेस सैन पाताल मँझारी। मुदगर पासि तहाँ लै डारी ॥२७॥
बहोत भाँति कीनौ परनाम। अष्टँग दँडवत करि मनसा म।
सुणिए प्रभु एक बात हमारी। नरकन जीव पर ढरौ भारी ॥२८॥
बहोत जन्म तैं पाप करावे। तातैं जम नरकनि मैं ल्यावे।
तुमरे तुरत पारषदि आये। चढि बिमान बैंकुठहि ल्याये ॥२६॥
काणि न मानी नैक तुमारी। बधन पासि तोरि सब डारी।
अहो अनत अविगत अविनासी। मुद्रा दड लेहु यह फासी ॥३०॥
करौ कोटवालै सो कोय। यातैं टहल तुमारी होय।
श्रीनारायण हसि कै कह्यौ। जमराई तुम दुख क्यूँ लह्यौ ॥३१॥
मन मैं दुख्ख कष्ट मति लहौ। ग्यान सरूप मगन होइ रहौ।
पापी हुते सु इतनी बार। अब कछु पुन्य प्रकासौं सार ॥३२॥
मेरी सीख एक तुम मानौ। सो मैं कहूँ सचि करि जानौ।
गीता पढै सुणै जो कोय। अध्यॉय तिसरी पढतौ होय ॥३३॥
सो वह पुन्य और कौं देवै। सौ [तौ] जीव नरक नहिं सेवैं।
सुणि ए प्रभु की अमृत बानी। रबिसुत हिरदै सति करि जानी ॥३४॥
अपने लोक धरम सो गये। अपनै गन कौ सिखवत भये।
गीता पुन्य देव जो जाही। तुम नैननि जिनि देखौ ताही ॥३५॥
गीता पाठ जो सुणत जो पावै। जोनी सकट बहोरि न आवै।
दियो पुन्य गीता कौ जेह। पापी जीव मुक्त भये तेह ॥३६॥

दोहा

श्रीनारायण जी कही यह तिसरी अध्याय।
भइ लछमी जी मगन सौ निज आनँद मन माइ ॥३७॥

इति श्रीपद्मपुराणे उत्तरखण्डे गीतामाहात्म्ये तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

(४)

दोहा

श्रीनारायणजी कही लछमी सौं समझाय।
अब चौथी अध्याय की कथा कहत सुख पाय ॥ १ ॥

श्रीभगवानुवाच

जे जिव गीता सुणै सुणावै। तिनकौ फल का पैं कहि आवै।
तिनको कोइ अँग छुवै जो कोइ। छूटे बध मुक्तिफल होइ ॥ २ ॥
कहत लक्षमी अमृत बानी। तिनकी साखी कहौ सो आनी।
जिनके चरन छूवैं गति पाइ। तिनके नाम कहौ समझाइ ॥ ३ ॥
श्रीनारायण कहि समझावैं। लछमी के आनद बढावैं।
तुमकूं पूरण कथा सुणाऊँ। मुक्त भए ते परगट गाऊँ ॥ ४ ॥
भागीरथी जो गगा ताहीं। कासी नगर बसै सो वाहीं।
ता पुर मैं एक बेसि रहावै। भरथ नाम ताकौ सब गावै ॥ ५ ॥
नित्य नेम सौ गगा न्हाइ। पाठ करै चौथी अध्याइ।
सौ वह बड़ौ तपोधन कहियै। दूजौ धन वाके नहिं चहियै ॥ ६ ॥
एक दिना वाको मन भयौ। सो बन को सुख देखन गयौ।
वाकौं धूप लगी बन माहीं। बैठो एक वृच्छ की छांहीं ॥ ७ ॥
छाया सघन बैरि दोइ देखी। सोयो तपसी खरौ बमेखी।
एक बिरछ सिर छुवै सो ताकौ। दूजो चरन छुवै सो वाकौ ॥ ८ ॥
तिनके चरन छुवत ये भई। सुकि तुरति खखार होइ गई।
पवन लगत ही टूटी जबै। भई बिप्र घर कन्या तबै ॥ ९ ॥
सो वै कन्या बहोत सयानी। मात पिताहू तै पुनि ग्यानी।
कन्या सौं बोले सो तात। ब्याह करन की उत्तम बात ॥१०॥
दोनू मिलि कै बोली सोइ। हमारो ब्याह करौ मत कोइ।
जो हमरौ मन काम सिरावै। तौ हम जनम सुफल करि पावै॥११॥
कन्या पिछली सब गति जानैं। औरन सैति भेद नहि भानै।
जिन हमकौं तरु देह छुड़ाई। ताको दरस होइ की भाई ॥१२॥
तब कन्या बोली सो ऐसै। तीरथ करौं सुध्ध होइ जैसै।
मात पिता की अग्या होइ। ताकौ बुरौ कहै नहि कोइ ॥१३॥

चोले पिता तबै सुख पाइ। तजि सका तीरथ करा`` जाइ।
मात पिता की अग्या भई। दोनू कन्या तीरथ गई ॥१४॥
तीरथ करि कै आइ तहाँई। वाणारसी नगर है`` जहाँई।
तहाँ तपोधन बैठौ देख्यौ। लिया`` पीछाणि जाणि वह पेख्यौ॥१५॥
तपसी वेखि लियो जब चीन्ही। पायन पड़ी दडवत कीन्ही।
कन्या कह पीछाणत नाहीं। तपसी कहै न जाणूं काहीं ॥१६॥
तब कन्या ताकौं समझायौ। पिछलो जन्म आवनौ गायौ।
बन में बैर हुती सो हरी। तुमरे चरन छुवत ही परी ॥१७॥
एक दिना तुम बन मैं गये। हमरी छाया सोवत भये।
तुमरे चरण लगत सुकि गई। उत्तम द्विज कुल कन्या भई ॥१८॥
कन्या सूं तपसी यौं कही। हमकौं तौ यह खबरि न रही।
तुम अब कछु हम ही फुरमावौ। असरम हमरो सुफल करावौ ॥१९॥
कन्या कहैं सुनौ प्रभु मेरे। हम तो चरन गहे हैं तेरे।
सुद्र जोनि तै तुरति छुडावौ। दै करि ग्यान मुकति पहुचावौ ॥२०॥
गीता की चौथी अध्याइ। देहु पुन्य हमकौं सुख पाइ।
ऐसी कृपा करौ प्रभु सोइ। जातैं आवागमन न होइ ॥२१॥
बंस तपोधन ऐसो कीनौ। चौथी ध्याय पुन्य फल दीनौ।
दै करि पुनि आसिका दई। आवागमन रहित सो भई ॥२२॥
इतनी बात कही उनि जबही। देव विमान आय गया`` तबही।
आवागमन रहित सो भईं। तापरि चढि बैकुठहि गईं ॥२३॥
तबै तपौधन अचिरज देख्यौ। चौथी ध्याय महातम पेख्यौ।
मनसा वाचा यह मन धरै। निति पाठ गीता कौ करै ॥२४॥

दोहा

यह चौथी अध्याय कौ भाष्यौ उत्तम ग्यान।
लछमी जी सौं प्रगट करि कह्यौ आप भगवान ॥२५॥

इति श्रीपद्मपुराणे उत्तरखडे गीतामाहात्म्ये चतुर्थोऽध्यायः ॥

५

दोहा

यह अध्याइ सु पचमी भाषत हैं भगवान।
कहै लछमी सौं प्रगट निज गीता कौ ग्यान ॥ १ ॥

श्री भगवानुवाच । चौपई

पिंगुल नाम बिप्र एक कहियै । जाति धरम तैं भिष्टि सो लहियै ।
नीच सग करि खावै माँस । मद पीवै बैस्या घरि बास ॥ २ ॥
अति नीची सगति मन धर्यो । कुल के लोगनि बाहिर कर्यौ ।
तब यह कर्यो और पुर बास । चुगली करै नरपती पास ॥ ३ ॥
सौक अकोर जौरि धन लीनौ । पीछैं ब्याह आपनौ कीनौ ।
सो नारी भइ अति बिभचारी । कह्यौ न मानै तब उन मारी ॥ ४ ॥
तब वह त्रिया गुसौ मन धार्यौ । दैकै विष अपणो पति मार्यौ ।
मरि करि गीध देह तिण पाई । सब जीवन कौं अति दुखदाई ॥ ५ ॥
वाकी नारि मरी पुनि ताहीँ । सुवटी भई गीध बन माहीँ ।
तबै गीध पहिचानी तहाँ । मोहि मारि सुवटी भइ इहाँ ॥ ६ ॥
ताकौ गीध मारनै धायौ । सुवटी भगी महादुख पायौ ।
सुवटी जाइ गिरी सो ताहीँ । एक बेसनव दग्यौ हो जाहीँ ॥ ७ ॥
ताकै सिर की खोपरी परी । अकास बुद पाणि सौं भरी ।
लरत लरत वा जल मैं परे । दोन्यौ पलटि देव तन धरे ॥ ८ ॥
दिब्य बिमान तुरत ही आये । लियै चढाइ मुकति पहुँचाये ।
सुवटी कही गीध सौं एह । कौन पुन्य तैं पलटी देह ॥ ९ ॥
बिकुठ लै चले हमकु बिवान । ताकौ पुनि कौन तुम जान ।
हम तुम पाप कियौ अति घनै । तिनकी गिणति कहत नहि बनै ॥१०॥
बिकुठ लोक कैसैं गति पाई । अचिरज भयौ कह्यौ नहि जाई ।
तब फिरि बोलै गीध सयानौं । यह अचिरज मैं हू नहि जानौं ॥११॥
लियै पारषत पहुँचे ताहीँ । धरमराज सूरजसुत जाहीँ ।
धर्मराज गीध कौं बूझै । करि किन बात तोहि जो सूझै ॥१२॥
गीध तबै सो करै बखानौ । अपनौ जन्म करम मै जानौ ।
मैं तो पहिली ब्राह्मण हुतौ । धरमनिष्ठ धनहीनौ सुतौ ॥१३॥
चौरि चुडाली जोरे दाम । असत्री करि पूज्यौ मनकाम ।
मैं याकूँ बहु भाँति सुधार्यौ । मानै नहीँ मोहि इन मार्यौ ॥१४॥
मैं तो देह गीध की पाई । ये सुवटी होइ बन मैं आई ।
तब मैं याकूँ लई पिछानि । मारण चल्यौ वैर मन मानि ॥१५॥
लरत लरत हम पहुँचे जाहीँ । मृत बैष्णव की खोपरी ताहीँ ।
वा खोपरी मैं जल हो भर्यौ । सो वह उच्छिष्ट देह मैं पर्यौ ॥१६॥

सो जल लग्यौ हमारे गात। चढे बिमान स्वरग कूँ जात।
हम अपनी सब तुमहि सुनाई। पुनि करम कीयौ नहिँ काई ॥१७॥

धर्मराजोवाच

तब वै धरम गीध सौं कह्यौ। वैष्णव एक गगतट रह्यौ।
सो निति नेम सौं कर असनान। ध्याय पाँचवी पढै निदान ॥१८॥
तास खोपरी कौ जल छूवै। पछी पलटि देवतन हूवै।
तातैं तुम ऐसे फल पाए। चढि बिवाँन बैकुंठहि धाए ॥१९॥
धरमराइ गण कौं समझावै। भगती धरमनि कैसो गावै।
गीतापाठ सु जो नर करै। नामै लेता सुधाइ सु तरै ॥२०॥
इनना कूँ तुम ह्याँ जिन ल्यावौ। बिन पूछै वैकुंठ पठावौ।
सबै पारषन यूँ समझाए। द्विज दोन्यूँ बैकुंठ पठाए ॥२१॥

दोहा

कहि पंचई अध्याइ इह लछमी सूँ भगवान।
गीता गाइ प्रगट करी है निज कैवल ग्यान ॥२२॥

इति श्रीपद्मपुराणे गीतामाहात्म्ये पचमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

६

दोहा

श्रीनारायण जी कहैं फिरिकै अमृत बैन।
पुनि छठ्ठी अध्याइ कौं सुणत होइ सुख चैन ॥ १ ॥

श्रीभगवानुवाच। चौपाई

सुनौ एक नूतन इतिहास। गोदावरि निकट द्वीज कौ बास।
नागर न्याति नाम पिपलास। जानसुरति राजा सौं तास ॥ २ ॥
सो नृप अर्थ धरम कौं साधै। काम मोछि च्यारयौ आराधै।
सकल धरम जुत है सब जाति। नृप की बुधि राम रँग राति ॥ ३ ॥
अस्तुति करत हँस पछी ताहीं। निकसे हस उड़त बन माहीं।
हसनि कौं पछी समझावैं। नृपति कीरती सुनहिं सुनावैं ॥ ४ ॥
जौ तुम उड़ौ बहुत नभ माहीं। राजा की गति लहौ न काहीं।
हस कहत पछिन सौं सोइ। जानौ सुरपति ऐसो होइ ॥ ५ ॥

पञ्छी कहै कहाँ उडि जैहौ। नृप की समता कहूँ न पैहौ।
हंस कहै सुणि हो नभचारी। राजा भयौ सुरग अधिकारी ॥ ६ ॥
जो इह राज सुरग कूँ जावै। बैकुंठ लोक तैं उरै रहावै।
रैयक मुनि अग्रिम नहि होइ। बैकुंठबासी कहियै सोइ ॥ ७ ॥
हंसन करी बात सू येह। सुणी जान स्रुत नाकें (करि) नेह।
राजा मन मै कियौ बिचार। हंस करी रिषि अस्तुति सार ॥ ८ ॥
मो तैं अधिक पुन्य है जाकौ। दरसन करौं जाइ मैं ताकौ।
रथ लै साजि सारथी आयौ। रैइक मुनि कै दरसन ध्यायौ ॥ ६ ॥
गाम धाम तीरथ कै माहीं। राजा खोजत फिरै सा ताहीं।
बिराग परसि बाणारसि गयौ। बिप्रनि दान बहुत बिधि दयौ ॥१०॥
सब लोगनि कौं राजा बूझै। रैइक मुनि तुमकौं ह्यां सूझै।
लोकनि कह्यौ न जाणौ काइँ। तब नृप चल्यौ गया कै ताइँ ॥११॥
पित्र पिंड फल गोतमि कीनौ। बिप्रनि दान बौत सो दीनौ।
पुरबासिन कौं बूझी बात। रैइक मुनि जानौ बिख्यात ॥१२॥
लौगनि नृप कौ बात सुनाई। रैइकि मुनि हम सुन्यौ न काई।
तब नृपती आगैं कौं गयौ। जगनाथ कौ प्रापति भयौ ॥१३॥
जगनाथ कौ दरसन पायौ। इद्रदवनि अरु समुदर न्हायौ।
मारकडे कीनौ असनान। बिप्रनि दियौ हैम गज दान ॥१४॥
तब नृप सबकौं बूझै ऐसे। रैइक मुनि कौं जाणौ जैसे।
नृप के आगे सब जु बखानैं। रैइक मुनि कौं हम नहि जानैं ॥१५॥
तब राजा दच्छिण दिसि चल्यो। रसतें लोगन सबहीं मिल्यौ ॥
तहँ तैं पुनि आगैं कौ गयौ। तहँ रामेसर परसत भयौ।
ह्यां हूं रैइक मुनि नहि पायौ। तब राजा पछिछम कौं आयौ ॥१६॥
द्वारावती द्वारिकानाथ। दरसन करिकै भयौ सनाथ।
करि असनान गोमती सागर। बूझै नृप सब ढुंढिय नागर ॥१७॥
तिनहु कही रैइक मुनि नाही। तब राजा उत्तर कूँ जाही।
बदरीबन की सीवाँ आइ। नृप कौ रथ जु चल्यौ नहि काइ ॥१८॥
तब नृपती मनि कियौ बिचारा। सब पृथ्वी रथ फिरयौ हमारा।
अति पुन्यनि मो तैं कोइ और। मेरौ रथ जु थक्यौ इहि ठौर ॥१६॥
जा प्रताप रथ शाकि सौ गयौ। तब नृप उतरि पयादौ भयौ।
आगैं चलि नृप बबी देखी। परबत गुफा तहाँ इक पेखी ॥२०॥

तामैं एक मुनेसुर देख्यौ। तास प्रकास सूर सम पेख्यौ।
करि प्रणाम राजा सूँ कहै। रैयक मुनि सौ ह्यांही रहै ॥२१॥
हाथ जोरि बिनती सो करै। दंड प्रनाम भूमि सौ परै।
तुमरैं दरसन भयौ कृतारथ। धनि जनम पायौ परमारथ ॥२२॥

रैक्य मुनि उवाच

रैइक मुनिसुर भाख्यौ ग्यान। राजा कौ करि अति सनमान।
राजा तुमहू बहुत सयाने। सकल धरम साधक हम जाने ॥२३॥
तेरी गति सब भासै मोहीँ। ज्ञान स्तुती नृप भाखैं तोहीँ।
एइ बिधी मुनि बचन उचारे। आदर करि राजा बैठारे ॥२४॥
रैइक मुनि तब सिख्ख बुलाये। कद मूल लै नृपहि जिमाये।
मुनिवर कह सकोच न कीजै। कछु सेवा की आग्या दीजै ॥२५॥

राजा उवाच

राजा कहै अहो प्रभु मेरे। मैं तौ चरन गहे हैं तेरे।
जातैं तुव कीरति जग भासै। तुमरैं तेज अनँत तम नासै ॥२६॥

रैक्य मुनि उवाच

मुनिवर कहै सुणौ हो राइ। हम तौ पुनि कीयौ नहिँ काय।
कौपिनादि सग्रहन हमारे। तन बिभूति सिर जटा सँवारे ॥२७॥
और हमारैं नहीँ सहाइ। गीता पढौं छठी अध्याइ।
ताकौ है यह पुनि प्रकास। असतुति करैं सकल ससार ॥२८॥
गीता पुनि प्रकट है जासै। तातैं भयौ सूर सम भासै।
तब राजामनि यहै बिचारी। कीनौ पुत्र राजअधिकारी ॥२९॥
जानसुरति सो ऐसो भयो। गीता पाठ करन मन दयौ।
कहै नृपति मुनि येह बिचारौ। देइ ग्यान भौसागर तारौ ॥३०॥
गीता पाठ सिखावौ मोहीँ। सिष्य रूप हौ बूझौं तोहीँ।
तबहीँ कृपा करी मुनिराय। नृप कौं गीता तुरति पढाय ॥३१॥
गीता पाठ कियौ नृप जबहीँ। त्रिकाल द्रष्टि उपजि सौचतहीँ।
ऐसैं रहत बहोत दिन बीते। गुन इद्री कौं बिधि बहु जीते ॥३२॥
येक दिना सौ ऐसे कीनौ। बैंकुंठ भवन (जान) मन दीनौ।
ब्रह्मांड भेदि कै काढे प्राण। तिनहि तुरति आइगो बिवाँण ॥३३॥

पारषतन बहु बचन उचारे। एक बिवाँन मधि बैठारे।
चढि बिवाँन बैकुंठहि गये। रूप चत्रभुज दोऊ भये ॥३४॥

दोहा

नारायणजी सब कह्यौ लछमी सौं समझाइ।
गीता की असतुति करी कही छठी अध्याइ ॥३५॥
इतिश्री पद्मपुराणे गीतामाहात्म्ये षष्ठोऽध्यायः ॥

(७)

चौपाई

श्रीनारायण बोले बाणी। सुनौ लछमी कथा पुराणी।
पाटण नाम नगर एक सोइ। सकुकरण वणयंक एक होइ ॥ १ ॥
एक दिन चल्यौ बिणज ब्यौहार। बहुत बणक चाल्यौ निरधार।
मारग मैं एक बिषधर आयौ। सकूकरण बनिक तिहि खायौ ॥ २ ॥
जब जाँइ छूटै वाके प्रान। बनकनि दीनौ दाग निदान।
आगै जाइ कियौ ब्यौहार। बिणजि लियौ घरि आए सार ॥ ३ ॥
सकुकरण कौ बेटौ आयौ। तिनि ताकूँ बिरतात सुनायौ।
पिता मरयो सो अप्प अकाल। धन वाकौ ल्यौ तुमही बाल ॥ ४ ॥
प्रँतु उहि दुरगति पाई एह। को जनत छूटै वा देह।
बालक बिप्रन बूझै जाय। मेरै पिता सु दुरगति पाय ॥ ५ ॥
धरम रूप मोसौं कहा बात। जातैं तिरै सु मेरौ तात।
कहै बिप्र ऐसे मन धरौ। तुम सब नारायणबलि करौ ॥ ६ ॥
उरद पिसाय लाकरी ल्यायौ। ताकौ माणस देह बणायौ।
स्राध करौ नीकी बिधि साधौ। बिप्र जिमायौ बहुत अराधौ ॥ ७ ॥
स्राध करयौ तिलि अंजुलि दीनी। बिधि सौ पुनि इग्यारी कीनी।
भाई च्यारि हुते सुनि सौइ। बाढ्यौ द्रव्य बच्यौ जो होइ ॥ ८ ॥
एक पुत्र ऐसे कह बात। सरप डस्यौहै मेरे तात।
पिताबैर नहिं लैहै कोइ। ताकौ जीवन मिथ्या होइ ॥ ९ ॥
पिता मरयो है मेरौ जाहीं। मौकूँ ठौर देखावौ ताहीं।
सब व्यौपारी ह्वाँ लै गये। मृतक ठौर देखावत भये ॥१०॥

बबि एक सू देखी जबै। लियाँ कुदारी खोदै तबै।
बाँबी मोसूँ बोल सुणाइ। मेरौ घर क्यौं खोदौ भाइ ॥११॥
बालक तासौं कहै बखानु। सकुकरन कौ सुत मोहिं जानु।
मेरो पिता सरप नै खायौ। ताको बैर लैन हूँ आयौ ॥१२॥
कहै सरपसुत सुत सौ एँ बैन। तेरौ पिता सु मै ही ऐन।
अब तुम एहै मनही धारौ। मोकौं अधम देह तैं तारौ ॥१३॥
पुत्र कहै सौ जतन बतावौ। जाते तुम उत्तम गति पावौ।
सुत सौ पिता कहै सो येह। जाहु पुत्र तुम अपने गेह ॥१४॥
गीतापाठी द्विज कौं ल्यावौ। इच्छा भोजन तिन्हैं जिमावौ।
तुमहीँ आसिक देहैं जबै। अधम देह मै तजिहौं तबै ॥१५॥
पुत्र आपने घर कौं आयौ। असत्री कौं बिरतात सुनायौ।
मेरौ पिता सरप होइ रह्यौ। तिन मोंसों अब ऐसे कह्यौ ॥१६॥
गीतापाठी बिप्र जिमावौ। तिन तैं तुम आसीका पावौ।
गीता की साती अध्याइ। नित्य नेम सो पढै सुभाइ ॥१७॥
जबहि वहै द्विज भोजन करिहैं। मेरे पाप सबै झरि परिहैं।
तबै ताकी त्रिय सौ समुझायौ। बिप्रभोज दीजै मनभायौ ॥१८॥
जातै सुसरदेव गति लहैं। तुम सौं लोग भला सब कहैं।
तब सौ बिप्र न्यौति कै ल्यायौ। तिनकौ इछया भोज करायौ ॥१९॥
निच नेम सौं पाठ सा करै। अध्यॉइ सातई मन में धरै।
दछिना दैकै तिलक सु करै। बेर बेर पायन मैं परै ॥२०॥
हाथ जोडि बिनती सो करै। पिता उधरिबे की मन धरै।
मेरे पिता सु दुरगति पाई। ताहि उधारौ हो मुनिराई ॥२१॥
हिरदै हरषि आसिका दीजै। मुकति होइ सोई बिधि कीजै।
आॅसिका ताहि बिप्र तब दई। पलट्यौ सरपदेह गति भई ॥२२॥
दिव्य बिमान पारषत ल्याए। बैकुंठ लोक ताहि पहुँचाए।

दोहा

श्रीपति श्री सौं यौं कह्यौ ताहि सुनायौ ग्यान।
यह सतमी अध्याय की महिम कही भगवान ॥२३॥

इति श्रीपद्मपुराणे उत्तरखंडे सतीईश्वरसंवादे गीतामाहात्म्ये सप्तमोऽध्याय ॥ ७ ॥

८

दोहा

कहौं अष्टमी ध्याय कौं फलस्तुति बखान ।
लछिमी सौ सुख पावही कहै आप भगवान ॥ १ ॥

चौपई

एक नरबदा गगा कहिए । माडुव नगर तहाँ सो लहिए ।
एक बिप्र ता माहिँ रहाय । माधौ सरम सु नाम कहाय ॥ २ ॥
धन अपार वाके घर माहीँ । सतति पुत्र येकहू नाहीँ ।
जग्य बहोत सौ किए अनेक । अस्वमेध पुनि कीन्हौ एक ॥ ३ ॥
एकनि कह्यौ सबनि कौ ध्यावौ । अज्या जग्यि करि पुत्र सो पावौ ।
जब तूँ अज्याजिग्य करि लैहै । देवी हरषि पुत्रफल दैहै ॥ ४ ॥
तब उहि बिप्र उहै मत आनी । अजाजिग्य की सबबिधि ठानी ।
बकरा एक मोल करि ल्याए । स्नान सहित मेवा सु जिमाए ॥ ५ ॥
याकौ मारन ल्याए जबै । हस्यौ बहुत बिधि बकरा तबै ।
तासौ बिप्र कहत है ऐसे । अज्यापुत्र तूँ हस्यौ सु कैसे ॥ ६ ॥
तब द्विज कौ बकरा समझावैं । जनम आपनौ बिधि करि गावै ।
पहिलैं जन्म बिप्र मैं हुतौ । अज्याजिग्य कीनौ सौ सुनौ ॥ ७ ॥
मेरे धन सौ हुतौ घनेरौ । जिग्य धरम कीनौ बहुतेरौ ।
मेरै सतति हुई न क्यौ ही । अज्याजिग्य आरभ्यौ यौही ॥ ८ ॥
बिप्रनि कह्यौ वै हमनी धरौ । बकरा होमि जिग्य सौ करौ ।
बकरा मौलि लैन को जावै । ढूँढि नगर बकरा नहिँ पावै ॥ ९ ॥
बकरी एक तुरत की ब्याई । ताकै सुत को मोल मँगाई ।
बकरौ हुतौ तुरत कौ भयौ । थन तै तोरि होम कौ लयौ ॥१०॥
बकरी सौ मन सोच करायौ । सकल सभा कौ बचन सुनायौ ।
पापी अधम दुष्ट द्विज ऐसे । महा कसाई कहिए जैसे ॥११॥
बालक मारि जिग्य बिधि करै । पुत्र निमित्त पाप बिसतरैं ।
ये तो बात बेद नहिँ कहै । मारै पुत्र पुत्रफल लहै ॥१२॥
महा निरदई हौ तुम सबै । तुमरैं सतति होइ न अबै ।
बकरी बात करत ही रही । बिप्रनि बकरा मारचो सही ॥१३॥

बकरा मारि जिग्य जब कीनौ। बकरी श्राप बिप्र कौं दीन्हौ।
ज्यौं तुम कीनी है बिपरीती। तुमरों गला कटौ इहि रीती ॥१४॥
बकरी बचन कहै परमान। तरफराय कै दीनै प्राण।
बहुत दीनां बीते सू जबै। मैं हू देह तजी सो जबै ॥१५॥
जब मोहि बाँधि लै गये जहाँ। धरमराज बैठे हैं तहाँ।
धरमराइ ने धरम बिचारयौ। मौकूँ बाँधि नरक मैं डारयौ ॥१६॥
भुगते नरक बहोत मै जबै। बदर कौ तन पायौ तबै।
बाजीगर नै मोहिं पढायौ। घरि घरि माँगन भीख सिखायौ ॥१७॥
सगरो दिन सो माँगत फिरै। खान पान बिन भूखौ मरै।
ऐसे भ्रमतै जन्म गमायौ। मृतक भयौ कूकर तन पायौ ॥१८॥
एक दिनां चोरी कौं गयौ। रोटी चोरि खान तब भयौ।
एक दिन रोटी देखी खात। निहचै करी डड की घात ॥१६॥
लाठी की दीनी तब ताहीं। कमरी टूटि परयौ भू माहीं।
कष्ट माहि छूटे जब प्रान। घौरा को तन धरयौ निदान ॥२०॥
कठिहारै कै पानै परयौ। फिरत फिरत पुनि भूखाँ मरयौ।
साँझ परै जब बाँधै सोइ। नीर न चार खबिर ना कोइ ॥२१॥
येक दिनाँ तब ऐसो भयौ। भाडेत्याँ भाडे मौ लयौ।
मौ परि चढि तीन्यौं तब चाले। कीच माहिं सो सब मिलि घाले ॥२२॥
मैं तौ धुच्यौ कीच के बीच। ऊपर तै मोहि मारै नीच।
महाकसट मोकौं दुख परयौ। दुखहीं माहिं तुरत ही मरयौ ॥२३॥
भुगते नरक बहुत ही भाई। अज कौ जनम धरयौ अब आई।
में तो मन मै जाणया सोइ। बिप्रनि लीनौ सुखही होइ ॥२४॥
छुरी लेइ तुम भए तयार। बडे कसाई हो निरधार।
बकरा सों ब्राह्मण कहै सोइ। तोहू कौ जिव प्यारौ होइ ॥२५॥
बिप्रनि कौं बकरा समझावै। जीवन सत्ति प्रगट करि गावै।
चिरी चुगत कोइ डगल उठावै। जिव तब चिरिया कौ उडि जावै ॥२६॥
अब तुम कौ इतिहास सुनाऊँ। अपनी देखी गाथा गाऊँ।
कुरुक्षेत्र एक राजा आयौ। स्नान कियौ बहु दरब लुटायौ ॥२७॥
चंद्रसरमाँ जा नाम कहावै। सब बिप्रनि कौ निकटि बुलावै।
नृपती कहि द्विज सों समझावै। उत्तम दान ग्रहन को गावै ॥२८॥

बिप्र कहै नृप ऐसो करौ। काल पुरुष की बिधि बिस्तरौ।
बिप्र बचन राजा कौ आयौ। प्रथम लोह को पुरुष बनायौ ॥२९॥
लालन के नेत्रन सौं राए। कचन के भूषन पहिराए।
सबै अग पूरन भये जबै। राजा न्हान गयौ सो तबै ॥३०॥
राजा न्हाय धरम सौं रस्यौ। कालपुरुष तब कहि कहि हस्यो।
कालपुरुष तब हसतौ देख्यौ। अचिरज एक बहुत ही पेख्यौ ॥३१॥
लोहपुरुष कहुँ हसतौ सुन्यौ। राजा देखि सीस तब धुन्यौ।
राजा तुरति पुनि करि दीनौ। सूते बोली कै द्विज लीनौ ॥३२॥
कालपुरुष हसि बोलै तबै। क्यो रे बिप्र लेहुगे अबै।
कहै बिप्र यासौं करि टेक। मोकौं तो से पचे अनेक ॥३३॥
कालपुरुष द्विज कौं यो बूझै। तेरौ करम तोहि ना सूझै।
ऐसे दान पचत हैं तोही। सो वह पुन्य सुणावौ मोही ॥३४॥
कालपुरुष कौ द्विज समुझावै। अपनी बात प्रकट करि गावै।
कालपुरुष तब ऐसो होइ। फारयौ बिच तै ह्वै गयौ दोइ ॥३५॥
कालपुरुष के हिरदा माहीं। मूरति काल प्रगट भइ ताहीं।
तबहि बिप्र ऐसी मन धरी। अध्याँइ आठईं पाठ सु करी ॥३६॥
कालपुरुष सौ सब सुनि लई। पलटी देह देवगति भई।
बिप्र चुलू भरि जल पुनि डारयौ। कालपुरुष कौं तुरति उदारयौ ॥३७॥
दिब्य बिमान तुरत ही आयौ। ता परि चढि बैकुठ पठायौ।
बकरा भाख्यौ यह इतिहास। बिप्रनि कौं बूझे सो त्रास ॥३८॥
तुम मैं बिप्र होइ जौ कोय। गीता पाठ कर नित्ती सोय।
अध्याँय आठइ मोहिं सुनावो। अधम देह तैं तुरति छुड़ावो ॥३९॥
बिप्र करे सब बेद बड़ाइ। गीतापाठी जाणौं काइ।
ऐसे ही द्विज कहै अनेका। गीतापाठी आसन ऐका ॥४०॥
तब उनि गीतापाठ कराय। अध्याँय आठवी अजहि सुनाय।
बकरा के तब छूटे प्राण। ताकौ आयौ दिव्य बिमाण ॥४१॥

दोहा

ता बिमाण परि बैसि के बकरैं करी पुकार।
होहु बिप्र सब बैसनौ करौ भक्ति निरधार ॥४२॥

इति श्रीगीतामाहात्म्ये सतीईश्वरसवादे अष्टमोऽध्याय ॥ ८ ॥

९

नारायण जी कहत हैं अब नवमी अध्याइ।
फल प्रताप जाको प्रगट लछमी कौं समझाइ ॥ १ ॥

चौपाई

दच्छिण देस सूद्र एक कहिए। भाव सुसरमा नाम सो लहिए।
सो पापी कहिए निरधार। खाइ अभिछ्छ करै बिभचार॥ २ ॥
चोरी चुगली झूठौ बोलै। मारे जीव बधिक भयो डोलै।
करै पाप सौ बिबिधि प्रकार। केतक दिन येसै निरधार॥ ३ ॥
एक दिना सो बहोत मद पियौ। पेट न पच्यौ बवन सो कियौ।
फिरि फिरि पीवन लग्यौ निदान। इतनै माहीं छूटे प्रान॥ ४ ॥
मार्यौ जमनि नरक मैं डार्यौ। प्रेत भयो बहु भाँति पुकार्यौ।
तब उनि जोनि प्रेत की पाइ। ताड बृछ्छ के माहिं रहाइ॥ ५ ॥
तेही नगर बिप्र इक रहै। जा माही आनँद सौ लहै।
पाप प्रतिग्रह को धन ल्यावै। सुत दारा कौ आणि रिझावै॥ ६ ॥
महाकृपन ताकी त्रिय होइ। धन सचै खरचै नहि कोइ।
असेही दोन्यू जब मरे। पिसॉच पिसाचिनि होइ अवतरे॥७॥
पहिलै प्रेत रहत जा माहीं। दोन्यो बसे ताड़ बृछ्छ माहीं।
तबै पिसाचनि पति कौं बूझै। ताकौं और जनम की सूझै॥ ८ ॥
तब पिसाच कछु करै बखानौ। जनम पीछिलै की सब जानौ।
कही पिसाचनि पति सूँ येह। तीन बात कौ उत्तर देह॥ ९ ॥
कौन ब्रह्म ऐसौ सो जाना। और करौ अध्यातम ग्याना।
कौन करम कहिए जु प्रमानै। जातै जनम पीछला जानै॥१०॥

दोहा

तीन प्रसन जे मै किए अरजुन किए जु येह।
कृष्ण कहे गीता सु करि अरध स्लोक मैं जेह॥११॥

चौपाई

कियौ प्रस्न पीसाचिनि ऐन। गीता केरा अमृत बैन।
इतनौ प्रस्न सुन्यौ यह जबहीं। बृछ्छ माहिं तैं निकस्यौ तबहीं॥१२॥

प्रेत पिसाचनि सू कहै जबै। कौन बात भाखी तुम अबै।
सो तौ मोको फेरि सुनावौ। श्रवण द्वार अमृत रस प्यावौ ॥१३॥
कहै प्रेतनी को तूँ भाइ। हम तौ बोले सहज सुभाइ।
तुम सौँ तौ मैं कही न काइ। पति अपणा सो बात सुणाइ ॥१४॥
कहै प्रेत सो फिरि को कहौ। मेरे पाप करम कौ दहौ।
कौन करम कौ ब्रह्म सु होइ। अध्यातम हम बूझै सोइ ॥१५॥
अपने पति कौं सहजै बूझी। तुमकौं क्यौ पहिली गति सूझी।
अरजुन कृष्ण को भयो सँवाद। मै नहिं जाण्यौ गीता स्वाद ॥१६॥
गीता नाम सुन्यौ उन जबही। प्रेत देह छाड़ी उन तबही।
गीता गीता उनी प्रकास्यौ। अनजानै सौ पाप बिनास्यौ ॥१७॥

श्लोक

किं तद्ब्रह्म किमध्यात्म किं कर्म पुरुषोत्ताम।
अधिभूत च किं प्रोक्तमधिदेव किमुच्यते ॥ १ ॥

अरध सिलोक कियौ सवाद। कह्यौ सुन्यौ नहिं जान्यौ स्वाद।
तबै बिमान ताहि छिन आयौ। ता परि चढि बैकुंठ सिधायौ ॥१८॥
रूप चत्रभुज वाके भए। सब देवनि आगे ह्वै लए।
तब देवनि अचरज मन धरयौ। इन तौ पुनि कछू नहि करयौ ॥१६॥
तीरथ बरत भगति नहि कीनी। दान न दीन दया नहि चीनी।
इन तौ पुनि किए नहि भले। कूँन पुनि बैकुंठहि चले ॥२०॥
देवगुरू देवनि समझावै। इन कौ पुन्य कह्यौ नहि जावै।
गीता की नवमी अध्याइ। कही सुनी इन सहज सुभाइ ॥२१॥
सोही सुणो अरध सिलोक। मुक्ति भए जीते तुम लोक।
कहै देवगुरु भलो बतायौ। गीता कौ फल येतो गायौ ॥२२॥

दोहा

अनजानै अरु अनसुनै तिन पाए भगवान।
जानि सुनै पढै सुफल कौ को करि सकै बखान ॥२३॥

इति श्रीपद्मपुराणे उत्तरखडे सतीईश्वरसवादे गीतामाहात्म्ये
नवमोध्यायः।

१०

दोहा

अब दसमी अध्याय की कथा कहत भगवान।
लछमी सौं अति कृपा करि कह्यौ गोप्य यह ग्यान ॥ १ ॥

श्री भगवानुवाच। चौपाई

बाणारसी नग्र के माहीं। बिप्र धीरधी बसै सो ताहीं।
सकल धरम करिकै जस लेवै। प्रेम सहित हर जी कौ सेवै ॥ २ ॥
एक दिनां सौ असौ भयौ। बिस्वेस्वर कैं दरसण गयौ।
गरमी लगी चित्त अकुलायौ। भई मूरछा अति दुख पायौ ॥ ३ ॥
बिस्वेस्वर मदिर परछाहीं। मृतगगनन मैं देख्यौ ताहीं।
सिवगन सिव सूँ ऐसें कह्यौ। आयौ दरसन दुख क्यौ लह्यौ ॥ ४ ॥
महादेव जी चुप होइ रहै। गन सौं बचन एक नहि कहै।
तब गन फेरि बिप्र पै आयौ। सो वह बिप्र मृतग भयो पायौ ॥ ५ ॥
तब गन फेरि रुद्र कौं बूझै। याकौ पुनि तुमै कछु सूझै।
गगा अरु बाणारसि पाइ। तुमरे निकटि मृतक भयो आइ ॥ ६ ॥
कौन दान तप तीरथ करे। याके पुन्य जानि नहिं परे।
याकौ पुनि मोहि समझावौ। मेरे मन आनद बढावौ ॥ ७ ॥

श्रीमहादेवोवाच।

महादेव गन कौं समझावै। द्विज की पिछली गाथा गावै।
येक दिन हम बैठे कैलास। पारबती पुनि बैठी पास ॥ ८ ॥
सकल पारषतगन हैं जाहीं। फूल बाग की सोभा ताहीं।
मेरे दरसन हस एक आवै। ब्रह्मा कौ बाहन सो कहावै ॥ ९ ॥
तबही हस स्याम तन धर्यौ। तजि आकास गमन धर पर्यौ।
उह मारग मेरो गन आवै। पर्यौ हस देख्यौ दुख पावै ॥१०॥
मेरे गन मोसूँ यह उचरे। तुम पै आवत हस सो परे।
स्याम सरीर भयौ है जाकौ। हमकौ भेद बताओ ताकौ ॥११॥
मेरे गन मोसौं येह उचरे। तुम पै आवत हस सो परे।
रुद्र कहै तुम जानत नाहीं। बेगि हस कौं ल्यावौ याहीं ॥१२॥

हसहि तुरति हजूरि लै आए। हस रुद्र कौं बचन सुनाए।
रुद्र कहै क्यो स्याम सरीरा। क्यौ गिर परे कहौ सो बीरा ॥१३॥

हसोवाच

सिव सौ हस बचन उच्चारे। हम आवत हैं दरस तुमारे।
फूले कँवल सरोवर माँहीं। चल्यौ उलगि छाडि मै ताहीं ॥१४॥
फूल उलगि चल्यौ मैं जबही। स्याम होइ गिरि परचो सा तबही।
सो गति हूँ जाणूँ नहि काई। भई बात सो सब समझाई ॥१५॥
रुद्र सोच करि मौनि रहाए। नभ बानी तब बचन सुनाए।
रुद्र सौच छाडौ तुम अबै। हमहि बखानत हैं कहि सबै ॥१६॥

रुद्र उवाच

अतरिख जो बोले बाणी। दरसन देहौ परगट प्राणी।
जबहि रुद्र यह बात सुनाई। रूप चत्रभुज धरि सौ आई ॥१७॥
सख चक्र अरु स्याम सरीरा। महा पारषद गुण गभीरा।
रुद्र कहै हम कौ समझावौ। कथा हस की नीकैं गावौ ॥१८॥

पारषत उवाच

हम का कहैं हस की बात। कहै कमलणी सब बिख्यात।
रुद्र कमलणी बूझी ऐह। कहौ कथा तुम जाणौ जेह ॥१९॥

कमलणी उवाच

कहै कमलणी सुणि सिव ग्यानी। मोपै सुनु तुम बात पुरानी।
इद्र अपछरा मोकौं जानौ। पदमावती नाम परमानौ ॥२०॥
गीतापाठ बिप्र एक करै। ताकै तेज इद्र अति डरै।
इद्रासन डोल्यौ अति भारी। तबहि इद्र एक बुद्धि बिचारी ॥२१॥
मोसो कह्यौ करौ तप भग छल बल करि लगो वाके अग।
तब मैं आई वाके पास। सो वह रए एक ही आस ॥२२॥
